सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-95 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 12 सितम्बर 2023
25 सफर, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

Ideal Wedding Destination
LALBAGH
LAWN & BANQUET
Next To Nishat Hospital, Lalbagh, Lucknow
Bookings Open
Also Contact For Catering With
Muqim Price & Service Gaurantee
+91- 8004208938, 9161111102

यूपी में बारिश बनी आफत

19 की मौत अलर्ट जारी

- मुख्यमंत्री योगी ने दिए राहत कार्य तेजी से करने के निर्देश
- हाथी पर गिरी आकाशीय बिजली, मूर्ति का अगला हिस्सा हुआ क्षतिग्रस्त

लखनऊ। यूपी के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों में इस कदर मूसलाधार बारिश हुई कि आफत खड़ी हो गई। बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से कन्नौज में दो भाइयों समेत प्रदेश में 19 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तेजी से राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उधर मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकतर जिलों में अलर्ट जारी किया है।

रविवार को तेज हुई बारिश रात भर चली। सोमवार को भी पूरे दिन बारिश होने का असर पूरे प्रदेश में आया है। खास तौर से शहरों में इस कदर जलभराव हुआ कि यातायात व्यवस्था बुरी तरह से चौपट हो गई। कई जिलों में सड़कें बैठ गईं। प्रदेश में अति वृष्टि से 13, आकाशीय बिजली गिरने से 4 जबकि दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। कन्नौज में बारिश के कारण मकान गिरने से अवनीश (15) और उसके भाई आलोक (12) की मलबे में दबकर मौत हो गई। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार के मुताबिक हरदोई में चार, बाराबंकी में तीन, प्रतापगढ़ व कन्नौज में दो-दो, अमेठी, देवरिया, जालौन, कानपुर नगर, उन्नाव, संभल, रामपुर व मुजफ्फरनगर में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। हालांकि फसलों के लिए शुरुआती बारिश मुफीद थी पर अब ज्यादा बारिश होने से खेतों में जलभराव शुरू हो गया है। इससे फसलों को नुकसान होगा। उधर झमाझम बारिश होने के कारण विभिन्न जिलों में सोमवार सुबह ही स्कूलों में आनन फानन में छुट्टी की घोषणा की गई। कई जिलों में मंगलवार को भी स्कूल बंद रखे गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य में जुट जाना है। डीएम क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नज़र रखें। आपदा से प्रभावित लोगों को अनुमन्य राहत राशि का अविलंब वितरण करें।

डीएम ने गोमती बैराज व गऊ घाट पहुंच कर मुआयना किया

लखनऊ जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा गोमती बैराज और गऊ घाट पहुंच कर जलस्तर का मुआयना किया गया। मौके पर बैराज का एक गेट खुला हुआ था, जिसके संबंध में निर्देश दिए की बैराज का एक गेट और खोला जाए। जिससे कि नगरीय क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति से बचा जा सके। उक्त के बाद जिलाधिकारी द्वारा फैजुल्लागंज क्षेत्र से प्राप्त हो रही जलभराव की शिकायतो का त्वरित संज्ञान लेते हुए फैजुल्लागंज पहुंचे। मौके पर नगर निगम की टीमो के द्वारा जल निकासी का कार्य होता पाया गया। वहीं मंडलायुक्त पहुँची पटेल नगर, हाइकोर्ट व लोहिया चौराहा वहाँ पर जलभराव की समस्या अधिकतम पाये जाने पर तत्काल सुपर स्कर पम्पिंग मशीनें लगाने और सुरेंद्र नगर में बने पंपिंग स्टेशन का जायजा लिया साथ ही पंपिंग स्टेशन की क्षमता वृद्धि करने के निर्देश संबंधित को दिए।

रविवार से सोमवार तक 109.5 मिलीमीटर बारिश

मानसून असल मायनों में रविवार से अपने असली रूप में नजर आया। राजधानी में रविवार की शाम 5:30 बजे से सोमवार की शाम 5:30 के बीच 109.5 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई। यह इस वर्ष की अब तक की सर्वाधिक रिकार्ड बारिश है। बारिश के चलते राजधानी के अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच महज दो डिग्री का ही फर्क रह सका। जहां न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ तो वहीं, अधिकतम तापमान में 6.8 डिग्री की गिरावट के साथ तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज किया गया।

> मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अतिवृष्टि, वज्रपात और पानी में डूबने से हुई जनहानि शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को नियमानुसार राहत राशि तुरंत वितरित करने और घायलों का समुचित उपचार कराने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की है।

ज्वार और धान की फसल हुई बर्बाद

फतेहपुर जिले में तीन दिन से लगातार हो रही तेज हवा के साथ वर्षा से धान, ज्वार व बाजरा की फसल गिरने लगी है। जलभराव से मिर्च, तिल व सब्जी की खेती को नुकसान हुआ है। ललौली कस्बे में रविवार की रात कच्चा घर गिरने से मां-बेटे घायल हो गए। तीन दिन में जिले में 80 एमएम वर्षा हुई है। औरैया में पिछले चार दिनों से रुक रुक कर वर्षा हो रही है। यमुना का जलस्तर भी बढ़ गया। तीन सेंटीमीटर बढ़कर यमुना का जलस्तर 101.44 सेंटीमीटर पर पहुंच गया है। वहीं वर्षा के कारण भाग्यनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत कंचौसी के मजरा मोहनपुर गांव निवासी दिनेश कठेरिया का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया।

सड़क ठेकेदारों पर फूटा सीएम योगी का गुस्सा

सीएम योगी ने आज अपने आवास पर अधिकारियों संग एक मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जो सड़कें नई बनेंगी, उनकी पांच साल की गारंटी होगी। उन्होंने कहा कि जब आप (अधिकारी) वहां जाएं तो आपको पूरे जिले की समीक्षा करनी होगी। औचक दौरे करें और काम की गुणवत्ता जांचें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी अपराधी या माफिया को ठेका हासिल करने से दूर रखा जाना चाहिए। ठेका उससे जुड़े किसी भी व्यक्ति तक नहीं पहुंचना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हर विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाए। हमें सड़कों के नव निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना होगा। अधिकांश सड़कें क्षतिग्रस्त होने के कारण जलभराव की समस्या रहती है। (पूरी खबर पेज-7 पर)

जल भराव की स्थिति में जल निकासी के लिए प्रभावी प्रबंध किए जाएं। नदियों के जल स्तर की निगरानी की जाए। वहीं लखनऊ के गोमती नगर स्थित अंबेडकर पार्क में रविवार एवं सोमवार की आधी रात को आकाशीय बिजली एक हाथी पर गिर गई। अनुमानित 60 लाख रूपये कीमत का हाथी क्षतिग्रस्त हो गया। यानी हाथी की सूढ़ पूरी तरह ध्वस्त हो गई। साथ ही, जिस जगह पर हाथी स्थापित था वहां की फर्श में छह इंच चौड़ा छेद हो गया।

स्मारक समिति की प्रवक्ता भावना सिंह के मुताबिक हाथी पर आकाशीय बिजली गिरने की जानकारी सुबह हो सकी। इस संबंध में उच्च अफसरों को जानकारी दी गई। उधर, अंबेडकर पार्क के कर्मियों ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने के कारण 52 नंबर के हाथी की सूढ़ सहित अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं बाराबंकी जिले के डीएम अविनाश कुमार ने कहा कि शहरी क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है। कल रात से अब तक करीब 100 मिमी बारिश हो चुकी है। कई रिहायशी इलाकों में जलभराव हुआ है। जिला प्रशासन ने एक एसडीआरएफ इकाई और एक पीएसी बाढ़ इकाई को बुलाया है। अलग-अलग जगहों पर 4 नावें तैनात की गई हैं।

सऊदी अरब अब हमारा अहम साझेदार: मोदी

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस का राष्ट्रपति भवन में हुआ स्वागत

- भारत और सऊदी अरब की कंपनियों के बीच दो दर्जन से अधिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद ने सोमवार को नई दिल्ली में एक द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।

तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे क्राउंस प्रिंस ने यहां आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। यह भारत की उनकी दूसरी राजकीय यात्रा है। पहली बार वो फरवरी 2019 में भारत की राजकीय यात्रा पर आए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात से पहले सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया। भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद के नेताओं की पहली बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी और क्राउन प्रिंस ने काउंसिल के दो मंत्री समूहों की तरफ से हुई प्रगति की समीक्षा की।

राजनीतिक, सुरक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग पर समिति और अर्थव्यवस्था एवं निवेश सहयोग समिति ने अब तक कितने कदम आगे बढ़ाए इस बात पर चर्चा हुई। भारत और सऊदी अरब की कंपनियों के बीच दो दर्जन से अधिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए, जो आईटी, कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, पेट्रोकेमिकल्स और मानव संसाधन सहित अन्य क्षेत्रों में हैं। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में मौजूद थे।

> अपनी शुरुआती टिप्पणी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत के लिए सऊदी अरब सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक भागीदारों में से एक है। दुनिया के दो बड़े और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में हमारा आपसी सहयोग पूरे क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी बातचीत में हमने अपनी साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए कई पहलों को चिह्नित किया है। आज की बातचीत हमारे संबंधों को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगी। यह हमें मानवता के कल्याण के लिए मिलकर काम करने की प्रेरणा देगा।

कर्नाटक राज्य निजी परिवहन महासंघ ने हड़ताल वापस ली

बेंगलुरु। कर्नाटक के परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी से ज्यादातर मांग मान लिए जाने का आश्वासन मिलने के बाद कर्नाटक राज्य निजी परिवहन महासंघ ने सोमवार दोपहर शहर में अपनी एक दिवसीय हड़ताल वापस ले ली। मंत्री ने कहा कि महासंघ की 30 मांगों में से 27 पर वह सहमत हैं और बाकी तीन का संबंध शक्ति योजना, ऑटो चालकों को मासिक अनुदान तथा 10 लाख रुपये से 15 लाख रुपये मूल्य के वाहनों पर कर छूट से है। सोमवार को, हड़ताल वापस लिए जाने से पहले सामान्य जनजीवन प्रभावित रहा और यात्रियों, कार्यालय जाने वालों तथा विद्यार्थियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए ऑटो रिक्शा एवं कैब की सुविधा हासिल करने में परेशानी हुई। महासंघ में कुल 32 निजी परिवहन संघ शामिल हैं। रेड्डी ने फ्रीडम पार्क में महासंघ के सदस्यों से भेंट की तथा उन्हें आश्वासन दिया कि 30 में से 27 मांगें वह मान लेंगे।

छत्तीसगढ़ में विस चुनाव के लिए कांग्रेस ने किया समितियों का गठन

रायपुर। कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया। समितियों में एक चुनाव अभियान समिति, कोर समिति, संचार समिति और प्रोटोकॉल समिति शामिल हैं। पार्टी के बयान में कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन समितियों के गठन के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। कुमारी शैलजा की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय कोर कमेटी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज, डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव, ताम्रध्वज साहू और शिव कुमार सहरिया शामिल हैं।

कांग्रेस महासचिव प्रभारी संगठन केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, चुनाव अभियान समिति की अध्यक्षता चरण दास महंत करेंगे। 74 सदस्यीय चुनाव अभियान समिति में मुख्यमंत्री बघेल, डिप्टी डीईओ

ताम्रध्वज साहू, रविंदर चौबे, मोहम्मद अकबर, शिव कुमार डहरिया, कावाकी लखमा, प्रेमसाय सिंह टेकाम और अनिला भेंड़िया होंगी।

छत्तीसगढ़ के मंत्री मोहन मरकाम और उमेश पटेल के अलावा राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला, रंजीत रंजन, फूलो देवी नेताम और केटीएस तुलसी भी समिति का हिस्सा हैं। रवींद्र चौबे को अध्यक्ष और राजेश तिवारी और विनोद वर्मा को संयोजक नियुक्त किया गया है, जबकि सुशील आनंद शुक्ला संचार समिति के संयोजक होंगे।

कांग्रेस को झटका, ज्योति मिर्धा भाजपा में शामिल

जयपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले सोमवार को सत्तारूढ़ कांग्रेस को उस वक्त झटका लगा जब उसकी पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा भाजपा में शामिल हो गईं।

मिर्धा के साथ ही भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी सवाई सिंह चौधरी ने कांग्रेस को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। प्रदेश की नागौर लोकसभा सीट से सांसद रहीं ज्योति मिर्धा और पिछले विधानसभा चुनाव में खींवसर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार रहे चौधरी ने भाजपा मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

एशिया कपः भारत ने पाकिस्तान को रौंदा

कोलंबो। भारत ने एशिया कप के सुपर-4 में पाकिस्तान को 229 रन से हरा दिया। बारिश से बाधित यह मैच दो दिन में समाप्त हुआ। रविवार (10 सितंबर) को मुकाबला शुरू हुआ, लेकिन बारिश के कारण पूरा नहीं हो सका। भारत ने खेल रोके जाने तक 24.1 ओवर में 147 रन बनाए थे। सोमवार को मैच का रिजर्व डे था।

भारतीय टीम ने आगे खेलते हुए 50 ओवर में 356 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 32 ओवर में आठ विकेट पर 128 रन ही बना सकी। नसीम शाह और हारिस रऊफ चोट के कारण बल्लेबाजी नहीं कर सके। इस तरह टीम इंडिया 228 रन से जीत गई। भारतीय टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ 228 रन से बड़ी जीत हासिल की है। वनडे इतिहास में रनों के लिहाज से भारत की पाकिस्तान पर यह सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने उसे 2008 एशिया कप के दौरान बांग्लादेश के मीरपुर में 140 रन से हराया था।

कुलदीप यादव ने बरपाया कहर

पाकिस्तान के बल्लेबाज कुलदीप यादव की गेंदों को नहीं समझ सके। कुलदीप ने शानदार गेंदबाजी करते हुए आठ ओवर में 25 रन देकर पांच विकेट लिए। उनके अलावा जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या और शार्दुल ठाकुर को एक-एक सफलता मिली।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली और लोकेश राहुल के शतक की बदौलत दो विकेट खोकर 356 रन बनाए।

राहुल ने फिर की देश की आलोचनाः सिंधिया

नई दिल्ली। यूरोप दौरे पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ किए गए हमलों पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को पलटवार करते हुए कहा कि संकीर्ण मानसिकता के कारण एक बार फिर विदेश में भारत माता की आलोचना की गई है। नागरिक उड्डयन मंत्री सिंधिया ने कहा कि कुछ लोगों की सोच हमेशा दूसरों की लकीर छोटी करने की होती है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा,''भारत एक सितारे के रूप में विश्व पटल पर उभर रहा है, तो कुछ दलों को बेचैनी का अनुभव हो रहा है। कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनकी सोच अपनी लकीर बड़ी करने की नहीं, बल्कि दूसरों की लकीर छोटी करने की होती है। ज्योतिरादित्य सिंधिया से गांधी द्वारा उनके यूरोप दौरे में 'भारत बनाम इंडिया' विवाद और अन्य विषयों पर केंद्र सरकार के खिलाफ किए गए हमलों को लेकर प्रतिक्रिया मांगी गई थी।

ज्ञानवापी में 37वें दिन एएसआई का सर्वे जारी

जिला जज से चार सप्ताह का समय मिलने के बाद बढ़ाई रफ्तार, छह अक्तूबर को सौपेंगे रिपोर्ट

- जिला जज से चार सप्ताह का समय मिलने के बाद बढ़ाई रफ्तार
- कोर्ट में एएसआई को मिले 28 दिन

वाराणसी। वाराणसी के ज्ञानवापी में सोमवार को भारतीय पुरातत्व विभाग की टीम 37वें दिन का सर्वे कर रही है। जिला न्यायालय की ओर से चार सप्ताह का समय मिलने के बाद टीम नई तैयारियों के साथ उतरी है। सर्वे को पूरा करने के लिए विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है। टीम ने सर्वे की रफ्तार बढ़ा दी है और इस माह के अंत तक पूरा सर्वे करने का लक्ष्य रखा है। विशेषज्ञ तहखाने के अंदर साक्ष्य खंगालेंगे। जिला जज ने छह अक्तूबर तक सर्वे की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

सोमवार को त्रिस्तरीय सुरक्षा के बीच टीम परिसर में ऐतिहासिक संभावनाएं तलाश करने उतरी टीम का सर्वे जारी है। वजूस्थल को छोड़कर संपूर्ण परिसर के सर्वे में जुटी टीम अब तक 220 घंटे का सर्वे पूरा कर चुकी है। सर्वे में वाराणसी, पटना, कानपुर, दिल्ली और हैदराबाद की टीमें शामिल हैं। अब तक ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार (जीपीआर) सर्वे के लिए स्थानों का निर्धारण हो चुका है। एएसआई मानकों पर सर्वे की अग्रिम कार्रवाई पूरी कर रही है और कोर्ट से समय मिलने के बाद कार्रवाई को आगे बढ़ाएगी। जिला जज के आदेश और सुप्रीम कोर्ट-हाईकोर्ट की सहमति के बाद एएसआई के अधिकारी और कर्मचारी ज्ञानवापी में सर्वे कर रहे हैं। एएसआई की टीम ज्ञानवापी में अब तक हुए सर्वे की रिपोर्ट तैयार कर पेश करते हुए कार्रवाई पूरा करने के लिए 56 दिन बढ़ाने की मांग रखी थी। कोर्ट ने 56 दिन को अधिक बताते हुए सर्वे की रफ्तार तेज करने की बात कही। इसके साथ ही प्रारंभिक तौर पर 28 दिन की स्वीकृति दी। एएसआई के अधिकारियों ने सर्वे के साथ अन्य पहलुओं पर काम शुरू कर दिया है और सर्वे की कार्रवाई की रफ्तार बढ़ा दी है। हालांकि मसाजिद कमेटी ने इस अवधि को बढ़ाने का विरोध किया था लेकिन जज ने इसे सर्वे की पूरी रिपोर्ट के लिए आवश्यक बताया।

भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत का स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन में रहा महत्वपूर्ण योगदानः महेन्द्र बहादुर सिंह

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती मनाई गई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंडित गोविंद बल्लभ पंत के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित की। एडीएम संजय कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी पंत जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा राष्ट्र के प्रति उनके योगदान से अवगत कराया गया।डीएम ने कहा कि भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत का स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। पंत जी महान देश भक्त, कुशल प्रशासक, सफल वक्ता, तर्क-वितर्क के धनी तथा लेखनी से सशक्त थे। वे प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री रहे तथा बाद में देश के गृहमंत्री के दायित्व का भी निर्वहन किया। वर्ष 1957 में महान देशभक्त, कुशल प्रशासक, सफल वक्ता एवं उदार मन पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जी को भारत की सर्वोच्च उपाधि भारत रत्न से विभूषित किया गया।एडीएम संजय कुमार सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम में पंत जी की भूमिका को याद करते हुए उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व के बारे में प्रकाश डाला।पंत जी की जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाई जा रही है। पंत ने जीवन भर गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए काम किया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी मो. सलीम, खुशाल सिंह, सुरेश कुमार, न्याय सहायक द्वितीय सुरेश कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट कार्मिक मौजूद रहे।

बारिश के दौरान दो कच्चे मकानों की दीवारें गिरी, दो महिलाएं हुई जख्मी

लखीमपुर खीरी। लगातार हो रही बारिश कच्चे और जर्जर मकानों के लिए मुसीबत साबित हो रही है । मितौली इलाके में बारिश के दौरान दो कच्चे मकानों की दीवारें भरभराकर गिर गई। मलबे के नीचे दबकर दो महिलाएं जख्मी हुई हैं। उनको मितौली सीएचसी में भर्ती कराया गया है। खीरी जिले पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। खेत खलिहान सब लबालब हो गए हैं। ऐसे में पुराने और जर्जर मकानों पर खतरा मांगने लगा है। बारिश से ग्रन्ट इनायत चीफ पंचायत के गांव रतहरा में दो कच्चे मकानों की दीवारें भरभरा कर गिर गई। इन दीवारों के पास मौजूद दो महिलाएं मलबे में दबाकर जख्मी हो गई। घायल महिलाओं के नाम सोमवती पत्नी बब्लू व पूजा पत्नी दिलीप बताया गया। उधर सुबह से हो रही जोरदार बारिश को देखते हुए प्रशासन ने कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। बारिश के चलते कई इलाकों में बाढ़ के आशंका भी बन गई है।

डीएम ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण देखी फर्स्ट लेवल चेकिंग प्रक्रिया

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। लोकसभा चुनाव अगले साल होने हैं, लेकिन अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गयी है। खीरी जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सोमवार से भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड के 12 इंजीनियर के माध्यम से जनपद में उपलब्ध ईवीएम एवं वीवी पैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य शुरू हो गया, उक्त इस कार्यो के पर्यवेक्षण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ वेयरहाउस का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक ईवीएम एवं वीवी पैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग की जॉच भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, के इंजीनियरों के माध्यम से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, यह कार्य 30 सितंबर तक पूर्ण होने की सम्भावना है। यह भी निर्देशित किया कि फर्स्ट लेवल चेकिंग हेतु तैनात सुरक्षा कर्मियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में कोई भी व्यक्ति बिना पहचान पत्र के प्रवेश नहीं करेगा और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मोबाइल या ज्वलनशील पदार्थ एफएलसी हाल में प्रवेश नहीं किया जाएगा। इसका शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएडिप्टी डीईओ/एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र, लखनऊ से जारी कार्यक्रमनुसार आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु अपर उप जिलाधिकारी राजीव निगम को नोडल अधिकारी एफएलसी नामित किया है, जिनके पर्यवेक्षण में जनपद में उपलब्ध ईवीएम-वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य पूर्ण होगा। इस अवसर पर बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) ओपी अंजोर, चकबंदी अधिकारी अंतिम अभिलेख प्रथम, डिप्टी कलेक्टर अश्वनी कुमार सिंह, एडीईओ तौसीफ अहमद व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। डीईओ/ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के पश्चात सीडीओ अनिल सिंह ने भी निरीक्षण किया और सभी उपस्थित अधिकारी एवं बीएएल के इंजीनियर को निर्देशित किया कि वे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई एसओपी का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।

ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी जलभराव की समस्या का नहीं हुआ कोई समाधान

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी खीरी। तहसील क्षेत्र के ग्रामों में नालियों का पानी मुख्य मार्गो पर जमा हो रहा है इस कारण ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है कुछ ग्रामों में कई बार ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी जलभराव की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ वही फैली गंदगी से ग्रामों में काफी संख्या में लोग बीमार भी हैं गंदगी से ग्रामों में बीमारियों ने अपने पैर पसारना शुरू कर दिया है तहसील क्षेत्र के कई ग्रामों में बीमारियां फैल रही हैं कोई देखने वाला नहीं है इससे ग्रामीणों में रोष व्यक्त है एक और जहां गांव में स्वच्छ भारत अभियान चलाकर सरकार स्वच्छता पर जोर दे रही है वही जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते गांव में मुख्य मार्ग सहित अन्य मार्गों पर भी गंदा पानी भरा अर्थात जमा है जहां मच्छरों का कीड़े पनप रहे हैं ग्रामों में फैली गंदगी भरा पानी सरकार की योजना स्वच्छ भारत मिशन अभियान की पोल खुल रही है भरे पानी व कीचड़ से आने जाने वाले लोगों को व राहगीरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है कभी-कभी पैर फिसल कर कई लोग गिर भी जाते हैं जगह जगह जमा पानी में मच्छरों का जमावड़ा हो रहा है जिससे डेंगू, मलेरिया ,टाइफाइड जैसी बीमारी अपने पांव पसार रही हैं ग्रामीणों का कहना है की पानी बहने से गंदगी फैली रहती है जिससे गांवो में बीमारियां फैल रही हैं ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

अभियुक्त को 4 वर्ष सश्रम कारावास

सीतापुर। कोतवाली नगर में क्षेत्र के ग्राम शाहमहोली निवासी कौशल पुत्र सुंदर के खिलाफवर्ष 2017 में धारा 363 के तहत केस दर्ज किया गया था। इसी मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसीओएडब्ल्यू ने गवाहों को सुनने, साक्ष्यों को देखने व दोनों पक्षों के वकीलों की बहस सुनने के बाद कौशल पुत्र सुन्दर को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने कौशल को 4 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वहीं उसको 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

बारिश की वजह में ढह गया भवन

सीतापुर। पिसावा विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय लौकी का भवन बरसात के कारण ढह गया। ग्रामीणों का कहना है कि भवन पहले से ही जर्जर था। गनीमत यह रही कि बारिष के चलते जिले के स्कूल बंद थे। यह स्कूल बंद होने के कारण छात्र व अध्यापक स्कूल में थे ही नहीं। जिसकी वजह से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। वर्ना स्कूल खुला होता तो न जाने कितने छात्र इस हादसे की चपेट में आकर घायल होते। इधर सूचना पाकर उप जिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव लौकी गाँव पहुंचे। यहां पर एसडीएम ने ग्रामीणों से बातचीत की और घटना की जानकारी ली। एसडीएम ने इस संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से भी जानकारी ली है। बताया जा रहा स्कूल का भवन जर्जर था। इस दौरान हुई तेज बारिष को विद्यालय भवन झेल नही सका और भवन ढह गया।

4 शातिर चोर गिरफ्तार

सीतापुर। बिसवां कोतवाली पुलिस टीम ने क्षेत्र के घूरीपुर बाग के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने लखीमपुर खीरी के खमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम जेठरा निवासी आरिफ पुत्र मोबीन, नफीस पुत्र सिराज,लखीमपुर खीरी के सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेवकहा निवासी जमीर अहमद पुत्र छोटन्न तथा सीतापुर के सकरन थाना क्षेत्र के ग्राम उमरा के निवासी रईस पुत्र मुमताज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गये माल। एक कार फर्जी नम्बर प्लेट के साथ बरामद की। पुलिस ने 7 बैट्री, कई रिंच, एक ई रिक्शा, दो मोबाइल फोन, एक अवैध तंमचा मय कारतूस के बरामद किया है। वहीं 2500 रूपए नगदी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि इन्हीं लोगों ने बिसवां क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरिफके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि इन अपराधियों की अपराध से अर्जित सम्पत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

मां के नाम पर बनाया भव्य मंदिर

अवधनामा संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। सचकहूं तो कुछ लोग ही अपनी मां को सम्मान देते हैं उसमे से एक आदित्य जी ने आदित्य वर्ल्ड सिटी में एक अद्भुत आकर्षक मन्दिर का निर्माण किया जिसका नाम अपनी मां के नाम से शुरू किया नाम रखा मातृ ऊमा जगदम्बा मन्दिर । यही नहीं उसको इतना भव्य बनाया कि दूर दूर के लोग देखने आते हैं। जन्माष्टमी पर्व पर मन्दिर में धूम रही । मंदिरों की सजावट ,कान्हा की झांकियां कीर्तन और बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूरा आदित्य वर्ल्ड सिटी शहर जगमगा रहा था।सुबह से मंदिर में दर्शन के लिए भक्तो की भरी भीड़ थी। मंदिर की सजावट और भव्यता ने लोगो का मन मोह लिया।शाम 5ः00 बजे से मंदिर में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ श्रीमती उमा अग्रवाल जी(आदित्य बिल्डर), सांस्कृतिक कार्यक्रम फैंसी ड्रेस के जज सुरेश चंद्रा, डा नीरज सारस्वत और आलोक शर्मा जी ने दीप प्रज्वलित करके किया।बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस के माध्यम से विभिन्न देवो देवियों के रूप की प्रस्तुति दी। कृष्ण जन्म से लेकर समस्त कृष्ण लीला , कृष्ण के दस अवतार, शिव कृष्ण मिलन, कालिया मर्दन, नरसिंहावतार, बकासुर वध, रासलीला, दही हांडी और ऐसी बहुत सी मनमोहक प्रस्तुतियां दी।जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।कृष्ण जन्म के वक्त पहरेदारों का सोना बिजली की गर्जना जैसे वातावरण में कृष्णा का जन्म एक मनमोहक दृश्य था। इस पूरे कार्यक्रम में आदित्य वर्ल्ड सिटी के समस्त वासियों मंदिर की सेवा, कार्यक्रम व्यवस्था से लेकर प्रसाद वितरण तक बढ़ चढ़ के भाग लिया। बच्चो को उनकी प्रस्तुति के लिए मैनेजमेंट टीम से राजीव जैन, जय कुमार, भूषण त्यागी, अंजली शर्मा द्वारा मेडल, सर्टिफिकेट और गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में वेव थाने की एसीपी श्रीमती सलोनी अग्रवाल, लालकुआ चौकी इंचार्ज, वेव थाने एसओ, पिंक बूथ इंचार्ज बेबी वहा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में वेव सिटी के पार्षद पवन कुमार गौतम जी ने भी अपने परिवार के साथ बच्चो का उत्साह बढ़ाने के लिए उपस्थिति दर्ज की।सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रीता देओल और उनकी समस्त टीम किरण झा, सोनी दीक्षित , गौरव अग्रवाल, राहुल भटनागर, खुशाल सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, सारिका शर्मा, गौरव अरोरा, मधुर, सोहित, जीवेश चंद्र द्वारा किया गया।और मंदिर के समस्त कार्यक्रम का संचालन मंदिर के कर्ताधर्ता रजनीश दीक्षित द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शोभा सोसाइटी की महिलाओ के संगीत, इस्कॉन टीम और ऋषि बैंड और उनकी टीम के भजनों द्वारा और बढ़ गई। मंदिर के संचालक की माने तो रात तक 7500से अधिक भक्तो ने कान्हा के दरबार में अपनी हाजिरी लगाई।

दधि यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सीतापुर। विकास खंड पिसावां क्षेत्र के मढ़िया गांव में दधि उत्सव यात्रा निकाली गई। लोग गाजे बाजे के साथ दधियात्रा में षामिल हुए। दधि यात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की सजीव झांकियां अकर्शण का केंद्र रहीं। इस दौरान भक्ति गानों की धुन पर श्रद्धालु नाचते गाते आगे बढ़े। भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा। क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। जिन रास्तों से दधि यात्रा निकली,उन रास्तों पर दर्षन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी नजर आई।

एसडीएम का आदेश नहीं मानते थुलेंडी चौकी इंचार्ज

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज ,रायबरेली। अपने कारनामों से आए दिन सुर्खियों में बने रहना का शौख रखने वाले चौकी इंचार्ज थुलेंडी शिव बाबू इन दिनों चर्चा में है,यही कारण है, कि चौकी इंचार्ज को उच्च अधिकारियों के आदेशों में भी अब झोल नजर आने लगा है, और अपनी मानी पर उतारू चौकी इंचार्ज एसडीएम महराजगंज के आदेशों को भी दर किनार कर दे रहे हैं, पूरा मामला बीते रविवार का है, मसंद खेड़ा मजरे पहनासा की रहने वाली राजरानी पत्नी रामकुमार ने एसडीएम से शिकायत की थी कि उसके घर के सामने बनी एक कुआं पर कुछ दबंगो द्वारा जबरन छत डालने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि उस कुआं से लगभग 20 लोग पानी भरते हैं, और पानी को पीते है, मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने चौकी इंचार्ज थुलेंडी को काम रुकवाए जाने का निर्देश दिया था आरोप है, कि इसके बावजूद चौकी इंचार्ज ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और विपक्षियों को संरक्षण प्रदान करते हुए कुएं पर छत डलवा दी। वहीं इससे पहले भी महराजगंज बछरावां रोड पर सड़कें किनारे सुरक्षित जमीन पर लगे पेड़ों को कटवाने में भी चौकी इंचार्ज की संलिप्तता आई थी।

पीड़ित ने सोमवार को एसडीएम राजितराम गुप्ता को एक शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है, एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में राज रानी ने बताया कि अभिषेक पुत्र देश राज देश राज पुत्र बाबूलाल हंस राज पुत्र अज्ञात बसंत पुत्र कैलाश छोटू पुत्र कैलाश अनूप पुत्र रामकुमार द्वारा दबंगई दिखाते हुए सार्वजनिक कुएं पर छत डाल लिए है, रोकने का प्रयास किया गया तो दबंग मारपीट लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गए और भद्दी भद्दी गालियां देने लगे पीड़ित ने बताया कि कुएं पर छत पड़ने से पानी पीने के लिए संकट पैदा हो गया है, मामले में एसडीएम राजितराम गुप्ता ने बताया कि कोतवाल बछरावां को मौके पर भेजकर जांच पड़ताल कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

सोमवार को भी झमाझम हुई बारिश, पूरा दिन नहीं दिखे सूर्य

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। जिले में बीते गुरुवार से मौसम बदला हुआ है। जिसके बाद हर दिन रुक- रुक कर बारिश हो रही है। सोमवार को भी पूरे जिले में झमाझम बारिश हुई।

यह पांचवा दिन था जब लोग बारिश का सामना कर रहे थे। पूरा दिन लोगों को सूर्य के दर्शन नहीं हुए। इस दौरान शहर के आर्दश नगर सैक्टर - 1 के करीब मौजूद सड़क हर किसी के लिए मुसीबत का सबब बनी रही। पुलिस लाइन्स से लेकर नैपालापुर तक यह सड़क गड्ढे में तब्दील है। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते इस सड़क ने आदर्श नगर सेक्टर 1 के करीब से नैपालापुर तक तालाब का रूप ले रखा है। जिसकी वजह से बीच सड़क पर 1 से 3 फीट तक गंदा पानी हिलोरे मार रहा है। इस सड़क पर पूरा दिन बाइक व आटो पलटते देखे गए। कई वाहन तो बीच रास्ते में ही जवाब दे गए, जिनमें सवारियों को धक्का लगाना पड़ा। बारिश के चलते स्कूलों में अवकाश बोल दिया गया था। जिस वजह से स्कूली बच्चे इस मुसीबत से बच गए। लेकिन अन्य लोग इस मुसीबत का दंश झेलते रहे। इतना जरूर था जो भी इधर से गुजरा, वह सरकार व प्रशासन को कोसता नजर आया। इधर बारिश की वजह से शहर का पूर्णगिरी नगर, खूबपुर, मुंशीगंज, आर्दश नगर सेक्टर वन, आजार नगर आदि मोहल्ले जलभराव की समस्या से जूझते रहे। इधर इस बारिश से किसान बेहद प्रसन्न नजर आ रहे है। धान व गन्ने की फसल के लिए यह बारिश वरदान बताई जा रही है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा।

बिलग्राम मोहर्रम का एक महत्वपूर्ण योगदान

अवधनामा संवाददाता

बिलग्राम। भारत के उत्तर प्रदेश राज्य के हरदोई जिले में एक शहर और नगर पालिका परिषद है। यह हरदोई शहर से 16 मील (26 किमी) दक्षिण में एक ऊंचे टीले पर स्थित है जो कभी गंगा का पूर्वी तट बनता था ।बिलग्राम में महत्वपूर्ण उद्योगों में चीनी मिट्टी की चीज़ें और कढ़ाई शामिल हैं। वही अगर बात की जाए तो मोहर्रम बिलग्राम के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। हालाँकि भारत के विभाजन के बाद अधिकांश परिवार या तो पाकिस्तान या अन्य भारतीय शहरों जैसे लखनऊ, दिल्ली, रामपुर, हैदराबाद आदि में चले गए, मोहर्रम स्मरणोत्सव की चमक समाप्त नहीं हुई और बिलग्रामी इसे दो महीने और आठ दिन तक मनाते हैं। मोहर्रम का एक महत्वपूर्ण योगदान यह है कि इस अवधि के दौरान सैय्यद परिवार भारत के कोने-कोने से इमाम हुसैन के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए बिलग्राम लौटते हैं। मोहर्रम के स्मरणोत्सव की महत्वपूर्ण तिथियाँ पहेली मोहर्रम से 6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं और 10वी हैं। मोहर्रम के प्रसिद्ध जुलूसों में 9वी और 10 वी मोहर्रम का जुलुस है 9वी मोहर्रम को क्लब का मातम भी कहा जाता है, जो सैयदवाड़ा में बिलग्राम का सबसे बड़ा जुलूस है जो बज्मे अजाए हुसैन (अंजुमन हैदरिया) की निगरानी में उठता है और मोहर्रम की 10 वीं तारीख अपने बड़े ताज़िया के लिए प्रसिद्ध है, जिसे 32 ताजिया विश्व प्रसिद्ध है जो बज्मे अजाए हुसैन (अंजुमन हैदरिया) के बैनर तले बरामद होता है वर्षो से इन तारीखों के अलावा चेहल्लुम, बहत्तर ताबूत वा शबेदारी जो बहुत मशहूर प्रोग्राम हैं जहां सैकड़ों लोग कर्बला के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए होते है होते हैं, बज्मे अज़ाए हुसैन (अंजुमन हैदरिया) 72 ताबूत व शब्बेदारी का आयोजन भी सैकड़ों वर्षो से करती चली आ रही है जिस मैं हर साल रबीअवल की 6 व 7 को बडा इमामबाड़ा मैं ऐतिहासिक आयोजन किया जाता है जिस मैं भारत के विभिन्न शहरों से मशहूर ज़ाकिर और अंजुमने इमाम हुसैन (अ) की शहादत बयान करती है जबकि अंजुमन बज्मे अजाए हुसैन (अंजुमन हैदरिया) जो आज भी जारी ओ सारी है बिलग्राम में सभी प्रोग्राम अंजुमान बज्मे अज़ाए हुसैन की देखरेख में होते है और सभी कार्यक्रमों का आयोजन अंजुमन वर्षो से करती चली आ रही है मोहर्रम के अलावा ईद उल फितर, ईद उल अजहा, विलादते मौला अली 13 रजब (अ) शब्बेरात भी हर्षोल्लास के साथ

अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी

अवधनामा संवाददाता

महाराजगंज, रायबरेली। तहसील के अधिवक्तओ ने हापुड़ जिला न्यायालय मेंअधिवक्ताओं के साथ पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज के विरोध में संपूर्ण उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता आंदोलित है इसी क्रम में महाराजगंज के अधिवक्ता भी लगातार अपना विरोध दर्ज कर रहे हैं महाराजगंज बार एसोसिएशन एवं तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने संयुक्त रूप से हापुड़ जिला प्रशासन के खिलाफ अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। हड़ताल के चलते अदालतों में कोई काम काज नहीं हो सका वादकारी सामान्य तिथियां लेकर वापस लौट गए। बार एसोसिएशन अध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी ने जानकारी देते हुएबताया कि जब तक बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा हड़ताल चलाई जाएगी उसमे हम सभी अधिवक्ता कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। इस मौके पर पूर्व महामंत्री ज्योति प्रकाश अवस्थी पूर्व अध्यक्ष छोटेलाल पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव युवा अधिवक्ता सर्वेश कुमार अवस्थी अमित कुमार श्रीवास्तव सरोज गौतम राधेश्याम मनीष तिवारी अमित शुक्ला सत्य प्रकाश मिश्रा सुनील द्विवेदी तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष संतोष कुमार हरदेव शुक्ला नागेंद्र सिंह बलवंत प्रसाद सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

एक दिवसीय जनपद स्तरीय किसान मेले का आयोजन कल

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अवगत कराया है कि 11 सितम्बर 2023 को सम्भागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र बिलग्राम चुंगी पर सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिये है कि किसानों से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण एवं खरीफ फसलों की कटाई व रबी फसलों की बुवाई की जानकारी देने के साथ पराली प्रबन्धन, एकीकृत फसल प्रणाली, सब्जी खेती, पशु एवं मत्स्य पालन, पीएम किसान योजना, जैविक तथा गौ आधारित खेती, पीएम फसल बीमा योना, एफपीओ गठन तथा समर्थन मूल्य आदि की समस्त जानकारी देने के लिए उपस्थित रहें और अपने-अपने विभाग के स्टाल समय पर लगवायें।

एडीएम ने पुष्प अर्पित कर पंडित जी को नमन किया

हरदोई। भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त जी क जयन्ती पर आज कलेक्टेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह ने पन्त जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, नाजिर मो0 रईस खान, सुनील शर्मा तथा कलेक्टेऊट के अन्य कर्मचारियों आदि ने भी पन्त जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रणाम किया। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पन्त जी एक महान स्वतंत्रता सग्राम सेनानी, उ0प्र0 के प्रथम मुख्यमंत्री, भारत सरकार में गृह मंत्री के रूप में देश की छवि उभारने में एक कुशल प्रशासक के रूप में काम किया और सभी को सम्मान दिया। उन्होने कहा कि हम सभी को आम जनमानस के सभी काम बिना भेदभाव के समय पर पूरा करना चाहिए।

स्त्री क्लीनिक का मनाया पैतालिसवां स्थापना दिवस

.हरदोई। स्त्री क्लीनिक मे उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर समीर वैश्य द्वारा केक काटकर संस्था का 45वां स्थापना दिवस मनाया गया। स्त्री क्लीनिक एक स्वयं सेवी संस्था है जो परिवार नियोजन संबंधी सेवाएं प्रदान करती है। डा. समीर वैश्य ने बताया कि स्त्री क्लीनिक होसला साझेदारी कार्यक्रम के तहत निशुल्क महिला नसबंदी सेवाएं प्रदान करती है। स्त्री क्लीनिक की संचालिका अनामिका राठौर ने बताया कि जनपद में संस्था 2022 से कार्य कर रही हैं और अभी तक 247 महिला नसबंदी संस्था द्वारा कराई जा चुकी है। कार्यक्रम मे जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरजीत सिंह, डी.सी.पी.एम. शिव सिंह, किंदरलाल इत्यादि उपस्थित रहे।

वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना निघासन पुलिस द्वारा मु0सं0 900/21 धारा 60 आबकारी अधि0 में वारंटी अभियुक्त राजेश पुत्र सोबरनलाल नि0 झण्डीराज थाना निघासन जनपद खीरी व मु0सं0 1596/22 धारा 128 द0प्र0सं0 में वारंटी अभियुक्त जयनुद्दीन पुत्र हाफिज अली नि0 बरोठा थाना निघासन जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

गदर 2 से ज्यादा दर्शक बटोर रही जवान मूवी

गौतमबुद्ध नगर। सिल्वर सिटी, पी वी आर, चौधरी मिराज आदि सिनेमा मे गदर 2 से तीन गुना ज्यादा दर्शक जवान मूवी में देखने को मिल रहे हैं । शाहरुख खान ने मूवी में दर्शकों का मन मोह लिया हैं। सभी सिनेमा हॉल में ब्लैक मे टिकट बिक रहे है। इस मूवी में जो मुद्दा उठाया गया है वह जनता से जुड़े हुए आज के मुद्दे है। किस तरह से आम जनता को छोटे से लोन में जान गवा देनी पड़ती हैं वही बड़े स्तर पर जिन्होंने लोन ले रखा है उनका सरकार माफ कर देती हैं। किस तरह से हर जगह उद्योग पति लोग बेईमानी करते है उन सब मुद्दों को मूवी में दिखाया गया है। जवान मूवी ने तीन दिन में ही 500करोड़ का आंकड़ा छू लिया है वही गदर मूवी को यह आंकड़ा छूने में 27 दिन लगे हैं। यह दर्शाता हैं कि बॉलीवुड एक्ट्रेस में शाहरुख खान ही सुपर स्टार हैं बाकी उनके आगे कोई नही ठहरता। सनी देओल को लोग पसंद करते है लेकिन शाहरुख खान उनसे कोसो आगे है।

सरकारी हैंड पंप को घर में रखा, मामला दर्ज

महराजगंज, रायबरेली। सरकारी इंडिया मार्का हैंड पंप को उखाड़ कर अपने घर में रख लिए जाने के मामले की शिकायत ग्राम प्रधान द्वारा कोतवाली पुलिस से की गई है। मामले में पुलिस ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है। बता दें कि ग्राम प्रधान ज्योना उमेश कुमार कुन्नू द्वारा कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है, कि पूरे स्वयंवर सिंह मजरे ज्योना गांव के रहने वाले छेदीलाल पुत्र पूर्वीदीन द्वारा सार्वजनिक इंडिया मार्का हैंडपंप को खोलकर अपने घर पर रख लिया गया है।

छात्रावास में नवीन प्रवेश हेतु 22 सितम्बर तक आवेदन प्राप्त करें

हरदोई। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से कहा कि विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास राजकीय इण्टर कालेज परिसर हरदोई तथा राजकीय अनुसूचित जाति बालक- बालिका छात्रावास एवं बाबू जगजीवन राम बालिका छात्रावास मन्नापुरवा, हरदोई में शैक्षिक सत्र 2023-24 में नवीन प्रवेश हेतु 12 से 22 सितम्बर 2023 तक कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर और संलग्नों सहित 30 सितम्बर 2023 तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, हरदोई में जमा करें।उन्होने कहा है कि छात्रावास में प्रवेश हेतु कुल उपलब्ध क्षमता का 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगें और अवशेष 30 प्रतिशत अन्य पिछड़े एवं सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के आरक्षित रहेगें।

निकायों और ग्राम पंचायतों में फॉगिंग के साथ एंटीलार्वा का कराएं छिड़काव

अवधनामा ब्यूरो

- स्वीकृत बजट के सापेक्ष सीएचसी व पीएचसी पर सुविधाओं से लैस किया जाए
- जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

कुशीनगर। सोमवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक किया।

बैठक में जिला संयुक्त अस्पताल संबद्ध स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज और प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती डेंगू के मरीजों की संख्या और नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों में फॉगिंग, एंटी लार्वा के छिड़काव, अस्पतालों के लिए स्वीकृत बजट के सापेक्ष क्रय की जाने वाली दवाएं, उपकरण, फर्नीचर, स्प्रे पंप, टेस्ट किट तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा हेल्थ वेलनेस सेंटर पर दवाओं की उपलब्धता, शौचालय की व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु सी.एम.ओ एवं सी.एम.एस को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी सी.एच.सी ,पी.एच.सी एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर पर टेस्ट किट, स्क्रीनिंग की व्यवस्था, फर्नीचर, टेबल, कुर्सी, इंजेक्शन तथा अन्य चिकित्सीय उपकरण आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें एवं अस्पतालों में नियुक्त स्वीपर, वार्ड बॉय, नर्स के कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें।

जिलाधिकारी ने कहा की कीमतें बाजार से सत्यापित करने के उपरांत ही सरकारी दवाएं जैम पोर्टल से खरीदी जाए, दवाओं की अनुपलब्धता किसी भी सी.एच.सी और पी.एच.सी पर न रहे और उनकी रंगाई पुताई हो जाए , डिप्टी सीएमओ और एडिशनल सीएमओ रेगुलर फील्ड में भ्रमण कर सी.एच.सी एवं पी.एच.सी पर उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं का निरीक्षण करें। संचारी रोग की रोकथाम करने के लिए सभी चिकित्सीय अधिकारी पर्याप्त तैयारी कर ले और जनपद में अगर कोई प्राइवेट अस्पताल गैर कानूनी रूप से चल रहा है तो उसपर तत्काल कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने जनपद में चिकित्सा विभाग के लिए स्वीकृत बजट के सापेक्ष व्यय की जाने वाली धनराशि की गहन समीक्षा हेतु मुख्य विकास अधिकारी की निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश पटारिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

400 छात्र-छात्राओं में बांटे गए स्मार्टफोन

फर्रुखाबाद। सोमवार को दुर्गा नारायण महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार बीए एवं बीकॉम अन्तिम वर्ष के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डा मनोज गर्ग की अध्यक्षता में पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कम नागेन्द्र सिंह राठौर विधायक विधानसभा क्षेत्र भोजपुर व एस0डी0एम0 सदर गजराज सिंह यादव एवं पूर्व प्राचार्य व नोडल अधिकारी डा0 मुकेश सिंह राठौर ने कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। शासन स्तर व जिला प्रशासन के निर्देश पर 400 स्मार्ट फोन वितरण के लिए प्राप्त हुए जिसमें बी0ए0 तृतीय वर्ष के 248 छात्र-छात्राएं एवं बी0कॉम स्तर के 152 छात्र-छात्राओं की प्राप्त सूची से वितरण कार्य किया गया। बी0एक तृतीय वर्ष के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के वितरण के लिए अलग काउंटर बनाए गए थे द्य तृतीय वर्ष उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए काउंटर बनाए गए थे।

मानदेय का समय पर भुगतान कराये जाने का ज्ञापन सौंपा

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। जनपद की 594 ग्राम पंचायत में प्रत्येक ग्राम सचिवालय पर पंचायत सहायक संचालक के लिए नियुक्त है पंचायत महा सहायक ग्रामीण स्तर पर सभी योजनाओं व समय-समय पर होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से सुविधा प्रदान कर रहे हैं और लगातार अपने कार्यों में प्रयासरत हैं लेकिन अधिकांश ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक को विगत 5-6 माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण तथा उन इंटरनेट समस्या जॉब चार्ट के अनुसार कार्य न लिया जाना बल्कि अन्य विभागों का कार्य बिना किसी मानदेय के कारण कराया जाना समस्याओं के चलते पंचायत सहायक प्रताड़ित हो रहे हैं।

इस संबंध में ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने समस्याओं का समाधान करने की मांग कि है ताकि सभी पंचायत सहायक सुचारु रूप से ग्राम सचिवालय का संचालन शासन के मंसा अनुरूप कर सकें द्य पंचायत सहायकों के कार्य निर्वहन में आ रही समस्याओं का निस्तारण किया जाए, सभी पंचायत में कार्यरत पंचायत सहायकों का मानदेय प्रत्येक माह की 1 से 5 तारीख के मध्य भुगतान करवाने की मांग की है और प्रत्येक माह इसकी जिला ब्लाक स्तर से समीक्षा की जाए मानदेय निर्धारित समय पर हस्तांतरित नहीं किए जाने पर संबंधित को दोषी मानते हुए प्रशासनिक कार्रवाई की जाये, जिन पंचायत में इंटरनेट की व्यवस्था नहीं है वहां इंटरनेट उपलब्ध कराया जाए जिससे ऑनलाइन कार्यों का समय से संपन्न किया जा सके और ग्राम पंचायत कार्यालय का संचालन सुलभतापूर्ण किया जा सके बिगत 1 वर्ष से पंचायत सहायक अपनी निजी धनराशि का इंटरनेट की व्यवस्था उपयोग में ला रहे हैं जो बहुत ही खेद का विषय है जबकि शासन द्वारा ग्राम पंचायत को इंटरनेट की व्यवस्था किए जाने के स्पष्ट निर्देश हैं द्य अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह द्वारा निर्गत शासनादेश में पंचायत सहायकों को सुव्यवस्थित जाब चार्ट के अनुसार ही कार्य किए जाने का के निर्देश दिए गए हैं।

विकास से कोसों दूर ग्राम पंचायत महिली स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार सब भगवान भरोसे

उतरौला बलरामपुर अवधनामा संवाददाता। जनपद के विकासखंड उतरौला अंतर्गत ग्राम महिली में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का ग्रहण सा लगा हुआ है सरकार द्वारा संचालित सारी योजनाएं इस गांव से पूरी तरह नदारद हैं गांव के मुखिया गांव में नहीं रहते हैं तथा शायद उनकी तीसरी अध्यक्षी है लोग उनके खिलाफ या गांव के विकास के बारे में कोई बात नहीं करना चाहते जिसका परिणाम यह है कि स्कूल से लेकर गांव की गलियां तक अपने भाग्य पर आंसू बहा रही हैं प्राथमिक स्कूल में मत्र 10 से 15 बच्चे जाते हैं रसोईया आदि की कोई उचित व्यवस्था नहीं है ऐसे में इस गांव में विकास की बात करना बेमानी होगा।

नगर पंचायत के मुख्य मार्गों पर निकली कलश यात्रा

शमशाबाद फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। मेरा देश मेरी माटी कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी व सभासदों ने नगर के प्रमुख मार्गो में कलश यात्रा निकाली। यात्रा में सैकड़ो लोगों ने हाथों में मिट्टी का कलश लेकर प्रतिभाग किया द्य यह यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से गंगा रोड, बाग मोहल्ला,मीरा दरवाजा, बाजार होती हुई कार्यालय पर सम्पन हुई चेयरमैन पति नदीम अहमद फारूकी ने सभासद ज्ञान सिंह पाल, जयसरन प्रजापति साजिद अंसारी विक्रम वा नगर पंचायत के पवन कुमार, कलाम खान आदेश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

डीएम को एनआरसी वार्ड के निरीक्षण में डॉक्टर सहित पूरा स्टाफ अनुपस्थित मिला, दिए कार्रवाई के निर्देश

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल के पोषण पुर्नवास केन्द्र (एनआरसी वार्ड) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डा0 विवेक सक्सेना, संगीता शुक्ला एफडी, रीना चौहान स्टाफ नर्स, दिव्या केयर टेकर/कुक अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने सीएमएस लोहिया को अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एनआरसी वार्ड में 08 कुपोषित बच्चे भर्ती पाये गये। जिलाधिकारी ने एनआरसी वार्ड में भर्ती बच्चों के अभिभावकों से वार्ता कर एनआरसी वार्ड में मिल रही सुविधाओं/उपचार/बच्चों के स्वास्थ्य में हुये सुधार की जानकारी प्राप्त की।

गांव में दम तोड़ती सरकारी योजनाएं

अवधनामा संवाददाता

- युवा रोजगार के लिये बाहर पलायन को मजबूर

गैसड़ी बलरामपुर। एक तरफ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार किसानों मजदूरों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं को अमली जामा पहनाने का प्रयास कर रही है तो वहीं मुख्यमंत्री का दूसरा गृह क्षेत्र कहे जाने वाले विकासखंड गैसड़ी के ग्राम रतनपुर में उल्टी गंगा बह रही है जहां ग्राम पंचायत के युवा बेरोजगारो की जगह क्षेत्र के थारू बाहुल्य गांव के अनुसूचित जनजाति के युवाओं से कम पैसे में कम करा कर योजनाओं की इतिश्री कर दी जाती है बताते चलें की। जनपद बलरामपुर के विकास खंड गैसड़ी के ग्राम पंचायत रतनपुर में मनरेगा मजदूरों को ग्राम पंचायत द्वारा रोजगार मुहैया नही करायी जा रही है तो वहीं दुसरे ग्राम पंचायत से थारू जनजाति के व्यक्तियों को लाकर गांव में कार्य कराये जाने का जाब कार्ड धारक ने ग्राम प्रधान व जिम्मेदारों पर आरोप लगाया है गांव में इक्का-दुक्का विकास कार्य कराये गये जबकि गांव के मनरेगा जॉब कार्ड धारकों ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाया है कि जॉब कार्ड धारक गरीब व मजबूर व्यक्ति हैं गरीबों के उत्थान के लिए सरकार ने गरीबों को 2 जून की रोटी मुहैया कराने के लिये राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना लागू की जिससे गांव का व्यक्ति गांव में ही मजदूरी करके अपने बाल बच्चों का भरण पोषण कर सकेंगे लेकिन क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर में उल्टा कार्य किए जाने का आरोप ग्राम प्रधान पर दलित मनरेगा मजदूर रघुनाथ गौतम निवासी ग्राम रतनपुर पश्चिम डीह ने लगाया है कि ग्राम प्रधान गांव में कार्य करने के लिए बाहर से थारु लाते हैं और नाली आदि की खुदाई जेसीबी मशीन लगाकर रात बिरात करा देते हैं जिससे गांव के गरीब मजबूर प्रदेश पलायन करने पर मजबूर रहते हैं तो वहीं ननकू जब कार्ड धारक ने बताया कि ढाई साल बीत जाने के बाद भी आज तक गांव में कहीं काम नहीं दिया गया जबकि कई बार ग्राम प्रधान कपिल देव से कम की मांग की गई लेकिन गांव में काम नहीं मिला उल्टे यह कह कर वापस लौटा दिया गया कि तुम काम के पात्र नहीं हो जबकि राष्ट्रीय ग्रामीण योजना अंतर्गत यह निर्देशित है कि कोई भी व्यक्ति यदि गांव में काम करना चाहता है तो उसे ग्राम पंचायत द्वारा रोजगार मुहैया कराई जाएगी इस संबंध में एडीओ पंचायत मोहम्मद मुस्तकीम ने बताया कि गांव का निवासी कोई भी व्यक्ति रोजगार की मांग करता है तो ग्राम पंचायत की यह जिम्मेदारी है कि उस व्यक्ति को ग्राम सभा में 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराई जाए हर व्यक्ति का अधिकार है कि वर्ष में 100 दिन का रोजगार पाने का अधिकार है जिससे रोजगार की तलाश में बाहर पलायन करने से बच सकेंगे।

छह वर्षों से फरार हत्याभियुक्त को दबोचा

फतेहपुर। सदर कोतवाली कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लग गई। हत्या सहित लूट के आपराधिक मामले में न्यायालय से जमानत के उपरांत विगत छह वर्ष से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

न्यायालय में विचाराधीन अभियोग से संबंधित अभियुक्त रामचन्द्र लोधी पुत्र पप्पू उर्फ रामबरन निवासी हिमांचलखेड़ा थाना कोतवाली जनपद उन्नाव विगत छह वर्ष से न्यायालय से जमानत उपरांत निरंतर फरार चल रहा था। जिसके विरुद्ध न्यायालय ने निर्गत गैर जमानीय वारंट एवं धारा 82 सीआरपीसी अंर्तगत उद्घोषणा आदेश की तामिला का आदेश दिया था। जिसके क्रम में सदर कोतवाली के उपनिरीक्षक राकेश चन्द्र शर्मा, कांस्टेबल विपिन यादव, रामनरेश पाल की गठित टीम कानपुर पहुंची और रामचंद्र लोधी पुत्र पप्पू उर्फ रामबरन निवासी हिमांचलखेड़ा थाना कोतवाली जनपद उन्नाव को दबोच लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

ईवीएम वीवीपैट का एफएलसी कार्य प्रारंभ

एफएलसी हाल का डीएम ने किया निरीक्षण

फतेहपुर अवधनामा संवाददाता। भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार एसओपी का पालन करते हुए सोमवार को प्रातः नौ बजे से शाम सात बजे तक

ईवीएम/ वीवीपैट की एफएलसी का कार्य नियुक्त इंजीनियरों ने प्रारंभ कर दिया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रुति ने पूर्वान्ह ग्यारह बजे एफएलसी हाल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एफएलसी की प्रक्रिया के संबंध में तकनीकि इंजीनियर प्रमुख राकेश के. से जानकारी ली गई। अवगत कराया गया कि प्रतिदिन 180 बीयू, 180 सीयू एवं 180 वीवीपैट की एफएलसी की जायेगी। समस्त एफएलसी प्रक्रिया राजनैतिक दलों की उपस्थिति में की जा रही है। तत्पश्चात उपस्थित एफएलसी सुपरवाइजर एवं एफएलसी के नोडल को निर्देशित किया कि आयोग की गाइड लाइन के अनुसार ईवीएम की एफएलसी कराना सुनिश्चित करें। आयोग को भेजी जाने वाली प्रतिदिन की रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत करायें। इसके अतिरिक्त आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप पर दैनिक रिपोर्ट आयोग को प्रेषित की जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनैतिक दलों को भी अवगत कराया कि प्रतिदिन समय से एफएलसी हाल में उपस्थित होकर प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

नवमनोनीत प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का सपाईयों ने किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यकारिणी के नवमनोनीत सदस्य महेंद्र बहादुर सिंह बच्चा का समाजवादी पार्टी कार्यालय में सपाईयों ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात पार्टी संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव ने की। उन्होने कहा कि बच्चा को प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान मिलना गर्व की बात है। सपा में लगभग 35 वर्षों से सेवा पूरी निष्ठा से करते रहे। नेताजी के साथ हर एक आंदोलन एवं कार्यक्रमों में जनपद स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक अपनी सहभागिता निभाई। जनपद की बिंदकी विधानसभा से 2012 का विधानसभा चुनाव लड़ा। विषम परिस्थितियों में भी कभी पार्टी का दामन नहीं छोड़ा। यूथ के अध्यक्ष एवं नेताजी के समय पार्टी की सरकार में जिला महासचिव के पद को भी सुशोभित किया। छोटे बड़े सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए निरंतर सम्मान किया। आज पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उस पर वह पूरी तरह खरे उतरें और पार्टी को मजबूत करने का काम करें। संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

योगी सरकार में हो रहा है अभूतपूर्व विकासः डॉ शलभ मणि त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता

- दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों में यूपी है नंबर वनः डॉ शलभ मणि
- सदर विधायक ने किया विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन

देवरिया। सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने आज विकास भवन प्रांगण में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित त्रि-दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदर्शनी के माध्यम से अपना रिपोर्ट कार्ड आमजन के समक्ष रखा है। प्रत्येक सेक्टर एवं समाज के सभी वर्गों के हित में राज्य सरकार ने कार्य किया है।

गन्ना किसानों का भुगतान, अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई, गरीबों का आवास देने तथा युवाओं को सबसे ज्यादा रोजगार देने सहित लगभग दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश देश में नंबर वन है। योगी सरकार ने प्रदेश के सांस्कृतिक गौरव में निरंतर वृद्धि की है। चाहे काशी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर हो अथवा अयोध्या में बन रहा भव्य राम मंदिर। प्रदर्शनी देखने से युवाओं को विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी आम जनमानस को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सांस्कृतिक विरासत एवं प्रदेश के विकास की नई गाथा से रूबरू होने और अपने प्रदेश को जानने का अवसर देती है। सदर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में एक्सप्रेस-वे का विशाल नेटवर्क विकसित हुआ है। वर्तमान समय में 6 एक्सप्रेस-वे संचालित है एवं पांच एक्सप्रेसवे अभी निर्माणाधीन है। 5 शहरों में मेट्रो ट्रेन पहुंच गई है और 5 में निर्माणाधीन है। प्रदेश में व्यापक स्तर पर विकास हो रहा है। राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों की वजह से किसानों के बैंक खातों में सीधा भुगतान हो रहा है। क्रय केंद्र पर बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है।

करंट की चपेट में आकर संविदा लाइनमैन की मौत

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गाँव में संविदा लाइनमैन पोल पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था। तभी सप्लाई चालू हो गई जिससे वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया तुरन्त उसको इलाज के लिए नज़दीकी स्वास्थ केंद्र लाया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गाँव निवासी राम नारायन सिंह यादव का 33 वर्षीय पुत्र सुचेन्द्र कुमार यादव चुरयानी पावर हाउस में संविदा लाइनमैन था। वह सोनवर्षा गांव निवासी जय सिंह के कहने पर बिजलीं के पोल पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था। उसी समय बिजली सप्लाई चालू हो गई जिससे वह करंट की चपेट में आकर गम्भीर रूप से झुकास गया। तुरन्त उसको इलाज के लिए गाजीपुर सीएचसी पहुंचाया गया। जहाँ डॉक्टर ने हालत गंभीर देख उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जाँच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रत्येक गौशाला में हरे-चारे की व्यवस्था रहेः डीएम

अवधनामा संवाददाता

- मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा में सम्बन्धित अधिकारियों को डीएम ने दिए दिशा-निर्देश

मैनपुरी। गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित शत-प्रतिशत गौवंशों का अभियान चलाकर 02 दिन में ईयर टैगिंग करायी जाए, प्रत्येक गौशाला में हरे-चारे की व्यवस्था रहे, गौवंशों को निराश्रित छोड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें नोटिस जारी कर जुर्माना वसूला जाए, वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाए, जल-भराव वाले स्थान पर विशेष सतर्कता बरती जाए, जल निकासी के बेहतर प्रबंध किये जाएं, शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक नियमित रूप से एंटी लार्वा का छिड़काव, फोगिंग करायी जाए, जहां-जहां बुखार के ज्यादा मरीज मिलें, उन क्षेत्रों में स्वास्थ्य कैंप आयोजित का मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएं, ग्रामीण क्षेत्र में निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, निर्माणाधीन परियोजनाओं में कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाये, कार्य पूर्ण होने के पश्चात जिला स्तरीय टेक्निकल समिति से कार्यों की जांच कराने के उपरांत ही सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर किया जाये।

उक्त निर्देश जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने मा. मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान देते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी गौ-आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशों की ईयर टैगिंग नहीं हो पा रही है। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अभियान चलाकर 02 दिन में शत-प्रतिशत गौवंशों की ईयर टैगिंग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयाध्यक्षों को आदेशित करते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग में भ्रमण पंजिका बनाई जाए, कार्यालय अवधि में कार्यालय से बाहर जाने पर भ्रमण पंजिका में अवश्य प्रविष्टि की जाए, ग्राम स्तरीय कार्मिकों का रोस्टर बनाकर ग्राम पंचायत सचिवालय पर लिखवाया जाए, सेक्रेटरी प्रत्येक कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत सचिवालय में उपस्थित रहें। उन्होंने विशेष तौर पर निबंधन, आपूर्ति, परिवहन, राजस्व, विकास, उद्योग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों से कहा कि कोई भी बाहरी व्यक्ति कार्यालय में कार्य न करें और नाहीं किसी बाहरी व्यक्ति से कोई शासकीय कार्य कराया जाए यदि किसी कार्यालय में बाहरी व्यक्ति कार्य करते पाया गया तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्यवाही होगी। श्री सिंह निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, कार्य पूर्ण होने के उपरांत संबंधित विभाग को हैंडोवर करने से पूर्व जिला स्तर पर गठित टेक्निकल टीम से जांच कराने के उपरांत ही हैंडोवर किया जाए, जो निर्माणाधीन परियोजनाएं धनाभाव के कारण रुकी हैं, उन पर धनराशि अवमुक्त करने के लिए पत्र लिखा जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं से कहा कि वर्षा के कारण जिन सड़कों में गड्ढे हो गए हैं, उन्हें तत्काल भरवाया जाए।

कोरियन-पॉप कार्यक्रम का आयोजन 13 सितंबर को

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच दीर्घकालीन सौहार्दपूर्ण राजनयिक संबंधों के दृष्टिगत कोरियन-पॉप कार्यक्रम का आयोजन पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के निर्देशन में दि. 13 सितंबर को अपराह्न 04 बजे से अमन इंटरनेशनल स्कूल में होगा, जिसमें कोरियन कलाकार ओरा और फ्रेंडी प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने अमन इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पर्यटन अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर से कहा कि कार्यक्रम तिथि से पूर्व संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें, कार्यक्रम स्थल पर कम से कम 1000 छात्रों के बैठने की व्यवस्था रहे, साउंड-लाइट की बेहतर व्यवस्था की जाए, कार्यक्रम में कक्षा-10 के ऊपर के छात्रों का प्रतिभाग कराया जाए, इंजीनियरिंग कॉलेज, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों का भी प्रतिभाग कराया जाए, कार्यक्रम स्थल तक लाने ले जाने की व्यवस्था संबंधित विद्यालय द्वारा की जाएगी, कार्यक्रम स्थल पर अन्य समस्त व्यवस्थाएं विद्यालय प्रबंधन द्वारा की जाएगी।

लोहारी ने आरएसएस प्रमुख का मनाया जन्मदिन

फतेहपुर अवधनामा संवाददाता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ संचालक डा. मोहन भागवत का जन्मदिन महर्षि बाल्मीकि शाखा के स्वयं सेवकों ने वृक्षारोपण कर मनाया। स्वयंसेवक युवा भाजपा नेता अजय सिंह रिंकू लोहारी ने अपनी शाखा के सभी स्वयं सेवकों के साथ वृक्षारोपण किया। लोहारी ने बताया कि संघ परिवार एक आदर्श विचारों का परिवार है। संघ ही बताता है कि भारत एक अखंड भारत है। इसकी अखंडता कायम रहे। संपूर्ण भारत एवं विश्व के कई देशों में संघ कार्य कर रहा है। उन्होने लोगों का आहवान किया कि संघ की शाखा से जुड़कर अखंड भारत के सपने को साकार करें। उन्होने कहा कि ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 03.10.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल आफर स्वीकार नही किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	निविदा सूचना संख्या	010802023 दिनांक 11.09.2023
2	निविदा संख्या	1. 21Sr.DEN-III-LKO/2023-24 2. 22Sr.DEN-III-LKO/2023-24
3	कार्य का नाम	1. वरि0 मंडल इंजीनियर–तृतीय/उत्तर रेलवे/लखनऊ के अंतर्गत लखनऊ मंडल में जफराबाद–जौनपुर सेक्शन में ब्रिज नंबर 75 और वाराणसी–जफराबाद सेक्शन में ब्रिज नंबर 66 जलस्तर की निगरानी प्रणाली का कार्य। 2. वरि0 मंडल इंजीनियर/तृतीय–उत्तर रेलवे/लखनऊ के अंतर्गत लखनऊ मंडल में दीन दयाल उपाध्याय–वाराणसी में पुल के आरओवी द्वारा (परीक्षण आइटम) जल की जांच और 3 डी स्कैनिंग ब्रिज नंबर 11 की नदी तल की जांच किया जाना
4	अनुमानित लागत	1. रू. 46,01,451.80 2. रू. 44,93,515.00
5	धरोहर राशि	1. रू. 92,000.00 2. रू. 89,900.00
6	कार्य की समापन अवधि	1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 3 माह। 2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 4 माह।
7	निविदा डालने का प्रारंभ	19.09.2023
8	निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	03.10.2023 at 15:00 hrs.
9	बेवसाईट	www.ireps.gov.in

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2809/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

12 घण्टे बारिश ने मचाई तबाही तालाब बना शहर, बिजली गिरने से एक की गई जान

- नाले, नालियां उफनाई, सफाई व्यवस्था की खुली कलई
- सैकड़ो घर जलमग्न घर छोड़ भागे लोग शहर में घुसा पानी

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। हाय बारिश उफ बारिश। रविवार को आधी रात के बाद से लगातार बरसे बादलों ने शहर की सूरत बिगाड़ कर रख दी। जगह जगह जलभराव हुआ तो उफनाए जमुरिया नाले के पानी ने दोनों किनारों को जलमग्न कर दिया। एक पुल पर खतरा उतपन्न हो गया तो सैकड़ो मकानों के बाशिंदों को घर छोड़ कर भागना पड़ा। पानी इस कदर बढ़ा कि ईदगाह मैदान तक जलमग्न हो गया। प्रशासन व नगर पालिका के अफसर दौड़े पर सिर्फ कवायद के अलावा कुछ नही कर सके। जिले भर में भी बारिश ने जमकर तांडव मचाया है। 12 घंटे से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जिले भर में तबाही मचा कर रख दी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोर की मौत हो गई। हजारों की तादाद में घरों और दुकानों में पानी भर गया है। जमुरिया नाला उफनाने के कारण पानी सड़कों पर बह रहा है। रात से ही जिले भर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था चौपट हो गई है। मौसम विभाग की ओर से अभी लगातार बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, एडीएम अरुण कुमार सिंह के अलावा सभी एसडीएम व पूरी प्रशासनिक मशीनरी राहत कार्य में जुट गई है। रविवार की रात से लगातार बारिश हो रही है। बारिश से शहर के तमाम मोहल्ले में पानी भर गया है। बड़ी संख्या में चौपहिया वाहन पानी में डूब गए हैं। जमुरिया नाला उफनाने से आसपास के मोहल्लों के अलावा तमाम सड़कें पानी से लबालब हो गई हैं। हजारों लोग अपने घरों में कैद हैं। कई मोहल्लों में पेयजल का संकट खड़ा हो गया है।

सरयू की तराई और शहर में जमुरिया नाला के किनारे का इलाका, दोनों में कोई अंतर नही। वहां भी बाढ़ का पानी उतरते ही अफसर अपने अपने काम से शहर में भी नाला का पानी सिकुड़ते ही नगर पालिका और प्रशासन मस्त। सुंदरीकरण के काम कागज पर हुए और सुधार के नाम पर नाला सिकुड़ गया। करोड़ो रुपये कागज पर खर्च हुए पर नाला किनारे बसने वालों की परवाह कभी नही की गई। बदअक़्ली लापरवाही और मनमानी का बेजोड़ उदाहरण शहर बन गया। बेतरतीब विकास का नतीजा आज शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

नहीं बचे ग्रामीण इलाके, हर तरफ पानी ही पानी, किसान बेहाल

मसौली बाराबंकी। क्षेत्र में लगातार जारी बारिश के से पूरा इलाका पानी की चपेट में आ गया। घरो सड़कों, गलियों तक पानी का भराव है। सोमवार को जगे लोगो ने देखा तो चारो ओर पानी ही पानी नजर आया। भारी बारिश से मत्स्य पलकों सहित किसानो को भारी नुकसान हुआ है। तमाम घरो मे पानी भर जाने से लोगो के घरो की गृहस्थी बर्बाद हो गयी है। बारिश ने बीती मध्य रात्रि विकराल रूप ले लिया गरज चमक के साथ मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। बारिश का कहर इतना था कि कस्बा मसौली, बड़ागांव, बांसा, ज्योरी, देवकलिया, नेवला करसण्डा, बिन्दौरा, मुजापुर, अमदहा मेढिया, मुबारकपुर सहित अन्य गांव और मोहल्लों में पानी निकासी होने के बाद भी उक्त स्थानो पर जलभराव की स्थित बन गई। जिसके चलते लोगों के घरों में पानी घुस गया। कल्याणी एव गाडी नदी से सटे गांव के किसानों की खेती भी जलभराव के कारण चौपट हो रही है। कल्याणी नदी से मसौली, डेडवा, विरौली, रोटीगांव, मुजापुर, अमदहा मेढिया, देवकलिया, ज्योरी, हेतमपुर , गाड़ी नदी से सादामऊ, दहेजिया, डुबकी, बड़ागांव, चंदनपुर, सिस्वारा, धरौली, गुरेला, बसंतनगर में नदी के बढे जल स्तर से खेत चपेट मे आ गये है।जिस कारण से किसानों की खड़ी धान आदि फसल जल भराव से किसानों के चेहरों पर मायूसी नजर आ रही है।

मत्स्य पालको को भारी नुकसान

बारिश से किसानों का ही नहीं, मछली पालन करने वालों का भी भारी नुकसान हुआ है। मत्स्य पलकों का कहना है कि तालाबों में मछली बड़ी होने लगी थीं। बारिश ने तालाबों में पल रही मछलियों को बहा दिया। उन्होंने सरकार से नुकसान की भरपाई की मांग की है।

थाना अस्पताल स्कूल सब हुए लबालब

भारी बारिश से मसौली थाना परिसर सहित साधन सहकारी समिति बड़ागांव मसौली, डाक घर मसौली, विद्युत उपकेन्द्र मसौली, ब्लाक मुख्यालय आदि सरकारी कार्यालयों में जलभराव की स्थित देखी गई है। उचित दर बड़ागांव एव साधन सहकारी समिति मसौली मे रखा कार्ड धारको का राशन पानी मे डूब गया।

आकाशीय बिजली गिरने से किशोर की मौत

सूरतगंज, बाराबंकी। आकाशीय बिजली गिरने से खेत में शौच को गए किशोर की मौत हो गई। वहीं सूचना पर सीएचसी पहुंची तहसील प्रशासन और पुलिस की टीम ने जांच पड़ताल उपरान्त शव को पीएम के लिए भेजा है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बल्लोपुर के गोडियानपुरवा गांव निवासी दुलारें निषाद का 16 वर्षीय बेटा शिव कुमार सोमवार के सुबह शौच के लिए खेत पर गया था। तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। सूचना के बाद परिजन उसे सूरतगंज कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। इस हादसे की जानकारी फतेहपुर तहसील एवं मोहम्मदपुर खाला थाना में दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिलामुख्यालय भेजा है। तो इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव ने बताया कि किशोर के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है।तो एसडीएम फतेहपुर पवन कुमार ने बताया कि जानकारी मिली है। मौके पर राजस्व की टीम को भेजा गया है।

अयोध्या के 39 पार्किंग स्थलों के सम्बंध में की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ अयोध्या आने वाले श्रद्वालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी के दृष्टिगत पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में एक आवश्यक बैठक आयुक्त सभागार में आयोजित की गयी जिसमें पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर, नगर आयुक्त विशाल सिंह उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा चयनित अयोध्या के विभिन्न 39 पार्किंग स्थलों के सम्बंध में समीक्षा की गयी।

उन्होंने चयनित स्थलों का पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण कर भूमि की प्रकृति व उसकी नवैय्यत आदि की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त अयोध्या के यातायात योजना आदि की भी चर्चा की। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल पटेल, एसपी यातायात आर एस गौतम, सीओ ट्रैफिक सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

माध्यमिक विद्यालयों में विशेष प्रार्थना सभा में दिए जायेगें कैरियर टिप्स

मिल्कीपुर- अयोध्या। महानिदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर से जारी आदेश के तहत अब माध्यमिक विद्यालयों में अब मंगलवार को विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी। इसमें छात्र-छात्राओं को कैरियर संबंधी टिप्स दिए जाएंगे। इस नए प्रयोग के तहत पुरातन छात्रों की भी मदद ली जाएगी। इसके अलावा उन्हें जीवन मूल्यों और अनुशासन के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। शिक्षा अधिकारी भी छात्र-छात्राओं को परामर्श देंगे। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में कुल 90 इंटर कॉलेज हैं। इनमें 73 वित्त विहीन, 2 संस्कृत, 10 सहायता प्राप्त और 5 राजकीय इंटर कॉलेज है। महानिदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ महेंद्र देव ने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रत्येक मंगलवार को सुबह विशेष प्रार्थना सभा कराने के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि इसमें नया सबेरा कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को दो शिक्षाधिकारी जीवन मूल्यों, अनुशासन, कॅरिअर और नियमित दिनचर्या के बारे में टिप्स देंगे।

स्वामी प्रसाद मौर्या व उदय स्टालिन पर एफआईआर की मांग

- उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। इंडियन सवर्ण समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरितमानस सनातन हिंदू धर्म के आस्था का प्रतीक है और प्रत्येक सनातनी की प्राण वायु है उनके द्वारा रामचरितमानस में रचित चौपाइयों की गलत व्याख्या कर देश में सनातन धर्म को विकृत करने की कोशिश की गई है इसलिए स्वामी प्रसाद मौर्य व उदयनिधि स्टालिन की गिरफ्तारी हो। वही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी हरी बिलास तिवारी ने कहा कि विगत कुछ महीने से स्वामी प्रसाद मौर्य और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयनिधि स्टालिन द्वारा धार्मिक ग्रंथ रामचरितमानस को जलाने टिप्पणी करने सनातन धर्म के विषय पर धर्म के ऊपर अनाप-शनाप बयान देने के कारण सनातन धर्म के अनुयाई तथा इंडियन सवर्ण समाज पार्टी आहत है इसलिए हमारी पार्टी व आम जनमानस की तरफ से स्वामी प्रसाद मौर्य और स्टालिन के ऊपर अभिलंब कार्यवाही की जाए। उपजिलाधिकारी बीकापुर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति महोदया को ज्ञापन सौंपा। उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते समय रामजी पांडेय मंडल प्रभारी, प्रदीप तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष, रमन पांडे, वीरेंद्र तिवारी, उत्कर्ष सिंह, दीपक शुक्ला, सत्यम तिवारी, इंद्रमणि पांडे, रवि पांडेय, विपिन तिवारी जिला मंत्री, शिवमणि तिवारी ब्लॉक सचिव, सत्य प्रकाश तिवारी, सुशील कुमार पांडे एडवोकेट, विष्णुकांत पांडेय, आशीष पांडेय, गोकरन तिवारी, ओमप्रकाश पांडे समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

कच्ची दीवार भरभराकर गिरी, भाई बहन की मौत

बाराबंकी। बारिश ने सिर्फ जनजीवन ही अस्त व्यस्त नही किया बल्कि दो की जान भी ले ली। शहर में बारिश के दौरान घर जा रहे सगे भाई-बहन पर कच्ची दीवार गिर गई। मशक्कत के बाद दोनों को मलबे से बाहर निकालकर जिला अस्पताल भेजा गया लेकिन दोनों को बचाया नहीं जा सका। शव परिजनों को सौंप दिए गए। जानकारीके अनुसार शहर कोतवाली इलाके के ग्राम जरसंडा निवासी आकाश कनौजिया की नौ वर्षीय पुत्री अंशिका व सात वर्षीय पुत्र सौरभ सोमवार की सुबह घर से शौच के लिए निकले थे। वापस लौटते समय गांव के ही सोनेलाल के घर की कच्ची दीवार उन पर भरभराकर ढह गई और भाई बहन मलबे के नीचे दब गए। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर दोनों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद से पूरे गांव में मातम मच गया। बच्चों की मौत ने माता-पिता के साथ पूरे परिवार को झकझोर दिया।

सांसद ने घर घर जाकर एकत्रित की मिट्टी

बाराबंकी। सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत विधानसभा हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत रौली केल्हनुवा में घर घर जाकर अमृत कलश में मिट्टी एकत्रित की। आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि 2047 में भारत को विकसित देश की कतार में खड़ा करने के लिए प्रधानमन्त्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश की समृद्ध विरासत के साथ विकास का जो ताना बाना बुना है वह मेरी माटी मेरा देश अभियान उसी का हिस्सा है। इसके उपरांत सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने ग्रामीणों को पंच प्रण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में गजब का उत्साह दिखाई दिया। तिरंगा लिए ग्रामीण भारत माता के जयकारे लगा रहे थे। इस अवसर पर कृष्ण कुमार सिंह, सन्तोष श्रीवास्तव, मोहित मिश्रा, वेद बाजपेयी, राम किशोर सिंह, राजेश सिंह, मानसिंह, राम सिंह,पवन, मुन्ना सिंह, उमाशंकर शाहू, मनोहर सहित ग्रामीण जन मौजूद रहे।

किसानों की समस्याओं का मण्डलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

सहारनपुर। गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन वर्मा का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में कमिश्नर से मिला और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कमिश्नर को सौंपा। भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगतसिंह वर्मा के नेतृत्व में किसान प्रतिनिधि मण्डलायुक्त से मिले और ज्ञापन सौंपते हुए कहा किकृषि प्रधान देश भारतवर्ष में किसानों की उन्नति के लिए अन्नदाता किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य दिलाया जाए। मनरेगा योजना को सीधा खेती से जोड़कर किसानों को मजदूर उपलब्ध कराए जाए। किसानों की एक निश्चित आय करने के लिए राष्ट्रीय किसान आय आयोग का गठन किया जाए। किसानों को निशुल्क चिकित्सा दिलाई जाए। गन्ने का लाभकारी मूल्य रू.600 कुंतल गन्ना किसानों को दिलाया जाए। चीनी मिलों से बकाया गन्ना भुगतान और ब्याज गन्ना किसानों को दिलाया जाए। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि सहारनपुर जिले में सैखुल हिंद मेडिकल कॉलेज है।

भंडारे का हुआ शुभारंभ किया

अवधनामा संवाददाता

बीकापुर- अयोध्या। कस्बा बीकापुर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की धूम मची हुई है। बीकापुर कस्बा में पुलिस क्षेत्र अधिकारी कार्यालय के सामने बाल श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के आयोजन में राधा एवं कृष्ण के जयकारे लग रहे हैं। यहां पंडाल में आकर्षक झांकी सजाई गई है। पंडाल के पास भजन कीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में रविवार शाम पुलिस क्षेत्राधिकारी डा राजेश तिवारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मे आयोजित भंडारे का फीता काटकर शुभारंभ किया। तथा भजन कीर्तन में शामिल हुए। कार्यक्रम से पूर्व श्री कृष्ण प्रतिमा पर धूप दीप दिखा माल्यार्पण कर धार्मिक कार्यक्रम की शुरूआत किया। आयोजन मंडल द्वारा क्षेत्राधिकारी बीकापुर डा राजेश तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडेय राना, सभासद बृजभूषण उर्फ राजन पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता का माल्यार्पण कर तथा अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर संरक्षक ज्ञान प्रकाश मोदनवाल, विकास मोदनवाल, रितिक कशौधन, शिवम मोदनवाल, शालू कसौधन, शुभम, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अशोक मोदनवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे। धार्मिक भंडारे में तमाम श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

पुत्र की हत्या करने वाला पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने जमीनी विवाद में अपने पुत्र की हत्या कर फरार चल रहे आरोपी पिता को मात्र 24 घंटे में गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया। पुलिस लाईन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष हत्या का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि गत् दिवस पारस पुण्डीर पुत्र मुकेश कुमार निवासी ग्राम पुंवारका थाना कोतवाली देहात ने थाने पर आकर लिखित सूचना दी कि उसके भाई तनिष्क 18 वर्ष को उसके पिता मुकेश कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम पुवांरका थाना कोतवाली देहात ने छाती में चाकू मारकर हत्या कर दी है। एसपी सिटी ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर थाना कोतवाली देहात पुलिस ने त्वरित कार्यवही करते हुए अभियुक्त मुकेश को अग्रसैन चौक रेलवे स्टेशन

- निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद

के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिसकी निशानदेही पर जनता रोड महावीर काम्पलेक्स के पास अधबनी दुकानो में ईटो के नीचे छुपा हुआ हत्या मे प्रयुक्त 01 चाकू आला कत्ल बरामद किया गया। अभियुक्त ने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसने बैंक से करीब 4 लाख रुपये का लोन लिया था तथा पत्नी के इलाज हेतु भी लोगो से कर्ज लिया था, जिस कर्ज को चुकाने के लिए अपने हिस्से की 10 बीघा जमीन में से 3 बीघा जमीन उसने बेच दी थी तथा लोगो व बैंक का कर्ज चुकाया था। जमीन बेचने के कारण छोटा बेटा काफी नाराज था और अक्सर गाली गलोच व मारपीट करता था। 09 सितम्बर को रात्रि 09 बजे जब वह घर आया तो उसकी पत्नी बबली खाना बना रही थी और तनिष्क खाना खा रहा था। जिस पर मैंने कहा कि काम धाम कुछ मत करो और मेरी छाती पर बैठकर खाते रहो, जिससे तनिष्क आग बबूला हो गया और उसके साथ गाली गलौच करने लगा। उसने मुझे गाली देते हुए मेरे थप्पड मार दिया, जिससे मुझे गुस्सा आ गया और मैने पास पडे हुए सब्जी काटने के चाकू से तनिष्क की छाती पर वारकर मार दिया और मौके से भाग गया। आज वह ट्रेन से कहीं दूर जाने की तैयारी मे था कि पुलिस ने मुझे पकड लिया। हत्यारोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार चाहल, उपनिरीक्षक संजय शर्मा, हैड कांस्टेबल अजीत व कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल रहे।

सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश देता है मेला गुघाल: महापौर

सहारनपुर। सामाजिक समरसता व साम्प्रदायिक सद्भाव के प्रतीक और उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध मेला गुघाल के लिए महापौर डॉ. अजय कुमार ने वार्ड 27 के पार्षद वीरसैन कुमार को संयोजक मनोनीत किया है। इसके अलावा दो महिलाओं सहित तीन मेला सह संयोजक भी बनाये गए हैं। महापौर ने कहा है कि मेला गुघाल सामाजिक समरसता और सद्भाव का संदेश देता है, यह संदेश जनता के बीच स्पष्ट रुप से जा सके इसके लिए भी प्रयास किये जायेंगे। गत एक सितंबर को नगर निगम बोर्ड की बैठक में मेला गुघाल के लिए मेला संयोजक व सह संयोजक बनाने का प्रस्ताव रखा गया था। जिस पर सम्पूर्ण सदन ने सर्वसम्मति से महापौर को मेला संयोजक व सह संयोजकों की नियुक्ति के लिए अधिकृत किया था। उसी प्रस्ताव के निर्णय के अनुपालन में आज महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह ने मेला संयोजक व सह संयोजकों के मनोनयन का ऐलान किया।

जनपद के विकास के लिए रेल मार्ग की आवश्यकता थी: पंकज चौधरी

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम विधान सभा पनियरा के ग्राम सभा गांगी बाजार, सौरहा, देवीपुर, रजौडा पंजुम, इलाहाबास और नेवास पोखर मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गुड्डु सिंह ने किया। केन्द्रीय मंत्री ने मां सरस्वती डिजिटल लाइब्रेरी सतगुरु मुजुरी का उद्घाटन, पनियरा ब्लाक परिसर मे पशु चिकित्सालय का पुनर्निर्माण का शिलान्यास तथा बभनौली मे मनोज मद्धेशिया के स्टील प्लांट का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकर्ताओ ने केन्द्रीय मंत्री के अगुआई मे भारत माता की जयघोस के साथ घर घर जा कर लोगो से आग्रहपूर्वक एक चुटकी मिट्टी और एक चुटकी चावल अमृत कलश में मांगा। केन्द्रीय मंत्री ने महराजगंज जनपद मुख्यालय को रेल लाइन से जोडने के भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्र के लिए जनता को बधाई दी। उन्होंने कहा की महराजगंज के चतुर्दिक विकास के लिए रेल मार्ग की आवश्यक्ता थी जिसे भारत सरकार ने स्वीकार कर जन आकांक्षाओ को पुरा करने का कार्य किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पनियरा के बिधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात लोगों में राष्ट्रवाद की भावना पहले से कहीं अधिक जागृत हुई है। प्रधानमंत्री के एक आह्वान पर सभी देशवासी ने अपने घर पर तिरंगा लगाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश भयमुक्त प्रदेश बन गया है। अपराधी और माफिया का मनोबल टूटने से व्यापारी और आम जन चैन से है। कार्यक्रम का संयोजन ब्लाक प्रमुख बेद प्रकाश शुक्ल ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश यादव, सैफ खान प्रबंधक पनियरा इण्टर कालेज, महेंद्र सदस्य जिला पंचायत उमेश जयसवाल चेयरमैन पनियरा, प्रवीण कृष्ण सतीश सिंह अंगद गुप्ता सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सात आरोपी गिफ्तार

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में पुलिस ने 7 सहज सेवा केंद्र को संचालक को गिरफ्तार कर लिया हैं। गिरफ्तार संचालकों के पास से 45 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र 4 लैपटाप और 9 मोबाइल सेट बरामद हुआ हैं।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह ने बताया कि जिला पंचायतीराज विभाग द्वारा जानकारी दी गई की जनपद में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। जिसको संज्ञान में लेते हुए संदिग्ध सहज सेवा संचालकों को संबंधित विभाग के समक्ष जांच के लिए बुलाया गया। जांच के दौरान पंचायतीराज विभाग, साइबर टीम, एसओजी टीम और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष संदिग्ध संचालकों के लैपटाप की गंभीरता से जांच हुई। जिसमें पाया गया कि जन सहज सेवा केंद्र से वास्तविक पोर्टल के स्थान पर फर्जी पोर्टल बनाकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया हैं। इन जन्म प्रमाण पत्रों को जारी करने के लिए अधिकृत ग्राम विकास अधिकारी द्वारा जारी नही किया गया हैं।

जांच के उपरांत सदर एडीओ पंचायत सुधीर सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की गई। जिसमें 7आरोपियों रमेश प्रजापति, अभिषेक पांडेय, सतेंद्र साहनी, कृष्णा निषाद, गौतम, अजय निषाद और संजय विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से 45 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र 4 लैपटाप और 9 मोबाइल सेट बरामद हुआ हैं।

सरेराह फायरिंग करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना रामपुर मनिहारन पुलिस ने जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 01 खोखा एवं 3 जिन्दा कारतूस बरामद किए है।

पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि गत् दिवस कस्बा इस्लामनगर मैन रोड पर रोबिन पुत्र रणवीर सिह नि.गली नं. 1, राजौरी गार्डन थाना सदर बाजार अपने साथी अक्षय पुत्र तेलूराम निवासी कलरी थाना सरसावा व पिछली सीट से अर्जुन पुत्र घनश्याम निवासी नकुड रोड थाना सरसावा एक साथ नकुड़ से रामपुर जा रहे थे। तभी अर्जुन अपने दोस्तो की किसी बात से नाराज होकर गाडी से उतरकर जाने लगा, जिसे रोबिन व अक्षय द्वारा गाडी से उतरकर अर्जुन को बैठाने लगे। वहां पर भीड द्वारा ये समझा गया कि ये दोनो व्यक्ति किसी का अपहरण कर रहे है। लोगों की भीड ने रोबिन व अक्षय को पकडना चाहा, जिसमे रोबिन ने भीड द्वारा अपने को घिरता देख तमंचे से वहां जमा भीड़ पर फायर कर दिया, जिसमें गोली सडक पर रिकोचिट होकर अनवार पुत्र वजीर निवासी इस्लामनगर के बाये कोहनी के पास लगी। जिसके आधार पर थाने पर धारा 307/34 पंजीकृत किया गया।

एसएसपी के निर्देश पर थाना रामपुर मनिहारान प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए कस्बा इस्लामनगर से अभियुक्त रोबिन पुत्र रणवीर सिह निवासी गली नं.1 राजौरी गार्डन थाना सदर को 01 तमंचा 315 बोर व 01 खोखा कारतूस व 03 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। जिसके आधार पर अभियुक्तो के विरूद्ध मुकदमा में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक आनन्द पोसवाल, कांस्टेबल दुर्गेश, दिनेश शामिल रहे।

प्रधानों की समस्याओं के निदान का बीडीओ ने दिया आश्वासन

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। सदर ब्लाक के ग्राम प्रधान अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ब्लाक इकाई के नेतृत्व में सोमवार प्रधानों की समस्याओं को लेकर ब्लाक सभागार में अध्यक्ष राम नरेश यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया। इसमें मनरेगा पक्के कार्य कार्ययोजना की स्वीकृति, गनेरा ग्राम पंचायत के रोजगार सेवक के कार्यवाही की रिपोर्ट डीसी मनरेगा को भेजने एवं प्रधानों से वार्ता करने के बाद ही तकनीकी सहायको को हटाने के मुद्दे पर सभी प्रधान एकमत हुए। अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष चंद्रमणि यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पक्के कार्य कार्ययोजना स्वीकृति न होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। मनरेगा कार्य बंद होने से मजदूरो के समक्ष भुखमरी की नौबत खड़ी हो गई है। इस दौरान खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार पाण्डेय ने प्रधानों की हर समस्या का समाधान का आश्वासन दिया। मनरेगा के पक्के कार्य की दो-दो कार्य योजना की स्वीकृति देने की बात कहीं। बैठक में राष्ट्रीय पंचायती राज प्रधान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ताक़ीब रिजवी, जिलाध्यक्ष पवन मिश्र, चंद्रजीत जायसवाल, राज नारायण यादव, मुनीराम वरुण, व्यास पांडेय, बुद्धिसागर चौरसिया, बृजलाल, राजेन्द्र यादव, बीर बहादुर यादव, सहज राम, महेंद्र यादव, चंद्रिका प्रसाद, पारस, नसीम, विजय आदि मौजूद रहे।

लक्ष्य निर्धारित कर प्राप्त करें शिक्षा

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत हल्लौर कस्बा स्थित इमाम बारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन तौहिदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट लखनऊ के तत्वावधान में किया गया। जिसमें स्थानीय 15 छात्र

- सम्मान समारोह के माध्यम से मेधावी छात्र हुए पुरस्कृत
- सुंदर समाज के निर्माण में सहायक है शिक्षा

छात्रओं को प्रदेश व जनपद स्तर पर आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को पुरूस्कृत कर उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया गया साथ ही लखनऊ से आई टीम के लोगों ने अभिभावकों को बच्चों की नीव को उनके रुचि के अनुसार मजबूत करने के लिए तरह-तरह के तरीके बताएं।

सोमवार को अपराह्न 3 बजे आयोजित छात्र सम्मान समारोह में कक्षा के आधार पर श्रेणीबध कर उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को प्रमाण पत्र दिया गया जिसे पाकर अभिभावकों में प्रसन्नता देखी गई। कार्यक्रम डॉक्टर वजाहत हुसैन रिज़वी पूर्व डिप्टी डायरेक्टर सूचना विभाग लखनऊ की देख रेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ए श्रेणी में कशफ फ़ातिमा, और व मोहम्मद अब्बास को प्रथम शाहिद हसन को

द्वितीय व मुदस्सिर हैदर को तृतीय वहीँ बी श्रेणी में अली मेहंदी व मोहम्मद हैदर को प्रथम अली मेहंदी व अली नौशाद को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में सी श्रेणी में सबीहा फातिमा प्रथम हसन मेहंदी द्वितीय मंशा फातिमा तृतीया तथा डी श्रेणी में गलत अर्सलान आबिद प्रथम मोहम्मद अयान द्वितीय वी फलक फातिमा को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कार दिए गए। इस मौके पर आयोजन समिति के सचिव नजमुल हसन रिजवी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि सुंदर समाज के निर्माण के लिए बेहतर शिक्षा का होना आवश्यक है साथ ही भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमारे बच्चों को उनके रुचि के अनुसार शिक्षा ग्रहण के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। जिससे प्रतियोगिता रूपी परीक्षाओं में बच्चों को सहजता का आभास हो। इस मौके पर चीफ कोऑर्डिनेटर अमीर अहमद जैदी, रिजवान मुक़तदर, इं0 सैयद मोहम्मद मेहंदी, इंजीनियर आयात रिजवी, जमीर हसन रिजवी, बेताब हल्लौरी, जलाल अहमद, एडवोकेट माहताब हैदर, तशबीब हसन, मसूद हसन, नफ़ासत रिज़वी, हसन जमाल, काजिम रज़ा सहित तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

सर्राफा व्यापार मण्डल बांसी अजय वर्मा के नेतृत्व में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। नगर में बिजली विभाग द्वारा जांच के नाम उपभोक्ताओं के घर में घुस कर दुर्व्यवहार करने के मामले को लेकर एसडीओ जेई सहित गैर जिम्मेदार अधिकारियों के ऊपर अविलंब कारवाई करने को लेकर सर्राफा व्यापार मण्डल बांसी अजय वर्मा के नेतृत्व में 5 दर्जन व्यापारियों व पदाधिकारियों के साथ एसडीएम बांसी को ज्ञापन सौंपकर कारवाई की मांग की साथ ही कारवाई न होने पर अजय वर्मा ने कहा बिजली विभाग के अधिकारियों की तानाशाही नहीं बर्दास्त करेगें जांच के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है बांसी नगर में इनका आतंक चरम पर पहुंच गया है शासन प्रशासन मौन बनकर देख रहा है जो कि दुखद है। व्यापारियों की स्थिती बहुत खराब हो चुकी है हर तरफ से सिर्फ व्यापरी ही मारा जा रहा है, बिजली विभाग के अधिकारी गुंडई पर उतर आए हैं समय रहते चेत जाएं वर्ना बिजली विभाग की ईंट से ईंट बजा देंगे।अब हम चुप नहीं बैठेंगे भीषण चरणबद्ध आन्दोलन करेंगे। लड़ाई आर पार की आवश्यकता पड़ी तो बांसी बन्द भी कराएंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान सभासद श्यामनगर रवि अग्रहरि,सभासद प्रतिनिधि प्रताप नगर बजरंगी वर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीराम वर्मा ने अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर बृजेश वर्मा, मुन्ना वर्मा, रमेश वर्मा, दिनेश वर्मा, दुर्गेश वर्मा, पप्पू वर्मा, मनीष वर्मा, अंगद वर्मा, मनोज वर्मा, आशीष वर्मा, अखण्ड प्रताप अंशू वर्मा, शरीफ खान, संजय सोनी, राजू खान, रत्नेश वर्मा, प्रहलाद वर्मा, शनि वर्मा, दीपक वर्मा, रवि वर्मा, अभिषेक वर्मा सहित आदि भारी संख्या में नगर के व्यापारीगण उपस्थित रहे।

कोटिया के 10 परिवारों ने किया विधायक से बिजली दिलाने की मांग

बढ़नी सिद्धार्थनगर। स्थानीय ब्लाक के कोटिया बाजार में एसएसबी कैंप के नजदीक रह रहे लगभग 10 परिवारों को अभी तक बिजली देखने को नहीं मिला है। गत दिनों आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक विनय वर्मा से मांग किया। विधायक के प्रयास पर कोटिया में विद्युतीकरण कार्य का एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है और शीघ्र ही विद्युतीकरण कार्य शुरू किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बढ़नी ब्लाक के कोटिया बाजार से एसएसबी कैंप तक जाने वाले मार्ग के किनारे लगभग आठ वर्ष से रह रहे लगभग 10 परिवारों को अभी तक बिजली नसीब नहीं हुआ। गत 13 अगस्त को कोटिया बाजार में विधायक विनय वर्मा का चौपाल आयोजित हुआ था। जिसमें ग्रामीणों ने इस समस्या को प्रमुखता से उनके समक्ष उठाया। जिसके बाद विधायक ने पूर्वांचल विद्युत वितरण खंड के एमडी से इस बाबत बात किया और उनके निर्देश पर विभाग सक्रिय हुआ।

राष्ट्रपति 13 को करेंगी आयुष्मान भव कार्यक्रम का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

- डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में सीएमओ ने दी जानकारी

सिद्धार्थनगर। आयुष्मान भव अभियान के संबध में सोमवार को जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभगार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा वीके अग्रवाल ने जानकारी देते हुए ने बताया कि आयुष्मान भव कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रपति महोदया द्वारा आगामी 13 सितम्बर को किया जायेगा। 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलाया जायेगा। जिसके अन्तर्गत आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा तथा आयुष्मान ग्राम पंचायत/आयुष्मान नगरीय वार्ड के कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

सीएमओ ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। आयुष्मान मेला का आयोजन 17 सितम्बर से समस्त सीएचसी एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस केन्द्रो पर आयोजित किया जायेगा।

समस्त उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं शहरी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर साप्ताहिक मेले का आयोजन प्रत्येक रविवार को किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओ और सेवाओ के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक ग्राम/वार्ड स्तर पर बीएचएसएससी/ नगरीय स्थानीय निकास के नेतृत्व में 2 अक्टूबर को आयुष्मान सभा का आयोजन किया जायेगा। आयुष्मान ग्राम पंचायत से उन ग्राम पंचायतो को सम्मानित किया जायेगा जिन्होने आयुष्मान भव के अन्तर्गत शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करेगे। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने संबधित को निर्देश देते हुए कहा कि सीएचसी/पीएचसी/उपकेन्द्रो की साफ-सफाई कराना सुनिश्चत करे तथा समस्त सीएचसी/पीएचसी पर वृहद रूप से कार्यक्रम आयोजित कराये। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिलाधिकारी ने कन्ट्रोल रूम स्थापित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही प्रतिदिन कैम्प कार्यालय पर उक्त कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा बैठक कराने हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने 13 सितम्बर को राष्ट्रपति महोदया द्वारा शुभारम्भ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण समस्त सीएचसी/पीएचसी/उपकेन्द्र पर कराने तथा जनपद स्तर पर लोहिया कलाभवन में आयोजित कराने हेतु निर्देश दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मेडिकल कालेज डा एके झा, डीसी मनरेगा रविशंकर पाण्डेय, डीपीआरओ पवन कुमार, बीएसए देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एमओआईसी तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

आयोजित चौपाल में विधायक ने अधिकारियों से समस्याओं के निराकरण का दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। बढ़नी ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेड़वरिया के बगही टोले में विधायक विनय वर्मा की उपस्थिति में आयोजित चौपाल में प्रधानमंत्री आवास, वृद्धा, विधवा व दिव्यांग पेंशन, मार्ग मरम्मत की समस्याएं अधिक आई जिसका क्षेत्रीय विधायक ने अधिकारियों से शीघ्र निराकरण करने का निर्देश दिया।

इस दौरान ग्राम प्रधान मो. मुस्तफा, दिलीप शुक्ल, कौशल यादव, संदीप शुक्ल ने विधायक से तुलसियापुर से बगही तक सात किमी जर्जर सड़क के मरम्मत की मांग किया। गांव की कमलावती, प्रेमा ने वृद्धा पेंशन न बनने की शिकायत की। बेनीनगर से महादेव बुजुर्ग मार्ग से निर्माण की मांग भी ग्रामीणों ने विधायक से किया। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि गांवों में बहुत से ऐसे लोग हैं जो ब्लाक, तहसील व जिला मुख्यालय पर अपनी समस्याओं के लिए नहीं जा सकते थे। इसीलिए सरकार ने हर गांव में चौपाल लगाने का फैसला किया। अब गांवों में ही समस्या का समाधान करने का प्रयास अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डा.अब्दुल कलाम ने कहा कि बिना गांवों का विकास किए देश का विकास नहीं हो सकता , सभी को अपने-अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल भेजना चाहिए।सभी के आय के स्रोत को बनाने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान विधायक ने पौधारोपण भी किया। इस दौरान निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीराम निषाद अपना दल एस के विधानसभा अध्यक्ष रामदास मौर्य, प्रदीप कमलापुरी, अजय वरुण, अशोक पासवान, आनन्द सिंह, रिजवान, विष्णु सिंह आदि मौजूद थे।

पुलिस अधीक्षक ने चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा दिया बच्चों को शिक्षण सामग्री

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर तथा प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गोद लिए गए 26 बच्चों को स्टेशनरी, बैग एव शैक्षणिक शुल्क की रसीद के साथ बस किराया रसीद को पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर अजीत कुमार सिन्हा एवं समाजसेवी शरद यादव द्वारा वितरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक सभागार में समाज के पिछले पायदान पर खड़े परिवार के बच्चों को शिक्षा की ज्योति जागने के लिए किये जा रहे शैक्षिक समाग्री वितरण के दौरान पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा ने बच्चों के शैक्षिक उन्नयन को भी परखा। बताते चलें कि जिला मुख्यालय के शहजादपुर में सड़क के किनारे पत्थर काटकर एव बांस की डलिया बनाकर जीवन व्यतीत करने वाले परिवारों के बच्चों को अच्छी शैक्षणिक तालीम दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर एवं प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 3 वर्ष पूर्व से बीड़ा उठाया गया है। उसी संकल्प के साथ 26 बच्चों को सोमवार को स्टेशनरी, स्कूल बैग तथा एक वर्ष का बस एवं शैक्षणिक शुल्क की रसीद पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर अजीत कुमार सिन्हा एवं समाजसेवी शरद यादव ने वितरित किया गया। स्टेशनरी वितरण के दौरान पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा ने बच्चों के शैक्षणिक विकास तथा शैक्षिक माहौल पर चर्चा करते हुए अभिभावकों से बच्चों के स्कूल भेजने की अपील की। जिले के युवा समाजसेवी शरद यादव द्वारा समाज के पिछले पायदान पर खड़े छात्रों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराए जाने को लेकर समाज सेवा का एक अलग ही क्रांतिकारी सोच युवाओं में उत्पन्न हो रही है।जिससे जिले में युवाओं की सोच बदली है। और लोग ऐसे परिवारों के बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ने का प्रयत्न कर रहे हैं।

समाजवादी साइकिल यात्रा पहुंची पट्टी चैराहे पर

जलालपुर अंबेडकरनगर। प्रयागराज से शुरू हुई समाजवादी पार्टी के साइकिल यात्रा देश बनाओ देश बचाओ पट्टी चौराहे पर पहुंची जहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के निर्देश पर यह यात्रा शुरू की गई है जिसका उद्देश्य है की 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता के बल पर भाजपा को हराना है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई भ्रष्टाचार से जनता काफी परेशान है समाज का हर बार सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण दुखी है उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में सर्वाधिक सीट जीतकर केंद्र में नई सरकार बनवाने में अहम भूमिका निभायेगी साइकिल यात्रा के माध्यम से पूरे जनपद में कार्यकर्ताओं को सचेत करना तथा उसमें जोश भरना इस यात्रा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

दो व्यक्तियों के विवाद को संभ्रांत लोगों द्वारा कराए गये थे सुलह ग्राम प्रधान पर ही दो व्यक्तियो ने किया हमला

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। मोहाना थाना क्षेत्र के ग्राम पननी मे ग्राम प्रधान द्वारा अपने ही गांव के दो लोगों का मामला सुलह कराने के दौरान पननी ग्राम प्रधान फूल चन्द पर ही एक पक्ष ने हमला कर दिया। बचाव करने गये अन्य एक लोगों को भी चोट लगी। सूचना पर मोहाना पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षो को थाने ले गयी।

घटना दोपहर दो बजे की बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार लोटन मोहाना सड़क पर दीपू पुत्र मकसूदन की खाद की दुकान है।उसी के पश्चिम तरफ राजेन्द्र पुत्र रामदास की दुकान है ।बीच मे परदे की दीवाल घेरने को लेकर रविवार शाम को शिकरी बाजार मे कहा सुनी हो गयी थी। जिसको लेकर ग्राम प्रधान फूलचन्द के घर जा कर घटना के बारे मे बताया ।जानकारी होने पर दोनों लोगों को विवाद खत्म करने के लिए सोमवार को बुलाया। जिसमे दीपू ने उल्टी सीधी बात करने लगा।प्रधान की बात पर गौर न कर प्रधान से उल्झ गया और अपने बिपक्षी राजेंद्र को छोड़ प्रधान पर ही हमला कर दिया।जिससें प्रधान घायल हो गये। विवाद खत्म करने के चक्कर मे कुछ लोगों को और चोट लग गयी । घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी कर दोनो पक्षो को थाने ले गयी। ग्राम प्रधान ने कहा की दो व्यक्तियों का विवाद था कुछ संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा सुलह करा दिया गया था उसी बात को लेकर सोमवार को हमे जाती सुचक शब्दों का प्रयोग कर गाली देने लगा और मारने पीटने लगे जो हमें काफी चोटे आई है इसी तरह होता रहेगा तो किसी व्यक्ति को कैसे समझाये जा सकते है। इस सम्बंध मे एसओ मोहाना जीवन त्रिपाठी का कहना है कि घटना की जानकारी है। तहरीर मिली है मुकदमा लिखकर कार्यावाही की जा रही है।

आत्मा योजनान्तर्गत राज्य के बाहर प्रशिक्षण भ्रमण के लिए भेजे गये कृषक

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा सोमवार को नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी के सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर (आत्मा) योजनान्तर्गत राज्य के बाहर प्रशिक्षण हेतु एवं राज्य के बाहर भ्रमण हेतु कृषको को ले जा रही बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। राज्य के बाहर प्रशिक्षण हेतु बिहार पशुविज्ञान विश्वविद्यालय पटना, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (पूर्वी क्षेत्र) पटना, केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान पटना मे कृषको का प्रशिक्षण दिया जायेगा। राज्य के बाहर भ्रमण हेतु गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंत नगर उत्तराखण्ड में भ्रमण कराया जायेगा। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक अरविन्द, जिला कृषि अधिकारी मु. मुज़म्मिल एवं परियोजना निदेशक उपस्थित रहे।

नंद सिंह बाबा की बरसी पर गुरुद्वारे पर भजन कीर्तन

बस्ती अवधनामा संवाददाता। छावनी क्षेत्र के ऐतिहासिक गुरुद्वारे गुरू तेग बहादुर कालोनी ग्राम रेड़वल में रविवार शाम को नंद सिंह बाबा जी की 73 वीं बरसी मनाई गई। गुरुद्वारे में चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति रविवार को हुई। गुरुद्वारे में लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने लंगर छका गुरुद्वारे के व्यवस्थापक जत्थेद्वार मोहन सिंह बाबा ने नंद सिंह बाबा जी के जीवन मूल्यों के बारे में विस्तार से संगतों को बताया कीर्तनी जत्था हर भजन सिंह ,हर करन सिंह एवं भगत सिंह ने आपे गुर चेला भजन सुना कर सारी संगत का मन जीत लिया। दरबार में बोले सोनेहाल सत् श्री अकाल के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा सुख शांति व आपसी भाईचारे की अरदास की गयी इस मौके पर प्रदीप सिंह, मनोज, राम सिंह सहित भारी सख्या में महिलाये बच्चे आदि मौजूद रहे।

कृष्ण जन्माष्टमी पर सजी मूर्तियों का भव्य स्वागत

जलालपुर, अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। दो दिनों तक श्री कृष्ण जन्माष्टमी के जबरदस्त उल्लास के बाद पंडालों में सजी मूर्तियों को भव्य शोभायात्रा निकाल कर विदाई दी गई।नगर के विभिन्न स्थानों पर पंडालों में सजाई गई मूर्तियों का शनिवार रात तमसा नदी में विसर्जन कर दिया गया। देर शाम डीजे और गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते निकली श्रद्धालुओं की टोली नगर भ्रमण के दौरान मालीपुर त्रिमुहानी, यादव चौराहा, जमालपुर चौराहा, उर्दू बाजार समेत विभिन्न स्थानों से होकर गुजरी।सड़कों पर खासी तादाद में श्रद्धालुओ ने जगह जगह आरती उतार स्वागत किया। इससे पूर्व पोस्ट ऑफिस, जमालपुर चौराहा, चक्र सुदर्शन मंदिर, संगत मंदिर पर पंडालों में सजी मूर्तियों का विधि विधान से पूजन अर्चन कर विदाई दी गई। विभिन्न स्थानों पर स्वागत के अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्र,कृष्ण गोपाल गुप्ता,देवेश मिश्र,आशीष सोनी,विकास निषाद,आनंद जायसवाल,अमित मद्धेशिया आदि मौजूद रहे। कोतवाल संत कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा को लेकर शोभायात्रा के संग भ्रमण कर व्यवस्था को चाक चौबंद रखा। विभिन्न स्थानों पर शीतल पेय हिंद कंपनी डिस्ट्रीब्यूटर राधेश्याम गुप्ता के नेतृत्व में अजीत निषाद, अनुज सोनकर एवं मनोज पांडेय ने युवाओं संग प्रसाद वितरण में व्यवस्था की कमान संभाली।

बन्द रेलवे क्रॉसिंग को पैदल पार कर रहा युवक आया ट्रेन की चपेट में

जलालपुर अंबेडकरनगर। बंद रेलवे क्रासिंग को पैदल पार कर रहा अधेड़ ट्रेन की चपेट में आ गया। तेज रफ्तार ट्रेन से टकराने के बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षत बिक्षत शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना मालीपुर अकबरपुर मुख्य मार्ग स्थित सैरपुर उमरन रेलवे क्रासिंग पर रविवार दोपहर को घटित हुई। सुल्तानपुर जनपद के अखंडनगर थाना के ग्राम पंचायत बरामदपुर के मजरे निसिध्दि पट्टी निवासी सुरेश कुमार अपने परिचित के साथ बाइक से अकबरपुर की तरफ जा रहा था। जब वे दोनो सैरपुर उमरन गांव स्थित रेलवे क्रासिंग पर पहुंचे तो ट्रेन गुजरने के लिए रेलवे क्रासिंग बंद थी। चालक पैदल बाइक लेकर इधर उधर से क्रास करने लगा और सुरेश कुमार जिसे कम सुनाई दे रहा था वह पटरी के नजदीक खड़ा होकर देखने लगा।इसी दौरान मऊ से आनंद विहार जा रही ट्रेन मालीपुर की तरफ से आ गई और अधेड़ उसकी चपेट में आ गया।

ओएमआर शीट पर बच्चों ने दिया अपनी प्रतिभा का टेस्ट

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत् कक्षा 1-3 के बच्चों का निपुण एसेसमेन्ट टेस्ट आज दिनांक 11.09.2023 को समस्त विद्यालयों में सकुशल सम्पन्न हुआ। राज्य परियोजना कार्यालय, उप्र लखनऊ के निर्देश के क्रम में सभी विद्यालयों में कक्षावार प्रश्न-पत्र एवं ओएमआर शीट उपलब्ध गयी थी।

उक्त परीक्षा की तैयारी के लिए विभाग द्वारा पूर्व में ही दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये थे। प्रत्येक विद्यालय के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी स्तर से अगल-बगल के विद्यालयों से एक-एक पर्यवेक्षक की भी ड्यूटी लगाई थी, जिनके देख-रेख में विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक, शिक्षामित्रों ने मिलकर कक्षा 1-3 के बच्चों का निपुण एसेसमेन्ट टेस्ट पूरा कराया। जिलाधिकारी महोदय, अम्बेडकरनगर के निर्देश पर जनपद स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय सचल दस्ते का भी गठन किया गया था। सचल दस्ते में नामित अधिकारियों द्वारा आवंटित न्याय पंचायत केन्द्रों के विद्यालयों का निरीक्षण भी किया गया। जनपद में कक्षा 1 में कुल नामांकित 26013 बच्चों के सापेक्ष 24058, कक्षा 2 में नामांकित 25734 बच्चों के सापेक्ष 23672 तथा कक्षा 3 में नामांकित 26941 बच्चों के सापेक्ष 24112 बच्चों ने इस प्रकार कुल 91.29 प्रतिशत बच्चों ने नैट परीक्षा में प्रतिभाग किया। बच्चों की ओ0एम0आर0 शीट को स्कैन करने के लिए अध्यापकों को पूर्व में ही प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। अध्यापकों द्वारा सरल ऐप के माध्यम से बच्चों की ओ0एम0आर0 शीट स्कैन करके अपलोड कर दिया गया। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए एस0एम0सी0 के सदस्यों एवं अभिभावकों को पूर्व में ही सूचित करते हुए उक्त परीक्षा में प्रतिभागिता हेतु निर्देशित किया गया था।

अधिकारी संवेदनशील होकर समस्याओं का निस्तारण करें

बस्ती अवधनामा संवाददाता। मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक में सुनवाई के बाद गनेशपुर के पटवा आर्गेनिक फूड इंडस्ट्री की विद्युत समस्या का समाधान हो गया है। इसी प्रकार टीबी अस्पताल के पास सड़क का निर्माण हो गया। आज संपन्न हुई बैठक में मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने अधिकारियों को संवेदनशील होकर उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने इंडस्ट्रियल एरिया के पास की सड़क एक सप्ताह में पूरा करने के लिए अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड को निर्देशित किया है। उन्होंने संयुक्त निदेशक उद्योग को निर्देशित किया है कि बैठक में उठाए गए मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी को अवश्य बुलाए। उल्लेखनीय है कि संत कबीर नगर इंडस्ट्रियल एरिया के विद्युत ट्रिपिंग की समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है और बैठक में अधीक्षण अभियंता भी उपस्थित नहीं रहे। बैठक में उद्यमियों द्वारा बस्ती कांटे मार्ग की जर्जर स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 में पर्यटन संबंधी श्यामवाटिका होटल एण्ड रिसार्ट बनाने के लिए एमओयू साईन किया गया है परन्तु चयनित स्थल पर 11 किलोवाट की हाईटेंशन बिजली के दो तार जा रहे है।

जी-20 में अफ्रीकी संघ

राजधानी दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत ने कुछ अभूतपूर्व, वैश्विक और कूटनीतिक सफलताएं हासिल की हैं। सम्मेलन की शुरुआत के बाद 10 मिनट में ही प्रधानमंत्री मोदी ने 'अफ्रीकी संघ' को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करा लिया। यही नहीं, संघ के अध्यक्ष अजाली असौमानी को अपना स्थान ग्रहण करने को आमंत्रित भी किया। वह आए और प्रधानमंत्री मोदी से गले मिले और फिर स्थान ग्रहण किया। यकीनन यह ऐसा क्रांतिकारी निर्णय था कि एक साथ 55 अफ्रीकी देश झूम उठे होंगे, क्योंकि हाशिए से उठकर वैश्विक मुख्यधारा का हिस्सा बनने का उन्हें अवसर मिला है। अब तीसरी दुनिया अथवा ग्लोबल साउथ का एक हिस्सा विश्व की विकसित तथा सबसे तेज अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों से जुड़ेगा। ज्यादातर अफ्रीकी देश गरीब, पिछड़े, बीमार, कुपोषित और भुखमरी के शिकार रहे हैं। कुछ देश आर्थिक विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने लगे थे, लेकिन कोरोना महामारी ने बहुत कुछ ध्वस्त कर दिया। चीन ने इन देशों की दुरावस्था का नाजायज फायदा उठाया है। हालांकि उसका निवेश 300 अरब डॉलर से अधिक का है। वह 9 अफ्रीकी देशों के अंतरिक्ष कार्यक्रम में भी मदद कर रहा है। करीब 10 हजार कंपनियां अलग-अलग अफ्रीकी देशों में कार्यरत हैं, लेकिन अफ्रीकी देश महसूस करते हैं कि वे चीन के कर्ज तले दबे हैं, लिहाजा उससे मुक्ति चाहते हैं। भारत उनके लिए 'देवदूत' साबित हो सकता है। वैसे भी भारत अफ्रीकी देशों में 197 परियोजनाएं सम्पन्न कर चुका है। अब भी भारत की 182 से अधिक परियोजनाएं जारी हैं। अफ्रीकी देशों के 25,000 से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ते हैं।

हमने 12 अरब डॉलर का कर्ज बेहद कम ब्याज दरों पर अफ्रीकी देशों को मुहैया कराया है। भारत ने कोरोना महामारी के टीके, जेनेरिक दवाइयां, खाद्य सामग्री आदि भी उपलब्ध कराई हैं और हम अफ्रीकी आबादी को कंप्यूटर और उससे जुड़े प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। भारत कृषि, स्वास्थ्य, फॉर्मेसी, कपड़ा, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और ढांचागत विकास कार्यों आदि में काम कर रहा है। भारत अफ्रीकी देशों में सबसे बड़े निवेशकों में एक देश है। अब 'अफ्रीकी संघ' के जी-20 के स्थायी सदस्य बनने के बाद उन्हें अधिक आसान ऋण, निवेश और विकास बैंकों की मदद भी मिल सकेगी। यही जी-20 के 'एक पृथ्वी, एक परिवार' के सूत्रवाक्य को चरितार्थ कर रहा है। इसका व्यापक असर यह होगा कि चीन को अपनी 'अफ्रीकी नीति' बदलनी पड़ेगी। यकीनन यह भारत की 'असाधारण उपलब्धि' है, क्योंकि हमने अपने संबंधों के बूते सर्वसम्मति तैयार की थी। दूसरी विराट उपलब्धि यह है कि भारत, अमरीका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, इटली, यानी यूरोप के बीच समुद्री जहाज और रेलगाड़ी का 'आर्थिक समृद्धि कॉरिडोर' बनाने पर भी सहमति बनी है। यह अभूतपूर्व और बेमिसाल गलियारा होगा और इसके देशों के बीच कारोबार, आवाजाही, परिवहन आदि को ऐसे पंख लगेंगे, जिनकी कल्पना ही की जा सकती है। चीन-पाकिस्तान वाला गलियारा तो नाकाम हो चुका। वैसे भारत रूस और ईरान वाले कॉरिडोर का भी हिस्सा है, लेकिन प्रस्तावित गलियारा उससे अलग और बड़ा विस्तृत होगा। तीसरी उपलब्धि यह रही कि भारत 37 पन्नों के 'नई दिल्ली घोषणा-पत्र' पर 100 फीसदी सहमतियां बनाने में कामयाब रहा। अटकलें लगाई जा रही थीं कि घोषणा-पत्र जारी होने में मुश्किलें आएंगी, लेकिन भारत ने युद्ध और यूक्रेन का जिक्र भी किया। यूक्रेन का उल्लेख 4 बार किया गया है, लेकिन रूस का नाम नहीं लिया गया। भारत को यह समझौता जरूर करना पड़ा। कहा गया कि युद्ध के असर बड़े व्यापक होते हैं, लिहाजा यह युद्ध का युग नहीं है। परमाणु हथियारों की धमकी या उनका इस्तेमाल भी अस्वीकार्य है। किसी भी देश की संप्रभुता, अखंडता पर बल-प्रयोग न किया जाए।

भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में सामूहिक इच्छाशक्ति का महत्व

पी डेनियल

भ्रष्टाचार मुक्त समाज निर्माण की दिशा में एक अभियान के भाग के रूप में, भारत सरकार द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी संरचना को मजबूत करने के लिए विभिन्न पहलें की गई हैं। देश की सत्यनिष्ठा के प्रति एक सर्वोच्च संस्था के रूप में, केंद्रीय सतर्कता आयोग इन अधिकांश पहलों में सबसे आगे रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, भ्रष्टाचार की गतिविधियों को दंडित करने और चिह्नित करने के साथ-साथ निवारक उपायों को संस्थागत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जैसे शासन को आधुनिक बनाना, आईटी का लाभ उठाना, प्रक्रियाओं को फिर से तैयार करना, नियंत्रण और संतुलन को व्यवस्थित करना आदि। हालांकि, भ्रष्टाचार के प्रति कोई सहनशीलता नहीं (जीरो टोलेरेंस) के संदेश को आंतरिक बनाने और लागू करने में, नागरिक भागीदारी और सामूहिक इच्छाशक्ति इनसे जुड़ी पहलों के मूल में होना चाहिए। केंद्रीय सतर्कता आयोग, भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई में, सभी हितधारकों को एक साथ लाने और लोक प्रशासन में पारदर्शिता और निष्ठा लाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए सहभागी सतर्कता की व्यवस्था का उपयोग करता है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह, जो इस दिशा में बड़े पैमाने पर होने वाला वार्षिक आउटरीच कार्यक्रम है, इस वर्ष 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मनाया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, सतर्कता जागरूकता सप्ताह को सरकारी के साथ-साथ गैर-सरकारी हितधारकों से उत्साहपूर्ण भागीदारी और समर्थन प्राप्त हुआ है। संगठनों को सेमिनार, जागरूकता ग्राम सभा और जीवन के सभी क्षेत्रों में निष्ठा के महत्व को प्रसारित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आदि आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अब तक 16 मिलियन से अधिक नागरिकों और 2,50,000 से अधिक संगठनों द्वारा ई-निष्ठा संकल्प लिए गया है।

ये कार्यक्रम, भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुच्छेद 13 की भावना का भी पालन करते हैं, जिसके अनुसार, .समाज की भागीदारी होनी चाहिए और सार्वजनिक क्षेत्र के बाहर व्यक्तियों और समूहों जैसे नागरिक समाज, गैर-सरकारी संगठनों और समुदाय-आधारित संगठनों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, ताकि भ्रष्टाचार के निवारण और इसके खिलाफ लड़ाई में, भ्रष्टाचार के अस्तित्व, कारणों और इसकी गंभीरता व इसके खतरे के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ायी जा सके। सतर्कता जागरूकता सप्ताह की पूर्व तैयारी के तहत तीन महीने का एक अभियान शुरू किया गया है, जिसमें छह निवारक सतर्कता उपाय शामिल किये गए हैं। इन उपायों को संगठनों के काम करने के प्रमुख क्षेत्रों के रूप में चुना गया है। इनमें शामिल हैं - व्यक्तियों (व्हिसिलब्लोअर) की शिकायतों पर जागरूकता निर्माण, क्षमता निर्माण कार्यक्रम, प्रणालीगत सुधार उपाय, शिकायत निपटान के लिए आईटी का लाभ उठाना, परिपत्रों, दिशानिर्देशों व नियमावली को अद्यतन करना और लंबित शिकायतों का निपटान करना।

ये निवारक पहलें प्रक्रियाओं में सुधार और प्रणालीगत परिवर्तन लाने पर जोर देने के लिए शुरू की गई हैं। इनका लक्ष्य शासन में संपूर्ण बदलाव लाना है, जिससे सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। 2022 में, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के सहयोग से, केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा एक राष्ट्रव्यापी निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में देश भर के दस हजार से अधिक स्कूलों के लगभग 7.6 लाख छात्रों ने भाग लिया था। आयोग का शिकायत प्रबंधन पोर्टल, जिसका उद्घाटन पिछले साल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने का एक और प्रयास है। इस पोर्टल के माध्यम से कोई भी नागरिक, जिसने केंद्र सरकार के किसी भी अधिकारी को गलत काम करते देखा है, सीधे आयोग में शिकायत दर्ज कर सकता है। यदि नागरिक, किसी भी कारण से अपनी पहचान का खुलासा नहीं करना चाहता है, तो वे सीधे आयोग के पास एक जागरूक व्यक्ति (व्हिसलब्लोअर) शिकायत दर्ज कर सकता है। इस उपाय के माध्यम से शीर्ष निकाय को जनता के लिए सुलभ बनाया गया है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

सरकार ने इस परिप्रेक्ष्य को जी-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह की गतिविधियों में शामिल किया, जिसने अपने विचार-विमर्श और अपने परिणाम दस्तावेज़ दोनों में डीआरआर के लिए सामाजिक रूप से समावेशी, स्थानीय रूप से नेतृत्व वाले और जेंडर-उत्तरदायी दृष्टिकोण को रेखांकित किया। गोलमेज चर्चाओं के माध्यम से, कार्य समूह ने यह सुनिश्चित किया कि आपदा जोखिम प्रबंधन में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए रणनीतियों की योजना बनाते समय विविध दृष्टिकोणों को व्यतक्तस किया जाए और जी-20 सदस्य देशों द्वारा उन्हें सुना जाए।

आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर जी-20 समूह समावेशी कदम

कमल किशोर और सुसान फर्ग्यूसन

विश्वय भर में व्यारपक स्तनर पर जीवन, आजीविका और अवसंरचना पर सुनामी और भूकंप जैसे भू-भौतिकीय जोखिमों और लगातार बढ़ते तीव्र चरम जलवायु और मौसम की आपदाओं का खतरा बना हुआ है। एक दूसरे से जुड़ी दुनिया में, कोई भी देश और कोई अर्थव्यवस्था इससे अछूती नहीं है। इन बढ़ते खतरों को आपदाओं में बदलने से रोकने के लिए त्विरित समाधान और अभूतपूर्व वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है।

भारत ने अपनी जी-20 अध्यक्षता के तहत आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर जी-20 कार्य समूह की स्थापना करके आपदा जोखिम प्रबंधन के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस समूह ने आपदा और जलवायु जोखिमों के लिए वैश्विक अनुकूलता का निर्माण करने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए विश्वु की बीस सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को एकजुट किया है। वर्ष 2023 इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपदा जोखिम न्यूनीकरण 2015-2030 के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क के मध्य बिंदु को चिह्नित करता है। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आपदा जोखिम में कमी के महत्व को मान्यता देने के लिए 187 देशों द्वारा 2015 में फ्रेमवर्क को अपनाया गया था। वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा जोखिम में कमी के लिए दस-सूत्री एजेंडे को रेखांकित किया। दस सूत्री एजेंडे में आपदा जोखिम प्रबंधन में महिलाओं के नेतृत्व पर जोर दिया जा रहा है। वर्ष 2019 में, भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना को संशोधित किया ताकि कई जेंडर-उत्तरदायी उपायों को शामिल किया जा सके। इनमें आपदा के बाद पुनर्निर्माण कार्यक्रमों के तहत निर्मित घरों को परिवारों के पुरुष और महिला दोनों प्रमुखों के नाम पर संयुक्त रूप से पंजीकृत करना - और यह देखते हुए कि आपदा के बाद पुनर्निर्माण को इस तरह से नए सिरे से निर्माण का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए, जो महिलाओं और लड़कियों के लिए समावेशी हो और महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका निभाने के अवसर प्रदान करता हो, शामिल है। इसके अतिरिक्तक, एनडीएमए अपनी आपदा मित्र स्कीमम के माध्यऔम से, देश भर में एक लाख नागरिक स्वयंसेवक आपदा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और संगठित करने के लिए काम कर रहा है, जिनमें से कम से कम 25 प्रतिशत महिलाएं हैं - और कुछ राज्यों में इन स्वयंसेवकों में से 50 प्रतिशत तक महिलाएं हैं।

सरकार ने इस परिप्रेक्ष्य को जी-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्य समूह की गतिविधियों में शामिल किया, जिसने अपने विचार-विमर्श और अपने परिणाम दस्तावेज़ दोनों में डीआरआर के लिए सामाजिक रूप से समावेशी, स्थानीय रूप से नेतृत्व वाले और जेंडर-उत्तरदायी दृष्टिकोण को रेखांकित किया। गोलमेज चर्चाओं के माध्यम से, कार्य समूह ने यह सुनिश्चित किया कि आपदा जोखिम प्रबंधन में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए

रणनीतियों की योजना बनाते समय विविध दृष्टिकोणों को व्यतक्तस किया जाए और जी-20 सदस्य देशों द्वारा उन्हेंद सुना जाए।

आपदा जोखिम न्यूनीकरण और अनुकूलता में महिलाओं की भूमिका : आपदा जोखिम में कमी लाने के लिए महिलाओं की भागीदारी और लैंगिक जवाबदेही पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है क्योंकि जलवायु और आपदा जोखिमों के प्रति स्थानीय अनुकूलता को सुदृढ़ बनाने में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और फिर भी वे इन जोखिमों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील हैं।

उदाहरण के लिए विचार करें कि कैसे भारत के कई तटीय समुदायों, जैसे कि सुंदरबन क्षेत्र, में महिलाओं ने मैनग्रोव की बहाली और निरंतर प्रबंधन का नेतृत्व किया है और इस प्रकार कई अतिव्यापी जोखिमों को दूर किया है। सबसे पहले, मैनग्रोव तटीय क्षेत्रों में चक्रवात, तूफ़ान और बाढ़ से प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। दूसरा, मैनग्रोव महत्वपूर्ण कार्बन सिंक के रूप में कार्य करते हैं और इस प्रकार जलवायु परिवर्तन शमन में योगदान करते हैं। तीसरा, मैनग्रोव स्थानीय मछली इको सिस्टेम को बनाए रखते हैं और इस प्रकार स्थानीय समुदायों को आर्थिक आजीविका और खाद्य सुरक्षा प्रदान करते हैं। विश्वि भर में, विशेष रूप से विकासशील देशों (ग्लोबल साउथ) में महिलाओं द्वारा की गई ऐसी अनगिनत पहलें दर्शाती हैं कि कैसे महिलाओं को अक्सर इन जोखिमों के प्रभावी प्रबंधन को व्यवस्थित करने की क्षमता के साथ-साथ आपदा जोखिम के वाहकों के बीच संबंधों की सूक्ष्म समझ होती है।

फिर भी यह उन सामाजिक मानदंडों के कारण भी है जो अक्सर हमारी लैंगिक भूमिकाओं को प्रभावित करते हैं और अक्सर महिलाओं को आपदा और जलवायु जोखिमों के बीच में रखते हैं। उदाहरण के लिए, सूखे की बढ़ती अवधि और आवृत्ति के कारण पानी की कमी से महिलाओं पर देखभाल का बोझ बढ़ जाता है और जिससे उन्हें पानी लाने के लिए उन्हेंल दूर जाने के लिए विवश होना पड़ता है। उनकी आजीविका गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इसके अतिरिक्त, महिलाओं को जोखिम बीमा या आपदा के बाद मुआवजा योजनाओं के अंतर्गत अपर्याप्त कवरेज मिलता है क्योंकि उनके पास आमतौर पर भूमि और अन्य उत्पादक संपत्तियों का स्वामित्व नहीं होता। आपदाओं के बाद महिलाओं को जेंडर आधारित हिंसा के उच्च जोखिम का भी सामना करना पड़ता है। इस प्रकार आपदा जोखिम न्यूनीकरण के संदर्भ में महिलाएं मूल्यवान लेकिन निर्बल हितधारक हैं। महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर जी-20 की भारतीय अध्यक्षता के फोकस ने अधिक देशों को पर्याप्त संसाधन - वित्त, प्रौद्योगिकी, ज्ञान और संस्थागत क्षमता जुटाने के लिए प्रोत्साहित करके समावेशी आपदा जोखिम कटौती पर वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने में मदद की है। इन संसाधनों का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए पहला त्वेरित कदम आपदा पूर्व और बाद की दोनों स्थितियों में जेंडर, आयु और विकलांगता के अलग-अलग डेटा संग्रह और जेंडर-उत्तरदायी सामाजिक-आर्थिक आकलन की क्षमता में निवेश करना है। इसके अतिरिक्त-, स्थानीय स्तर पर इन प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित करने से न केवल प्रचलित सामाजिक मानदंडों के अनुसार डेटा एकत्र करने में मदद मिलेगी, बल्कि स्थानीय जोखिम और अनुकूलता की प्रकृति के बारे में अधिक व्यापक जानकारी भी मिलेगी। इसके बाद, जमीनी स्तर पर महिलाओं और महिला समूहों द्वारा की जा रही युक्तियों में निवेश में तेजी लाकर और स्थानीय, राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय स्तर पर निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी के लिए संस्थागत तंत्र स्थापित करके इस डेटा का निर्माण करना महत्वपूर्ण है। ये कार्रवाइयां स्थानीय सतत विकास प्रक्रियाओं को बदलने, आपदा जोखिमों के लिए दीर्घकालिक सामूहिक अनुकूलता का निर्माण करने और लैंगिक समानता को सुदृढ़ बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। अगले सात वर्षों में, हमें 2030 तक सेंडई फ्रेमवर्क के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जी-20 भारत की अध्यक्षता द्वारा सृजित अवसरों का और आपदा जोखिम प्रबंधन में महिलाओं की आवाज, एजेंसी और नेतृत्व का लाभ उठाना चाहिए।

भ्रष्टाचार विरोधी पहल की मुख्यधारा में लैंगिक समानता का समावेश

धारीत्री पटनायक

लैंगिक भेदभाव पर आधारित भ्रष्टाचार सार्वजनिक व आवश्यक सेवाओं को प्रभावित करता है, जिससे महिलाओं का जीवन और कल्याण खतरे में पड़ जाता है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, राजनीति एवं कई अन्य क्षेत्रों में हम पुरुषों और महिलाओं के बीच असमानता भरा व्यवहार देखते हैं। डब्ल्यू 20, जी 20 का एक आधिकारिक सहभागिता समूह (एंगेजमेंट ग्रुप) है।

भ्रष्टाचार एक ऐसा नैतिक संकट है जो शासन के विभिन्न स्तंभों को खोखला कर देता है, विकास को बाधित करता है और जनता के विश्वास को खत्म कर देता है। लंबे समय से भ्रष्टाचार को लैंगिक दृष्टि से निरपेक्ष विषय के रूप में देखा जाता रहा है, लेकिन इधर इस तथ्य पर बहुत तेजी से ध्यान दिया गया है कि भ्रष्टाचार को लेकर महिलाओं और पुरुषों के अनुभव स्पष्ट रूप से अलग-अलग होते हैं। भ्रष्टाचार के दूरगामी निहितार्थ होते हैं, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों को प्रभावित करते हैं। लेकिन ये महिलाएं ही हैं जिन्हें इसका बोझ असंगत तरीके से ढोना पड़ता है। भ्रष्टाचार कोई अलग-थलग मुद्दा नहीं है। बल्कि इसमें लैंगिक आयाम जुड़ा हुआ है, जो असमानता को कायम रखता है और शक्ति के असंतुलन को मजबूत करता है।

अंतरवर्गीय दृष्टिकोण अपनाकर लैंगिक समानता को प्रभावी ढंग से मुख्यधारा में लाना और किसी का भी पीछे न छूटना सुनिश्चित हो सकेगा। भ्रष्टाचार-विरोध के लिए लैंगिक परिप्रेक्ष्य को लागू करने के क्रम में इस बात पर विचार करने की आवश्यकता है कि भ्रष्टाचार कैसे महिलाओं और पुरुषों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अलग-अलग तरीके से प्रभावित करता है। अनुभवजन्य साक्ष्यों से यह पता चलता है कि लैंगिक असमानता से ग्रसित समाजों में भ्रष्टाचार का स्तर अधिक व्यापक होता है। इसकी जड़ें शक्ति, संसाधनों और अवसरों के असमान वितरण में निहित होती हैं, जिसके कारण भ्रष्टाचार के विभिन्न स्तर सामने आते हैं। जब महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं एवं आर्थिक गतिविधियों से बाहर रखा जाता है, उनकी आवाज दबा दी जाती है और उनकी जरूरतों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, तो पारदर्शिता एवं जवाबदेही का अभाव पैदा होता है।

लैंगिक भेदभाव पर आधारित भ्रष्टाचार सार्वजनिक व आवश्यक सेवाओं को प्रभावित करता है, जिससे महिलाओं का जीवन और कल्याण खतरे में पड़ जाता है। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, राजनीति एवं कई अन्य क्षेत्रों में हम पुरुषों और महिलाओं के बीच असमानता भरा व्यवहार देखते हैं। डब्ल्यू 20, जी 20 का एक आधिकारिक सहभागिता समूह (एंगेजमेंट ग्रुप) है। इस समूह का प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लैंगिक समानता के विचारों का जी20 की मुख्यधारा की चर्चाओं में समावेश हो और इन विचारों को जी20 नेताओं की घोषणाओं में लैंगिक समानता को बढ़ावा देनेवाली नीतियों व प्रतिबद्धताओं के रूप में रूपांतरित किया जाए।

डब्ल्यू20 ने अपने कार्यों को सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप ढाला है और वह विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर काम करता है जिसमें दूरदराज के आदिवासी गांवों से लेकर शहरी इलाकों तक के जनजीवन के सभी क्षेत्रों से जुड़ी महिलाएं एवं पुरुष शामिल हैं।

जी20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान, डब्ल्यू20 इंडिया ने ऑनलाइन वेबिनार के माध्यम से 80,000 महिलाओं तक सीधे पहुंचते हुए भारत के 15 राज्यों और वैश्विक स्तर पर 200 से अधिक जनभागीदारी कार्यक्रमों का आयोजन किया है। अगले तीन वर्षों में दस लाख महिलाओं एवं लड़कियों को प्रशिक्षित करने हेतु एक कार्रवाई-उन्मुख डिजिटल कौशल पहल भी शुरू की गई है। डब्ल्यू20 ने महिलाओं के नेतृत्व में विकास से संबंधित प्रथम उत्तरदायी ढांचा और एक सार-संग्रह तैयार किया। डब्ल्यू20 ने इक्कीस ज्ञान साझेदारों के साथ मिलकर काम किया है, जिनमें जमीनी स्तर के संगठनों से लेकर वैश्विक स्तर के परामर्शदाता शामिल हैं। भारत के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण और डब्ल्यू20 के पहले के कार्यों के आधार पर निर्धारित किए गए पांच प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर महिलाओं का नेतृत्व, छोटे एवं मध्यम स्तर के उद्यमों के लिए उद्यमिता, शिक्षा एवं कौशल विकास, लैंगिक आधार पर व्याप्त डिजिटल अंतराल को पाटना और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में महिलाओं एवं लड़कियों को पर्यावरणीय बदलाव के वाहक (इको चेंजमेकर) के रूप में उभारना शामिल है। परिवर्तन के समर्थक के रूप में, डब्ल्यू20 के ऊपर समाज में सभी स्तरों पर पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक आचरण की हिमायत करने की जिम्मेदारी है। यह सुनिश्चित करना भी हमारी ज़िम्मेदारी है कि प्रत्येक व्यक्ति, चाहे वह महिला हो या पुरुष, को अवसर एवं संसाधन समान रूप से सुलभ हों और उसे अपने भाग्य को आकार देने वाले विकल्प को चुनने की आजादी हासिल हो। भ्रष्टाचार के कायम रहने और लैंगिक असमानताओं के बढ़ने के विभिन्न तरीकों का विश्लेषण करके, हम प्रगति में बाधा डालने वाली प्रणालीगत बाधाओं को दूर करने के करीब पहुंचते हैं।

जैसा कि प्रसिद्ध दार्शनिक श्री अरबिंदो ने कहा है, बात नहीं, काम करो, दुनिया बातों से भरी पड़ी है लेकिन सार्थक काम बहुत कम हुए हैं। हमें विमर्श से परे जाकर भ्रष्टाचार मिटाने और महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु ठोस कदम उठाने की जरूरत है। डब्ल्यू20 कुछ वैसी सिफारिशों को सुदृढ़ करने और उन पर जोर देने के लिए जी20 सदस्यों के साथ अपनी सक्रिय भागीदारी जारी रखेगा, जिन पर जी20 देशों की सरकारें व नागरिक समाज लैंगिक भेदभाव एवं भ्रष्टाचार के बारे में अपनी समझ को ठोस करने और अपने भ्रष्टाचार- विरोधी कार्यक्रमों एवं नीतियों में लैंगिक परिप्रेक्ष्य को शामिल करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने हेतु विचार और अमल कर सकते हैं। सभी स्तरों पर महिलाओं की समान और सार्थक भागीदारी सुनिश्चित करने के लक्ष्य की दिशा में काम करते हुए, जी20 देशों को लैंगिक भेदभाव के प्रति संवेदनशील भ्रष्टाचार विरोधी नीतियों एवं उपायों को विकसित करने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत करने और सार्वजनिक भर्ती प्रक्रियाओं में लैंगिक समानता तथा शीर्ष स्तर के पदों पर महिलाओं के प्रतिनिधित्व का आकलन करने का काम करना चाहिए। जी20 के सदस्यों को लैंगिक भेदभाव और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अपने शोध एवं ज्ञान के आधार को बढ़ाना चाहिए और लैंगिक आधार पर वर्गीकृत आंकड़ों का विश्लेषण भी करना चाहिए।

लैंगिक आधार पर होने वाले भ्रष्टाचार के प्रभाव के बारे में अगली पीढ़ी को संवेदनशील बनाने के लिए शिक्षा प्रणाली में क्षमता निर्माण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों से संबंधित मॉड्यूलों का समावेश किया जाना चाहिए। व्यवस्था को निष्पक्ष एवं अधिक पारदर्शी बनाने हेतु, जी20 के सदस्य देश सेवाओं की आपूर्ति, सार्वजनिक खरीद, व्हिसलब्लोअर सुरक्षा आदि के डिजिटलीकरण से संबंधित लैंगिक भेदभाव के प्रति संवेदनशील पहलों की खोज एवं कार्यान्वयन की दिशा में काम कर सकते हैं। डब्ल्यू20, सी20, टी20, बी20 जैसे सहभागिता समूह जी20 के सदस्यों के साथ भागीदारी करना और उनकी नीतिगत चर्चाओं एवंकार्यान्वन से जुड़ी पहलों का समर्थन करना जारी रखेंगे।

भारत की बड़ी कामयाबी है 'जी-20' शिखर सम्मलेन की सफलता

आंशका थी कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर सर्व सम्मत निर्णय नही हो सकेगा। अमेरिका और यूरोपियन देश चाहेंगे, कि यूक्रेन हमले के लिए रूस को जिम्मेदार माना जाए। इसके लिए उसकी निंदा की जाएं। रूस और चीन का रूख इसके विपरीत होगा। भारत भी नही चाहता कि उसकी भूमि से उसके परंपरागत मित्र के विरूद्ध कोई निदां या उन्य कोई प्रस्ताव पारित न हो। भारत ने घोषणापत्र पर सर्व समर्थन बनाने के लिए पहल से ही काम शुरू कर दिया था।

शंकाओं और आशकांओं के बीच 'जी20' शिखर सम्मेलन सफलता के साथ संपन्न हो गया। जी20 में नई दिल्ली डिक्लेरेशन का स्वीकार होना, यह कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की बड़ी जीत है। जी 20 में सभी महाशक्तियां शामिल हैं। उनकी मौजूदगी में भारत द्वारा सहमति का रास्ता निकालना भारत की बड़ी कामयाबी है। अफ्रीकन यूनियन को जी20 में शामिल कराना भी भारत की बडी सफलता है ।अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जापान ने भी 'एयू' को स्थायी सदस्य बनाने के मामले में बाधा खड़ी नहीं की।भारत की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे आंतकवादी दिल्ली की सुदृढ सुरक्षा देख कुछ नही कर पाए। मेट्रो स्टेशन पर रात के अंधेरे में खालिस्तान के समर्थन में चोरी छिपे कुछ नारे ही लिखे जा सके। मुंबई और दिल्ली की संसद में घुंसकर हमला करने वाले आतंकी अब ऐसी घटना करने की सोच भी नही पा रहे।

अशोक मधुप

शनिवार को जी20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन जब नई दिल्ली डिक्लेरेशन के स्वीकार होने की घोषणा हुई, तो सम्मेलन को कवर करने आए सारे पत्रकार आश्चर्य चकित रह गए। एक- दो ने तो यहां तक कह दिया कि अब दूसरे दिन के कायर्क्रम कवर के लिए रूकना बेकार है। किसी को यह उम्मीद नही थी कि घोषणापत्र सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया जाएगा। जी20 घोषणापत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि इसके सभी 83 पैराग्राफ चीन और रूस के साथ 100 प्रतिशत सर्वसम्मति से पारित किए गए थे। यह पहली दफा था कि घोषणा में कोई नोट या अध्यक्ष का सारांश शामिल नहीं था।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पत्रकारों का बताया कि गत वर्ष इंडोनेशिया में हुए सम्मेलन में अफ्रीकन यूनियन ने पीएम मोदी से आग्रह किया था कि उसे भी समूह का सदस्य बनाया जाए। इस पर पीएम मोदी ने उन्हें गारंटी दी थी कि वे अफ्रीकन यूनियन को जी20 का सदस्य बनवाएंगे। अब पीएम मोदी ने वह गारंटी पूरी कर दी है। जानकारों का कहना है, एयू को जी20 की स्थायी सदस्यता दिलाना आसान नहीं था। इस बाबत रूस और चीन का रूख कुछ अलग था। चीन को जी20 का विस्तार पसंद नहीं था। वजह, इससे ग्लोबल साउथ में उसका कद प्रभावित होता है। करीब एक दशक से चीन का फोकस ऐसे देशों पर रहा है जो अमेरिका, ब्रिटेन या भारत के ज्यादा करीब नहीं हैं। ऐसे देशों को चीन उन समूहों का सदस्य बनवाने की कोशिश कर रहा है, जो उसके प्रभाव में हैं। भारत ने यहीं पर कूटनीतिक दांव चला और एयू (अफ़्रीकन यूनियन)को जी20 का सदस्य बनवा दिया। चीन का प्रयास था कि वह अफ्रीकी संघ के देशों में भारी निवेश के माध्यम से अपने आर्थिक लक्ष्यों की पूर्ति करे।अब इन देशों के जी20 का सदस्य बनने पर अब चीन उन देशों का शोषण करने की साजिश

में सफल नहीं हो सकेगा। एयू के 55 देशों के प्राकृतिक संसाधन, चीन के प्रभाव में आने से बच जाएंगे।

आंशका थी कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर सर्व सम्मत निर्णय नही हो सकेगा। अमेरिका और यूरोपियन देश चाहेंगे,कि यूक्रेन हमले के लिए रूस को जिम्मेदार माना जाए। इसके लिए उसकी निंदा की जाएं।रूस और चीन का रूख इसके विपरीत होगा। भारत भी नही चाहता कि उसकी भूमि से उसके परंपरागत मित्र के विरूद्ध कोई निदां या उन्य कोई प्रस्ताव पारित न हो। भारत ने घोषणापत्र पर सर्व समर्थन बनाने के लिए पहल से ही काम शुरू कर दिया था। उसके राजनयिक इस पर सहमति बनाने में लगे थे।

साझा घोषणा पत्र पर सभी देशों की सहमति इसलिए खास है, क्योंकि नवंबर 2022 में इंडोनेशिया समिट में जारी घोषणा पत्र में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन पाई थी। तब रूस और चीन ने अपने आप को युद्ध के बारे में की गई टिप्पणियों से अलग कर लिया था। तब घोषणा पत्र के साथ ही इन देशों की लिखित असहमति शामिल की गई थी। डिक्लेरेशन पास होने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था- सभी देशों ने नई दिल्ली घोषणा पत्र मंजूर किया। उन्होंने माना कि जी20 राजनीतिक मुद्दों को डिस्कस करने का प्लेटफॉर्म नहीं है। लिहाजा अर्थव्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों को डिस्कस किया गया। नई दिल्ली डिक्लेरेशन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि इसके सभी 83 पैराग्राफ चीन और रूस के साथ 100 प्रतिशत सर्वसम्मति से पारित किए गए थे। यह पहली दफा था कि घोषणा में कोई नोट या अध्यक्ष का सारांश शामिल नहीं था।घोषणापत्र के नौवें पहरे में लिखा था, हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि जी20, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच है। यह समूह भू-राजनीतिक और सुरक्षा मुद्दों को हल करने का मंच नहीं है। हालाँकि हम स्वीकार करते हैं कि इन मुद्दों का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण परिणाम हो सकता है। भारत ने यह बात कह कर चीन और रूस, दोनों को संदेश दे दिया। हालांकि चीन का कहीं नाम नहीं लिया। नई दिल्ली डिक्लेरेशन के 13वें पहरे में लिखा है, हम सभी राज्यों से क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को, अंतरराष्ट्रीय क़ानूनों के मुताबिक, बनाए रखने की अपील करते हैं। मानवीय कानून, शांति और स्थिरता की रक्षा करने वाली बहुपक्षीय प्रणाली सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को बनाए रखने का आह्वान करते हैं। विभिन्न देशों के मध्य संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान और संकटों के हल के हल के लिए प्रयास करने के साथ ही कूटनीति और संवाद महत्वपूर्ण हैं। हम वैश्विक अर्थव्यवस्था पर युद्ध के प्रतिकूल प्रभाव को संबोधित करने के अपने प्रयास में एकजुट होंगे। यूक्रेन में व्यापक एवं न्यायसंगत और टिकाऊ शांति का समर्थन करने वाली सभी प्रासंगिक और रचनात्मक पहलों का स्वागत करेंगे। बशर्ते, ये सभी पहल, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सभी उद्देश्यों और सिद्धांतों को कायम रखें। एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य की भावना से राष्ट्रों के बीच शांतिपूर्ण, मैत्रीपूर्ण और अच्छे पड़ोसी संबंधों को बढ़ावा देना होगा। भारत ने ऐसा कर रूस और यूक्रेन के लिए एक संदेश और जी20 का स्टैंड क्लीयर करदिया।

भारत की जी20 अध्यक्षता की विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने जमकर तारीफ की है। बांगा ने कहा कि भारत ने जी20 की अध्यक्षता में दुनिया के लिए एक नया आयाम तय किया है। उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि भारत ने जी20 घोषणापत्र पर सभी देशों की आम सहमति आसानी से बना ली। एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए बंगा ने इस बात पर जोर दिया कि चुनौतियां हमेशा मौजूद रहेंगी, लेकिन भारत ने आम सहमति बनाकर दुनिया को रास्ता दिखाया है। बंगा ने कहा कि हर देश अपना फायदा देखता है, लेकिन मैंने इस सम्मेलन में जो मूड देखा, उससे मैं आशावादी हूं। विश्व बैंक अध्यक्ष ने कहा कि यहां हर देश अपने राष्ट्रीय हितों का ध्यान तो दे रहा था, लेकिन दूसरे के विचारों को भी सुन रहा था।

अटल आवासीय विद्यालयों में सत्र शुरू

श्रमिकों के सपने हुए साकार, व्यवस्था देख गदगद हुए बच्चे, आश्चर्यचकित दिखे अभिभावक

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। माता-पिता की आंखों में आँसू, बच्चों के खिलखलाते चेहरे और हाथ में माला लेकर स्वागत करते शिक्षक। ये नजारा आज प्रदेश के सभी मंडलों में देखने को मिला। अवसर था अटल आवासीय विद्यालयों के सत्रारंभ का, जहां निर्माण श्रमिकों, कोरोना काल में निराश्रित और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पात्र बच्चे नवोदय विद्यालय की तर्ज पर निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने पहुंचे। अपने नौनिहालों का हाथ पकड़कर विद्यालय में आए अभिभावकों ने जब वहां की व्यवस्था देखी तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह पहल उन्हें किसी वरदान से कम नहीं लगी।

प्रतिकात्मक फोटो

परिसर में पहुंचे विद्यार्थी और उनके अभिभावक क्लास रूम, हॉस्टल रूम, मेस की व्यवस्थाओं को देख आश्चर्यचकित थे। उनके लिए अब तक इतनी शानदार व्यवस्था सिर्फ कल्पना की बात थी। बच्चे ये जानकर गदगद थे कि ये सभी इंतजाम उनके लिए किए गए हैं जबकि श्रमिक अभिभावकों की आंखों में खुशी के आँसू थे। उन्होंने यह कभी नहीं सोचा था कि वह अपने बच्चों ऐसे किसी विद्यालय में पढ़ा पाएंगे। उनके लिए आज का दिन किसी पर्व से कम नहीं था। इस मौके पर अभिभावकों ने सीएम योगी का आभार जताया। वहीं बच्चों ने भी मन से पढ़ने और कुछ कर गुजरने का संकल्प लिया।

प्रदेश के अलग-अलग मंडलों में निर्मित इन विद्यालयों में कक्षा छह में 80 विद्यार्थियों का प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला हुआ है, जिसमें 40 बालिकाएं और 40 बालक हैं। आज इन विद्यालयों में आयोजित हुए सत्रारंभ के कार्यक्रम में जनपद और मंडलीय स्तर के अधिकारी भी शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों व अभिभावकों से संवाद कर उनका उत्साह बढ़ाया। अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि धन की वजह से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से कोई भी विद्यार्थी वंचित न रहे। यह विद्यालय श्रमिकों के बच्चों के साथ-साथ बेसहारा बच्चों के सपनों को नई उड़ान देगा और उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाएगा, जो प्रदेश एवं देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगे।

गोरखपुर मंडल के सहजनवा में शुरू हुए अटल आवासीय विद्यालय के प्रथम शैक्षणिक सत्र को उत्सव के रूप में मनाया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने नव प्रवेशित बच्चों और उनके अभिभावकों का स्वागत किया। अपनी पुत्री गरिमा को विद्यालय पहुंचाने आए नौसढ़ निवासी मजदूर विकास जायसवाल ने कहा अपनी वर्तमान कमाई को कई गुना बढ़ा लेने पर भी वह इस तरह के स्कूल में बच्चों को पढ़ा नहीं पाते।

अभिभावकों ने कहा- अब हम चिंता मुक्त, सीएम योगी का आभार

वाराणसी के करसड़ा में शुरू हुआ विद्यालय

वाराणसी के करसड़ा में अटल आवासीय विद्यालय 66.54 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ है। विद्यालय में गंगा, यमुना, सरस्वती और गोमती चार हाउस बनाए गए है। आज से यहां का भी पहला सत्र प्रारंभ हो गया। इस दौरान अपने बेटे को कंप्यूटर की शिक्षा दिलाने की चाह लेकर पहुंचे चंदौली के श्रमिक असलम ने कहा उनका बेटा अच्छे स्कूल में पढ़ना चाहता था लेकिन आय कम होने से ऐसा हो पाना कठिन था। उन्होंने कहा सीएम योगी ने मेरे परिवार का सपना साकार कर दिया है।

लखनऊ के किसान समूह ने फ्लिपकार्ट पर दो लाख किलो आटे का किया व्यापार

अपर मुख्य सचिव कृषि ने दी बधाई, कहा किसानों को मिलेगी प्रेरणा

लखनऊ। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी से सोमवार को फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि कार्यक्रम के तहत निराला हर्बल एफपीओ के प्रतिनिधियों तथा फ्लिपकार्ट के एसोसिएट डायरेक्टर हसन याकूब ने मुलाकात की।

उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए अपर मुख्य सचिव कृषि को बताया कि केवल तीन महीनों में फ्लिपकार्ट के माध्यम से 2 लाख किलोग्राम गेहूं के आटे के पैकेट बेचे हैं, जिसके परिणामस्वरूप 50 लाख से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस पर अपर मुख्य सचिव कृषि द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए यह एक प्रेरणादायक सफलता साबित हो सकती है।

उन्होंने कहा कि अन्य किसानों को भी अपनी खेती और ऑनलाइन मार्किटिंग को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए ई-कॉमर्स प्रौद्योगिकी माध्यमों को अपनाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि एफपीओ निराला हर्बल यूपी के हजारों किसानों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसे देशभर में ई-कॉमर्स पर अपने उत्पाद बेचने के लिए फ्लिपकार्ट द्वारा प्रशिक्षित और सुसज्जित किया गया था। मई 2023 में फ्लिपकार्ट किराने पर इस एफपीओ के नए स्थापित ब्रांड को शामिल किया गया था।

जी-20: चीन की कुटिल चालों को भारत ने किया नाकाम

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व ने वो कर दिखाया जो शुरुआत में असंभव सा लग रहा था, लेकिन ये प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्मा था कि असंभव को संभव कर ये साबित कर दिया की भारत में ग्लोबल लीडर की ताकत है।

बैठक के पहले से ही आलोचकों ने ऐलान कर दिया था कि जी-20 सिर्फ हव्वा साबित होगा, लेकिन भारत मण्डपम से इन तमाम निराशावादियों की पीएम मोदी ने हवा निकाल दी। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुहम्मद युनुस ने कहा कि जी-20 में हिस्सा लेने वाले सभी देशों ने घोषणापत्र के जरिये तमाम भूराजनैतिक और मानव विकास के मुद्दों पर 100 फीसदी आम सहमति दी, तो भारत ने न सिर्फ इतिहास रच डाला, बल्कि दुनिया के लिए संयुक्त सुनहरा भविष्य भी बुन दिया। इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि नीति का नतीजा कहा जाएगा। इसके लिए प्रधनमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा कि चीन की कुटिल चालों को भारत ने पूरी तरह से नाकाम कर दिया। यह अपने आप में चैंकाने वाला है कि डिक्लेरेशन के तमाम 83 पैराग्राफ बिना किसी असहमति, फुटनोट, समरी के ज्यों के त्यों स्वीकार कर लिए गए। यूक्रेन युद्ध पर यूएन चैप्टर के तहत एक दूसरे की संप्रभुता, सीमाओं और राजनीतिक स्वतंत्रता के सम्मान और परमाणु हथियारों को अस्वीकार्य बताकर रूस और चीन को सख्त संदेश दिया गया। दुनिया की बदलती तस्वीर में भारत ने वो कर दिखाया जो असंभव दिख रहा था। यह आसान नहीं था, लेकिन पीएम मोदी ने जो ठाना उसे पूरा किया।

जी-20 के इतिहास में वे फैसले लिए गए जो असंभव दिख रहे थे : परवेज

अभी जारी रहेगी अधिवक्ताओं की हड़ताल

लखनऊ। हापुड़ घटना व अधिवक्ताओं की मांग पूरी न होने से आहत पूर्व कार्यकारिणी सदस्य लखनऊ बार एसोसिएशन लखनऊ अधिवक्ता अरविंद कुमार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट अपलोड कर आज दी थी स्वास्थ्य भवन चौराहे पर आत्मदाह की चेतावनी।

अधिवक्ता अरविंद कुमार की पोस्ट फेसबुक पर अपलोड होते मची थी पुलिस प्रशासन और अधिवक्ता समाज में खलबली। पुलिस के तमाम अफसरों और लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पांडेय, महामंत्री कुलदीप नारायण मिश्रा व अन्य कई अधिवक्ताओं ने चैंबर पहुंच मान-मुनव्वल कर किया अधिवक्ता अरविंद कुमार को समझाने का प्रयास।

वहीं अध्यक्ष सुरेश पांडेय ने मांगें न पूरी होने और अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू न होने तक आंदोलन जारी रहने का अधिवक्ता अरविंद कुमार को आश्वासन दिया।

विंध्याचल में विकास को नई दिशा दे रही योगी सरकार

विंध्य क्षेत्र में जारी बड़े प्रोजेक्ट्स की लगातार मॉनिटरिंग की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने पर सीएम योगी का है फोकस

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ ही नागरिक सुविधाओं संबंधी इंफ्रास्ट्रक्चर्स को सुदृढ़ करने में लगी योगी सरकार ने अब विंध्याचल क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। सीएम योगी की मंशा हमेशा से ही विंध्य क्षेत्र के समेकित विकास की रही और यही कारण है कि विंध्य डिविजन में अब तक 50 लाख रुपए से ज्यादा की लागत वाले 73 प्रोजेक्ट्स को निर्धारित समयावधि में पूरा कर लिया गया है। वहीं, 177 प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं जिन पर काम अभी जारी हैं और इस फेहरिस्त में विंध्य कॉरीडोर व सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज जैसे सरकारी मेगा प्रोजेक्ट्स भी शामिल हैं। ऐसे में, योगी सरकार ने इन सभी प्रोजेक्ट्स की रेगुलर मॉनिटरिंग, परियोजनाओं से संबंधित समस्याओं के निराकरण और उच्च गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यों को सुनिश्चित किए जाने की दिशा में विस्तृत कार्ययोजना के अनुरूप कार्य करना शुरू कर दिया है।

ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं : सोनभद्र में चाहें थाना पिपरी बैरक हॉस्टल हो, आईटीआई दूधी हो, नगवन बांध में रिपेयर वर्क हो, या फिर गऊ संरक्षण केंद्र, चोपन में बीज भंडारण केंद्र व अटल आवासीय विद्यालय के इमारती कार्य को पूर्ण करना हो, इन सभी परियोजनाओं को या तो पूर्ण कर लिया गया है या फिर यह पूर्ण होने के अंतिम चरण में हैं। विंध्य क्षेत्र में जारी इंफ्रास्ट्रक्चरल प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग खुद मुख्य सचिव द्वारा भी की जा रही है और उनके समक्ष जो रिपोर्ट पेश की गई है उसमें यह विवरण दिए गए हैं। विंध्य कॉरीडोर व सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज जैसे सरकारी मेगा प्रोजेक्ट्स को लेकर योगी सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि परियोजनाओं की पूर्ति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर उसके निराकरण की प्रक्रिया अपनाई जाए और किसी प्रकार की लेटलतीफी व ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं है। यही कारण है कि मिर्जापुर में निर्माणाधीन आयुष अस्पताल में निर्माण कार्य की प्रगति कार्ययोजना के अनुरूप न होने के कारण कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया भी प्रस्तावित है।

विंध्याचल डिविजन में 50 लाख रुपए से ऊपर के 73 प्रोजेक्ट्स को अभी तक कर लिया गया है पूरा जबकि 177 प्रोजेक्ट्स पर चल रहा है काम

रिव्यू मीटिंग्स व ग्राउंड इंस्पेक्शंस से लाई जाएगी कार्यों में तेजी

प्रोजेक्ट्स के कंप्लीशन के लिए भूमि अधिग्रण, वन विभाग से क्लियरेंस, एसआईटी इन्कायरी, युटिलिटी शिफ्टिंग, बजट आवंटन, उचित जनशक्ति उपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण निर्माण, टेंडरिंग प्रक्रिया में विलंब जैसे व्यवधानों के निराकरण के लिए रिव्यू मीटिंग्स की एक सतत् प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसमें कमिश्नर, डीएम, सीडीओ, जिला स्तर के अन्य अधिकारी तथा फंडिंग एजेंसीज प्रतिभाग करेंगी और साइट विजिट के साथ ही किसी भी परियोजना से संबंधित कोई भी बाधा उत्पन्न होने पर सभी संबंधित अधिकारी अपने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के संदर्भ में मामले को जल्द से जल्द दर्ज कराएंगे। इस प्रकार क्षेत्र में लंबित परियोजनाओं के अंतर्गत आ रही कठिनाइयों के निराकरण का एक इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है जिसकी समय-समय पर लखनऊ से भी मॉनिटरिंग होती रहेगी।

तीन सूत्रीय एजेंडा पर हो रहा काम : रिपोर्ट के अनुसार, 50 लाख रुपए से ज्यादा की लागत वाले प्रोजेक्ट्स में से मिर्जापुर में 31 प्रोजेक्ट्स पूर्ण हो गए हैं जबकि 75 पर कार्य जारी है। वहीं, भदोही में 18 प्रोजेक्ट्स को पूर्ण कर लिया गया है जबकि 48 पर कार्य जारी हैं। इसी प्रकार, सोनभद्र क्षेत्र में 24 परियोजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है जबकि 54 पर कार्य जारी है। जिन प्रोजेक्ट्स पर अभी कार्य जारी है उन्हें पूर्ण गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है जिसमें मुख्य रूप से त्रिसूत्रीय एजेंडे का निर्धारण किया गया है। इनमें स्टेकहोल्डर्स व इश्यूज के निर्धारण, निर्माण कार्यों में आ रही चुनौतियों के चिन्हन और निराकरण को प्रमुखता दी गई है।

सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए चलाए अभियान

मुख्यमंत्री ने की प्रदेश की सड़कों के सुधार कार्यों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की सड़कों के सुधार कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आगामी नवम्बर माह में दीपावली से पहले प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मॉनसून की स्थिति असामान्य है। आने वाले दिनों में कई जिलों में लगातार बारिश की सम्भावना है। इसे ध्यान में रखते हुए नवम्बर माह में दीपावली से पूर्व प्रदेशव्यापी सड़क गड्ढामुक्ति का अभियान चलाया जाए। जहां बरसात की स्थिति हो वहां, बोल्डर डालकर रोलर चलाकर आवागमन सुगम किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लोक निर्माण, एन0एच0ए0आई0, मण्डी परिषद, सिंचाई, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, आवास, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आदि विभागों की करीब 04 लाख किलोमीटर सड़कें प्रदेश में हैं। हर एक सड़क पर चलना आम आदमी के लिए सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। मेट्रो/एक्सप्रेस-वे जैसी बड़ी परियोजनाओं के कारण यदि पूर्व से संचालित सड़कें खराब होती हैं तो खराब होने के कारक विभाग को उत्तरदायी बनाया जाए।

गड्ढामुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री जी ने निर्देशित किया कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है। सभी विभागों में बेहतर नियोजन की आवश्यकता है। समस्त विभाग सुनिश्चित करें कि सड़क बनाने वाली एजेंसी/ठेकेदार, सड़क बनने के अगले 05 वर्षों तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएं। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं।

मुख्यमंत्री जी ने अभियन्ताओं को निर्माण कार्य के 'बैकबोन' की संज्ञा देते हुए कहा कि कहीं भी अभियन्ताओं की कमी न हो। आवश्यकता पड़े तो आउटसोर्सिंग से भी तैनाती की जाए। विभागीय मंत्री व अधिकारी फील्ड में रैण्डम भ्रमण कर परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जवाबदेही तय करें। गड्ढामुक्ति व सड़क के नवनिर्माण के कार्य को मैनुयल के स्थान पर मैकेनाइज्ड किये जाने पर बल दें। अभियन्ताओं की तैनाती केवल मेरिट के आधार पर ही की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि कहीं भी लोकहित से जुड़ी किसी परियोजना में माफिया/अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को स्थान न मिले। उनके करीबी रिश्तेदारों और गैंग के सदस्यों को भी ठेके-पट्टे से दूर रखा जाए। सड़क गड्ढामुक्ति और नवनिर्माण के अभियान की जियो टैगिंग कराई जाए। इसे पी0एम0 गतिशक्ति पोर्टल से जोड़ने के साथ ही सभी विभाग इसी तर्ज पर अपना पोर्टल भी विकसित करें, ताकि कार्य की गुणवत्ता की अनवरत मॉनीटरिंग की जा सके।

दीपावली से पहले प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश

घोसी सीट जीतकर न इतराए सपा : स्वाती सिंह

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि घोसी की सीट पहले समाजवादी पार्टी की थी, हम उस पर कमल खिलाने में कामयाब नहीं हो पाये। इससे समाजवादी पार्टी को बहुत ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में कमल ही खिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पूरे विश्व में है। यहां विपक्ष में उनकी लोकप्रियता के आगे कोई दूर-दूर तक नहीं टिकता।

समाजवादी पार्टी के मुखिया द्वारा बार-बार घोसी के उपचुनाव के नतीजों को लेकर आ रहे बयानों का जवाब देते हुए स्वाती सिंह ने कहा कि यदि उपचुनाव में भाजपा जीतती तो सपा इवीएम पर दोष मढ़ती, जब वह जीत दर्ज कर ली है तो जनता ने उसे बहुमत दिया है। हकीकत तो यह है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी सहित पूरे विपक्ष का पत्ता उप्र से साफ हो जाएगा। यहां सभी 80 सीटों पर भाजपा का कमल खिलने वाला है। इसको लेकर विपक्ष की घबराहट अभी से दिखने लगी है।

टीएमयू में मंडल का फर्स्ट स्टोमा केयर क्लीनिक खुला

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में कोलोप्लास्ट मल्टी नेशनल कंपनी के सहयोग से स्टोमा केयर क्लीनिक सेंटर का शुभारम्भ हो गया है। उल्लेखनीय है, टीएमयू का स्टोमा केयर क्लीनिक मंडल में इकलौता क्लीनिक है। ऐसे सभी मरीज जिनकी आंतों का ऑपरेशन कैंसर, ट्रामा सा किसी अन्य गंभीर कारणों से किया जाता है या ऐसे पेशेंट जिनकी आंतें बहुत खराब हो जाती हैं और उनकी छोटी या बड़ी आंत का रास्ता पेट के जरिए बनाया जाता है। इन्हीं वैकल्पिक रास्तों से पेशेंट मल और मूत्र का विसर्जन करता है। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहते हैं, मानव सेवा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। टीएमयू हॉस्पिटल में सुविधाओं को लेकर हम हमेशा संजीदा है। नतीजतन स्टोमा केयर क्लीनिक सेंटर की भी सुविधा हॉस्पिटल में प्रारम्भ हो गई है।

अब ऐसे मरीजों के लिए यह राहत भरी ख़बर है। स्टोमा केयर क्लीनिक सेंटर में ऐसे पेशेंट्स को बहुत मदद मिलेगी। टीएमयू हॉस्पिटल में स्टोमा केयर क्लीनिक का तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. एके सिंह, सर्जरी विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. सीके झकमोला आदि ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. सिंह ने बताया, यह स्टोमा केयर क्लीनिक पीजी डॉक्टर्स, फैकल्टीज़ के संग-संग नर्सिंग स्टाफ के लिए भी मददगार साबित होगा।

दिलशाद हुसैन को जी-20 शिखर सम्मेलन ने दिलायी वैश्विक पहचान

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। पद्मश्री से सम्मानित हो चुके शिल्पगुरु दिलशाद हुसैन को भारत सरकार की ओर से जी 20 की बैठक में शामिल होने का न्योता मिला था। दिलशाद हुसैन ने 7 सितम्बर से 10 सितम्बर तक दिल्ली के प्रगति मैदान में अपना स्टाल लगाकर हस्तशिल्प कलाकृतियों का प्रदर्शन किया।

भारत मंडपम में, 'शिल्प बाज़ार' देश की विविध और उत्कृष्ट शिल्प कौशल के चमकदार प्रदर्शन के साथ जी20 आगंतुकों का स्वागत किया उन्हीं में से एक चमचमाते पीतल के बर्तनों के साथ एक अलग स्टाल दिखता है, जिन पर जटिल डिजाइन उकेरे गए हैं। यह काम है उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के पद्मश्री पुरस्कार विजेता दिलशाद हुसैन का, जिन्होंने अपने कौशल से किसी और को नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रभावित किया है। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के रहने वाले दिलशाद के हाथ से बनी कलाकृतियों और मटकों की प्रशंसा आस्ट्रेलिया,बांग्लादेश और नेपाल आदि देश के प्रतिनिधियों ने की। दिलशाद हुसैन ने विदशी प्रतिनिधियों को बताया कि वे कांस्य पर नक्काशी कर रहे हैं। उन्हें 2023 में पद्मश्री मिला है। उन्होंने बताया कि लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक स्टॉल लगाया था। पीएम मोदी ने हमारे एक स्टॉल का दौरा किया था और उन्होंने हमारी कलाकृति की सराहना की थी। तीन दिनों के बाद , उन्हें फोन आया कि पीएम मोदी को काले बर्तन पर बनी एक कलाकृति पसंद आई है और वह इसे जर्मनी को उपहार में देना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि वो इस बात से उत्साहित थे कि हमारी कलाकृति को पहचान मिली है और तब से हमारी बिक्री बढ़ गई है।

आस्ट्रेलिया, बाग्लादेश और नेपाल आदि देशों के अतिथियों ने की तारीफ

प्रो. प्रीथपाल सिंह ने समझाई इथिक्स कमेटी की वर्किंग

चितकारा यूनिवर्सिटी, पटियाला में गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस पर हुई वर्कशॉप

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में फार्माक्लोजी विभाग के एचओडी प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा ने इथिक्स कमेटी के महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया, इथिक्स कमेटी इंसानों पर होने वाले शोध कार्यों की समीक्षा करती है। यह कमेटी निर्धारित करती है कि कौन-सा शोध पेशेंट या इंसान पर किया जा सकता है? क्या इस शोध में पेशेंट को कोई नुकसान तो नहीं हो रहा है? प्रो. मटरेजा चितकारा यूनिवर्सिटी, पटियाला (पंजाब) में गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस पर आयोजित वर्कशॉप में बोल रहे थे। इस मौके पर सवाल-जवाब का दौर भी चला। वर्कशॉप में चितकारा यूनिवर्सिटी के फार्मेसी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. गुरजीत सिंह, डॉ. रविन्द्र सिंह के साथ-साथ करीब 40 फैकल्टीज़ और फार्मेसी के 150 स्टुडेंट्स मौजूद रहे। दूसरी ओर आदेश मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, अंबाला में आयोजित वर्कशॉप में गैजेट नोटिफिकेशन- न्यू ड्रग क्लीनिकल ट्रायल और इंटरनेशनल कम्यूनिटी ऑन हार्मोनाइजेशन गुड क्लीनिकल प्रैक्टिस-आईसीएचजीसीपी गाइड लाइन पर भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इन दोनों कार्यशालाओं में प्रो. मटरेजा को प्रशस्ति पत्र भी दिए गए।

वर्कशॉप मे प्रो. सिंह ने स्टुडेंट्स को समझाया कि इथिक्स कमेटी के कौन-कौन से कार्य होते हैं? इस कमेटी में कौन-कौन लोग शामिल होते हैं? यह कमेटी अपने काम को कैसे अंजाम देती है? एक शोधकर्ता को शोध करने से पहले कौन-कौन से दस्तावेज कमेटी को सौंपने होते है? शोधकर्ता के दस्तावेजों के आधार पर ही कमेटी आगे की प्रक्रिया को देखती है। शोधकर्ता को कमेटी के समक्ष कैसेट, प्रोटोकॉल, एप्रूवल, एडवर्टीजमेंट आदि दस्तावेज प्रस्तुत करने होते हैं। आदेश मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, अंबाला में आयोजित वर्कशॉप में प्रो. मटरेजा ने नई ड्रग का अप्रूवल कैसे कराते हैं? इसका प्रोसेस क्या है? कम्पनी की क्या भूमिका होती है? फार्मासिस्ट का क्या रोल होता है? आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आईसीएचजीसीपी गाइड लाइन पर बोलते हुए प्रो. सिंह ने दुनिया में रिसर्च को लेकर फॉलो होने वाले जरूरी नियमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च- आईसीएमआर ने भी 2017 में अपनी एक अलग गाइडलाइन जारी की है, जिसका मेडिकल रिसर्च में पालन करना अनिवार्य होता है। इस मौके पर हिमाचल, पंजाब और हरियाणा की विभिन्न कॉलेजों एंड यूनिवर्सिटीज के करीब 40 फैकल्टीज़ और एमबीबीएस के करीब 100 से अधिक स्टुडेंट्स ने प्रतिभाग किया।

कौन-सा शोध पेशेंट या इंसान पर होगा, इसके भी स्टुडेंट्स को दिए टिप्स

ऑल इण्डिया प्रथम रैंक उद्भव तिवारी को

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के कक्षा-8 के मेधावी छात्र उद्भव तिवारी ने अखिल भारतीय कम्प्यूटर प्रतियोगिता 'कम्प्यूडॉन जूनियर चैम्पियनशिप' में ऑल इण्डिया प्रथम रैंक अर्जित कर 'इण्डिया चैम्पियन गोल्ड मेडलिस्ट-2023' का खिताब अपने नाम किया है और लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। खास बात यह है कि सी.एम.एस. छात्रों ने लगातार चौथी बार कम्प्यूडॉन जूनियर चैम्पियनशिप अपने नाम की है। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने उद्भव को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री दीपाली गौतम व शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि यह अखिल भारतीय प्रतियोगिता साइबर लर्निंग इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में माइक्रोसाफ्ट डिजिटल लिट्रेसी स्टैण्डर्ड 4.0 पर आयोजित हुई, जिसमें देश भर के प्रतिष्ठित विद्यालयों के हजारों छात्रों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के फाइनल राउण्ड में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस होनहार छात्र ने अखिल भारतीय प्रथम रैंक अर्जित कर कंप्यूटर साइंस, इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी एवं डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र में अपने मेधात्व का परचम लहराया है।

लोक निर्माण मंत्री ने 30 विभागीय परियोजनाओं का लोकार्पण किया

अवध नामा ब्यूरो

इटावा। लोक निर्माण मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन जितिन प्रसाद ने जनपद में लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटिड व उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटिड के माध्यम से संचालित 30 विभागीय परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास इटावा क्लब में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। लोक निर्माण मंत्री ने जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के लोक प्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में नये भारत का निर्माण मोदी और योगी युग में हो रहा है। देश व प्रदेश में जो भी विकास कार्य कराये जा रहे है, वह सिर्फ फोटो के लिए नही हो रहे है बल्कि नये भारत के निर्माण के लिए हो रहे है और आने वाले भविष्य के लिए हो रहा है। उन्होंने सांसद व विधायक द्वारा रखी गई मांगों को स्वीकार करते पूर्ण करने का आस्वासन दिया। उन्होंने विभागीय उच्चाधिकारियों को मंच पर बुलाकर निर्देश दिये कि भरर्थना वाई पास का निर्माण कराने के लिए सर्वे करवाई, और बताई, कि कितनी लागत से बनेगा साथ ही साथ रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। विभागीय उच्चाधिकारियों ने यथा शीघ्र सर्वे आदि की प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए जल्द से जल्द कार्य आरम्भ कर दिया जायेगा। वाह-उदी मार्ग पर भी कार्य जल्द से जल्द आरम्भ करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि जनता के अनुरूप विकास कार्य कराये जाये। भरथना-बकेबर- सिण्डौस मार्ग का निर्माण कार्य, जोकि 30 करोड की लागत का है, को भी यथा शुरू करा दिया जायेगा। एक लघु सेतु जो कि मानिकपुर-पृथ्वीपुर मार्ग, देवीपुर से रूरा मार्ग पर आर सी सी की पुलिया आदि का भी निर्माण कार्य जल्द शुरू करा दिया जायेगा। सांसद राम शंकर कठेरिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व से आज हमारा भारत देश सम्पूर्ण विश्व का विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। हमारे देश के प्रधानमंत्री की सोच है कि देश का प्रत्येक नागरिक खुशहाल और सम्पन्न होगा तभी हमारा देश खुशहाल और सम्पन्न होगा। उन्होंने हर वर्ग के उत्थान के लिए कई योजनाए चलाई है चाहे वह ग्रहणियों को उज्जवला गैस के माध्यम से लाभान्वित कराना हो या कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना हो। चाहे कोविड में सभी नागरिकों को वैक्सीनेशन के माध्यम से कोविड के प्रकोप से बचाना हो या प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों आवास देना हो।उन्होने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार नित्य सफलता के नये आयाम स्थापित कर रही है। विधायक सरिता भदौरिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश लगाता देश की प्रगति में कदम से कदम मिलाकर चल रहा है।देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने हम सभी को देश के स्वर्णिम भविष्य का सपना दिखाया है। प्रधानमंत्री जी ने देश को दुनिया में प्रथम स्थान पर ले जाने के लिए अथक प्रयास किये है।आज आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत देश के प्रत्येक नौजवान और नागरिक के मन में देश के लिए कुछ

■ देश व प्रदेश में जो भी विकास कार्य कराये जा रहे है, वह सिर्फ फोटो के लिए नही हो रहे है बल्कि नये भारत के निर्माण के लिए हो रहे है: जितिन प्रसाद

कर गुजरने का जज्बा जगा है। उन्होंने कहा कि मंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में प्रतिदिन 29 किलोमीटर सडक का निर्माण हो रहा है। विकास के नये आयाम स्थापित हो रहे है। उन्होंने मंत्री जी से मांग करते हुए कहा कि पिलुआ हनुमान मन्दिर के पास एक पुल का निर्माण कराया जाये इसके अलावा सुनवारा बाई पास मार्ग का चौडीकरण किया जाये, नुमाइश चौराहे से लाइन सफारी तक सडक का निर्माण आदि की मांग करती हूँ। लोक निर्माण मंत्री जी द्वारा जनपद में 141ण्26 किलो मीटर लम्बाई तथा 03 अरब 25 करोड 78 लाख 14 हजार रूपये लागत की 30 परियोजानाओं का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटिड व उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटिड के माध्यम से कराया जा रहा है लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। मंत्री द्वारा 88.02 किलो मीटर लम्बाई तथा 01 अरब 24 करोड 53 लाख 92 हजार रूपये लागत की 22 परियोजानाओं का शिलान्यास एवं 53ण्24 किलो मीटर लम्बाई तथा 02 अरब 01 करोड 24 लाख 22 हजार रूपये लागत की 08 परियोजानाओं का शिलान्यास किया गया। उक्त परियोजनाओं में मुख्य 73 करोड 16 लाख की लागत से बाबरपुर.गढाकास्दा. हनुमन्तपुर भिण्ड मार्ग पर महुआसूडा एवं बंसरी के मध्य चम्बल नदी पर सेतु एवं पहुँच मार्ग व 01 अरब 18 करोड 27 लाख 59 हजार की लागत से इटावा सफारी इटावा जाने हेतु सोनवारा बाईपास मार्ग का 04 लेन सीमेंट कंकरीट मार्ग के निर्माण कार्य का लोकार्पण और 73 करोड 64 लाख 88 हजार की लागत से कानपुर.टूण्डला रेल सेक्शन के किलो मीटर 1157 13.15 रेलवे सम्पाक संख्या 28 बी रामनगर फाटक पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य का शिलान्यास है। उक्त अवसर पर पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व विधायक भरथना सावित्री कठेरिया, बढपुरा ब्लाक प्रमुख गणेश राजपूत, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी संजीव राजपूत, गोपाल मोहन शर्मा, शिवाकान्त चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष आदि सहित गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि व भारी संख्या में आम जन उपस्थित रहे।

इटावा टैक्सी आटो ई.रिक्शा यूनियन का हुआ गठन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। इटावा जिले के हजारों आटो और ई.रिक्शा चालकों की समस्याओं को देखते हुए सोमवार को आटो और ई. रिक्शा चालकों ने व्यापारी नेता आलोक दीक्षित, अखिलेश प्रधान एंव कामिल कुरैशी की उपस्थिति में इटावा आटो और ई-रिक्शा यूनियन का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मुख्तार अहमद ऊर्फबंटी मंसूरी को जिलाध्यक्ष, मनोज यादव को जिला महामंत्री, साकिर हुसैन को कोषाध्यक्ष एंव बेचे लाल चक को जिला सचिव बनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बंटी मंसूरी नें आटो चालकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम गरीब रिक्शा चालकों का आये दिन पुलिस एंव नगर पालिकाओं दारा उत्पीड़न किया जाता हैएनेतृत्व न होनें के कारण प्रशासन मनमानी योजनाएं हम पर थोपता रहता हैएहम लोग मेहनत मजदूरी कर अपनें परिवारों को पालते हैं एंव आम जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराते हैएकितने ही मरीजों की जान हम लोगों द्वारा बचायी जाती है फिर भी हम लोगों को प्रशासन और पुलिस हेय दृष्टि से देखते हुए नये.नये नियम हम पर थोपता रहता है। उन्होंने कहा कि आटो चालकों का कतई उत्पीड़न नहीं होनें दिया जायेगा। उनकी लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जायेगी।

जनपद के सभी अधिवक्ता सोमवार को भी रहे हड़ताल पर

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। जनपद हापुड़ में पुलिस प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं पर किये गये लाठी चार्ज के विरोध में सोमवार को भी जनपद के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से हड़ताल पर रहे।उक्त जानकारी डी.बी.ए. के मीडिया प्रभारी विवेक द्विवेदी एवं प्रदीप कुशवाह ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि बार कॉसिल ऑफ उवप्रवके आह्वान पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे एडवोकेट व महामंत्री राजेश कुमार सिंह यादव एवं सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता एडएमहामंत्री राजेश कुमार राजपूत के नेतृत्व में जनपद के समस्त अधिवक्ता कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने भरपूर सहयोग दिया सोमवार को किसी भी अधिवक्ता ने न्यायालयों में कार्य नहीं किया। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित कर तुरन्त प्रदेश भर में लागू किया जाये।

शेखर यादव बने प्राथमिक शिक्षक संघ के ज़िलाध्यक्ष

इटावा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी ने उ. प्राथमिक विद्यालय हीरापुर विकास खंड सैफई के शिक्षक चंद्रशेखर प्रताप सिंह शेखर यादव को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उक्त जानकारी जिलाध्यक्ष मनोनीत होने के बाद शेखर यादव ने दी। श्री यादव सैफई विकासखंड के छितौनी गांव के रहने वाले हैं। इससे पहले भी वह विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के जिला महामंत्री प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष एवं बेसिक शिक्षक संघ जैसे महत्वपूर्ण पदों पर काम करते रहे है।

समाजसेवियों ने जनहित में किया स्वैच्छिक रक्तदान

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। भारत विकास परिषद तुलसी द्वारा सेवा प्रकल्प के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन डॉ गीता श्रीवास्तव एवं डॉ अनुराग श्रीवास्तव की संयोजन में संपन्न हुआ।इस अवसर पर नगर के समाजसेवियों द्वारा जनहित में स्वैच्छिक रक्तदान किया गया।तुलसी शाखा के अध्यक्ष डॉ कैलाश ने सर्वप्रथम रक्तदान करते हुए अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित भी किया।उन्होंने रक्तदान करने से पूर्व कहा कि हम सभी जानते है कि हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से चार लोगो की जान बचाई जा सकती है इसीलिए रक्तदान को महादान कहा गया है। रक्तदान देकर आप लोगों की जान तो बचाते ही है साथ ही स्वयं को दर्जनों बीमारियों से कुछ हद तक मुक्ति भी पा लेते है। संयोजक डॉ गीता श्रीवास्तव ने कहा कि शिविर में 20 यूनिट रक्तदान किया गया।डॉ अनुराग ने बताया कि इस रक्तदान के अनेकों लाभ हैं जिन्हें देखते हुए परिषद ने इस शिविर का आयोजन किया है।उन्होंने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की संभावना में कमी, हृदयाघात की बीमारी की संभावना कमी, रक्त में जमा अन्य विजातीय द्रव्य से मुक्ति, नए खून का शरीर में प्रवाह होना, दिन भर थोड़े श्रम से ही आने वाली कमजोरी से निजात भी मिलती हैं इसीलिए रक्तदान को महादान और जीवन दान कहा गया है।इस शिविर को आयोजित किए जाने में रीज़न 2 के सेवा सचिव विवेक कुलश्रेष्ठ,पांचाल प्रांत के महासचिव संजय मिश्रा, सहित अन्य सेवा धारियों का सराहनीय सहयोग रहा। डॉ अनुराग ने कहा कि लोगों में यह भ्रांति है कि हम रक्तदान के योग्य नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम साल में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिए।

धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

इटावा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई । पुलिस लाइन के बहुउद्देशीय हॉल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा एवं धर्मपत्नी नीलम राय वर्मा की उपस्थिति में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों के परिवार के लोग शामिल हुए तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसमें बच्चों ने जमकर अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। भगती गानों पर बच्चों ने डांस किया गया।

प्रवेश की अंतिम तिथि 12 सितंबर कर दी गई है: प्राचार्य

इटावा। के के कालेज के प्राचार्य प्रोण् महेन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि के के कालेज में इन दिनों बीएएबीएससीए बीकॉम एएमए एएमएससीएएम कॉम में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इन कक्षाओं में प्रवेश हेतु कुछ सीटें रिक्त रह गई है। छात्र छात्राओं की सुविधा के लिए विश्विद्यालय ने नए प्रवेश हेतु विश्विद्यालय की वेबसाइट पर जाकर डब्लू आर एन करने अंतिम तिथि 12 सितंबर 2023 कर दी है।साथ ही प्रवेश की चेक इन प्रक्रिया पूर्ण कर अंतिम तिथि 15 सितंबर 23 कर दी गई है। प्रवेश के इच्छुक छात्र छात्राओं से अपेक्षा की जाती है।

बारिश भी नहीं तोड़ सकी किसानों के हौसले

मथुरा। भाकियू चढूंनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी के आह्वान पर किसानों की मांगों को लेकर मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर के नेतृत्व में जुलूस निकाल जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन कर ताकत दिखाई। एसडीएम वैभव गुप्ता ने प्रदर्शन कर रहे किसानों को समझाकर शांत किया। सोमवार को भाकियू चढूंनी के कार्यकर्त्ता टैंक चौराहे पर एकत्रित हुए। वहां से जुलुस निकाल कर प्रर्दशन करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर कूच किया। मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने कहा किसान लंबे समय से एमएसपी पर कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। केंद्र सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है। देश में युवाओं के सामने बेरोजगारी की गंभीर समस्या है। किसानों को उसकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है, आलू किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार खराब हो रही है दूसरी तरफ लागत मूल्य, खाद, बिजली, डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। प्रदेश सरकार किसानों का दोहन और शोषण करने से बाज नहीं आ रही है। सरकार एमएसपी पर कानूनी गारंटी दे वरना किसान अब सड़कों पर उतरकर सरकार का विरोध करेंगे। ज़िलाध्यक्ष रामफल सिंह तोमर ने कहा बाढ़ प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। 15 सितंबर से धान की सरकारी खरीद सुनिश्चित की जाए। आवारा निराश्रित गोवंश से स्थाई समाधान कराया जाय। फसल के समय विद्युत कटौती बंद हो, कम से कम 18 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जाए। नहर रजवाह सूखे पड़े हैं, सिल्ट सफाई कर टेल तक पानी की आपूर्ति की जाए। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की घोषणा को लागू किया जाए। जनपद में खारे पानी की गंभीर समस्या है, ग्रामीणों को भी मीठा पानी उपलब्ध कराया जाएं। फसल के समय किसानों को डीएपी यूरिया आदि समय पर उपलब्ध कराये जायें। खाद बीज की कालाबाजारी पर अंकुश लगाया जाए। बैंकों में किसानों व उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार भेदभाव शोषण व भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए। तहसील कार्यालयों में दाखिल खारिज खसरा मूल निवास प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस के नाम पर हो रहे शोषण को रोका जाए। कृषि मंडी स्थलों पर व्याप्त अव्यवस्था व भ्रष्टाचार को रोका जाए व किसान हित की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उद्यान विभाग में सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ आम किसानों को मिले ऐसी पारदर्शिता हो। चुनिंदा लोगों द्वारा किए जा रहे बंदरबांट पर रोक लगाई जाए। यमुना एक्सप्रेस वे के अंडर पास में भरे कीचड़ व पानी से निजात दिलाई जाए। यमुना एक्सप्रेस वे पर धार्मिक स्थलों को दर्शाने वाले स्थानों के बोर्ड वृंदावन से लेकर बलदेव तक लगाए जाएं।

केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में कृत्रिम गर्भाधान तकनीक

मथुरा। केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में कृत्रिम गर्भाधान तकनीक पर दिनांक 11 सितम्बर, 2023 सोमवार को पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में उड़ीसा से आये हुए, 20 पशु चिकित्सक अधिकारियों को बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा । इस कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. पी. के. यादव द्वारा किया गया। जिन्होंने उड़ीसा से 20प्रशिक्षणार्थियों को कृत्रिम गर्भाधान से होने वाले फायदों पर प्रकाश डाला, इसके साथ ही संस्थान के निदेशक डॉ. मनीष कुमार चेटली ने संस्थान में होने वाली विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों से परिचित कराया।

प्रारंभ हुआ बधाई गायान, दर्शकों का बना आकर्षण का केन्द्र

बूढी लीला महोत्सव का आयोजन होगा 24 से प्रारंभ

बरसाना(मथुरा) । अभी ब्रज में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उल्लास थमा नहीं है। इसी मध्य बाबा वृषभानजी की नगरी बरसाना में राधाष्टमी महोत्सव के आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। ब्रह्मगिरि पर्वत पर स्थित विश्व प्रसिद्ध लाड़लीजी मंदिर में 23 सितम्बर को राधाष्टमी का मुख्य आयोजन होगा। आज से मंदिर में गोस्वामी समाज के द्वारा राधा जन्म की बधाई समाज गायान प्रारंभ हो गई हैं। भाद्र कृष्ण पक्ष की एकादशी रविवार से लाडलीजी मंदिर में बधाई समाज गायन प्रारंभ हो गया। ब्रज की शैली में गाई जाने बधाईयों को सुनकर भक्त आनंदित हो रहे हैं। इनकी धुनों पर हर कोई नृत्य करने को उत्सुक दिखाई दिया। भक्तों ने आज रिमझिम वर्षा के मध्य गहवरवन की परिक्रमा लगाई और राधाजी के दर्शन किए। भाद्र शुक्ल पक्ष की दौज तिथि से मंदिर में दो बार बधाई और मंगल गायन होगा। सुबह चार बजे से छह बजे तक राधा जन्म का मंगल गायन होगा और शाम को बधाई गायन। यह क्रम राधाष्टमी तक चलेगा। 21 सितम्बर को राधाजी की प्रिय सखी ललिता जी के गांव उंचागांव में मध्यान्ह 12 बजे ललिताजी का जन्मोत्सव होगा। इसके आयोजन अष्टसखी मंदिर, लाडलीजी मंदिर में भी होंगे। शाम को नंदगांव से महाराज वृषभानजी को राधाजन्म की बधाई देने के लिए नंदगांव का ब्राह्मण समाज आएगा। शयन दर्शनों के बाद रात्रि को मंदिर में बंशी चोरी लीला का आयोजन होगा। 23 सितम्बर को रात्रि में ढाई बजे से मान सवासिन, नाईन, दाई के पदों का आयोजन होगा। उसके बाद भोर में साढे चार बजे बजे राधाजी का जन्मोत्सव वैदिक रीति के अनुसार मनाया जाएगा। सुबह10 बजे से वृषभानोत्सव और राधाजी का स्वर्ण पालने में दर्शन होंगे। इस अवसर पर बरसाना और नंदगांव वाले बधाई और ढाढिन के पद गाएंगे। शाम को पांच बजे मंदिर से राधा का डोला निकाला जाएगा। 24 सितम्बर से यहां के वन व आस पास के गांवों में ब्रज की बूढी लीलाओं का उत्सव प्रारंभ हो जाएगा। जिसके तहत 24 सितम्बर नवमी तिथि को मोरकुटी पर मयूर लीला का आयोजन होगा। शाम को गहवरवन में रास लीला का आयोजन होगा। 25 सितम्बर दशमी को विलासगढ पर रासविलास लीला, झूला लीला, शंकर लीला का आयोजन होगा। 26 सितम्बर एकादशी को प्रात- बरसाना की कुंजों में माखन चोरी लीला, दोपहर में सांकरी गली में चोटी बंधन लीला, शाम को गाजीपुर के प्रेम सरोवर में डोंगा लीला, 27 सितम्बर द्वादशी को उंचागांव में ललिताजी का श्रीकृष्ण के साथ विवाह उत्सव, शाम को प्रियाकुंड में डोंगा लीला का आयोजन होगा। 28 सितम्बर को प्रात- राधाजी का छटी उत्सव का आयोजन होगा। जिसके तहत सुदामा चौक स्थित वृषभानजी मंदिर में छटी पूजन और बधाई गायन होगा। प्रातः 10 बजे सांकरी खोर में दानलीला का आयोजन होगा और उसके बाद दोपहर में कुश्ती दंगल होगा।

ऑस्ट्रेलिया से आए प्रवासी भारतीय भक्तों ने यमुनाजी को उढाई चुनरी

मथुरा। ऑस्ट्रेलिया से ब्रज में आए प्रवासी भारतीय भक्तों द्वारा द्वारा यमुना महारानी का चुनरी मनोरथ आयोजित करके चूनरी उढाई गई। अनुष्ठान के प्रेरक व धर्म सलाहकार पंडित अमित भारद्वाज के निर्देशन में व पंडित शशांक पाठक के आचार्यत्व में वेदज्ञ विद्वानों द्वारा ऑस्ट्रेलिया निवासी मुख्य मनोरथी प्रमिला चंद्रा, सिडनी निवासी रोशनी शर्मा, ओम वेद विद्यालय वृन्दावन के संस्थापक आचार्य शिवओम गौड़ शास्त्री ने यमुना महारानी का वेदोक्त रीति से पूजन अर्चन व दुग्धाभिषेक किया। तत्पश्चात यमुना महारानी को 51साड़ियों की चुनरी ओढ़ाई गई। साथ ही ब्रज के विद्वानों की सन्निधि में विशेष पूजा में यमुना जी को साड़ी, श्रृंगार की सामिग्री, स्वर्ण रजत आभूषण व भेंट अर्पित कर भोग लगाया गया।

आपदाओं से बचाव के उपाय अब आपके मोबाइल पर

मथुरा । जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मथुरा द्वारा आपदाओं से होने वाली जनहानि के रोकथाम, न्यूनकीकरण तथा आम जन-मानस में आपदाओं से बचाव के उपायों को साँझा करने हेतु विजिटल माध्यम से भूकंप, आकाशीय बिजली, सर्पदंश एवं बाढ़ से बचाव के उपायों को संकलित कर एक क्त्रकोड के माध्यम से प्रेषित किया है। इस कोड को कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल से स्कैन कर आपदाओं से बचाव के उपायों को अपने मोबाइल पर ही जान सकता है. इस सम्बन्ध में अवगत कराया गया की जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विभिन माध्यमों से आपदाओं से हो रही जनहानि को जागरूकता से रोकने व न्यूनीकरण करने हेतु जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। उसी श्रृंखला में यह कोड विकसित किया गया है तथा यह भी अवगत कराया गया की प्राधिकरण द्वारा विद्यार्थियों के लिए एक ई-चित्रकला बुक भी विकसित की गयी हैं जिससे चित्रकला के माध्यम से भूकंप, अग्निकांड जैसी आपदाओं से बचाव के बारे में जान सके। इस ई बुकलेट को जनपद के सभी स्मार्ट क्लास संचालित स्कूल में उपलब्ध कराने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश पारित कर दिए गए है। प्राधिकरण द्वारा डिजिटल माध्यम से जागरूकता फैलाने का उदेश्य यह है की आज प्रत्येक व्यक्ति के पास मोबाइल है तथा इस संचार क्रांति का लाभ उठाते हुए आपदा जैसा महत्वपूर्ण विषय के बारे में जागरूकता फैलाना डिजिटल माध्यम से आसान होगा तथा ज्यादा से ज्यादा व्यक्ति इस पहल से जागरूक हो सकेंगे। ÷श्री सुशील कुमार, आपदा विशेषज्ञ, मथुरा÷ द्वारा यह भी आग्रह किया गया की प्रत्येक नागरिक दामिनी व सचेत ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करें व अपने परिचित लोगो को भी इस ऐप को डाउनलोड करने के लिए जागरूक करें जिससे प्रत्येक जनपद वासी को मौसम पूर्व चेतावनी मिल सके। प्रशासन एवं जन-मानस के संयुक्त प्रयासों द्वारा आपदाओं से होने वाली हानि को कम किया जा सकता है।

राघव दुबे रघु को किया गया सम्मानित

इटावा अवधनामा ब्यूरो। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में मधुशाला प्रकाशन, भरतपुर राजस्थान व कभीकवि संस्था, मुंबई द्वारा युवा लेखक राघव दुबे रघु को काव्यरश्मि सम्मान-2023 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट गीत के लिए,डॉ अमिता दुबे प्रधान संपादक हिन्दी संस्थान व अनिल मिश्र द्वारा पूरे देश से आए हुए साहित्यकारों के समक्ष, निराला सभागार में प्रदान किया गया। बाबू गुलाब राय और सरस्वती पत्रिका के संपादक रहे भैया जी श्री नारायण चतुर्वेदी की जन्मस्थली इटावा से गद्य साहित्य के क्षेत्र में कुमार सम्भव,डॉ दिनेश पालीवाल,डॉ कुश चतुर्वेदी और शिव अवतार पाल जैसे साहित्य साधकों के बाद इस नयी कलम से सभी को बड़ी आशाएँ है।

अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

गोवर्धन(मथुरा) । में गृह कलेश से तंग आकर एक अधेड़ आत्महत्या करने के लिए ट्रेन के आगे कूद गया। जिससे जान तो नहीं गई लेकिन एक पैर कटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल अधेड़ को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गृह कलेश से तंग अधेड़ व्यक्ति जय प्रकाश निवासी जुरेरहरा थाना कामां राजस्थान से आत्महत्या करने नीमगांव रलवे स्टेशन गोवर्धन पहुंच गया। यहां अग्रसेन स्कूल के निकट अलवर से आ रही पैसेंजर ट्रेन के आगे कूद गया। जिससे ट्रेन की चपेट में आने से एक पैर कट गया। अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया।

शहीदों के परिवारजन किये गये सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। भरथना रोड पर स्थित एक पैलेस में गति वर्षों की भांति इस वर्ष भी भारतीय पूर्व सैनिक लीग का वार्षिक समारोह जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर रघुराज सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि ज्योति गुप्ता वाइफ ऑफ श्री कुलदीप गुप्ता अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ,विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य सत्यवान यादव, सामाजिक विकास समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष सिपाही राम यादव जी एवं स्वतंत्रता सेनानीध्समाज उत्थान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. हरिशंकर पटेल मौजूद रहे एकार्यक्रम में जिला के सभी शहीद परिजनों को सम्मानित किया गया जिसमें 1962 65 71 की लड़ाई में हुए शहीद परिजन जिसमें शाहिद श्री दरबारी लाल यादव की पत्नी श्रीमती कंठ श्री शाहिद विश्राम सिंह यादव जी की पत्नी श्रीमती उर्मिला देवी शाहिद श्री सुरेश चंद्र शुक्ला की पत्नी श्रीमती ब्रजराज किशोरी शाहिद श्री गुरपाल सिंह की पुत्रवधू श्रीमती राजकुमारी शाहिद श्री नितिन यादव के पिता श्री बलबीर सिंह यादव जी शाहिद संदीप सिंह परिहार की पत्नी श्रीमती राधा देवी पुलवामा शहीद श्री राम वकील की पत्नी श्रीमती गीता देवी को भारतीय पूर्व सैनिक लीग के प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया पूर्व सैनिकों ने नगर पालिका अध्यक्ष के सामने निम्न मांगे रखी नंबर 1 जलकर गृह कर माफ करना नंबर दो इटावा के अंदर शाहिद पार्क का निर्माण करवाना जिस पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने पूर्ण रूप से भरोसा दिलाया।

कि आपकी मांगों को जरूर पूरा करने की कोशिश करूंगी जिला इटावा महामंत्री श्री कृपाल सिंह कोषाध्यक्ष श्री बृजेश सिंह उपाध्यक्ष श्री लाइक सिंह श्री श्याम वीर सिंह श्री सहदेव सिंह श्री रणवीर सिंह श्री गजराज सिंह श्री रघुराज सिंह श्री जितेंद्र यादव श्री रामदास यादव एवं समस्त तहसीलों से तहसील चकरनगर तहसील ताखा तहसील भरथना तहसील जसवंत नगर तहसील सैफई ब्लॉक बाडपुरा ब्लॉक महेवा से भारी संख्या में पूर्व सैनिकों ने हिस्सा लिया।तहसील अध्यक्ष अनिल कुमार नेम सिंह यादव राम विलास यादव श्री श्री चंद पाल सुरेंद्र पाल सिंह बृजमोहन यादव पूर्व प्रधान शीशपाल सिंह श्री राम अवतार श्री एसपी सिंह सुनील शर्मा हरिओम यादव नारायण यादव भुवनेश यादव विजयपाल सिंह राजीव कुमार विनोद कुमार एवं समस्त जिला के पूर्व सैनिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया अंत में भारत माता की जय घोष के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

शाहरुख खान की जवान को लेकर बांग्लादेश में हुआ विरोध प्रदर्शन

शाहरुख खान जवान के साथ अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। पिछले शुक्रवार को देशभर में इस फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग खोली गईं, और प्रशंसकों ने अपनी सीटें सुरक्षित करने में जरा भी कोताही नहीं बरती। अग्रिम बुकिंग में यह फिल्म हर गुजरते दिन के साथ नए रिकॉर्ड बना रही है। हर तरफ शाहरुख खान की फिल्म का बज है, लेकिन बांग्लादेश में इस फिल्म को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। तो चलिए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है।

बांग्लादेश में बॉलीवुड फिल्म जवान की रिलीज से स्थानीय फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। आलोचकों का सवाल है कि SAFTA समझौते के तहत खराब प्रदर्शन करने वाली स्थानीय फिल्मों को हाई बजट वाली बॉलीवुड फिल्मों से क्यों बदला जा रहा है। उनका कहना है कि हम अपने देश की फिल्मों को स्थगित कर के विदेशी फिल्मों को अपने सिनेमाघरों में क्यों रिलीज कर रहे हैं।

ऐसे तो बांग्लादेश सिनेमा इंडस्ट्री पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा। बांग्लादेश में शाहरुख खान की एक्शन से भरपूर फिल्म जवान ने इंडस्ट्री में गृह युद्ध छेड़ दी है। बांग्लादेशी सिनेमा ने हाल के वर्षों में जबरदस्त विकास देखा है। हवा, पोरन, प्रियोटोमा और शूरोंगो जैसी प्रशंसित फिल्में बनी हैं, जो न केवल घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं बल्कि वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर भी अपना प्रभाव भी डाला है। अब ऐसे में च्जवानज् के साथ दो बांग्लादेशी फिल्में शेड्यूल की गई थीं, जिसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। दोनों फिल्में 8 सितंबर को रिलीज होने वाली थीं, लेकिन अब इसे स्थगित कर दिया गया है। इस कदम से स्थानीय इंडस्ट्री पर विदेशी फिल्मों के प्रभाव के बारे में चर्चा छिड़ गई है। अब ऐसे में देखना है कि शाहरुख की जवान तय डेट पर बांग्लादेश में रिलीज होती है कि नहीं। बता दें कि यह फिल्म 7 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

अनारकली सूट में नुसरत भरुचा ने बिखेरा अपने हुसन का जलवा

दमदार अवतार में नजर आईं अभिनेत्री करीना कपूर

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। आज यानी पांच सितंबर को एक्ट्रेस की बहुप्रतीक्षित थ्रिलर फिल्म जाने जान का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। सुजॉय घोष के निर्देशन में बनी इस फिल्म में जयदीप अहलावत और विजय वर्मा भी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। जाने जान को 21 सितंबर नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा।

करीना कपूर स्टारर यह फिल्म रहस्यमयी उपन्यास द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स पर आधारित है। जारी किए गए ट्रेलर में एक्ट्रेस माया की भूमिका में नजर आ रही हैं। वहीं, नरेन के किरदार में जयदीप अहलावत दर्शकों का दिल जीत रहे हैं और लस्ट स्टोरीज 2 एक्टर विजय वर्मा करण की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के बारे में बात करते हुए, निर्देशक और लेखक सुजॉय घोष कहते हैं, च्मैं बहुत उत्साहित हूं कि दर्शकों को आखिरकार जाने जान की एक झलक देखने को मिलेगी, यह फिल्म मेरे दिल के बेहद करीब है।

विजय फिल्म की सफलता पर बांटेंगे खुशी

कमाई से एक करोड़ रुपये देकर करेंगे 100 परिवारों की मदद



साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म खुशी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसके साथ ही वह अपने करियर में एक रोमांचक दौर से गुजर रहे हैं। विजय और सामंथा की फिल्म %खुशी% बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई है। अपनी फिल्म की सफलता पर अभिनेता विजय काफी खुश हैं। खुशी पांच साल बाद उनकी पहली हिट है। इसे और खास बनाने के लिए उन्होंने अपने प्रशंसकों से एक बड़ा वादा किया है। अभिनेता ने विजाग में खुशी के सफलता समारोह में भाग लिया और खुशी की कमाई में से एक करोड़ रुपये 100 परिवारों को देने का वादा किया।

विशाखापत्तनम में चार सितंबर को खुशी की सफलता का जश्न मानाने के लिए विशाखापत्तनम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें फिल्म के अभिनेता विजय देवरकोंडा ने भी भाग लिया। इस दौरान उन्होंने फिल्म को इतना प्यार देने के लिए फैंस का धन्यवाद किया। उन्होंने खुलासा किया कि वह अपनी फिल्म की कमाई से जरूरतमंद परिवारों को एक करोड़ रुपये दान करेंगे। उन्होंने कहा कि वह अपने प्रशंसकों के साथ %खुशी% मनाना चाहते हैं और 100 परिवारों को एक-एक लाख रुपये का चेक देंगे। अभिनेता ने यह भी कहा कि इन परिवारों की सूची आज जारी की जाएगी। प्रशंसकों और दर्शकों के प्यार के कारण हमें ये संख्याएं और सफलता मिल रही है। इस सफलता का कारण आप ही हैं। आप सभी चाहते हैं कि मैं जीतूं और मेरी फिल्में सफल हों। अगर, मेरी फिल्में फ्लॉप होती हैं तो वे दुखी होते हैं, अगर मेरी फिल्म हिट होती है तो वे खुश होते हैं। मैं इस मंच से कह रहा हूं। अब से मैं अपने परिवार के साथ सौ फीसदी आपके लिए काम करूंगा। आपको हमेशा मुस्कुराना चाहिए। मैं आप सभी के साथ खुशी साझा करना चाहता हूं। मुझे आपकी मुस्कान देखनी है, कुछ तो करना ही पड़ेगा। मैं आप सभी से व्यक्तिगत रूप से नहीं मिल सकता। मैं अपनी खुशी की कमाई से एक करोड़ रुपये अपने परिवार को दे रहा हूं, ताकि तुम अपनी खुशी तुम्हारे साथ बांट सको। मैं जल्द ही एक सौ परिवारों का चयन कर प्रत्येक परिवार को एक लाख रुपये का चेक दूंगा। मैं अपनी कमाई के साथ-साथ अपनी खुशियां भी आपके साथ साझा करूंगा। उन्होंने आगे कहा, ÷मैं कल अपने सोशल मीडिया पेज पर एक फॉर्म साझा करूंगा। मैं अभी भी कोई योजना लेकर नहीं आया हूं। मैं फॉर्म का नाम %स्प्रेडिंग खुशी% या %देवरा फैमिली% रखूंगा और इसे भेजूंगा। अगर पैसा मदद करता है लोग अपना किराया या फीस या कुछ भी भुगतान करें, मुझे खुशी होगी। हम अगले 10 दिनों में हैदराबाद में खुशी की सफलता का जश्न मनाएंगे। उससे पहले मैं इसे पूरा करने की कोशिश करूंगा और 100 परिवारों की मदद करूंगा। एक बार मैं इसे पूरा करूं, मैं सफलता का सही मायने में आनंद ले सकूंगा।

सुष्मिता से ब्रेकअप के बाद ललित मोदी को मिला नया हमसफर

आईपीएल के फाउंडर और मशहूर बिजनेसमैन ललित मोदी ने पिछले साल सुष्मिता सेन के साथ रिलेशनशिप का खुलासा किया था। उन्होंने एक्ट्रेस के साथ कई कोजी तस्वीरें भी शेयर की थीं लेकिन सुष्मिता ने रिश्ते पर चुप्पी साधे रखी थी। हालांकि ये रिश्ता ज्यादा वक्त तक नहीं चला और अब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ललित मोदी को दोबारा प्यार मिल गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, करोड़ों का घपला कर भारत से फरार हुए ललित मोदी इन दिनों सुपरमॉडल उज्ज्वला राउत को डेट कर रहे हैं। दरअसल, कई मीडिया रिपोर्ट्स में सुपरमॉडल उज्जवला राउत को ललित मोदी की गर्लफ्रेंड बताया गया है। वहीं, दोनों के अफेयर की खबरें इन दिनों सुर्खियों में हैं और सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है।

दरअसल सोमवार को फेमस वकील और इंडिया के पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे ने तीसरी शादी की थी। साल्वे और उनकी नई पत्नी ट्रिना ने लंदन में एक रिसेप्शन पार्टी होस्ट की जिसमें कई बड़ी हस्तियां शामिल हुई थी। वहीं जैसे ही फंक्शन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई वैसे ही एक तस्वीर ने कई लोगों का ध्यान खींचा। बता दें कि ललित मोदी का अफेयर बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन के साथ भी रहा है। एक्ट्रेस के लिए ललित अपने सोशल मीडिया पर खूब पोस्ट भी करते हैं, लेकिन अब उन्होंने अचानक से ही सुष्मिता से जुड़ी हर पोस्ट को रिमूव कर दिया है। वहीं, अगर उज्ज्वला राउत की बात करें तो

उज्जवला 90 के दशक की ओरिजनल सुपर मॉडल में से एक थीं और 45 साल की है। साल 1978 में उज्ज्वला राउत का जन्म हुआ था और उनके पिता मुंबई पुलिस में पूर्व डिप्टी कमिश्नर थे। इसके साथ ही अगर उज्ज्वला की पर्सनल लाइफ को लेकर बात करें तो उन्होंने जून 2004 में स्कॉटिश फिल्म मेकर मैक्सवेल स्टेरी से शादी रचाई थी और साल 2011 में दोनों ने तलाक ले लिया था। बता दें कि उज्ज्वला राउत की काशा नाम की एक बेटी भी है।

दादा की बायोपिक में नजर आएंगे आयुष्मान खुराना! खुद किया खुलासा

आयुष्मान खुराना इन दिनों फिल्म ड्रीम गर्ल 2 को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस बीच खबर आई है कि एक्टर जल्द ही सौरव गांगुली की बायोपिक में नजर आएंगे। इस बारे में हाल ही में खुद आयुष्मान ने प्रतिक्रिया दी है। आयुष्मान ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान ओएमजी 2, गदर 2 और ड्रीम गर्ल 2 की बॉक्स ऑफिस सफलता से लेकर अन्य कई मुद्दों पर भी बात की।

बातचीत के दौरान आयुष्मान से जब सौरव गांगुली की बायोपिक का जिक्र छेड़ा गया और पूछा गया कि क्या यह सच है? इस पर एक्टर ने कहा वह फिलहाल इस बारे में कुछ नहीं कहेंगे। हालांकि, इसके बारे में जल्द ही आधिकारिक एलान किया जाएगा, अगर इस प्रोजेक्ट पर काम होता है तो। बता दें कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि आयुष्मान सौरव गांगुली की बायोपिक में उनका रोल अदा करते दिखेंगे। फिल्म पर इसी साल दिसंबर से काम शुरू होगा। पहले दादा की बायोपिक में रणबीर कपूर के लीड रोल में नजर आने की चर्चा थी। फिर कार्तिक आर्यन का नाम भी सामने आया। लेकिन अब खबर आ रही है कि मेकर्स ने आयुष्मान खुराना के नाम पर मुहर लगा दी है। बात करें ड्रीम गर्ल 2 की तो 25 अगस्त को रिलीज हुई इस फिल्म में अनन्या पांडे भी नजर आई हैं। यह फिल्म 2019 में आई आयुष्मान की ही फिल्म ड्रीम गर्ल की सीक्वल है। यूं तो इन दिनों गदर 2 का दबदबा है, लेकिन इसके बीच भी ड्रीम गर्ल 2 दर्शकों को आकर्षित करने में कामयाब हो रही है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म का कलेक्शन अब तक 91.76 करोड़ हो चुका है।

शक्ति के पुनर्जन्म से तारकासुर की हवा खराब

धारावाहिक च्शिव शक्ति-तप त्याग तांडव का जैसे जैसे विस्तार हो रहा है। इस धारावाहिक में नए नए कलाकारों की एंट्री हो रही है। शिव की महिमा पर अब तक कई धारावाहिकों का निर्माण हो चुका है जिसमें से %देवों के देव महादेव% को खूब पसंद किया गया। इस धारावाहिक में शिव की भूमिका मोहित रैना और पार्वती की भूमिका सोनारिका भदौरिया ने निभाई थी। वहीं च्शिव शक्ति-तप त्याग तांडवज् में पार्वती की भूमिका में जम्मू कश्मीर के सांबा की रहने वाली सुभा राजपूत नजर आएंगी। धारावाहिक में गंगा की भूमिका प्राची बंसल को मिली है।

शिव की महिमा पर बना धारावाहिक च्शिव शक्ति-तप त्याग तांडवज् में प्रेम, कर्तव्य और बलिदान की दिव्य कहानी दिखाई जा रही है। इस धारावाहिक में भगवान शिव की भूमिका राम यशवर्धन और देवी शक्ति के रूप में सुभा राजपूत के काम को दर्शकों ने खूब पसंद किया। आने वाले एपिसोड में अब सती का पुनर्जन्म होगा जिसमें पार्वती की भूमिका में भी सुभा राजपूत ही नजर आएगी। जैसे-जैसे शो की कहानी आगे बढ़ती है, अब इसमें सुभा राजपूत के पार्वती की भूमिका का विस्तार होगा। आने वाले एपिसोड में दिखाया जाएगा कि तारकासुर भगवान ब्रह्मा की तपस्या करता है। उसके समर्पण भाव से प्रसन्न होकर भगवान ब्रह्मा उसके सामने प्रकट होकर वरदान मांगने को कहते हैं। तारकासुर वरदान मांगता है कि केवल भगवान शिव का पुत्र ही उसे मार सकता है। दूसरी ओर आदिशक्ति देवताओं से कहती हैं कि वह हिमावन और मैनावती से जन्म लेगी। ध्यान में

लीन भगवान शिव को आभास होता है कि शक्ति का पुनर्जन्म होने वाला है। अपनी मृत्यु से भयभीत तारकासुर सभी नवजात शिशुओं को मारने का आदेश देता है।

इन जटिल बाधाओं के बावजूद पार्वती वयस्क हो गई है और प्रेम, कर्तव्य और बलिदान की अपनी शाश्वत यात्रा पर निकल पड़ती है। पार्वती के जन्म से ब्रह्मांड में ऊर्जा का संतुलन कैसे बनेगा? वही अब इस शो में गंगा का भी अवतार देखने को मिलेगा। इस सीरियल में गंगा की भूमिका अभिनेत्री प्राची बंसल निभा रही हैं। इसकी वर्तमान कहानी में तारकासुर, इंद्र और देवताओं को परास्त करने और स्वर्ग लोक पर अपना अधिकार हासिल करने के लिए शक्ति प्राप्त करने के लिए तपस्या कर रहा है। अंशुमान के पोते भागीरथ ने कठोर तपस्या करके ब्रह्मा और शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। ब्रह्मा ने गंगा को पृथ्वी पर उतरने की अनुमति दी, जबकि शिव ने अपनी विशाल जटाओं में उन्हें धारण किया ताकि वह अपनी शक्ति से पृथ्वी को खंडित न कर दे। गंगा की भूमिका निभा रही प्राची बंसल कहती हैं, च्पवित्र गंगा के किरदार को निभाना अत्यंत सम्मान की बात है। जैसे उनके जल ने अनगिनत आत्माओं को पवित्र किया है, वैसे ही वह अब मेरी जीवन यात्रा का हिस्सा बन गई हैं। यह भूमिका केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि मेरे लिए बड़ा उत्तरदायित्व भी है। एक अभिनेत्री के रूप में यह मेरे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

गोविंदा-ममता कुलकर्णी को चाहते थे अनिल

बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल इन दिनों अपनी फिल्म गदर 2 को लेकर काफी चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रिकॉर्ड तोड़ रही है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने अब तक 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म की लीड एक्ट्रेस अमीषा पटेल अपने बयानों की वजह से काफी सुर्खियां बटोर रही हैं। एक तरफ जहां अनिल शर्मा के साथ उनकी जुबानी जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही। तो वहीं, दूसरी ओर एक बार फिर अमीषा ने अनिल शर्मा को लेकर नया खुलासा किया है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में अमीषा ने गदर और अनिल शर्मा के बारे में खुलकर बात की। अमीषा ने कहा, च्मेरे लिए गदर हमेशा सनी के बारे में और जी के लिए था। सच बात तो यह है कि श्री नितिन केनी ही मेरे च्गदर 1ज् में होने का कारण थे। उस समय अनिल शर्मा ने मेरी जगह ममता कुलकर्णी को प्राथमिकता दी थी। अनिल शर्मा तारा के रूप में गोविंदा को चाहते थे, लेकिन जी सनी देओल को चाहते थे। अमीषा ने आगे कहा, च्फिल्म की स्क्रिप्ट शक्तिमान जी द्वारा लिखी गई थी। जैसा कि अनिल जी हमेशा कहते हैं।

अश्लील भोजपुरी गाना गाने को लेकर अक्सर ट्रोल होते हैं गायक

भोजपुरी फिल्मों के साथ साथ गाने का भी खुमार लोगों पर खूब चढ़ा रहता है। भोजपुरी इंडस्ट्री में कोई भी नया गाना आते ही वायरल हो जाता है। करोड़ों लोग उसे देखते हैं और पसंद करते हैं। यहां तक कि कई भोजपुरी गाने ट्रेंड के साथ पार्टियों की जान तक बन जाते हैं। ऐसे गाने लोगों की जुबान पर चढ़े रहते हैं। वहीं, इंडस्ट्री में कुछ गाने ऐसे भी हैं, जो अश्लीलता फैलाने का काम करते हैं। इन गानों के बोल बेहद ही अश्लील होते हैं, जिन्हें आप अपने परिवार के सामने नहीं बजा सकते हैं। इन गानों को गाने वाले गायक कई बार यूजर्स के निशाने पर आ चुके हैं। कुछ गायकों के खिलाफ तो अश्लील गाना गाने के आरोप में केस भी दर्ज हो चुके हैं।

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम भोजपुरी इंडस्ट्री के सलमान खान कहे जाने वाले अभिनेता और गायक पवन सिंह का आता है। भोजपुरी फिल्मों में दमदार अदाकारी के साथ साथ पवन सिंह ने एक से बढ़कर एक सुपरहिट गाने दिए हैं। पवन सिंह के गानों पर ताबड़तोड़ व्यूज मिलते हैं। उनका गाना आते ही इंटरनेट पर वायरल हो जाता है, लेकिन कई बार वह अपने गाने को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल भी हो चुके हैं। पवन सिंह अपने गाने राते दिया बुता के पिया क्या क्या किया के लिए यूजर्स के निशाने पर आ चुके हैं। यूजर्स का कहना था कि पवन ने अश्लील गाना गाया है, इससे समाज पर गलत असर पड़ता है। इस लिस्ट में अगला नाम भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव का आता है। खेसारी एक्टिंग के अलावा गायकी में भी अपना परचम लहरा चुके हैं। अपने गानों को लेकर खेसारी न केवल ट्रोल हुए, बल्कि उन पर केस तक दर्ज हो चुका है। कई गानों को लेकर खेसारी ट्रोल हुए हैं। सनातन सेवा फाउंडेशन के प्रमुख सुजीत सिंह ने मुंबई में खेसारी लाल के खिलाफ एक केस दर्ज कराया था। खेसारी पर आरोप था कि वह पैसे कमाने के लिए अपने गानों में अश्लीलता परोसते हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में खेसारी लाल यादव के गाने %चाची के बाची सपनवां में

आती है% का उदाहरण दिया था। सुजीत सिंह ने खेसारी लाल यादव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी।<इस लिस्ट में अगला नंबर भोजपुरी गायक राकेश मिश्रा का है। राकेश मिश्रा भी इंडस्ट्री को कई सुपरहिट गाने दे चुके हैं। राकेश मिश्रा द्वारा गाए हुए कुछ गाने ऐसे हैं, जिन्हें परिवार के साथ बैठकर सुना नहीं जा सकता। अश्लील गाना गाने को लेकर उन्हें यूजर्स ने ट्रोल भी किया है। उनका एक सुपरहिट गाना राजा तनी जाई न बहरिया दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय हुआ था। वहीं, एक समुदाय द्वारा उन्हें ट्रोल भी किया गया था। कहा गया था कि इस गाने के बोल अश्लील हैं। चंदन चंचल के भोजपुरी गाने देवरा ढोढ़ी चटना बा का लोगों ने खूब विरोध किया था। इसको लेकर गायक बुरी तरह ट्रोल हुए थे। इसके विरोध में लोग सड़कों पर उतर आए थे और भोजपुरी से अश्लीलता को खत्म करने के लिए आंदोलन करने तक की धमकी देने लगे थे। लोगों ने कहा था कि ऐसे गाने गा कर गायक भोजपुरी को बदनाम कर रहे हैं। लोग इस कदर आक्रोशित हो गए थे कि चंदन के घर जाकर उनके पिता से पूछा गया कि आपके बेटे ने जो गाना गया है वो

ठीक है? कोई देवर अपनी भाभी का ढोढ़ी चाटता है क्या? इसके जवाब ने उनके पिता ने भी इस गाने को अश्लील बताया था। इसके अलावा गायक की भाभी से भी यही सवाल किया गया था। उन्होंने भी इसे अश्लील बताया था। भोजपुरी की बेहतरीन गायिकाओं में से एक प्रियंका अंतरा का नाम भी इस लिस्ट में शुमार है। उन्होंने कई ऐसे गाने गाए हैं, जिन पर लोगों को आपत्ति हुई है। भोजपुरी इंडस्ट्री में अश्लील गाना गाने वाले लोगों में प्रियंका की भी गिनती होती है। कई बार वह अपने गाने और उनके गाने में बोल को लेकर ट्रोल हो चुकी हैं। भोजपुरी गायक प्रमोद प्रेमी यादव के ज्यादातर भोजपुरी गाने अश्लील ही होते हैं। उनके जरिए गाए हुए गाने में अक्सर अश्लील बोल भरे होते हैं, जिन्हें आप न परिवार के सामने बजा सकते हैं और न ही किसी पार्टी फंक्शन में। प्रमोद प्रेमी अपने कई गाने और उनके शीर्षक को लेकर काफी ट्रोल हो चुके हैं।

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा आर्थिक गतिविधियों को तेजी से बढ़ाएगाः ईईपीसी इंडिया

कोलकाता। भारतीय इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल इंडिया ने सोमवार (11 सितंबर) को कहा, जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा एक गेम-चेंजर परियोजना साबित होगी और वैश्विक व्यापार, इंजीनियरिंग निर्यात को भारी गति देगी। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि यह गलियारा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को और अधिक लचीला बनाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य भारत को समुद्र और बंदरगाह के जरिए मध्य पूर्व के रास्ते से यूरोप से जोड़ना है।

गरोडिया ने एक बयान में कहा, यह महाद्वीपों में वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही को नए सिरे से परिभाषित करेगा क्योंकि इससे लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आएगी और शिपमेंट की डिलीवरी जल्दी होगी। उन्होंने कहा कि भारत के इंजीनियरिंग निर्यात क्षेत्र के लिए, मध्य पूर्व और यूरोप दोनों प्रमुख बाजार हैं। इस पैमाने का यहां परिवहन बुनियादी ढांचा होने से

लचीला

« ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि यह गलियारा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को और अधिक लचीला बनाएगा।

वैश्विक स्तर पर इसकी प्रतिस्पर्धा में काफी बढ़ोत्तरी होगी।

अरुण गरोडिया ने आगे कहा कि इस परिवर्तनकारी परियोजना में निवेश से आर्थिक गतिविधियों को काफी बढ़ावा मिलेगा। नई नौकरियां पैदा होंगी और सबसे जरूरी बात यह है कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी। बता दें कि 9 सितंबर को ही भारत, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब,

फ्रांस, जर्मनी, इटली और यूरोपीय संघ ने भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किया। नए आर्थिक गलियारे को चीन-पाकिस्तान बेल्ट और रोड पहल के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। ईईपीसी इंडिया ने कहा कि जी20 में अफ्रीकी संघ को शामिल करना और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की घोषणा अन्य दो ऐतिहासिक घटनाक्रम हैं जो व्यापार और निवेश पर सकारात्मक प्रभाव डालेंगे और स्थायी विकास का रास्ता तैयार करने में मदद करेंगे। गरोडिया ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की जी20 अध्यक्षता ने शानदार परिणाम दिए हैं।

एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के सदस्यों को सुप्रीम कोर्ट से राहत, मणिपुर पुलिस को दिया कार्रवाई नहीं करने का निर्देश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के चार सदस्यों के खिलाफ मणिपुर में दर्ज दो मामले में गिरफ्तारी से सुरक्षा बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर पुलिस से एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के सदस्यों के खिलाफ दर्ज मामले के संबंध कोई सख्त नहीं उठाने का निर्देश दिया है। बता दें कि चार सदस्यों के खिलाफ मणिपुर में दो मामले दर्ज किए गए थे। इन मामलों में कार्रवाई को लेकर उन्होंने सुरक्षा की मांग की थी। CJI डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि वह एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया की याचिका पर छह सितंबर को पारित आदेश के लागू रहने की अवधि शुक्रवार तक बढ़ाती है। इस मामले में आगे सुनवाई शुक्रवार से होगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में मणिपुर सरकार का पक्ष रखा।

भारत और ब्रिटेन के संबंधों को बढ़ावा देगा एफटीए दोनों पक्षों ने जल्द शुरू करने पर दिया जोर

नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन के बीच 12वीं आर्थिक और वित्तीय वार्ता हुई। जिसमें ब्रिटेन के चांसलर ऑफ एक्सचेकर जेरेमी हंट और भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर बातचीत की। सोमवार को हुए इस बैठक में दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को शीघ्र पूरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

ब्रिटेन के चांसलर ऑफ एक्सचेकर जेरेमी हंट के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि दोनों पक्ष मुक्त व्यापार समझौते में तेजी लाने का इरादा रखते हैं। वार्ता के समापन पर उन्होंने कहा, निश्चित रूप से एफटीए पर कुछ चर्चा हुई है...दोनों पक्षों के लिए मुख्य बात यह है कि इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए। जेरेमी हंट ने लंदन स्टॉक एक्सचेंज में भारतीय कंपनियों की सीधी लिस्टिंग के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इसपे आगे कहा कि ÷हम भारत की पहली पुष्टि

के साथ एक बड़ा कदम आगे बढ़ाकर विशेष रूप से प्रसन्न हैं कि वह एलएसई को एक अंतरराष्ट्रीय लिस्टिंग गंतव्य के रूप में मानेगा।

इस बैठक को लेकर ब्रिटेन के चांसलर ऑफ एक्सचेकर जेरेमी हंट ने सोशल मीडिया एक्स (जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था पर ट्वीट किया है। ट्वीट में उन्होंने भारत को एक प्रमुख वैश्विक सहयोगी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बताया। सीतारमण ने बैठक में कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और भारत का नया डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां दोनों देशों को सुरक्षित और समावेशी वित्तीय मध्यस्थता के लिए ढांचे पर सहयोग करने के पर्याप्त अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने आगे कहा, ÷भारत-यूके ग्रीन ग्रोथ इक्विटी फंड की सफलता बड़े पैमाने पर टिकाऊ वित्त को प्रसारित करने में सार्वजनिक-निजी भागीदारी की प्रभावकारिता का प्रमाण है।

पूर्वी आर्थिक मंच की बैठक में भाग लेने रूस रवाना हुए मंत्री सर्बानंद सोनोवाल

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल इस हफ्ते रूस के दौरे पर जाएंगे, उनके साथ एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा। इस दौरे पर सोनोवाल रूस के पूर्वी शहर

विभाग

« मंत्री सर्बानंद सोनोवाल विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।

व्लादिवोस्तोक में आयोजित 8वीं पूर्वी आर्थिक मंच की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मौजूद संबोधित करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सोनोवाल सोमवार (11 सितंबर) की सुबह व्लादिवोस्तोक के रास्ते मॉस्को के लिए रवाना हो गए। सोनोवाल अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान व्यापारिक नेताओं और विदेशी भागीदारों के साथ बातचीत करेंगे। मंत्री सर्बानंद सोनोवाल विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के वरिष्ठ

अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। रूस के शहर में 10 से 13 सितंबर तक होने वाली बैठक में चीन, लाओस, मंगोलिया और आसियान देशों के प्रतिनिधिमंडल भी भाग ले रहे हैं। क्रेमलिन की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, पुतिन 8वें ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम में हिस्सा लेने के लिए 11-12 सितंबर को व्लादिवोस्तोक में होंगे।बयान में कहा गया है कि 12 सितंबर को रूस के राष्ट्रपति पूर्ण सत्र में भाषण देंगे जिसमें लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक के उपराष्ट्रपति पैनी यथोटौ भी हिस्सा लेंगे।

बयान में आगे कहा गया है कि पुतिन मंच के अलावा विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।हालांकि, यह नहीं बताया गया है कि सोनोवाल पुतिन से मिलेंगे या नहीं। सूत्रों ने कहा कि रूस ने व्लादिवोस्तोक बंदरगाह पर भारत की मौजूदगी में रुचि दिखाई है। रूस चेन्नई-व्लादिवोस्तोक समुद्री गलियारे को और गति देने का इच्छुक है, जिससे समुद्री संबंधों को भारी बढ़ावा मिल सकता है। व्लादिवोस्तोक प्रशांत महासागर पर सबसे बड़ा रूसी बंदरगाह है और यह चीन-रूस सीमा से लगभग 50 किमी दूर स्थित है।

जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता के बाद विश्व मीडिया ने भारत के बांधे तारीफों के पुल

नई दिल्ली। भारत की अध्यक्षता में जी20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ। राजधानी नई दिल्ली में हुए इस वैश्विक

कार्यक्रम की विश्व मीडिया ने जमकर तारीफ की है। ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भारत की प्रशंसा करते हुए इसे दुनिया में भारत की आवाज के बढ़ते दबदबे की रूप में दर्शाया है। अमेरिकी मीडिया वॉशिंगटन पोस्ट ने जी20 सम्मेलन में वैश्विक चिंताओं को दूर करने और सभी विकासात्मक और भू-राजनीतिक मुद्दों पर 100 फीसदी आम सहमति होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी लीड स्टोरी के हेडिंग में लिखा, ÷भारत ने मोदी की कूटनीतिक जीत में जी20 शिखर सम्मेलन में बंटी हुई दुनिया की शक्तियों के बीच समझौता किया।

दुबई के मीडिया संगठन गल्फ न्यूज़ ने जी20 के इस पहलू पर जोर दिया है कि कैसे 18वें जी20 शिखर सम्मेलन ने सद्भाव और विविधता में दुनिया को आकार दिया गया है। गल्फ न्यूज़ ने अपनी में हेडिंग लिखा, ÷18वां जी20 शिखर सम्मेलन~ विविधता और सद्भाव से दुनिया को आकार दिया।

ऑस्ट्रेलिया के समाचार आउटलेट एबीसी न्यूज़ ने जी20 बैठक में यूक्रेन के मुद्दे पर कम चर्चा होने को कमजोर बताया है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया पीएम अल्बानीज ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन को ÷सफल÷ बताया और यह भी कहा कि नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं के बीच अच्छी द्विपक्षीय चर्चा हुई।

ब्रिटेन के मीडिया हाउस द टेलीग्राफ ने नई विश्व व्यवस्था में भारत के मुख्य आकर्षण बनने के बारे में बात की है। टेलीग्राफ ने अपनी हेडिंग में लिखा, ÷क्यों भारत नई विश्व व्यवस्था का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। जी20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता ने जलवायु संकट जैसी आम चुनौतियों से निपटने के साधन के रूप में बात हुई।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने जी20 के सफल आयोजन के लिए भारत की सराहना की है। साथ ही लिखा, भारत में जी20 बैठक खत्म होने पर अमेरिका, रूस ने जी20 शिखर सम्मेलन की घोषणा की प्रशंसा की।

शेख हसीना और स्मृति ईरानी की गुफ्तगू, सुनक और पीयूष गोयल के बीच बातचीत

नई दिल्ली। भारत के लिए 9 और 10 सितंबर का दिन काफी खास और महत्वपूर्ण रहा। जी20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए भारत ने दुनिया के शीर्ष नेताओं की मेहमाननवाजी की।9 सितंबर की रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने दो दिवसीय सम्मेलन में शामिल हुए विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्षों व वैश्विक संगठनों के प्रमुखों का स्वागत किया। इस रात्रिभोज की सबसे खास बात यह रही कि इसमें न केवल दुनिया के शीर्ष नेता शामिल हुए बल्कि उनकी पत्नियों ने भी भारतीय परिधान में चार चांद लगा दिए। समाचार एजेंसी ‹ह्ढ्ढ ने जी20 शिखर सम्मेलन के रात्रिभोज की कुछ तस्वीरें साझा की है, जो वाकई में काफी अद्भुत है। तो आइये डालते है इस पर एक नजर...

आतंकवादियों ने सैनिकों के वाहन को फिर बनाया निशाना, आईईडी ब्लास्ट में एक सुरक्षाकर्मी की मौत, कई घायल

पेशावर। पाकिस्तान के पेशावर शहर में सुरक्षाबलों के वाहन को निशाना बनाकर बम विस्फोट किया गया, जिसमें एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि सोमवार को वाहन को निशाना बनाकर किए गए

विस्फोट

« पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह विस्फोट एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) हमला था।

बम विस्फोट में चार अर्धसैनिक बल कर्मियों सहित कई अन्य व्यक्ति घायल भी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, यह हमला अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की राजधानी में वारसाक रोड पर प्राइम हॉस्पिटल के सामने फ्रंटियर कांस्टेबुलरी (एफसी) के कर्मियों पर हुआ। वारसाक के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, विस्फोट के कारण एफसी के पांच अधिकारी और तीन नागरिक घायल हो गए हैं।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह विस्फोट एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) हमला था। खान ने बताया कि मामले में आगे की जांच चल रही है और बम निरोधक इकाई की एक रिपोर्ट विस्फोट की गहन जांच में जुटी हुई है, जिसके बाद स्पष्ट बात सामने आएगी।

हाल ही में, पाकिस्तान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन द्वारा संचालित आतंकवादी गतिविधियां तेज हुई हैं। पिछले हफ्ते, उत्तर-पश्चिमी खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के चित्राल जिले में दो सीमा चौकियों पर तालिबान आतंकवादियों ने हमला किया, जिसमें चार पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और सात अन्य घायल हो गए।

तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) की स्थापना 2007 में

कई आतंकवादी संगठनों के एक समूह के रूप में की गई थी। यह समूह अल-कायदा का काफी करीबी माना जाता है और अब तक इसने पाकिस्तान में कई घातक हमलों को अंजाम दिया है।

सिंगापुर में भारतीय मूल के व्यक्ति पर अदालत ने लगाया हमले का आरोप, सात साल तक की हो सकती है जेल

सिंगापुर। भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर सिंगापुर की अदालत ने हमला करने का आरोप लगाया है। हमलावर ने एक व्यक्ति पर खतरनाक हथियार से जानबूझकर चोट पहुंचाने की कोशिश की थी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां की एक अदालत में भारतीय मूल के सिंगापुरी व्यक्ति पर एक स्वदेशी व्यक्ति पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा कि 39 वर्षीय माइकल नगनसेकरन पर आरोप लगाया गया। माइकल ने 40 वर्षीय शनमुगम वेगाटाचलम पर हमला करने के लिए खतरनाक हथियार से जानबूझकर चोट पहुंचाया। अधिकारी ने आगे बताया कि शनिवार को हिंदू रोड में माइकल के ऊपर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा पीड़ित के बाएं कंधे पर दो सेमी का कट लगा है।

नई दिल्ली घोषणा पत्र पर क्या बोला चीन

नई दिल्ली। भारत की अध्यक्षता में आयोजित हुए जी20 शिखर सम्मेलन का सपामन हो गया है। जी-20 सदस्य देशों के नेताओं ने पीएम मोदी के नेृत्तव की सराहना की। इस बीच चीन ने भारत की अध्यक्षता में संपन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर प्रतिक्रिया दी। चीन ने कहा कि जी-20 नई दिल्ली लीडर्स घोषणा पत्र ने एक पॉजिटिव संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों और आर्थिक सुधार से निपटने के लिए जी-20 के सदस्य एक-दूसरे के साथ खड़े हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन द्वारा जारी घोषणा से पता चलता है कि चीन का प्रस्ताव एक अच्छा संकेत है। माओ ने कहा कि जी-20 देश वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एक-दूसरे से हाथ मिला रहे हैं और आर्थिक सुधार पर दुनिया को सकारात्मक संकेत दे रहे हैं।

भूकंप से कब्रिस्तान बना मोरक्को का तिख्त गांव, कंबल में लिपटे 69 शवों को दफना रहे ग्रामीण

तिख्त, (मोरक्को)। 25 वर्षीय उमर ऐत मबारेक जिसका कुछ ही हफ्तों में निकाह होने वाला था, वो अब अपनी मंगेतर के शव को दफनाते हुए देख रहा है। आंसुओं से भरी लाल आंखे बस यह कहती नजर आ रही है कि सबकुछ खत्म हो गया। 9 सितंबर की रात मोरक्को में भूकंप से कुछ मिनट पहले उमर अपनी मंगेतर से फोन पर बात कर रहा था, उसी दौरान तेज झटके लगे और फोन पर उसे बर्तन के गिरने की आवाज आई और फिर फोन कट गया। उमर को कहीं न कहीं ये पता चल गया था कि उसकी मंगेतर मर चुकी है। बचावकर्ताओं ने मोरक्को को तिख्त गांव के मलबे से एक महिला का शव निकालने में कड़ी मशक्कत की। हालांकि, ये काम बेहद ही नाजुक था। बता दें कि उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को में आया भूकंप छह दशकों के सबसे घातक भूकंप में से एक था।‹स्नक्क से बात करते हुए उमर ने बताया कि उसके मंगेतर मीना ऐत बिही को कंबल में लपेटकर एक अस्थायी कब्रिस्तान में ले जाया गया, जहां पहले से ही 68 अन्य लोगों की लाशें पड़ी थी। आप मुझेसे क्या कहलवाना चाहते हैं? मैं घायल हो गया हूं...एजेंसी से दुखी मन से बात करते

हुए उमर ने बताया कि भूकंप आने के दौरान वह अपनी मंगेतर के साथ फोन पर बात कर रहा था। बचावकर्ताओं ने जब मीना के शव को मलबे से बाहर निकाला तो उसके पास से एक फोन भी मिला, जिसे उसके मंगेतर को सौंप दिया गया। मोरक्को के तिख्त गांव में अब कुछ भी नहीं बचा है। यहां पहले कम से कम 100 परिवारों का घर था। अब यहां लकड़ियों, चिनाई के टुकड़ों के साथ-साथ टूटी हुई प्लेटों और जूतों के मलबे में तब्दील हो गया है। 33 वर्षीय मोहसिन अक्सुम ने एजेंसी से कहा, यहां जीवन समाप्त हो गया है, अब ये गांव मर चुका है। तिख्त गांव के घर ज्यादातर मिट्टी और लड़की से तैयार किए गए थे, जो भूकंप के तेज झटकों के बाद पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। 23 वर्षीय छात्र अब्देलरहमान एडजाल, जिसने आपदा में अपने परिवार के अधिकांश लोगों को खो दिया था, ने कहा, लोगों ने अपने घर बनाते समय विनाशकारी भूकंप के बारे में नहीं सोचा था। उमर की तरह एक दर्द भरी कहानी उस बेटे ने भी ‹स्नक्क से साझा की, जिसने अपने पिता को खो दिया। दअसल, भूकंप से पहले बेटा टहलने के लिए बाहर गया था जब झटके शुरू हुए और उसने देखा कि लोग अपने ढहते घरों से बचने की कोशिश कर रहे हैं।



पाकिस्तान के इस पूर्व क्रिकेटर को नीदरलैंड्स में हुई 12 साल की जेल, डच नेता की हत्या के लिए इनाम किया था घोषित

एम्स्टर्डम। नीदरलैंड्स में पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर खालिद लतीफ को 12 साल जेल की सजा सुनाई गई है। उनपर डच नेता गीर्ट

वाइल्डर्स की हत्या के लिए लोगों को उकसाने के आरोप में मुकदमा चलाया गया था। कोर्ट में उनकी अनुपस्थिति में ही पूरी मुकदमा चलाया गया, क्योंकि वो पाकिस्तान में रहते हैं। कोर्ट कार्यवाही के दौरान वो किसी भी सुनवाई में मौजूद नहीं रहे। दरअसल, साल 2018 के दौरान लतीफ ने एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उसने वाइल्डर्स की हत्या के लिए 3 मिलियन रुपये (उस समय लगभग 21,000 यूरो) का इनाम देने की पेशकश की थी। उक्त वीडियो पाकिस्तान में वाइल्डर्स के खिलाफ उग्र प्रदर्शनों के वक्त सामने आया था। वाइल्डर्स ने मुस्लिम पैगंबर मोहम्मद के व्यंग्यचित्रों को लेकर एक कार्टून प्रतियोगिता की घोषणा की थी।

जिसे विवादों के चलते बाद में रद्द कर दिया गया था। नीदरलैंड और पाकिस्तान के बीच न्यायिक सहयोग या प्रत्यर्पण के संबंध में कोई संधि नहीं है। वहीं, इस मामले में सहयोग को लेकर किए गए अनुरोधों पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि लतीफ द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्दों से साफ है कि वो किसी भी व्यक्ति को वाइल्डर्स की हत्या करने के लिए धनराशि देने की बात कह रहे हैं। गौरतलब है कि 60 वर्षीय वाइल्डर्स यूरोप के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक हैं। पिछले दो दशकों के दौरान वो नीदरलैंड में आप्रवासन को लेकर छिड़ी बहस को आकार देने में एक प्रमुख भूमिका में रहे हैं। उनकी फ्रीडम पार्टी (पीवीवी) डच संसद में तीसरी सबसे बड़ी और मुख्य विपक्षी पार्टी है। वाइल्डर्स को साल 2004 से पुलिस सुरक्षा मिली हुई है।

जो काम जी20 का कोई अध्यक्ष नहीं कर पाया, वह भारत ने कर दिखाया नई दिल्ली घोषणा पत्र पर बोले शशि थरूर

न्यूयार्क। भारत की राजधानी नई दिल्ली में 9-10 सितंबर को 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष, शासनाध्यक्ष और प्रतिनिधि शामिल हुए। भारत ने पहले ही दिन नई दिल्ली घोषणा पत्र जारी कर बड़ी उपलब्धि हासिल की। अब कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी इसे लेकर केंद्र सरकार की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यह भारत की कूटनीतिक जीत है।

इमरान खान को नहीं मिली अपने बेटों से बात करने की अनुमति, अटॉक जेल अधीक्षक के खिलाफ की ये मांग

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ चीफ इमरान खान को अटॉक जेल में काफी मुसीबतों का सामना करना

भ्रष्टाचार

« गौरतलब है कि, भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद 5 अगस्त को गिरफ्तारी के बाद से वह अटॉक जेल में बंद हैं।

पड़ रहा है। उन्हें अपने बेटों से बात करने की अनुमति नहीं मिल रही है, जिसके कारण उन्होंने अटॉक जेल अधीक्षक के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही की मांग की है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिफर कॉपी गायब होने के मामले में 70 वर्षीय इमरान खान को 13 सितंबर तक न्यायिक हिरासत भेजा गया हैं। गौरतलब है कि, भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद 5 अगस्त को गिरफ्तारी के बाद से वह अटॉक जेल में बंद हैं।

पिछले महीने, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दर्ज

मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत ने पीटीआई चीफ को अपने बेटे -कासिम और सुलेमान से बात करने की अनुमति दी थी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, खान ने याचिका में अदालत के आदेश का उल्लंघन करने के लिए अटॉक जेल अधीक्षक के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही की मांग की है। याचिका में, खान ने दावा किया कि जेल अधिकारियों ने उन्हें यह कहकर अपने बेटों के साथ टेलीफोन पर बातचीत करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया कि उन्हें गोपनीयता अधिनियम के तहत हिरासत में रखा गया है। न्यायाधीश अबुअल हसनत जुल्करनैन ने अटॉक जेल अधीक्षक आरिफ शहजाद को नोटिस जारी कर 15 सितंबर को अदालत के आदेश के कार्यान्वयन पर रिपोर्ट मांगी है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी की खंडपीठ ने बुधवार को तोशखाना भ्रष्टाचार में खान की तीन साल की सजा को निलंबित कर दिया, लेकिन पिछले महीने एक विशेष अदालत द्वारा सिफर मामले में इमरान खान की न्यायिक हिरासत 13 सितंबर तक बढ़ाए जाने के बाद वह जेल में ही बंद है।

ट्रेन की सवारी और रूस के दौरे पर निकला तानाशाह किम जोंग उन; दक्षिण कोरिया मीडिया का दावा

सियोल। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक बैठक में शामिल होने के लिए रूस रवाना हुए हैं। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन एक उत्तर कोरियाई ट्रेन में सवार होकर रूस के लिए रवाना हुए हैं। एपी ने दक्षिण कोरियाई मीडिया के हवाले से

बताया कि किम जोंग उन रूसी राष्ट्रपति के साथ बैठक करेंगे। रविवार शाम को उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से एक ट्रेन रूस के लिए रवाना हुई है। इस ट्रेन में किम जोंग उन सवार हैं। वे रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच मंगलावर को एक बैठक हो सकती है। हालांकि, कुछ कोरियाई मीडिया ने इस तरह की रिपोर्ट प्रकाशित है, लेकिन दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने इन रिपोर्टों पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

बता दें कि पिछले सप्ताह अमेरिकी अधिकारियों ने ये दावा किया था कि उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन और रूस के राष्ट्रपति के बीच आगामी दिनों में एक बैठक हो सकती है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए उत्तर कोरिया से हथियारों की मदद मांग सकते हैं। वहीं, विश्लेषकों की मानें तो अगर रूसी राष्ट्रपति हथियारों की डिमांड करते हैं तो इसके बदले में वह भी रूस के सामने कुछ मांग रख सकते हैं। किम जोंग उन अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल, परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां और सैन्य जासूसी उपग्रहों समेत ऊर्जा और खाद्य सहायता और आधुनिक हथियारों की मांग कर सकते हैं।

शुरू हुई सपनों की पाठशाला, श्रमिकों के बच्चों के खिल उठे चेहरे

पठन -पाठन की अत्याधुनिक सर्व सुविधा संपन्न है विद्यालय

प्रयागराज। श्रमिक माता-पिता की गरीबी के कारण अच्छे स्कूलों में प्रवेश न ले पाने वाले श्रमिकों के बच्चो को उच्च गुणवत्ता परक शिक्षा देने के लिए यह अटल आवासीय विद्यालय बनवाया गया है। प्रयागराज मंडल के उप श्रमायुक्त राजेश मिश्रा बताते हैं कि प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर और प्रतापगढ़ जनपद के 80 छात्र-छात्राओं को पहले शैक्षिक सत्र में यहां सरकार द्वारा तय मानकों के आधार पर प्रवेश दिया गया है। इसमें 40 छात्र और 40 छात्राएं चयनित हुई हैं। विद्यालय में 15 शिक्षकों को चयन के बाद शिक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। सुरेश चंद्रा को यहां के प्रिंसिपल की जिम्मेदारी मिली है। इन बच्चों के लिए कैम्पस में स्मार्ट क्लासरूम और स्मार्ट लैब बनाई गई है। स्मार्ट लैब में 40 कंप्यूटर भी लगाए गए हैं और इनकी नेटवर्किंग के लिए यहां पर लीज लाइन भी ली गई है। पढ़ाई के साथ-साथ यहां बच्चों की सेहत और खेलकूद का भी पूरा ख्याल रखा गया है। परिसर के अंदर स्पोर्ट्स ग्राउंड का भी निर्माण किया गया है। सुरक्षा के लिए परिसर के चप्पे-चप्पे में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। विद्यालय परिसर में 24 घंटे विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यहां 50 केवी का सोलर प्लांट भी लगाया गया है। इसी सोलर प्लांट से पूरा विद्यालय परिसर जगमग होगा। बच्चों को स्कूल की ड्रेस और बच्चो की पढाई से सम्बंधित सभी सामग्री भी निशुल्क दी गई है। बच्चों के अभिभावकों और टीचिंग स्टाफ के आवागमन के लिए एक मिनी बस भी यहां 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

सपनो की पाठशाला में दाखिला, खिल उठे चेहरे

प्रयागराज। मंडल के अटल आवासीय विद्यालय के प्रथम शैक्षणिक क्षेत्र में 80 छात्र -छात्राओं का दाखिला हो गया है। अपने पहले शैक्षिक सत्र के पहले दिन विद्यालय में दाखिल होते ही इन छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशियों से खिल उठे। यूपी के फतेहपुर जिले के पतारी गांव में रहने वाले सुशील कुमार राजगीर का काम करते हैं। सुशील कुमार बताते हैं कि उनका सपना था कि उनकी बिटिया इशिता भी किसी अच्छे स्कूल में पढ़ाई लिखाई करके आईएएस अधिकारी बने। लेकिन घर की सीमित आय होने के नाते वह इस सपने के पूरे होने की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। आज जब इशिता का दाखिला अटल आवासीय विद्यालय में हुआ तो उनकी बिटिया के भी कामयाब होने की उम्मीद बढ़ गई हैं। यूपी के ही प्रतापगढ़ जिले के चंदौरा गांव के रहने वाले गुलाब चंद्र यादव के बेटे अंकुश यादव ने भी अटल आवासीय विद्यालय प्रयागराज में दाखिला लिया है। मनरेगा की मजदूरी से दो वक्त की रोजी रोटी का इंतजाम करने वाले गुलाब खुद अपने आंखों के तारे अंकुश को जब विद्यालय में प्रवेश कराने के लिए परिसर में दाखिल हुए तो खुशियों से उनकी आंखे भर आई। गुलाब को भरोसा है कि उनका बेटा अब जरूर अधिकारी बनेगा।

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। यूपी के प्रयागराज में श्रमिकों के बच्चों को बोर्डिंग स्कूल में शिक्षा देने के लिए बनाए गए अटल आवासीय विद्यालय के प्रथम शैक्षिक सत्र की शुरुआत आज से हो गई। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट अटल आवासीय विद्यालय में सोमवार से गरीब श्रमिकों के बच्चो की पढ़ाई शुरू हो गई है। प्रयागराज मंडल के लिए जनपद प्रयागराज के बेलहट कोरांव में 70 करोड़ से अधिक की लागत से बनाए गए अटल आवासीय विद्यालय की आज विधिवत शुरुआत हो गई। प्रयागराज के सीडीओ गौरव कुमार, श्रम उपायुक्त राजेश मिश्रा और नोडल अधिकारी सौम्या पांडे ने इसका उद्घाटन किया। विद्यालय में दाखिले के लिए चयनित छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी आज परिसर पहुंचे। विद्यालय परिसर में उच्च गुणवत्ता परक शिक्षा की सम्पूर्ण व्यवस्था देखकर छात्रों के परिजन बेहद खुश दिखे। सभी दाखिला लेने वाले बच्चों का आज पहला क्लास भी हुआ जिसके बाद सभी बच्चों ने विद्यालय की कैंटीन में शिक्षकों और अधिकारियों के साथ भोजन भी ग्रहण किया।

तिरंगा और अमृत कलश लेकर घर-घर पहुंचे भाजपाई

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। सिविल लाइन मंडल के अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव एवं विधायक हर्षवर्धन बाजपेई के नेतृत्व में वार्ड नंबर 21 में मेरा माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत हाथों में तिरंगा और अमृत कलश लेकर घर घर पहुंच कर मिट्टी और एक चुटकी चावल का संग्रह करते हुए वसुधा वंदन एवं वीरों को नमन कर अभियान को गति दी। इसके अलावा नैनी एवं मुट्ठीगंज मंडल के काशी राज नगर वार्ड में अभियान चलाया गया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर वंदे मातरम भारत माता की जय का जयकारा लगाते हुए पंच प्रण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर शैलेश पांडे, वंदना सिंह, हरीश पासवान, राजन शुक्ला, सरदार पतिविंदर सिंह, राजेश केसरवानी, अजय अग्रहरि, नीरज केसरवानी, हरीश मिश्रा, कमलेश केशरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, अनिल गुप्ता, विनय जायसवाल एवं वार्ड के सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पवन पांडे बने अध्यक्ष और संतोष विश्वकर्मा महामंत्री

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। 17 सितंबर को होने वाले विश्वकर्मा पूजा के लिए निरंतर विधि विधान से संपन्न कराने के लिए रविवार को एक बैठक कपिल विश्वकर्मा लेबर कॉलोनी के निवास पर संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पूजा समिति के नये पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर एवम मिष्ठान खिलाकर 17 सितंबर को होने वाली भगवान विश्वकर्मा पूजा के लिए शुभकामनाएं एवम बधाई दी। मनोनीत पदाधिकारियों में पवन पांडेय अध्यक्ष, अभिषेक सिंह उपाध्यक्ष, संतोष विश्वकर्मा महामंत्री, निखिल दुबे उपमहामंत्री, अंकित शर्मा कोषाध्यक्ष, राजू विश्वकर्मा उप कोषाध्यक्ष, छोटू शर्मा सूचना एवं प्रसारण मंत्री चुने गए। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ समाज सेवी एवम विश्वकर्मा धर्मशाला मंदिर कल्याण ट्रस्ट नैनी के पदाधिकारी समस्त सदस्य मौजूद रहे।
विशेष रूप से फूल चंद्र शर्मा, विनोद विश्वकर्मा, रवि शर्मा, राम सिंगार विश्वकर्मा, बी एन शर्मा, पारस नाथ शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा वरिष्ठ समाज सेवी एवम प्रमुख संरक्षक,कपिल विश्वकर्मा, छोटू शर्मा, उपेंद्र शर्मा समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

हापुड़ लाठीचार्ज मामला: इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकीलों ने किया प्रदर्शन

- अदालती काम का किया बहिष्कार
- कचहरी और तहसील के वकीलों ने भी की हड़ताल

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। हापुड़ में वकीलों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने के विरोध में वकीलों का गुस्सा ठंडा होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह और सचिव नितिन शर्मा के नेतृत्व में वकीलों ने हाईकोर्ट के गेट नंबर तीन पर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। काफी देर तक गेट नंबर तीन को नहीं खोलने दिया गया। उधर इलाहाबाद जनपद न्यायालय सहित सभी तहसीलों के वकीलों ने भी कार्य बहिष्कार किया।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि वकीलों को न्याय मिलना चाहिए। जब तक न्याय नहीं मिलता है तब तक वकील शांत नहीं बैठेंगे। बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के आह्वान पर पूरे प्रदेश के अधिवक्ता कार्य से विरत हैं। इसी तरह कचहरी, तहसील और ट्रिब्यूनल के अधिवक्ताओं ने भी न्यायिक कार्य नहीं किया। इस मामले में एसआईटी के गठन कर दिया गया है। जिसकी रिपोर्ट 15 सितंबर को हाईकोर्ट में पेश की जानी है। साथ ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर ने वकीलों की मांग के संबंध में छह सदस्यीय कमेटी का भी गठन कर दिया है, जिसमें तीन हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति शामिल हैं। यह कमेटी न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गठित की गई है। इसमें सदस्य के तौर पर यूपी के महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र के अलावा यूपी बार काउंसिल के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ और इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह शामिल हैं। शनिवार को बार काउंसिल ने आंदोलन की रणनीति तैयार कर सोमवार से काम पर वापस लौटने की घोषणा की थी, लेकिन इस पर मतभेद उत्पन्न हो गया। जिससे सोमवार से कामकाज शुरू करने असमंजस कायम हो गया। उधर, लखनऊ हाईकोर्ट बार और अन्य अर्ध न्यायिक अदालतों के वकीलों ने सोमवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने का एलान कर दिया है। इसको देखते हुए बार काउंसिल की बैठक रविवार को रात्रि नौ बजे बुलाई जिसमें कार्य बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया गया। हापुड़ लाठीचार्ज मामले में बार काउंसिल के अहवाहन पर इलाहाबाद हाईकोर्ट और जिला अधिवक्ता संघ ने भी सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा कर दी है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव प्रेस अमरेंदु सिंह और जिला अधिवक्ता संघ के मंत्री विद्या वारिधि मिश्र ने बताया की बार काउंसिल के दिशानिर्देश पर वकील सोमवार को अदालती कार्य नहीं करेंगे।

गीतकार शैलेंद्र मधुर को मिलेगा डॉ. विष्णु सक्सेना गीत सम्मान 2022

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। शहर के लोकप्रिय प्रख्यात गीतकार शैलेंद्र माधुर को 2022 का डॉ विष्णु सक्सेना गीत सम्मान 23 सितंबर को अलीगढ़ के सिकंदराराऊ में प्रदान किया जाएगा। जिसमें उन्हें 51,000 की राशि का चेक, शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र इत्यादि भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। उक्त सम्मान की घोषणा चित्रांश सक्सेना सचिव सरल नारायण ट्रस्ट, सिकंदरा राऊ ने की। ज्ञात हो कि पूर्व में भी शैलेंद्र मधुर को हिंदुस्तानी अकादमी से फिराक गोरखपुरी सम्मान, हैदराबाद की गीत चांदनी से हरिवंश राय बच्चन सम्मान एवं उत्तर प्रदेश राज्य भाषा कर्मचारी संस्थान द्वारा डॉ रमन लाल अग्रवाल सम्मान के साथ-साथ अन्य सम्मान से विभूषित हो चुके हैं। शैलेंद्र मधुर के सम्मान की घोषणा के साथ ही साहित्यकारों में हर्ष की लहर दौड़ गई। उन्हें सम्मानित होने पर डॉ देवी प्रसाद कुंवर, गजलकार, राजीव दुबे, राम कैलाश पाल प्रयागी, योगेश ओझा झमाझम, प्रीता बाजपेई, अमित जौनपुरी, जितेंद्र मिश्र जलज, नजर इलाहाबादी, जनकवि प्रकाश, अभिजीत मिश्रा अकेला, धनंजय शाश्वत, लालजी सिंह देहाती, संजय पुरुषार्थी, आभा श्रीवास्तव, राधे श्यामभारती, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव एवं अन्य साहित्यकारों ने सम्मान को प्रयागराज का सम्मान बताया।सभी ने मधुर को अपनी बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

भाविप शौर्य शाखा ने 103 लोगों का रक्तदान कर रचा इतिहास

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। भारत विकास परिषद शौर्य शाखा के संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में तथा आयुष्मान हॉस्पिटल शकरमंडी चुंगी के सहयोग से एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया। संस्था के रक्तदान प्रकल्प प्रमुख प्रशान्त सिंह लकी तथा जयशंकर सिंह और संस्था के सभी सक्रिय सदस्यों के अथक प्रयत्नों से 103 यूनिट का रक्तदान कर शौर्य शाखा ने जिला अस्पताल के कई वर्षों के रिकार्ड को तोड़ दिया। इस कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ चिकित्सक और आईएमए के अध्यक्ष डा. अरूण कुमार मिश्र तथा प्रांतीय वित्त सचिव भारत विकास परिषद राकेश गुप्ता के हाथों भारत माता तथा स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पार्पण करने पश्चात फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात रक्तदान करने वालों का सिलसिला चल गया। इस कार्यक्रम में रक्तदाताओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित सम्मान समारोह का प्रारम्भ संस्था की महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव के वन्दे मातरम गीत से हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हृदय रोग विशेषज्ञ डा. वीएस उपाध्याय ने कहा कि वैसे तो हिन्दू शास्त्रों में चार प्रकार के दान बताये गये हैं लेकिन उन सबसे भी बड़ा दान रक्तदान है। एक यूनिट रक्तदान से पांच लोगों की जान बचायी जा सकती है। विशिष्ट अतिथि डा. मनोज वत्स ने कहा कि डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में शौर्य शाखा ने चार महीने में इतने कार्यक्रम कर दिये है कि आने वाले समय में यह संस्था शीर्ष पर दिखायी देगी। जिला समन्वयक नीरज श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष अतुल जायसवाल, अवधेश गिरी ने भी इस रक्तदान की सफलता के लिये सभी सदस्यों को बधाई दी। संस्थाध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में सभी सम्मानितजनों का स्वागत करते हुए कहा कि इस संगठन का हर साथी अत्यन्त ऊर्जावान है और आप लोगों के सहयोग से ही संस्था ने आज सारे रिकार्ड तोड़े हैं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्था सचिव डा. आनन्द प्रकाश ने रक्तदान पर एक कविता पाठ किया। कोषाध्यक्ष रंजीत सिंह सोनू ने लोगों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथियों के द्वारा सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में डा. शैलेश सिंह, विमल सिंह, मोहम्मद मुस्तफा, रवि सिंह, अनिल गुप्ता, संदीप चौधरी, अम्बरीश पाठक, पंकज सिंह, भूपेन्द्र पाण्डेय, राहुल सिंह, राजेश कुमार, प्रमोद सैनी, जर्नादन सिंह, प्रमोद मौर्य, नितीन जायसवाल, अनिल कुमार सिंह, सुशील मौर्या, प्रमोद शुक्ला, चंचल पाठक, डा. अमरनाथ पाण्डेय, आशुतोष राय, रविकेश श्रीवास्तव, सत्येन्द्र सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, रतन शर्मा, राहुल अग्रहरि, देवीसेवक शुक्ला, भारत दूबे आदि संस्था के लोगों की उपस्थिति रहीं जिन्होंने रक्तदान में अपना पूरा सहयोग किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के उपाध्यक्ष अमित पाण्डेय तथा आभार सह प्रकल्प प्रमुख जयशंकर सिंह व कार्यक्रम संयोजक डा. राजेश कुमार ने व्यक्त किया।

ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से लोगों को मिली काफी राहत

अवधनामा संवाददाता

मुबारकपुर,आजमगढ़। सभासद बसीर अहमद के आवास पर उनके पुत्र वसीम अहमद ने ग्राहक सेवा खोलकर लोगों की सेवा के लिए एक बेहतर कार्य किया हौ आसपास के क्षेत्र में इस ग्राहक सेवा केंद्र के खुलने से काफी सहूलिया प्रदान होगी लोगों को अब बैंक का चक्कर लगाने से निजात मिलेगी क्योंकि पैसे लेने देने की सुविधा नजदीक ही मिल जाएगी और समय का बचत होगा आपको बताते चलें कि इस केंद्र का उद्घाटन बिलरियागंज के शाखा प्रबंधक शाहिद हसन ने फ्ति काटकर शुभ आरंभ किया उद्घाटन के मौके पर कई सभासद सहित आसपास के तमाम सम्भ्रांत लोग उपस्थित थे जिसमें मुख्य रूप से बाबा करीमुद्दीन मनोनीत सभासद आशीष गुप्ता सभासद नईमुद्दीन सभासद वकार अहमद सभासद इरशाद अहमद सभासद नाजीर सभासद कासिफ सभा सद शमशुल जमा आदि लोगों उपस्थित रहे।

सघन इन्द्रधनुष मिशन टीकाकरण का शुभारंभ

मुबारकपुर आजमगढ़। मुबारकपुर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी इन्द्र नरायन तिवारी ने बच्चे को दवा पिलाकर सघन इन्द्र धनुष मिशन का शुभारंभ किया। सघन इन्द्र धनुष मिशन का दूसरा चरण का पहला दिन है। यह आगामी 16सितम्बर तक चलेगा। इस कार्यक्रम में0-5साल तक के बच्चों को जो छूट गये हैं उनको खसरा, गलाघोंटू, जापानी बुखार, पोलियो, निमोनिया, काली खांसी, टिटनेस की बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण कार्यक्रम माह अगस्त से सितम्बर माह तक चलाया जाना है। यह कार्यक्रम का दूसरा चरण है। टीकाकरण कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी इन्द्र नरायन तिवारी, डिप्टी सी एम ओ डाक्टर अब्दुल अजीज एस एम ओ डाक्टर विनयशंकर, विश्व स्वास्थ्य संगठन मानीटर अजयकुमार ,डाक्टर मनोज कुमार मौर्य आदि लोग मौजूद थे।

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बदलने का रच रही है षड़यंत्र

आजमगढ़। अम्बेडकर पार्क में अपना सम्बोधित देते हुए जैसा कि आप को ज्ञात हैं कि वर्तमान में समता, स्वतंत्रता, बन्धुतत्व व न्याय पर आधारित भारतीय संविधान को नकारने व पूरी तरह से बदलने का कुत्सित प्रयास चलाया जा रहा हैं इतना ही नहीं भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को राष्ट्रतंत्र में बदलने का षड़यंत्र भी तेजी से किया जा रहा हैं जो देश के गरीब पीछड़ो व अनुसूचित जातियों को देश गुलामी कि जंजिरों में पुनरु जकड़ने का कुसंगति प्रयास हैं इस दिशा में सभी भारत वासियों को सोचना होगा ओर ऐसी विचारधारा वाले लोगों को मुंह तोड़ जवाब देना होगा। हम बहुजन समाज जिसके अन्तर्गत आज की अनुसूचित जातियाँ, जनजातियां अन्य पिछड़ा वर्ग को सदियों से आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक,धार्मिक एवं राजनैतिक रूप से सताया जाता रहा हैं।

अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ ब्राह्मण सभा ने की कार्यवाही की मांग

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (महराजगंज) महराजगंज थाना अंतर्गत अमारी गांव निवासी रोहित पासी पुत्र छंगू सरोज द्वारा ब्राह्मण जाति व उनकी बहन बेटियों के विरुद्ध अश्लील टिप्पणी करने व उसे फेसबुक पर वायरल कर ब्राह्मण धर्म व सनातन धर्म तथा देवी देवताओं पर कई महीनो से टिप्पणी कर उसे फेसबुक पर वायरल कर रहा है। व खुलेआम ईसाई धर्म का प्रचार कर रहा है। जिसे लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा आज सोमवार के दिन लिखित प्रार्थना पत्र महराजगंज थाना अध्यक्ष को दिया गया और शासन से मांग करते हुए यह कहा गया कि रोहित पासी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए जहां पर जिले भर के ब्राह्मण आक्रोशित हैं। वही संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ अतुल दुबे ने कहा कि अगर जल्द से जल्द गिरफ्तारी नहीं की जाती है तो हम लोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर श्याम मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष, जगदीश उपाध्याय, सुरेंद्र तिवारी, नागेंद्र कुमार मिश्रा, जगदीश उपाध्याय, राजेंद्र प्रसाद मिश्र, अमित पांडे (पत्रकार), राजकमल मिश्र (पत्रकार), राजेंद्र शर्मा, पंकज उपाध्याय, संजय तिवारी, अतुल तिवारी, रमेश कुमार मिश्र, नीरज कुमार मिश्र, दीपक मिश्रा, रमाशंकर मिश्रा, विनय मिश्र, अमरपाल तिवारी, नीलेश मिश्र, भैया लाल उपाध्याय, राघवेंद्र, अशोक चतुर्वेदी, श्रीकांत उपाध्याय, संजय तिवारी, राजन पांडे तथा सैकड़ो की संख्या में ब्राह्मण वर्ग उपस्थित रहे।

असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन

- प्रथम आगमन पर स्वागत

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में डॉक्टर हरिनाथ कुमार का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन होने की खुशी में और उनके गृह जनपद आजमगढ़ में प्रथम आगमन पर राजकीय अंबेडकर छात्रावास जज्जी मैदान एवं अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन तथा भीम आर्मी के सदस्यों ने फूल-माला से उनका जोरदार स्वागत किया। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर नवनियुक्त डॉ हरिनाथ का स्वागत किया और राजकीय अंबेडकर छात्रावास के छात्रवासियों को महान विभूतियों के संघर्षों से अवगत कराया। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष धर्मवीर भारती ने बताया कि डॉ हरिनाथ की इस सफलता से संघर्षशील समाज में एक खुशी का माहौल है। डॉक्टर हरिनाथ आजमगढ़ मुख्यालय से 25 किमी दूर ग्राम चलाकपुर पोस्ट जमीन रसूलपुर के मूलनिवासी हैं । उन्होंने अपनी स्नातक की पढ़ाई शिब्ली नेशनल कॉलेज से की है। फिर बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से पत्रकारिता की पढ़ाई की। परास्नातक के बाद वे टाइम्स ऑफ इंडिया व तीन सालों तक हिंदी साप्ताहिक में पत्रकारिता की। इसके बाद उन्होंने अपनी पीएचडी बाबासाहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ से की है।

पीएचडी उपरांत दिल्ली विश्वविद्यालय के भारतीय कॉलेज नई दिल्ली में पिछले 3 सालों से बतौर सहायक आचार्य अध्यापनरत रहे। और वे पिछले एक दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनकी इस उपलब्धि पर समाज के लोगों में खुशी का माहौल है। मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी आर पी गौतम ने महापुरुषों के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेने की बात कही। वकील जनार्दन ने छात्रावास की मूलभूत सुविधाएं एवं समस्याओं से अवगत कराया। इस दरमियान उत्तर रेलवे में सीनियर लोको पायलट अमरनाथ का भी फूल मालाओं से स्वागत किया गया, साथ ही राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार की सूची में नामांकित प्रवक्ता नागेंद्र का भी स्वागत किया गया। बिजली विभाग के अधिशाषी अभियन्ता चंद्र शेखर ने अतिथियों का स्वागत किया। सम्मान समारोह का आयोजन राजकीय अंबेडकर छात्रावास के अध्यक्ष दिनेश कुमार, अमित कुमार और संजय ने किया। सम्मान समारोह की शुरुआत छात्रावास में स्थापित बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। समारोह का संचालन डॉ प्रमोद ने किया। इस अवसर पर श्रद्धेय आर पी राम खंड शिक्षा अधिकारी, रुद्राप्रताप, सत्य प्रकाश, वीरेंद्र बौद्ध, इंजीनियर शिवमुरत, जयचंद गौतम, बालचंद, विजय कुमार, अशोक कुमार, कृष्ण मोहन, एडवोकेट जनार्दन गौतम, उमेश कुमार, मनोज कुमार सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी गण तथा छात्रावास के पूर्व एवं वर्तमान छात्र उपस्थित रहे।

नाम बदलने की प्रक्रिया जनता को उलझने और बेशुमार धन की बर्बादी

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जी 20 के अधिवेशन के लिये बने निमंत्रण पत्र में प्रेजिडेंट ऑफ भारत लिख कर देश को एक नए विमर्श/बहस की ओर झोंक दिया गया, ऊपर से 5 दिवसीय विशेष संसद सत्र इस खबर की पुष्टि करता दिख रहा है। इंडिया नाम अंग्रेजो का दिया मान कर इसे गुलामी की निशानी मानी जा रहा है पर जानकारी के लिए बताता चलू की यह नाम अंग्रेजों का नही यूनानियों का दिया है। जो इंडस वैली के नाम पर पड़ा है। यदि देश को इस प्रकार के किसी कार्यक्रम में उलझा तो यकीन माने कुछ लोगो को तो गर्व का अनुभव करने कराने का अवसर मिल जाएगा, बिना ये सोचे कि इसी नाम इंडिया पर यही सरकार पहले कितना गर्व करा चुकी है यथा स्किल इंडिया, इंडिया साइन, मेक इन इंडिया इत्यादि। पर सोचने वाली बात यह है कि संविधान के अनुच्छेद1 में दोनों नाम लिखे है भारत अर्थात इंडिया राज्यो का संघ होगा। अब अचानक से विशेष सत्र बुला कर इसे बदलने जैसी की बात बड़ी पीड़ा दायक हो सकती है देश और देश वासियों के लिए। क्योकि इलाहाबाद नाम बदलने पर 300 करोड़ रुपये खर्च हो गए यहाँ तो पूरे देश के अनेकानेक नामो को बदलना पड़ेगा जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड पासपोर्ट, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, आईएएस, आईपीएस,आयल इंडिया, इंडियन ऑयल कॉर्प, इंडियन ओसन(हिन्द महासागर) जिस नाम के लिए चीन हमेशा परेशान रहता ही है। और भी बहुत सारे। वही सूत्रों मि माने तो पाकिस्तान भी चाहता है कि भारत इंडिया नाम छोड़े और वे क्लेम करे और अपना नाम पाकिस्तान की जगह इंडिया रखे, क्यो की इंडिया नाम तो युनानीयो ने दिया था वे भी तो इंडस बैली के ही निवासी है। हमारे प्रधानमंत्री अचानक से फैसला लेने के आदि है। जैसा कि पिछले कुछ सालों में देखने को मिला है, किसी से विचार विमर्श करते नही। तो हो सकता है हम इस परेशानी में फस जाय और सालो तक विभिन्न दस्तावेजों पर नाम बदलवाते नजर आए। इसलिए इन विषयों पर भो ध्यान आवश्यक है। बाकी तो नेता पढ़ा लिखा होना ही चाहिए।

जेक्यूआर स्पोर्ट्स ने वाराणसी में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिये स्पोर्ट शू और स्नीकर की नई रेंज लॉन्च करके अपनी शानदार कायमाबी का जश्न मनाया

वाराणसी। स्पोर्ट्स और कैजुअल फुटवियर में अग्रणी कंपनी, जेक्यूआर स्पोर्ट्स ने वाराणसी में अपने डिस्ट्रीब्यूटर (सुहाना एंटरप्राइजेस) के साथ एक भव्य आयोजन में पुरुषों, महिलाओं

और बच्चों के लिये अपने नवीनतम स्पोर्ट शू और स्नीकर कलेक्शन की शानदार कामयाबी की घोषणा की है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सम्मानित एरिया रिटेलर और होलसेलर्स मौजूद थे। जेक्यूआर स्पोर्ट्स एवं सुहाना एंटरप्राइजेस द्वारा वाराणसी में की गई मीटिंग में भारी संख्या में रिटेलर्स ने पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जेक्यूआर मीटिंग में पहुचे रिटेलर भाइयों की संख्या एवं उनके द्वारा की गई बुकिंग ने पिछले सभी सालों के रिकॉर्ड तोड़ नए कीर्तिमान को स्थापित किया है। जेक्यूआर स्पोर्ट्स द्वारा पेश किये जाने वाले अत्याधुनिक नवाचारों और स्टाइल का अनुभव लेने के लिये उपस्थित लोगों में काफी उत्सुकता दिखी। शू इंडस्ट्री में अग्रणी होने के नाते जेक्यूआर स्पोर्ट्स ने स्पोर्ट्स एवं कैजुअल फुटवियर में उत्कृष्टता का मानक लगातार ऊँचा करने का प्रयास किया है और खिलाड़ियों, फिटनेस के दीवानों तथा खेल प्रेमियों की विविध आवश्यकताओं को पूरा किया है। जेक्यूआर स्पोर्ट्स द्वारा लॉन्च की गई रेंज खासतौर पर स्नीकर रेंज की स्टाइल एवं सिग्नेचर सीरीज को रिटेलर्स का बहुत ही अच्छा रिस्पॉन्स मिला। उच्चतम स्तर का आराम, प्रदर्शन और स्टाइल देने के लिये इस ब्राण्ड की प्रतिबद्धता उसकी सबसे नई स्पोर्ट शू एण्ड स्नीकर रेंज में दिखती है। कुशनिंग और ट्रैक्शन की उन्नत टेक्नोलॉजी से डिजाईन की गई, जेक्यूआर स्पोर्ट्स की नई रेंज खेल गतिविधियों के दौरान अजेय प्रदर्शन के लिए बेहतर सपोर्ट और ऊर्जा वापस पाने वाली विशेषताओं से लैस है। स्टाइल में व्यावहारिकता के लिए डिजाइन की गई, आकर्षक और रंगीन स्नीकर रेंज हल्की और हवादार है, जिससे हर कदम पर आराम और चुस्ती मिलती है। युवा खिलाड़ियों के लिये बनाये गये इन जूतों में मजबूती लचीलेपन का संयोजन है जोरदार खेल और और अभ्यास के लिए स्वाभाविक गति और स्थिरता बढ़ती हैं। जेक्यूआर स्पोर्ट्स के प्रबंध निदेशक, श्री मनीष गर्ग ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया और कहा, मैं जेक्यूआर स्पोर्ट्स में अपने बहु-प्रतीक्षित स्पोर्ट्स शू और स्नीकर रेंज के लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित महसूस कर रहा हूँ। प्रदर्शन, स्टाइल और नवाचार को नई परिभाषा देने वाला कलेक्शन बनाने के लिये मुझे अपनी टीम के निरंतर प्रयासों पर गर्व है। हमारे नये स्पोर्ट्स शू और स्नीकर कलेक्शन का सफल लॉन्च हमारी टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। अपने एरिया होलसेलर्स और रिटेलर्स के लगातार सहयोग और भरोसे से हम अभिभूत हैं, जैसा कि वे स्पोर्ट्स फुटवियर के भविष्य को आकार देने की हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण भागीदार हैं। सेल्स और मार्केटिंग के डायरेक्टर सुरेंदर बंसल ने आयोजन को मिले शानदार समर्थन पर अपना रोमांच व्यक्त करते हुए कहा, ÷हमारे होलसेलर्स और रिटेलर्स तथा बड़ी संख्या में अन्य लोगों का उत्साह हमारी अपेक्षाओं से बढ़कर रहा।

संदीप बख्शी अगले 3 साल के लिए फिर बने आईसीआईसीआई बैंक के एमडी, आरबीआई से मिली मंजूरी

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने आईसीआईसीआई बैंक के एमडी के रूप में संदीप बख्शी की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। निजी क्षेत्र की आईसीआईसीआई बैंक ने सोमवार को कहा कि आरबीआई ने तीन साल के लिए निजी ऋणदाता के प्रबंध निदेशक और सीईओ के रूप में संदीप बख्शी की पुनर्नियुक्ति को लेकर हरी झंडी दी है। आइएच पूरी खबर के बारे में जान लेते हैं। आईसीआईसीआई बैंक के एमडी के रूप में संदीप बख्शी को 3 साल के लिए पुनर्नियुक्ति किया गया है। केंद्रीय बैंक की मंजूरी के बाद ये घोषणा की गई है। आपको बता दें कि आईसीआईसीआई बैंक ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि बख्शी की पुनर्नियुक्ति 4 अक्टूबर, 2023 से 3 अक्टूबर, 2026 तक प्रभावी रहेगी। इसमें कहा गया है कि बैंक के शेयरधारकों ने पहले ही तीन और वर्षों के लिए बख्शी की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने लॉन्च किया एक व्यापक स्वास्थ्य बीमा उत्पाद, 'सुपर हेल्थ इंश्योरेन्स'

मुम्बई। भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने आज व्यापक प्रावधानों वाले उत्पाद, 'सुपर हेल्थ इंश्योरेन्स' के लॉन्च की घोषणा की है। इस उत्पाद का लक्ष्य ग्राहकों के लिए एक विस्तृत स्वास्थ्यरक्षा पॉलिसी की उपलब्ध्ता सुनिश्चित करना है, जिससे उनकी स्वास्थ्यरक्षा संबंधी सभी आवश्यकताओं की पूर्ती हो सके और वे अस्पताल में भर्ती होने पर चिकित्सा के खर्चों के बोझ से बच सकें। यह पॉलिसी सुरक्षा की विस्तृत रेंज प्रदान करती है, जिनमें 27 सामान्य कवरेज और 7 वैकल्पिक कवरेज शामिल हैं। इस उत्पाद के तहत 4 प्लान्स हैं, जो 3 लाख रुपये से लेकर 2 करोड़ रुपये तक के बीमित राशि के विकल्पों की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करते हैं। ग्राहक इन योजनाओं की पॉलिसी के लिये एक से लेकर तीन साल तक की अवधि चुन सकते हैं। यह उत्पाद विभिन्न वर्गों के ग्राहकों के लिये डिजाइन की गई है, जिनमें कम आय वालों से लेकर एनआरआई तक सभी आय वर्गों के लोग शामिल हैं।

एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स के पूर्ण-कालिक निदेशक, श्री आनंद पेजावर ने कहा, ''एसबीआई जनरल में हम अपने ग्राहकों को स्वास्थ्य बीमा के व्यापक समाधानों के माध्यम से अच्छी गुणवत्ता की स्वास्थ्यरक्षा सुलभ कराने के लिये प्रतिबद्ध रहे हैं। इस मिशन के अनुसार, हमने एक समर्पित हेल्थकेयर वर्टिकल बनाकर अपना फोकस बढ़ाया है, जो न सिर्फ विशिष्ट आवश्यकताओं पर आधारित उत्पाद पेश करता है, बल्कि इन-हाउस मॉडल से दावों पर काम भी करता है। इस बढ़े हुए फोकस के हिस्से के रूप में सुपर हेल्थ इंश्योरेन्स को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। यह स्वास्थ्य बीमा उत्पाद श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ कवरेज और विशेषताओं से भरा है। 'सुपर हेल्थ इंश्योरेन्स' के साथ हम ''रीइंश्योर बेनेफिट'' देने का प्रयास कर रहे हैं, जिसका मतलब है बीमित राशि का पहले दावे से ही विभिन्न रूपों में असीमित बार के लिये रिफील करना।

उन्होंने आगे कहा, ''इसके अलावा, स्वास्थ्य बीमा के इस प्रमुख उत्पाद में वेलनेस कवर जैसी नये जमाने की कुछ खूबियों को शामिल किया गया है, जिसमें 'वॉक हेल्दी बेनेफिट' शामिल है। इसके द्वारा ग्राहक एक समर्पित ऐप पर अपने द्वारा पैदल चलने का लक्ष्य हासिल करके सेहत के फायदे बढ़ा सकते हैं। इस प्रकार उन्हें अपने रिन्यूवल प्रीमियम पर 30% तक की छूट मिलेगी।''

आर आर काबेल लिमिटेड का आईपीओ खुलेगा 13 सितंबर, 2023 को

लखनऊ। आर आर काबेल लिमिटेड (कंपनी), बुधवार, 13 सितंबर, 2023 को इक्विटी शेयरों की अपना आईपीओ (इनिशियल पब्लिक ऑफर- प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश) खोलेगी। ऑफर में 180 करोड़ रुपये (1,800 मिलियन) तक के इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इशू और 17,236,808 इक्विटी शेयर तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है (ऑफर फॉर सेल और फ्रेश इशू के साथ, आईपीओ) जिसके तहत मौजूदा शेयरधारकों की हिस्सेदारी बेची जाएगी । इस ऑफर में 10.8 करोड़ (108 मिलियन) तक के इक्विटी शेयरों का आरक्षण भी शामिल है जो 6 सितंबर 2023 (आरएचपी) मुंबई, महाराष्ट्र में कंपनी रजिस्ट्रार के पास दायर रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में वर्णित तरीके से कंपनी के कुछ पात्र कर्मचारियों (र्मचारी आरक्षण खंड) के लिए आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा। कर्मचारी आरक्षण खंड में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति इक्विटी शेयर 98 की छूट की पेशकश की जा रही है। कर्मचारी आरक्षण खंड को घटाने ने बाद यह ऑफर नेट ऑफर है।एंकर निवेशक बोली की तारीख, मंगलवार, 12 सितंबर, 2023 होगी। ऑफर, अभिदान (सब्सक्रिप्शन) के लिए बुधवार, 13 सितंबर, 2023 को खुलेगा और शुक्रवार, 15 सितंबर, 2023 को बंद होगा।

ऑफर का प्राइस बैंड 983 से 1,035 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 14 इक्विटी शेयरों के के लिए और उसके बाद 14 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगाई जा सकती है।एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एचएसबीसी सिक्योरिटीज एंड कैपिटल मार्केट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, इस ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

कम वर्षा के बावजूद धान का रकबा 400 लाख हेक्टेयर के पार, दलहन की बुआई ने किया निराश

नई दिल्ली। मानसून की वर्षा में कमी का असर खरीफ फसलों की बुआई पर नहीं पड़ा। देश में अभी तक 11 प्रतिशत कम बारिश हुई है। फिर भी पिछले वर्ष की तुलना में धान का रकबा बढ़ गया। हालांकि, दलहन की बुआई ने निराश किया है। इसके रकबे में 8.58 प्रतिशत की कमी हो गई है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, चालू खरीफ मौसम में सोमवार तक 403.41 लाख हेक्टेयर में धान की रोपाई हुई। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.60 लाख हेक्टेयर अधिक है। पिछले वर्ष इस दौरान 392.81 लाख हेक्टेयर में धान की बुआई हो पाई थी।

दलहन के रकबे में 11.26 लाख हेक्टेयर की कमी आ गई है, जो केंद्र सरकार की चिंता बढ़ाने वाली है। इस वर्ष अभी तक 119.91 लाख हेक्टेयर में ही दलहन की बुआई हो पाई है, जबकि पिछले वर्ष आंकड़ा 131.17 लाख हेक्टेयर था। कुल्थी को छोड़कर बाकी सभी तरह की दलहन के रकबे में गिरावट आई है।

अरहर, उड़द एवं मूंग समेत अन्य दलहन की फसलों में भी यह ट्रेंड देखा गया है। उड़द के रकबे में सबसे तेज गिरावट है। यह कमी महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश एवं कर्नाटक में कम बुआई के चलते हुई है। श्रीअन्न की बढ़ती मांग और कीमतों में उछाल से इसके रकबे में भी वृद्धि देखी जा रही है।

चालू मौसम में अबतक 182.21 लाख हेक्टेयर में श्रीअन्न की बुआई हो चुकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग एक लाख हेक्टेयर ज्यादा है। ज्वार, बाजरा एवं मक्के का रकबा बढ़ा है। किंतु रागी के रकबे में मामूली कमी आई है।

Youva ने भारत की ऐतिहासिक चंद्र लैंडिंग के अवसर पर लिमिटेड एडिशन चंद्रयान-3 लॉन्ग बुक लॉन्च किया

लखनऊ। नवनीत एजुकेशन लिमिटेड के Youva ब्रांड ने अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में भारत की ऐतिहासिक चंद्र लैंडिंग के मौके पर गर्व से लिमिटेड एडिशन चंद्रयान-3 लॉन्ग बुक का लॉन्च किया है। चंद्रयान-3 मिशन में ढ्ढस्क्रह्र की शानदार सफलता के साथ, Youva ने इस खास पल को मनाने के लिए यह खास बुक उपलब्ध कराई है।

23 अगस्त को शाम 6:04 बजे, भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के अंतरिक्ष में चंद्रमा की सतह पर सफल लैंडिंग करके इतिहास रचा। इस अद्वितीय उपलब्धि में चंद्रमा के साउथ पोल पर सॉफ्टलैंडिंग करके, भारत ऐतिहासिक तरीके से प्रमुख बन गया है।

Youva के मुख्य रणनीति अधिकारी अभिजीत सान्याल ने कहा, Youva में हमारे लिए, भारत के युवाओं को प्रेरित करना सिर्फ़ एक प्रतिबद्धता ही नहीं, बल्कि एक जुनून है। हम ज्ञान की ताकत और युवा मन की असीमित क्षमता में

विश्वास करते हैं। चंद्रयान-3 लॉन्ग बुक्स, भारत के नौजवानों के अपराजेय जज़्बे का सलाम है। हमें उम्मीद है कि ये बुक न केवल हमारी अंतरिक्ष उपलब्धियों में मूल्यवान धारणा प्रदान करेगी, बल्कि साथ ही हर युवा भारतीय के भीतर जिज्ञासा और महत्वाकांक्षा की ज्वाला बढ़ाएगी। यह लिमिटेड एडिशन ८4 बुक का आकार और डिज़ाइन; चंद्रयान-3 मिशन की चाँद की आकर्षक दुनिया की एक झलक प्रदान करने के लिए बनाई गई है।

चंद्रयान-3 लॉन्ग बुक्सअब भारत के चुनिंदा शहरों में दुकानों पर उपलब्ध हैं। Youva सभी को इन खास बुक्स को प्राप्त करने और अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों के जश्न में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है।

कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्रीज के इनोवेशन के इंटरसेक्शन पर होंडा इंडिया पावर

नई दिल्ली। पिछले 37 वर्षों से, होंडा इंडिया पावर प्रोडक्ट्स (एचआईपीपी) दुनिया भर में ग्राहकों की पसंदीदा पसंद

रहा है और उन्हें सशक्त बनाकर, बेहतर करने के लिए 5 मिलियन से अधिक खुश उपयोगकर्ताओं के सपनों को साकार किया है। होंडा इंडिया पावर प्रोडक्ट्स भारतीय बाजार में 4-स्ट्रोक तकनीक पेश करने वाली उद्योग की पहली कंपनी थी, जिसने भारतीय उपभोक्ताओं को अद्वितीय परिचालन दक्षता प्रदान की। 2020 में, एचआईपीपी ने 5 मिलियन यूनिट की बिक्री का मील का पत्थर हासिल किया और भारत में मशीनीकृत संचालन को सक्षम करने के 35 साल पूरे कर लिए। शुरुआत में, हमने निर्माण उपकरणों में अपनी प्रमुख 4-स्ट्रोक तकनीक के उपयोग में तेजी लाने में एक अनिवार्य भूमिका निभाई है। कंक्रीट मिक्सर, वाइब्रेटर, कटर, सरफेस लेवलर, सॉइल कॉम्पेक्टर और स्टोन क्रशर जैसे निर्माण उपकरण सामान्य प्रयोजन इंजन (1 9 22 एचपी) द्वारा संचालित होते हैं। हमारे सामान्य प्रयोजन इंजनों के अन्य अनुप्रयोगों में कृषि छिड़काव और कटाई, लंबी पूंछ वाली नावें, उच्च दबाव वाले वॉशर, रेल कटिंग, दूध देने वाली मशीनें आदि शामिल हैं।

निर्माण उपकरण क्षेत्र में होंडा की यूएसपी होंडा दुनिया भर में निर्माण उपकरणों के लिए 4-स्ट्रोक प्रौद्योगिकी-संचालित जीएक्स इंजन विकसित करने में वैश्विक अग्रणी रही है। होंडा जीएक्स इंजन की गतिशीलता, कम वजन वाला डिज़ाइन, स्थायित्व और बेजोड़ ईंधन दक्षता किसी भी निर्माण स्थल पर निरंतर और भारी श्रम आवश्यकताओं के लिए महत्वपूर्ण हैं। होंडा जीएक्स इंजन संचालित निर्माण उपकरण जैसे कंक्रीट मिक्सर, कंक्रीट कटर, वाइब्रेटर, सॉइल कॉम्पेक्टर, सरफेस लेवलर इत्यादि पारंपरिक गियर की तुलना में उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि प्रदान करते हैं। ऐसे उपकरणों का अनुप्रयोग अपूरणीय है और कार्यों की दक्षता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकता है। कंक्रीट मिक्सर ऐसे उपकरण हैं जो विभिन्न शक्तियों के साथ कंक्रीट मिश्रण को तेजी से और सटीक रूप से तैयार करने की अनुमति देते हैं। इसके अतिरिक्त, कुछ कंक्रीट मिक्सर सीधे निर्माण स्थल पर कंक्रीट

मिश्रण डाल सकते हैं, जिससे मैन्युअल श्रम की आवश्यकता कम हो जाती है। कंक्रीट को काटने के लिए एक विशेष तकनीक की आवश्यकता होती है क्योंकि यह कई अन्य निर्माण सामग्री की तुलना में काफी मोटा और अधिक टिकाऊ होता है। यहीं पर कंक्रीट कटर कदम रखते हैं। कंक्रीट कटर बिजली उपकरण हैं जिनका उपयोग कंक्रीट, टाइल्स, डामर और अन्य ठोस सामग्रियों को काटने के लिए किया जाता है। इसी

तरह, वाइब्रेटर मिश्रण में फंसी हवा को बाहर निकालते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अधिक कॉम्पैक्ट और सपाट स्लैब बनता है। मृदा कम्पेक्टर मिट्टी की सतह पर संपीड़न बल लगाकर मृदा क्षेत्र घनत्व को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब कोई बिल्डर कंक्रीट स्लैब बिछाने की तैयारी करता है, तो

निर्माण स्थल पर समतल और श्रेणीबद्ध जमीन महत्वपूर्ण होती है। सतह को समतल करने, समतल

करने, फिनिशिंग करने और स्पॉट हटाने के लिए लेवलर आवश्यक है, जो फर्श और सड़क निर्माण में

लेवलर के उपयोग को तेज करता है। होंडा के विविध उत्पाद भंडार में तकनीकी कौशल को एकीकृत करना एचआईपीपी अपने सभी उत्पाद प्रस्तावों में अत्याधुनिक तकनीक प्रदान करने के लिए समर्पित है और नियमित बाजार अनुसंधान के माध्यम से उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं और संभावित अनुप्रयोगों की पहचान करने, उपभोक्ता की बढ़ती जरूरतों का पता लगाने और अपने विदेशी सहयोग के लिए

एचआरआईडी (होंडा रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट) द्वारा अच्छी तरह से समर्थित है।

5 साल के लिए करना है निवेश, इन तीन बातों के साथ समझें अपने फायदे की बात

नई दिल्ली। 5 साल यानी लंबी अवधि के निवेश की योजना बना रहे हैं और समझ नहीं पा रहे हैं कि फिक्स्ड डिपॉजिट और नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट में कौन-सा ऑप्शन ज्यादा बेहतर है। इन दोनों ही ऑप्शन के बीच

एक अंतर को समझ लें तो फैसला लेने में आसानी हो सकती है। फिक्स्ड डिपॉजिट और नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट को लेकर ब्याज और इनकम टैक्स के नियमों की जानकारी मायने रखती है। निवेश के दोनों विक्लपों के अंतर को समझाने के लिए यहां ब्याज दर, निवेश की राशि और इनकम टैक्स से जुड़े नियमों की जानकारी दे रहे हैं। नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट में अभी 7.7त्न की दर से कंपाउंडिंग ब्याज दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर एसबीआई, पोस्ट ऑफिस और आईसीआईसीआई जैसे बैंक 5 साल के फिक्स्ड डिपॉजिट पर 6.5त्न से 7.5त्न तक सालाना ब्याज दिया जा रहा है। नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट में निवेश की कोई सीमा नहीं है। स्कीम के साथ 100, 500, 1000, 5000, 10,000 और इससे ज्यादा के सर्टिफिकेट मिलते हैं। देश के लगभग सभी प्रमुख बैंकों और पोस्ट ऑफिस में 1000 रुपये से एफडी शुरू की जा सकती है। नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट और फिक्स्ड डिपॉजिट में इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80ष्ट के तहत छूट 1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर ली जा सकती है। निवेश के दोनों विकल्पों में अंतर को समझने की कोशिश करें तो पाते हैं कि नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट पर टीडीएस नहीं काटा जाता है।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने लखनऊ के शिक्षकों के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग एंड ट्रेनिंग वर्कशॉप्स का आयोजन किया

लखनऊ। नई शिक्षा नीति (एनईपी2020) और स्कूली शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क ने कला को उसकी वजह जगह प्रदान की है जिसकी वह अधिकारी है। इस हेतु कला को पाठ्यक्रम में मजबूती से लाया गया है और शिक्षण के सभी क्षेत्रों में कला को शामिल किया गया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने शिक्षकों के लिए आर्ट-इंटिग्रेशन ट्रेनिंग एवं कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप्स की श्रृंखला शुरु की है। आर्ट-इंटिग्रेशन वर्कशॉप कक्षा 1 से 5 के शिक्षकों के लिए आज लखनऊ में आयोजित की गई और इसमें 100 से ज्यादा शिक्षकों ने भाग लिया। ऑ.यू.प्रे. की विशेषज्ञ और लिटल आर्टिस्ट्स सिरीज की लेखिका अनाहिता ली ने इस वर्कशॉप का संचालन किया। इसमें वे दोनों क्षेत्र शामिल किए गए जिनकी अनुशंसा की गई है - कला के तत्वों के इर्दगिर्द निर्मित कला शिक्षा तथा सभी विषयों में कला एकीकृत शिक्षा हेतु रणनीतियां व सुझाव। जैसा कि नई शिक्षा नीति में निर्दिष्ट किया गया है कि कला एकीकरण अनिवार्य रूप से कला शिक्षा की बुनियाद पर निर्मित होना चाहिए। इस आधार पर, इस वर्कशॉप में शिक्षकों को कला के तत्वों से परिचित कराया गया और फिर सभी विषय क्षेत्रों और ग्रेड स्तरों पर कला को एकीकृत करने की रणनीतियां साझा की गई।लेखिका और कला विशेषज्ञ अनाहिता ली ने कहा, ''कला व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को संभव बनाती है और जब सबक इस तरह डिजाइन किए गए हों कि उनमें कला शामिल हो तो बच्चे यह चुनाव कर सकते हैं कि अपने आसपास की दुनिया के बारे में जो जानते हैं उसे वे कैसे अभिव्यक्त करना चाहते हैं। कला सभी विषयों का मिलन स्थल है और कला के माध्यम से शिक्षा प्रासंगिक और रुचिपूर्ण अनुभव बन जाती है।''ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस के प्रबंध निदेशक सुमंत दत्ता ने कहा, ''ऑ.यू.प्रे. स्कूलों की भरोसेमंद सहयोगी है और हम शैक्षणिक दृष्टिकोण तथा विश्व-स्तरीय शैक्षिक उत्पादों के साथ उन्हें मदद दे रहे हैं। आर्ट इंटिग्रेशन वर्कशॉप में उन विभिन्न तरीकों का जायजा लिया जाता है जिनसे कला को शिक्षण में एकीकृत किया जा सके, इस तरह शिक्षकों को अपनी कक्षाओं में नई शिक्षा नीति की सिफारिशों को लागू करने में मदद मिलेगी। यह दृष्टिकोण और यह परिप्रेक्ष्य शिक्षण को ज्यादा अनुभजन्य और संपूर्ण बनाने हेतु नए आयाम जोड़ेंगे।''

दुबई लेओवरः स्टॉपओवर यात्रियों के लिए शहर के आकर्षक पर्यटन स्थल

दुबई। अगर आप ग्लोबल ट्रैवल कर रहे हैं तो आप दुबई विज़िट कर अपनी इस यात्रा को मिनी वेकेशन के रूप में आगे बढ़ सकते हैं। कई उड़ानें दुबई से होकर गुज़रती हैं, साथ ही शहर में ढेरों ऐसी चीजें हैं जिनका आप लुत्फ़ उठा सकते हैं,

ऐसे में दुबई एक अच्छा स्टॉपओवर डेस्टिनेशन है। दुनिया की दो-तिहाई आबादी दुबई से आठ घण्टे की उड़ान की दूरी पर है, साथ ही यह शहर यात्रा की दृष्टि से सबसे व्यस्त और कनेक्टिंग हब है, ऐसे में स्टॉपओवर होलीडे के लिए दुबई की लोकप्रियता तेज़ी से बढ़ रही है। आपकी आइटनेरी में सिर्फ एक नाईट है या कुछ दिन, आप चमकते सूरज के इस शहर में एक ब्रेक बुक कर सकते हैं और खूबसूरत समुद्रतटों से लेकर रिकॉर्ड-तोड आकर्षक गंतव्यों का लुत्फ़ उठा सकते हैं। यह शहर अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन हॉटस्पॉट के रूप में विकसित हो गया है और यहां पहुंचना सुलभ और सुरक्षित है। साथ ही यहां ढेरों रोमांचक पर्यटन स्थल और लोकप्रिय स्थान हैं, जहां आप साईटसींग का आनंद उठा सकते हैं। अपने दुबई स्टॉपओवर के दौरान आप लक्ज़री मॉल्स लेकर अनूठी कारीगरी, टेक्नोलॉजी म्युज़ियम्स और मिशलीन-स्टार डाइनिंग तक का लुत्फ़ उठा सकते हैं। कॉफी हमेशा से अरबी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही है। यह म्युज़ियम पुराने ज़िले की संकरी गलियों के बीच अल फहीदी हिस्टोरिकल नेबरहुड में स्थित है। कॉफी म्युज़ियम दुबई, अरबी परम्पराओं के साथ-साथ दुनिया भर से कॉफी की संस्कृति का दर्शाता है। यहां आप कॉफी की उत्पत्ति, काल्दी की खोज से जुड़े दिग्गज के इतिहास के बारे में जान सकते हैं एक बकरी चराने वाले व्यक्ति ने किस तरह कॉफी बीन को खोजा और कैसे यह यूरोप से आकर इस क्षेत्र की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बन गई। पहले विश्व युद्ध के दौरान इस्तेमाल किएगए कॉफी ग्राइंडर्स, कॉफी से जुड़े ऐतिहासिक आकड़े और ब्रूइंग के प्राचीन बर्तन इस डिस्पले के कुछ आकर्षण केन्द्र हैं।

यह म्युज़ियम बताता है कि आने वाले समय में सोसाइटी किस तरह विकसित होगी, यह पारम्परिक प्रदर्शनी, आकर्षक थिएटर एवं कई अन्य आकर्षण केन्द्रों का संयोजन है, जहां आगंतुक वर्तमान की सीमाओं के दायरे आगे बढ़कर भविष्य की असीमित संभावनाओं का अनुभव पा सकते हैं।

दीपिका पादुकोण और करण जौहर की पहली सहकारी फिल्म एशियन पेंट्स रॉयल ग्लिट्ज़

नई दिल्ली। भारत की सबसे बड़ी पेंट एवं डेकर कंपनी, एशियन पेंट्स का रॉयल ग्लिट्स काफी सुर्खियाँ बटोर रहा है। अपनी बेहद चमकीली फिनिश और क्रैक-फ्री परफॉर्मेंस के साथ यह लक्ज़री ब्रांड, दीवारों को स्मूथ और खूबसूरत लुक

देता है। इसे दीवारों पर लंबे समय तक टिके रहने के लिए डिजाइन किया गया है। एशियन पेंट्स ने अपने नए विज्ञापन के साथ उस चमक को कुछ और बढ़ाने का काम किया है, जो आपके आशियाने को और रौशन व समृद्ध बनाता है। इस विज्ञापन में ब्रांड ऐम्बेसडर, दीपिका पादुकोण एक ग्लैमरस एक्शन गर्ल के अवतार में रॉयल ग्लिट्स की तरह ही अपने दायरे से बाहर निकलती नजर आ रही हैं। यह रॉयल ग्लिट्स, लक्ज़री पेंट्स के तहत आता है। इस फिल्म में जाने-माने निर्देशक करण जौहर, का होना आपको आश्चर्यचकित भी करेगा।

इस नए रॉयल ग्लिट्ज़ विज्ञापन में चमचमाती दीवारों को लेकर ब्रांड एम्बेसडर दीपिका पादुकोण की एक अलग ही तरह की सनक दिखाई गई है। यह विज्ञापन फिल्म एक बेहद ही दिलचस्प एक्शन सीक्रेंस के साथ शुरू होती है, जिसमें दीपिका बड़े ही स्टाइल और फुर्ती से अपने लिविंग रूम में गुंडों से लड़ती नजर आ रही है। एक्शन से भरपूर इस सीन के बीच काँच और कई सारी चीजों का एक तूफान उनकी तरफ बढ़ रहा होता है, जिन्हें वह दीवार की टक्कर के सहारे रोक लेती हैं। इतने में इस एक्शन सीक्रेंस में बड़ा ही दिलचस्प मोड़ आता है दरअसल, यह सीन एक मूवी के लिए फिल्माया जा रहा था, जिसे कोई और नहीं बल्कि करण जौहर खुद फिल्मा रहे हैं। इस जोड़ी का लोग वास्तविकता में भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शूटिंग खत्म होने के बाद, दीपिका को ऐसा लगता है कि करण उनके लिए ताली बजाएंगे और उनकी परफॉर्मेंस की तारीफ करेंगे, लेकिन दीपिका हैरान रह जाती हैं कि वे दीवारें, ससारी सुर्खियां बटोर रही हैं। करण जौहर, पेंट के क्रैक-फ्री परफॉर्मेंस और उसकी फिनिश तथा चमक देखकर फूले नहीं समा रहे। कुछ पलों के लिए दीपिका हैरत में पड़ जाती हैं, लेकिन जल्द ही वो भी दीवारों की तारीफ करने लगती हैं। विज्ञापन में फिल्म के अंदर फिल्म वाला कलाकात्मक अंदाज अपनाया गया है। उसमें अचानक ही वास्तविक दृश्य का उभर आना अनोखा लगता है। उस दीवार, दीपिका और करण के बीच का शरारत-भरा अंदाज एक दिलचस्प कहानी बुनता है।

टाटा मोटर्स ने ओडिशा सरकार को 181 विंगर वेटरनेरी वैन्स की आपूर्ति की

भुवनेश्वर। वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली, भारत की अग्रणी कंपनी टाटा मोटर्स ने आज उड़ीसा सरकार को 181 विंगर वेटरनेरी वैन्स आपूर्ति करने की घोषणा की है। इन वाहनों को उड़ीसा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने उड़ीसा सरकार और टाटा मोटर्स के प्रतिनिधियों के साथ हरी झंडी दिखाई। विशेष आधार पर कस्टमाइज़ की गई टाटा विंगर का इस्तेमाल उड़ीसा सरकार के पाशुपालन एवं पशुचिकित्सा सेवा निदेशालय के द्वारा वेटरनेरी वैन्स के रूप में किया जाएगा। सरकारी संस्था के नियमों एवं शर्तों के अनुसार टाटा मोटर्स टॉप बिडर बनकर उभरी और उसने अत्याधुनिक खूबियों वाले फुली-बिल्ट विंगर वेटरनेरी वैन्स का बेड़ा सुपुर्द किया है। ई-बिडिंग की प्रक्रिया सरकारी ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से हुई थी।

इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए, टाटा मोटर्स के बिजनेस हेड - सीवी पैसेंजर्स, श्री रोहित श्रीवास्तव ने कहा, ''टाटा मोटर्स उड़ीसा सरकार को 181 वेटरनेरी वैन्स की आपूर्ति करते हुए प्रसन्न है, जिससे पशु स्वास्थ्यरक्षा को सुलभ बनाने का एक नया युग आरंभ हो रहा है। विशिष्ट उद्देश्यों के लिये निर्मित विंगर वेटरनेरी वैन्स की आपूर्ति के साथ हम व्यापक पशुचिकित्सा सेवाओं के लिये सरकार के लक्ष्य के प्रति वचनबद्ध हैं। इन अभिनव वैन्स को ओडिशा में सक्षम परिचालन सुनिश्चित करने के लिये सावधानी से निर्मित किया गया है।'' टाटा विंगर बेहतर टॉर्क और ईंधन की किफायत वाले 2.2 लीटर डाइकोर इंजन से शक्ति प्राप्त करती है। इसमें एक इको स्विच और गियर शिफ्ट भी हैं, जो ईंधन क्षमता बढ़ाने में सहायक हैं। विंगर की 25.8त्न की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ग्रेड-एबिलिटी खड़ी चढ़ाई और फ्लाईओवर्स पर संचालन को आसान बनाने में मदद करती है। इसके अलावा, एंटी-रोल बार्स और हाइड्रोलिक शॉक एब्जॉबर्स वाला विंगर का अलग फ्रंट सस्पेंशन आसान यात्रा सुनिश्चित करता है और उसका मोनोकॉक बॉडी डिजाइन भी ऐसा ही करते हुए ड्राइविंग में कार जैसी गतिशीलता देता है। इसमें आवाज, कंपन और कर्कशता (एनवीएच) कम रहती है।

अवैध अंग्रेजी शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

अमेठी अवधनामा संवाददाता। थाना क्षेत्र कमरौली अंतर्गत पलिया पश्चिम के पास हाईवे पर एक ट्रक से अवैध अंग्रेजी शराब ले जाए जाने की मुखबिरी पर कमरौली पुलिस और प्रयागराज एसटीएफ टीम ने संयुक्त रूप से ट्रक रोक कर ट्रक चालक से माल की बिल्टी मांगी कागजात उपलब्ध न कराने पर ट्रक की तलाशी ली गई। जिसमें से हैरतअंगेज करने वाला कारनामा का खुलासा हुआ। थाना कमरौली और एसटीएफ प्रयागराज की संयुक्त टीम द्वारा कुल 10 656 बोतलों में 5 679 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जिसकी अनुमानित कीमत 45 लाख रुपये बताई गई है। एक आईसर ट्रक के साथ अन्तर्राज्यीय 3 तस्कर गिरफ्तार किए गए। पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने सोमवार को उक्त प्रकरण का खुलासा किया। बताया कि चंडीगढ़ से यह ट्रक अवैध शराब लेकर बिहार जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर कमरौली पुलिस और एसटीएफ प्रयागराज ने तस्करों को माल सहित हिरासत में लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में दो हरियाणा के और एक चंडीगढ़ का बताया गया है। पुलिस मामले में विधिक कार्यवाही कर रही है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की बैठक

देवरिया अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने मिलावटी एवं अधोमानकन खाद्य पदार्थों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 31 अगस्त तक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कल 70 सैंपल एकत्र किए गए जिसमें से 24 सैंपल अधोमानक एवं पांच सैंपल असुरक्षित मिले। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अभी तक 60 वाद दायर हुए, जिसमें 37 पर निर्णय आ चुका है और 4.96 लाख रुपये जुर्माना वसूला जा चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि उनकी अध्यक्षता में आयोजित होने वाले प्रत्येक संपूर्ण समाधान दिवस में फूड सेफ्टी व्हीकल वैन के माध्यम से आमजन को मिलावटी खाद्य पदार्थ की पहचान करने में सक्षम बनाया जाए।

सरकार दे रही है ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा

देवरिया अवधनामा संवाददाता। विकास भवन स्थित गांधी सभागार में देवरिया विधानसभा क्षेत्र के 33 सक्रिय युवक एवं महिला दलों को खेलकूद प्रोत्साहन सामग्री वितरित किया गया। वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवरिया सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने मंगल दलों को संबोधित करते हुए अवगत कराया की सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल का बढ़ावा देने के लिए मिनी स्टेडियम बनाया जायेगा।उन्होंने युवा कल्याण विभाग के कार्यों की प्रशंसा करते हुए निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों के मध्य खेल प्रतिस्पर्धा को बढ़ाया जाए।

किसानो के जेहन में आज भी ताजा है रामकोला गोलीकांड

शकील अहमद

कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)। दस सितम्बर की तारीख जनपद के किसानों के लिए मनहूस दिन से ज्यादा कुछ नहीं है। यह दिन आज भी किसानो के जेहन में खौफनाक मंजर के रुप चस्पा है।

स्मरण रहे कि किसानो का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की मांग को लेकर रामकोला स्थित त्रिवेणी चीनी मिल गेट पर आंदोलन कर रहे किसानों पर 10 सितंबर 1992 को पुलिस फायरिंग में शहीद हुए किसानो की याद अभी भी लोगों के जेहन में ताजा है। उस मंजर को याद कर किसान सिहर उठते हैं। गोलीकांड के शिकार हुए पडोही हरिजन और जमादार मियां की शहादत पर हर साल रामकोला कस्बे में शहीद किसान दिवस मनाया जाता है। चीनी मिल प्रशासन की मनमानी से तंग आकर क्षेत्र के किसानों ने अगस्त

रामकोला चीनी मिल में बनी शहीदों की स्मारक स्थल

1992 में पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक राधेश्याम सिंह के नेतृत्व में आंदोलन शुरू किया। आठ सितंबर को चीनी मिल प्रशासन और आंदोलन कर रहे किसानों के बीच वार्ता विफल हो गई थी।

पथराव के जवाब में पुलिस ने चलाई थी गोली

आन्दोलन स्थल पर राधेश्याम सिंह के नामौजूदगी में अधिकारी आंदोलन खत्म करने का दबाव बनाने लगे। इसकी जानकारी किसानों को हुई तो वह उग्र होकर पुलिस पर पथराव करने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की और दो किसानों की मौत हो गई। राधेश्याम सिंह समेत 250 किसानों को गिरफ्तार कर देवरिया जेल में डालकर कस्बा में कर्फ्यू लगा दिया गया था। गोलीकांड की गूंज दिल्ली और लखनऊ तक पहुंची तो बड़े नेताओं के आने का क्रम शुरू हो गया। बीते वर्ष राधेश्याम सिंह की ओर से किसानों की शहादत पर आयोजित किसान शहीद दिवस में आए मुलायम सिंह यादव ने घोषणा की थी कि प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इस क्रम में यहां हर वर्ष सपा की ओर किसान शहीद दिवस के रुप में कार्यक्रम आयोजित कर गोलीकांड के शिकार हुए पडोही और जमादार मियां को याद किया जाता है।

राजधानी के गलियारों तक पहुंची थी आन्दोलन की गूंज

आंदोलन की धमक लखनऊ तक पहुंची तो तत्कालीन जनपद देवरिया के डीएम पर किसानों को मनाने का दबाव बढ़ा। नौ सितंबर को प्रशासनिक अधिकारियों व मिल प्रशासन के साथ राधेश्याम सिंह से वार्ता शुरू हुई जो देर शाम तक चली। वार्ता विफल होने के बाद आंदोलनकारियों ने चीनी मिल प्रबंधक को बंधक बनाकर अपने साथ बैठा लिया। शर्त रखी कि जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होगी, प्रबंधक भी हमारे साथ बैठे रहेंगे। उसके बाद प्रशासन ने रणनीति बदली और 10 सितंबर को थाने में आकर राधेश्याम सिंह से वार्ता करने को कहा। चीनी मिल गेट से कुछ किसानों के साथ राधेश्याम सिंह थाने में आ गए।

शिक्षक संघ के पूर्व मंत्री का निधन

मथौली बाजार, कुशीनगर। मोतीचक ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय खैरैटवा में प्रधानाध्यापक के पद से सेवानिवृत हुए शिक्षक व संघ के मंत्री परदेसी प्रसाद का सोमवार को निधन हो गया। इनके निधन पर शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए संघ के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि स्वर्गीय परदेसी एक कुशल शिक्षक के साथ मिलनसार भी थे। संगठन में जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक इकाई के मंत्री पद को सुशोभित किया गया था। इनका सेवाकाल काफी सराहनीय रहा। वे सन 2008 में सेवानिवृत हुए थे। इनका अथराहां घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र व प्राथमिक शिक्षक संघ के मंत्री राधेश्याम वर्मा ने दिया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, मंत्री छेदी प्रसाद, मोलई प्रसाद प्रजापति, दिनेश सिंह, मारकंडे त्रिपाठी, सतवंत सिंह, दिवाकर मणि, संजीव सिंह, राहुल कुमार, रामगोपाल सिंह, सतीश सिंह, कुंवर मनोज, हरिद्वार त्रिपाठी, हरीश पांडे, रंजीत गुप्ता, हारून रशीद, सहित सैकड़े शिक्षक उपस्थित रहे।

दहेज उत्पीड़न मुकदमें में फरार अभियुक्त के घर नोटिस चस्पा

अवधनामा ब्यूरो

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने धारा 82 के तहत नोटिस चस्पा किया

कुशीनगर। दहेज उत्पीड़न के मुकदमें में फरार अभियुक्त के घर कसानगंज पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर धारा 82 का नोटिस चस्पा करवाया है।

कसानगंज पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 174/2022 में भारतीय दंड संहिता की धारा 304, 323,506,3/4 डीपी एक्ट के अभियुक्त कृष्ण कुमार प्रजापति पुत्र राम अवध प्रजापति निवासी ग्राम बरवा कोटवा थाना कसानगंज जनपद कुशीनगर के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत किया गया था। कृष्ण कुमार की शादी पिपराइच थाना जनपद गोरखपुर के जंगल अहमद अली शाह गांव निवासी संध्या प्रजापति से हुई थी जिसमें उसने कृष्ण कुमार के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न से संबंधित मुकदमा दर्ज कराई थी। शादी के बाद से ही उसका पति अक्सर मारता पिटता था। इसके बाद उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही अभियुक्त न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था। रविवार को थाना कसानगंज पुलिस ने न्यायालय में अभियुक्त के हाजिर न होने के बाद 82 सीआरपीसी की कार्रवाई का अनुरोध एसीजेएम न्यायालय कसया से किया था इसके बाद न्यायालय ने सीआरपीसी 82 के तहत कार्रवाई का निर्देश दिया और अभियुक्त के घर पर नोटिस चस्पा करने का निर्देश दिया था। न्यायालय के आदेश के क्रम में कसानगंज थाने के उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह कांस्टेबल रविन्द्र यादव अभियुक्त के घर पहुंचकर न्यायालय द्वारा 82 सीआरपीसी का नोटिस चस्पा कराया।

मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम उप्र की धरती का स्वर्णिम दौरः सांसद

अवधनामा ब्यूरो

मेरी माटी, मेरा देश कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाते सांसद व अन्य

मेरी माटी, मेरा देश के प्रति शपथ लेते जनप्रतिनिधि

कुशीनगर। आजादी का अमृत महोत्सव भारत की आजादी के 75 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित मेरी माटी मेरा देश एवं अमृत कलश अभियान के दृष्टिगत वृहद कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को रविंद्र नगर धुस स्थित बुद्धा पार्क में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुतिकरण पश्चात दीप प्रज्वलन एवं मां शारदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण से की गई।

इस अवसर पर सांसद विजय कुमार दुबे ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के उद्देश्यों, इस का महत्व आदि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव दो वर्ष पूर्व से मनाया जा रहा है। इस काल में देश के अमर वीर सपूतों/उनके आश्रितों को सम्मानित किए जाने हेतु अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व व जिला प्रशासन द्वारा पूरे देश में प्रत्येक गांव/शहर के प्रत्येक घर से एक मुट्ठी मिट्टी/अक्षत अमृत कलश में एकत्रित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/महापुरुषों को सम्मानित करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज अथक प्रयासों से गरीबों के कल्याण हेतु आगे ले जाने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी को देश का नेतृत्व करने का गौरव मिला है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में देश के युवाओं व महिलाओं को सम्मिलित कर देश अग्रणी श्रेणी की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2045 तक पंच प्रण देश वासियों के लिए तय किया है, इसके लिए सभी की एकजुटता व नागरिकों में कर्तव्य की भावना पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम से उप्र की धरती स्वर्णिम दौर में प्रवेश किया है, किसी भी मुकाम पर हम खड़े होकर कह सकते हैं कि दुनिया के पटल पर भारत अपनी अलग पहचान बना चुका है। उ0प्र0 बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष/दर्जा प्राप्त मंत्री राजेश्वर सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमे माटी की महत्व को समझना है तथा अनुशासित व्यवस्था करना हम सब की जिम्मेदारी है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमचन्द्र मिश्र ने कहा कि 75 वर्ष बाद प्रधानमंत्री ने चिंतन किया। जिन वीर सपूतों ने देश आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति दी, आज हम सेनानियों/उनके आश्रितों, परिजनों को ढूंढने के कार्य किया। कार्यक्रम को विधायक फाजिलनगर सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, विधायक हाटा मोहन वर्मा, विधायक खड्डा विवेकानंद पांडेय, विधायक रामकोला विनय प्रकाश गौंड, पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया गया। जिलाधिकारी उमेश मिश्र द्वारा अभिनव भारत निर्माण के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान आत्माओं/उनके परिजनों को प्रणाम करते हुए कहा कि 15 अगस्त 1947 को विश्व का नेतृत्व का जगत गुरु महात्मा बुद्ध ने किया था। जी- 20 भारत विश्व को नेतृत्व देने को तैयार है। आज राष्ट्र गौरवशाली है, आज हम स्वयं में महसूस करते हैं। अपनी माटी अपना देश की भावना पैदा करने के लिए हम अपनी माटी से गर्व करना सीखें, स्वर्ग वाले ये ना सोचे कि हमारा बलिदान बेकार गया। अंत में जिलाधिकारी ने आए हुए सभी जन प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के बारे में विधिवत जानकारी दी।

मेरी माटी, मेरा देश के मौके पर डेढ़ दर्जन को मिला आवासीय पट्टा

लोगों को आवासीय पट्टा संबंधित पत्र देते एसडीएम कसानगंज

अवधनामा संवाददाता

- मेरी माटी मेरा देश में एसडीएम ने शहीद स्मारक से कलश में लिया मिट्टी

बोदरवार, कुशीनगर। आजादी के अमृत महोत्सव योजना के अंतर्गत प्रदेश में मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा के तहत सोमवार को ग्राम सभा शेखपुरवा में घर घर अभियान चलाकर मुट्ठी भर मिट्टी और एक चुटकी अक्षत का संग्रहण अमृत कलश में किया गया। हर घर से मिट्टी और चावल संग्रहण के पश्चात प्राथमिक विद्यालय के परिसर में बने शहीद स्मारक के शिलापट्ट का मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद उप जिलाधिकारी व्यास नारायण उमराव के हाथों अनावरण किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों तथा ग्रामीणों को को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी उमराव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर आयोजित इस महा अभियान का उद्देश्य पूरे देश को एक सूत्र में बांधकर एकता का प्रदर्शन करना है।

ऐसे आयोजनों से समाज के पिछड़े और मुख्य धारा से कटे हुए वर्ग में आत्मविश्वास की भावना जागती है। कार्यक्रम में 22 अति गरीब व भूमिहीनों को आवासीय पट्टा का भी वितरण किया गया।

उन्होंने बताया मुट्ठी भर मिट्टी का अर्थ पूरे भारत को एकजुट कर मुट्ठी की ताकत के रूप में दर्शाना है। कार्यक्रम 11 सितंबर से 13 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

वीरों की गाथाएं हम सभी को अमल करने की जरूरत है: अकमल

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में पंचायत भवन पर प्रधान अकमल हुसैन की अध्यक्षता में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत मुट्ठी भर मिट्टी और एक चुटकी अक्षत घर घर से संग्रह कर अमृत कलश डाला गया। अपने सम्बोधन में प्रधान अकमल ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमे माटी की महत्व को समझना है, तथा अनुशासित व्यवस्था करना हम सब की जिम्मेदारी है। ये कार्यक्रम समाज, प्रदेश व देशहित में है।

आज से वर्षों पूर्व जिन वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी, उन वीरों की गाथाएं याद कर देश गौरवान्वित है। इस दौरान सचिव समरजीत सिंह, डॉ जमीरुद्दीन, इस्तेयाक, अल्फाज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सघन मिशन इंद्रधनुष के दूसरे चरण का सीएमओ ने किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के द्वितीय चरण का शुभारम्भ नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ राजेश झा ने फीता काटकर और बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर किया। इस दौरान छूटे बच्चों का टीकाकरण भी किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ राजेश झा ने कहा कि सोमवार (11 सितम्बर) से सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के दूसरे चरण की शुरुआत की गई है। तीन चरणों में चलने वाले इस अभियान का प्रथम चरण सात से 12 अगस्त चला। दूसरा चरण 16 सितम्बर तक चलाया जायेगा। तीसरा चरण नौ से 14 अक्टूबर के मध्य चलाया जाएगा। अभियान में किसी भी कारण से नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों और गर्भवती का टीकाकरण किया जाएगा। इसके साथ ही नियमित टीकाकरण कार्यक्रम भी जारी रहेगा। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की कि सभी अभिभावक जिनके बच्चे शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के हैं वह बच्चों का 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण जरूर कराएं। यह टीकाकरण समस्त स्वास्थ्य केंद्रों व 2164 टीकाकरण सत्रों पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टीकाकरण से वंचित 12822 बच्चों और 3758 गर्भवती का टीकाकरण किया जायेगा। सीएमओ ने कहा कि अभियान में 401 एएनएम और इतनी ही आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवाएं ली जा रही हैं। सोमनाथ नगर निवासी प्रमिला ने बताया कि आशा कार्यकर्ता सुमन से उन्हें जानकारी मिली कि टीकाकरण से छूटे बच्चों को स्वास्थ्य केंद्र पर टीका लगाया जायेगा। टीकाकरण से वंचित उनके नौ माह के बच्चे को न्यू पीएचसी सोमनाथ पर स्टाफ नर्स सावित्री ने एमआर और जेई का पहला टीका लगाया।

खड्डा विधायक को नहीं मिली आगे की कुर्सी तो हुए नाराज

अवधनामा ब्यूरो

- डीएम व एसपी ने विधायक को मनाकर अपने सोफे में दी जगह

कुशीनगर। जिला मुख्यालय पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में विधायक खड्डा को आगे की कुर्सी नही मिल सकी। जिसके बाद विधायक खड्डा नाराज हो गए और डीएम व एसपी के पीछे जाकर बैठ गए। उनके नाराज होने की भनक जब अधिकारियों को मिली तो मंच पर ही उन्हें मनाने में जुट गए। काफी मनाने के बाद विधायक पीछे से उठकर आगे आए। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम कुशीनगर जिला मुख्यालय स्थित बुद्धा पार्क में सोमवार को सुबह आयोजित हुआ। जिसमें जिले के सांसद और विधायको व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति का साथ जिले के डीएम और एसपी भी उपस्थित रहे। संस्कृति कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्वलित कर सभी जनप्रतिनिधी और अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर बने मंच पर स्थान ले लिए। कार्यक्रम में थोड़ी देर से पहुंचे खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय अपने बैठने की व्यवस्था न होने पर नाराज हो गए। वह पीछे की लाइन में जाकर बैठ गए जब अधिकारियों की नजर विधायक पर पड़ी तो सभी उन्हें मनाने में जुट गए। जिसके बाद सोफे पर बैठे डीएम और एसपी के बीच जगह मिली। बाद में एसपी वहां से हट गए। इस मामले पर जब खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि, कार्यक्रम में वे देर से पहुंचे उनके लिए आगे की लाइन में जगह खाली नही थी। वे जाकर पीछे बैठ गए मंच पर जगह मिली थी आगे पीछे बैठने से कोई दिक्कत नही। हालांकि जब अधिकारियों ने देखा कि मैं पीछे बैठा हूं तो मुझे आगे जगह दी। मुझे पीछे से आगे आने के लिए वे बात कह रहे थे मैं नाराज नही था। बस किसी को हटाकर खुद नही बैठना चाहता था। अपना ही कार्यक्रम था जनप्रतिनिधी अधिक हो गए थे और मैं देर से पहुंचा था।

बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का चयन ट्रायल्स 13 को

अमेठी। जिला क्रीड़ाधिकारी आनन्द बिहारी श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उप्र खेल भवन लखनऊ एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय अयोध्या के अनुपालन में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का जिला स्तर ट्रायल्स अमेठी में 13 सितम्बर 2023 एवं मण्डल स्तर ट्रायल्स अयोध्या में 14 सितम्बर 2023 तथा प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय खेल कार्यालय मुरादाबाद में 19 सितम्बर 2023 से 21 सितम्बर 2023 तक किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका कुश्ती खेल का जिला स्तर चयन ट्रायल्स 13 सितम्बर 2023 को प्रातः 8 बजे डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में आयोजित कराया जायेगा। चयन ट्रायल्स में भाग लेने वाली बालिका का भार वर्ग 40 से 73 किलोग्राम निर्धारित किया गया है।

चेहरे पर चमक, माथे पर दमक में दिखी योगी के अटल संकल्प की हकीकत

अवधनामा संवाददाता

- अटल आवासीय विद्यालय के पहले सत्र का प्रवेश उत्सव से शुभारंभ
- यूपी के निशुल्क सरकारी बोर्डिंग स्कूल में श्रमिक पाल्यों व बेसहारा बच्चों की पडगे शुरू

गोरखपुर। शानदार माहौल और उत्कृष्ट कैम्पस देख उल्लसित बच्चों के चेहरों पर खुशी की चमक, पाल्यों को बोर्डिंग स्कूल में पढ़ाने को लेकर अभिभावकों के माथे पर गर्व की दमक। प्रशासन के विभिन्न संवर्गों से जुड़े अधिकारियों की दैहिक भाषा संतोष से परिपूर्ण।

समाज के सामर्थ्यवान लोगों की ही भांति श्रमिकों के पाल्यों को भी उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अटल संकल्प में ये अलग-अलग तस्वीरें हकीकत का रंग भर रही थीं। अवसर था यूपी की निशुल्क सरकारी बोर्डिंग यानी सहजनवा स्थित गोरखपुर मंडल के अटल आवासीय विद्यालय के प्रथम शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिन का। यादगार इस दिन को प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया। अटल आवासीय विद्यालय श्रमिक पाल्यों और कोरोना से निराश्रित बच्चों का भविष्य संवारने के लिए योगी सरकार की खास पहल है। सोमवार को नव प्रवेशित बच्चों और उनके अभिभावकों के भावपूर्ण स्वागत के साथ विद्यालय का विधिवत शुभारंभ हो गया। परिसर में पहुंचे विद्यार्थी और उनके अभिभावक क्लास रूम, हॉस्टल रूम, मेस की व्यवस्थाओं को देख आश्चर्यचकित थे। उनके लिए अब तक इतनी शानदार व्यवस्था सिर्फ कल्पना की बात थी। बच्चे ये जानकर गदगद थे कि ये सभी इंतजाम उनके लिए किए गए हैं जबकि श्रमिक अभिभावक खुशी मिश्रित हैरत में कि चार गुनी कमाई करने पर भी बच्चों की पढ़ाई के लिए यह व्यवस्था नहीं कर पाते। अटल आवासीय विद्यालय में पहले दिन अपने पाल्यों को छोड़ने आए अभिभावक विद्यालय परिसर में प्रवेश करते ही अर्चभित से थे। उनके लिए इस उत्कृष्ट व्यवस्था में बच्चों की पढ़ाई सपने जैसी थी जो योगी सरकार ने पूर्णतः निशुल्क उपलब्ध करा दी है। राजगीर का काम करने वाले औराही, खजनी निवासी जोखन अपनी बिटिया शिवानी को, धानी ब्लॉक (महराजगंज) के जुनरबी निवासी मजदूर विनोद चौरसिया बेटी वर्तिका को, नौसढ़ निवासी मजदूर विकास जायसवाल अपनी पुत्री गरिमा को, सहजनवा के महेता निवासी लौहर अपने पुत्र सत्यवान को विद्यालय छोड़ने आए थे। इन सबका मानना था कि अपनी वर्तमान कमाई को कई गुना बढ़ा लेने पर भी वह इस तरह के स्कूल में बच्चों को पढ़ा नहीं पाते। महाराज जी (इस क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लोग इसी संबोधन से बुलाते हैं) का धन्यवाद कि उन्होंने मजदूरों के बच्चों को भी कान्वेंट स्कूल जैसी सुविधा दी है, वह भी बिलकुल मुफ्त।

शहीदों ने देश को अखण्ड बनाने के लिए दी कुर्बानीः अनुपमा

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद में केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा एक चित्र प्रदर्शनी कलेक्ट्रेट बहराइच के धरना स्थल में लगायी गयी इस तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल ने जिलाधिकारी मोनिका रानी मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना के साथ फीता काटकर शुभारम्भ किया।

विधायिका ने डीएम व सीडीओ के साथ किया चित्र प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभागर उप जिलाधिकारी डॉ. पूजा यादव जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह प्रशिक्षु पीसीएस प्रिन्स वर्मा पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव नायब तहसीलदार सुरेन्द्र प्रसाद यादव लेखापाल संघ के अध्यक्ष जयराज सिंह व महामंत्री महेन्द्र मिश्रा सेनानी परिषद के मंत्री रमेश चन्द्र मिश्र महिला संरक्षण अधिकारी रागिनी विश्वकर्मा बाल संरक्षण अधिकारी सीता मौर्या महिला शक्ति केन्द्र समन्वयक नीलम शुक्ला व प्रियंका वरिष्ठ सहायक शब्बो बेगम आपदा विशेषज्ञ सुनील कन्नौजिया व अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा गणमान्य व संभ्रान्तजन मौजूद रहे। इस प्रदर्शनी के उदघाटन के पश्चात सदर विधायक डीएम व सीडीओ ने अन्य के साथ चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन से अपील की है कि इस तीन दिवसीय सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर भारत सरकार व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों निर्णयों उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें।इस दौरान विधायक सदर ने कहा कि हमारे जवानों ने जब अपनी कुर्बानी दी थी तो उन्होंने अपने लिए कुछ नहीं सोचा था उन्होंने सिर्फ ये सोचा था कि ये देश कैसे अखण्ड बने जिस माटी के लिए हमारे शहीदों ने अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया था ये माटी हमलोगो के लिए चंदन है वंदन और अभिनंदन है इस माटी को हम अपना तिलक बनाएंगे इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि चित्र प्रदर्शनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किये गये विकास कार्यों का आईना है।

प्रदर्शनी के माध्यम से लोगो तक पहुंचेगा सरकार का संदेशः मोनिका रानी

सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने में सूचना विभाग का बेहतर प्रयास

बहराइच। जनपद की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आज सूचना विभाग द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी के शुभारंभ के मौके पर कहा कि यह आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के लिए सौभाग्य का विषय है कि उत्तर प्रदेश सरकार के माध्यम से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विकासपरक व जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं निर्णयों पर आधारित सुन्दर और विस्तृत प्रदर्शनी लगायी गयी है। डीएम ने कहा कि चित्र प्रदर्शनी केन्द्र व राज्य सरकार की विकास गाथा को प्रदर्शित कर रही है जिससे आमजन व शोधार्थियों को बहुत उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी। प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में उपयोगी जानकारी प्राप्त कर प्रदर्शनी का बेहतर ढंग से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने शिक्षको, छात्र-छात्राओं व आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभ उठाएं।

जेके मंदिर में रासलीला एवं अन्य कार्यक्रमों का मंचन

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। शहर में प्रसिद्ध प्राचीन जेके मन्दिर में जन्माष्टमी के अवसर पर कालाकुंज समूह द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आज तीसरे दिन राधा कृष्ण की मनमोहक रासलीला का मंचन किया गया।कार्यक्रम का श्री गणेश कुमारी काव्या द्वारा गणेश वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। तद्उपरान्त कालाकुंज रुप की बाल कलाकार कुमारी दित्या चौहान और अग्रिका का सिंह ने कृष्ण राधा का वेश बनाकर मनमोहक नृत्य किया जिसका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। तदपश्चात डॉ प्रियंका सिंह ने कृष्ण स्तुति पर नृत्य कर सभी का मन मोह लिया। तदपश्च्यात प्रसिद्ध नृत्यांगना डॉ राखी बाजपाई ने कुमारी वंशिका के साथ नृत्य प्रस्तुति कर समा बांध दी। इसी क्रम में कुमुद सिंह द्वारा भगवान कृष्ण का विराट रूप का मंचन किया जिसका उपस्थित समूह ने स्वागत किया। तदपश्च्यात डॉ राखी बाजपाई और कुमुद सिंह चौहान द्वारा ÷ युगालाष्टकम ÷ पर आकर्षक नृत्य एवं झांकी प्रस्तुति की गई जिसमे उनका साथ कुमारी साक्षी बाजपाई ने दिया। कार्यक्रम के अंत में जब मीनाक्षी गुप्ता तथा समूह द्वारा बहुत ही भव्य मोर नृत्य प्रस्तुति किया गया तब दर्शक अपनी ताली रोक न सके।

शानूबाबा के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान

बुन्देली प्रकृति पर्यटन टीम ने बरसते पानी में की समाजसेवा

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। रविवार को सुबह गोविंदसागर बाँध पर श्रमदानियों की टीम ने बरसते पानी के बीच आकर समाजसेवा शुरू कर दी। अपने भीगने की परवाह न करते हुये समाजसेवियों ने नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लेने वाले उत्तम ललितपुर अभियान में पुराने कुण्ड के पास श्रमदान किया। श्रमदानियों ने कुण्ड में उतरकर वहाँ जमी जंगली घास और आसपास के इलाके को साफ किया और कुण्ड को उपयोगी और स्वच्छ बनाने का अपना मिशन जारी रखा। अभियान के संयोजक लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा आचार्यजी ने बताया कि जल्द ही पितृ तर्पण माह शुरू होगा। उससे पहले इस कुण्ड के घाटों को जनोपयोगी बनाना है। ताकि धार्मिक आयोजन करने वालों को उचित स्थान मिल सके। जल्द ही यहाँ कुछ उपयोगी पौधों का रोपण किया जाना भी तय किया गया। बताया कि किसी समय गोविंदसागर बाँध का यह कुण्ड धार्मिक आयोजनों और पवित्र स्नान के लिये मशहूर था, पर कालान्तर में उपेक्षा के चलते यह गंदगी का गड्ढा बनकर रह गया था। अब श्रमदानियों ने इसमें लगी जलीय घासों के गुच्छों को कुण्ड में से हटाया है और यहाँ पड़ी गंदगी को साफ किया है, जिससे यह कुण्ड उपयोगी नजर आने लगा है। अभियान में जुटे पर्यटन पुरुष रवीन्द्र दिवाकर ने बताया कि काफी हद तक गंदगी साफ हो गयी है, जिससे यहाँ महिलाओं ने आकर पूजन करना शुरू कर दिया है।

मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम में डीएम व सीडीओ ने किया प्रतिभाग

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। जिलाधिकारी जसजीत कौर व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव योजना के तहत 'मेरी माटी मेरा देश - अमृत कलश यात्रा' के अन्तर्गत 'मुट्ठी भर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत (चावल) का संग्रहण हेतु विकास खण्ड दूबेपुर, ग्राम पंचायत कटॉवा के पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख दूबेपुर डिंपल सिंह, मा0 विधायक सुलतानपुर के पुत्र/प्रतिनिधि पुलकित सिंह, खण्ड विकास अधिकारी दूबेपुर आशीष कुमार, भाजपा के मण्डल अध्यक्ष, वि0ख0 दूबेपुर विनोद श्रीवास्तव, भाजपा मण्डल महामंत्री, वि0ख0 दूबेपुर गोविन्द त्रिपाठी, मण्डल उपाध्यक्ष विश्वनाथ यादव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

उक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी द्वारा 'मेरी माटी मेरा देश - अमृत कलश यात्रा' के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि उत्साही स्वयं सेवी ग्रामीण जनों द्वारा भव्य जुलूस निकालकर प्रत्येक घर से 'मुट्ठी भर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत (चावल), का संग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 01 अक्टूबर से 13 अक्टूबर, 2023 तक ब्लाकों व नगर निकायों में घरों से लाई गयी 'मुट्ठी भर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत (चावल), का संग्रहण व मिश्रण बड़े कलश में भव्य सांस्कृतिक आयोजन के साथ सम्पन्न किया जायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति गीत, माटी गीत व पंचप्रण की शपथ भी दिलायी जायेगी। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के अन्तर्गत 13 अक्टूबर से 25 अक्टूबर, 2023 के मध्यम ब्लाकों व नगर निकायों में एकत्रित किये गये अमृत कलशों को जिला मुख्यालय पर भव्य सांस्कृतिक समारोह व पंचप्रण की शपथ के साथ जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में एकत्रित किया जायेगा। इसी प्रकार प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में शिलाफलकम की स्थापना की गयी है, जिसमें अमर शहीदों के नाम अंकित किये गये हैं, यह अपने आप में इतिहास का साक्षी बनेंगे। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने अवगत कराया कि ब्लाक दूबेपुर के लगभग 33 ग्राम पंचायतों जैसे- वासी, गोड़वा, कैचिला, भॉई, दादूपुर, फतेहपुर, अमहट सहित आदि गॉवों के प्रत्येक घर से 'मुट्ठी भर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत (चावल) का संग्रहण अमृत कलश में किया जायेगा। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसी प्रकार जनपद सुलतानपुर के सभी 14 विकास खण्डों में प्रशासन व मा0 जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मेरी माटी मेरा देश - अमृत कलश यात्रा' हेतु प्रत्येक घरों से 'मुट्ठी भर मिट्टी अथवा चुटकी भर अक्षत (चावल) का संग्रहण अमृत कलश में किया जा रहा है।

चुटकी भर अक्षत संग्रहण के लिए नगरवासियों के द्वार पहुंचेः केशव मौर्य

बहराइच। आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में 12 मार्च 2021 को साबरमती के तट से प्रधानमंत्री के राष्ट्रप्रेम के उदबोधन से प्रारम्भ हुए महोत्सव का ''मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा'' के चरम के साथ 30 अक्टूबर, 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर समापन किया जाना प्रस्तावित है। रविवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आये प्रदेश के मा. उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने मा. राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग श्री नरेन्द्र कश्यप के साथ मोहल्ला रायपुरराजा स्थित नगर उपाध्यक्ष मंजू निगम के आवास से माटी के कलश में चुटकी भर अक्षत (चावल) का संग्रह कर जिले में ''मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा'' कार्यक्रम की अलख जगायी। उप मुख्यमंत्री ने रायपुर राजा निवासी के.बी. सिंह एडवोकेट, योगेश कालिया एडवोकेट, प्रभात मिश्रा, डॉ. रेखा, एम.डी. निगम, ओ.पी. मिश्रा एडवोकेट, आकाश सिंह, सचिन श्रीवास्तव, अमित पाठक एवं बड़ी संख्या में मोहल्ला वासियो ने कलश में अपने हिस्से का चुटकी भर अक्षत (चावल) डालकर ''मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा'' को सफल बनाने का संकल्प लिया। इससे पूर्व मंजू निगम ने आवास पहुंचे मंत्री द्वय, भाजपा जिलाध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल व अन्य अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

हापुड़ काण्ड को लेकर अधिवक्ताओं का गुस्सा ग्यारहवें दिन भी रहा बरकरार

अवधनामा संवाददाता

न्यायिक कार्य से विरत रहकर अधिवक्ता दर्ज करा रहे विरोध

ललितपुर। उन्तीस अगस्त को उत्तर प्रदेश के हापुड़ के जिला न्यायालय परिसर में उपजे विवाद में पुलिस द्वारा महिला अधिवक्ताओं के साथ-साथ अधिवक्ताओं के ऊपर बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किये जाने की घटना प्रकाश में आयी थी। इस घटना को लेकर अधिवक्ताओं ने प्रदेश व्यापी हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के दौरान पुलिस महकमे के खिलाफ नारेबाजी और पुतला दहन जैसे आयोजन अधिवक्ताओं द्वारा किये जा रहे हैं। इसके साथ ही न्यायिक कार्य से विरत रह रहे अधिवक्ताओं के कारण वादकारियों को भी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं की इस हड़ताल का असर बीती 9 सितम्बर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत पर भी देखने को मिला। अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने अपने सोशल मीडिया के फेसबुक अकाउण्ट से बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश का एक पत्र साझा किया है। इस पत्र के अनुसार अध्यक्ष शिवकिशोर गौड़ द्वारा अवगत कराया गया है कि शासन-प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं की मांग पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है, जिस पर आगे की रणनीति तय किये जाने के लिए सदस्यों की वर्चुअल बैठक बीती देर रात आहूत की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से 11 व 12 सितम्बर को भी अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने का आह्वान करते हुये बताया गया कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश की मांग नहीं मानी जाती है तो फिर से 12 सितम्बर की रात 8 बजे काउंसिल की बैठक आहूत कर आगामी रणनीति पर विचार किया जायेगा। इधर ललितपुर जिला न्यायालय परिसर में प्रदर्शन करते हुये जिला बार एसोशियेशन के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश घोष एड. ने कहा कि हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, जो कि काफी खेदजनक है। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से हापुड़ की घटना को लेकर कोई बयान न आना बेहद गंभीर है। प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं में बृजेन्द्र सिंह चौहान एड. ने कहा कि अधिवक्ताओं का पेशा काफी जोखिम भरा होता जा रहा है, इसलिए वर्तमान सरकार को चाहिए कि वह अधिवक्ता सुरक्षा कानून को प्रभावी तरीके से लागू करे। इस दौरान जिला बार एसोशियेशन अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह यादव एड. ने कहा कि प्रदेशीय आह्वान पर लगातार ग्यारहवें दिन भी जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी रही।

ब्लाक शिवपुर में रोज़गार मेला 15 सितम्बर को

बहराइच। मिशन रोजगार के अन्तर्गत प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई तथा कौशल विकास मिशन बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में विधानसभा क्षेत्र नानपारा अन्तर्गत विकास खण्ड शिवपुर में 15 सितम्बर 2023 को प्रातः 11:00 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के 08 नियोजकों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु इच्छुक बेरोज़गार युवक-युवतियों के पंजीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

जनपद के पर्यटन की जल्द बदलेगी तस्वीरः विधायक

अवधनामा संवाददाता

पर्यावरण एवं विरासत संरक्षण को आगे आये कई लोग

ललितपुर। इन्टैक ललितपुर चैप्टर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जागरुकता को लेकर संगोष्ठी का आयोजन बजाज क्लब के प्राकृतिक रमणीय माहौल में किया गया। जिसका शुभारम्भ राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रतिवर्ष वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है जिसमें हर बार करोड़ों की संख्या में पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे जनपद में इन्टैक द्वारा पर्यावरण एवं विरासत संरक्षण की दिशा में जो अद्वितीय कार्य किया जा रहा है वह निश्चय ही सराहनीय है और इसके लिए इन्टैक की पूरी टीम प्रशंसा की पात्र है। सदर विधायक ने कहा कि वृक्ष इस धरा के आभूषण हैं। कोरोना काल में हम सभी ने देखा कि प्रकृति का संरक्षण कितना आवश्यक है। इस महामारी के समय ऑक्सीजन की कमी के चलते कई लोगों को असमय मौत का शिकार होना पड़ा। हमारे आस-पास मौजूद पेड़ हमें दिन रात बिना किसी दाम के ऑक्सीजन उपलब्ध कराते हैं। ऐसे में हमें इनका महत्व समझना चाहिए। ललितपुर जनपद में मौजूद पर्यटन की संभावनाओं को निखारने के लिए सरकार द्वारा 20 करोड़ की बड़ी धनराशि स्वीकृत की गई है जिससे इस क्षेत्र के पर्यटन विकास को गति मिल सके। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश निरंजन ने कहा कि विरासत गर्व का विषय है इससे न केवल हम अपने पूर्वजों के आदर्शों को जानते हैं बल्कि उनसे जीवन में काफी कुछ सीखने को भी मिलता है। यह हम लोगों का सौभाग्य है कि हमारा जनपद न केवल प्राकृतिक रुप से समृद्ध है बल्कि हमारे पास गौरवशाली ऐतिहासिक धरोहरें भी हैं। बात चाहे मुगलकालीन हो या फिर स्वतंत्रता आदोंलन की सभी में इस क्षेत्र के योगदान की गौरव गाथा सुनाते यहां के किले, मंदिर आज भी युवाओं में जोश भर देते हैं। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि हम न केवल अपनी नई पीढ़ी को इनके बारे में बतायें बल्कि इनके संरक्षण के लिए स्वंय भी आगे आयें। इन्टैक संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि कोरोना काल की त्रासदी के समय हमने जनपद के कई गणमान्य लोगों को असमय ही काल कल्वित होते देखा। ऐसे में हमने संकल्प लिया कि जल्द ही हम बड़े स्तर पर एक वृक्षारोपण कार्यक्रम जनपद के लोगों को साथ लेकर करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

सघन मिशन इन्द्रधनुष द्वितीय चरण अभियान का डीएम व सीडीओ ने किया शुभारंभ

गोण्डा। सोमवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा नगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय इमामबाड़ा में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत टीकाकरण सत्र का शुभारंभ किया गया। साथ में मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मोली व मुख्य चिकित्सा अधिकारी और यूनिसेफ के डीएमसी और जिला /ब्लॉक के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने एक बच्चे को पोलियो ड्रॉप पिला कर सत्र का शुभारंभ किया गया। इस क्षेत्र में आने वाले प्रतिरोधी परिवारों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने और उनका टीकाकरण कराने के लिए सभासदों और कोटेदारों को निर्देशित भी किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेम चन्द्र, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जय गोविंद, डीसीपीएम डॉक्टर आरपी सिंह, यूनीसेफ डॉक्टर शेषनाथ सिंह सहित सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नेहा शर्मा ने निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर कार्य प्रगति का लिये जायजा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 282 करोड़ की लागत से बन रहे राजकीय मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर प्राचार्य आवास, प्रशासनिक भवन, महिला छात्रावास, पुरुष छात्रावास एवं अन्य सभी तैयार हो रहे सभी बिल्डिंग भवनों में जाकर कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही संबंधित कार्यदाई संस्था एवं अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि राजकीय मेडिकल कालेज के निर्माण में और तेजी लाएं ताकि सत्र प्रारंभ से पहले पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार हो सके। निरीक्षण के दौरान कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज में बचे हुए कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द तैयार करना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर राजकीय नोडल अधिकारी डा0 कुलदीप पाण्डेय, एई भवन निर्माण खंड बलरामपुर, सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

गुजरात जाने के लिए कानपुर से मिली नई ट्रेन की सौगात

अवधनामा संवाददाता

कानपुर। लोगों को एक नई ट्रेन 13 सितंबर से मिलेगी। यह ट्रेन शहर के गोविंदपुरी स्टेशन से होकर गुजरेगी। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने इसकी जानकारी दी । बताया कि 11 सितंबर से उद्घाटन के रूप में ट्रेन शुरू होगी। इसका नियमित संचालन 13 सितंबर से शुरू किया जाएगा।

गुजरात की एक नई ट्रेन कानपुर के गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन से होकर चलेगी।

वेरावल गुजरात और बनारस के बीच चलने वाली ट्रेन 11 सितंबर को शुरू होगी। इस ट्रेन में सभी क्लास की सीटें मौजूद होंगी। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया ट्रेन संख्या 12945 - 12946 वेरावल - बनारस - वेरावल सुपरफास्ट एक्सप्रेस सप्ताहिक ट्रेन का उद्घाटन विशेष गाड़ी के तौर पर 11 सितंबर को किया जाएगा।

लेकिन इसका नियमित संचालन 13 सितंबर से शुरू होगा। उन्होंने बताया की 12946 बनारस वेरावल एक्सप्रेस 13 सितंबर से हर बुधवार को बनारस से और ट्रेन संख्या 12945 एक्सप्रेस 18 सितंबर से हर सोमवार को वेरावल से चलेगी। यह ट्रेन वेरावल से सुबह 4:15 बजे चलकर अहमदाबाद, गोधरा, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी, आगरा होते हुए मंगलवार सुबह 9:15 बजे गोविंदपुरी आएगी।15 मिनट बाद गोविंदपुरी स्टेशन से रवाना होकर दोपहर 2:35 बजे बनारस पहुंचेगी। ये ट्रेन बनारस से सुबह 7:30 बजे चलकर दोपहर 12:50 पर गोविंदपुरी पहुंचेगी। यहां 5 मिनट ठहराव के बाद रवाना होकर गुरुवार शाम 6:45 बजे वेरावल पहुंचेगी।

ऑपरेशन त्रिनेत्र में कैमरो की फीडिंग में कमिश्नरेट कानपुर को पहला स्थान

कानपुर। शहर में अपराध नियंत्रण, अपराध के अनावरण, अराजक व अपराधी तत्वों पर निगरानी रखने के लिए ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत मॉनिटरिंग को सरल एवं सुगम बनाए जाने के लिए एक पोर्टल विकसित कर सीसीटीवी से संबंधित विवरण पोर्टल पर फीड करने के लिए डीजीपी विजय कुमार द्वारा निर्देशित किया गया था। त्रिनेत्र पोर्टल पर फीड की गई सूचनाओं पर जनपद वार अवलोकन करने पर फीडिंग में पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर को सभी 8 पुलिस कमिश्नरेट में पहला स्थान मिला है। जारी किए गए डेटा के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर में बीती 10 जुलाई के पहले तक 2388 कैमरे व्यवस्थापित किए गए जिनमें से पोर्टल में फीड कैमरो की संख्या 1057 थी। वही 10 जुलाई के बाद कुल व्यवस्थापित कैमरों की संख्या 13335 और पोर्टल में फीड कैमरों की संख्या 1754 रही जो की सभी पुलिस कमिश्नरेट में पहले स्थान पर रहा।

कमला नेहरू स्वायत्तशासी संस्थान सुल्तानपुर में अध्ययन परिषद की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान स्वायत्तशासी संस्थान सुल्तानपुर में अध्ययन परिषद की बैठक दिन रविवार को सम्पन्न हुई। संस्थान प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने बताया कि अध्ययन परिषद द्वारा अनुमोदित निर्णय शिक्षण,परीक्षण व मूल्यांकन के लिए आवश्यक दिशानिर्देश होते हैं।इस संस्थान में स्वायत्तशाषी व्यवस्था में यह पहली अध्ययन परिषद की बैठक थी जिसमें सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक गहन विचार मंथन हुआ व महत्वपूर्ण निर्णय अनुमोदित हुए।इस बैठक में संस्थान के सभी 34 विभागों में गठित विभागीय अध्ययन परिषद के समन्वयक,सदस्य तथा वाह्य वि.वि.ों व कालेजों के नामित 150 से अधिक विषय विशेषज्ञों की उपस्थिति में आवश्यक निर्णय अनुमोदित हुए। संस्थान में संचालित प्रत्येक विषय के अध्ययन परिषद नें एन ई पी 2020 के दिशा निर्देशानुसार स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों की रूपरेखा,परीक्षा संचालन तथा मूल्यांकन पद्धति आदि सम्बन्धित कार्यप्रणालियों पर गहन विचार मंथन के उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिए गये। इस बैठक में स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनशील विद्यार्थियों की संस्थान द्वारा निर्धारित सेमेस्टर एकेडमिक कैलेण्डर के अनुरूप ससमय परीक्षा, उत्तर पुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन व परीक्षा परिणाम प्राप्ति हेतु प्रश्न पत्र निर्माणकों, प्रायोगिक/ मौखिकी परीक्षकों व उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकनकर्ताओं की विषयवार सूचियों को सर्वसम्मति से अध्ययन परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया।साथ ही साथ विषयवार प्रश्न पत्रों की रूपरेखा सम्बन्धित दिशानिर्देशों पर भी निर्णय लिए गये। संस्थान के विभागीय अध्ययन परिषद में इलाहाबाद वि.वि., राज्य वि.वि. प्रयागराज, बी एच यू वाराणसी, लखनऊ वि.वि., कानपुर वि.वि., कृषि वि.वि. कुमारगंज अयोध्या, पूर्वांचल वि.वि. जौनपुर , सुहेलदेव वि.वि. आजमगढ़, जननायक चन्द्र शेखर वि.वि. बलिया व इनसे सम्बद्ध पी जी कालेजों तथा कुलपति अवध वि.वि. अयोध्या द्वारा नामित विषयवार विषय विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति में कमला नेहरू संस्थान के अध्ययन परिषद की बैठक सकुशल सम्पन्न हुई।

डेंगू पीड़ित छात्र की मौत

अवधनामा संवाददाता

बांदा। मौसमी परिवर्तन अब घातक साबित हो रहा है। वायरल फीवर के बाद डेंगू ने भी अब लोगों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। डेंगू से पीड़ित एक छात्र का कानपुर के रीजेसी अस्पताल में उपचार किया जा रहा था, वहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इधर, सोमवार को जिला अस्पताल में जांच के दौरान दो मरीज डेंगू पीड़ित पाए गए हैं। उनका जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। लापरवाही की बात यह है कि डेंगू पीड़ित मरीजों को जनरल वार्ड में भर्ती किया जा रहा है, जो बहुत ही घातक है।

शहर के अर्दली बाजार कटरा मुहल्ला निवासी स्वास्तिक मिश्रा (15) पुत्र नागेंद्र मिश्र कई दिनों से बुखार से पीड़ित था। घरवालों ने उसका जिला अस्पताल समेत प्राइवेट अस्पतालों में उपचार कराया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। डाक्टरो ने



मृतक स्वास्तिक मिश्रा (फाइल फोटो)

- दो पाजिटिव मरीज भर्ती
- कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में चल रहा था छात्र का उपचार
- जांच के दौरान जिला अस्पताल में दो पाजिटिव मरीज मिले

जांच में उसे डेंगू बताया था। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे कानपुर के रीजेंसी अस्पताल ले गए। उसे 4 सितंबर को भर्ती कराया गया था। रविवार की रात उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर घर आ गए। उधर सोमवार को जिला अस्पताल की पैथालाजी में डेंगू के 11 सेंपल लिए गए। इसमें दो लोग पाजिटिव पाए गए। इनमें मंतशा (17) पुत्री मोहम्मद कयूम निवासी खाईपार, नियाजुद्दीन (35) पुत्र सलाउद्दीन जज कालोनी शामिल हैं। इन दोनो मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया। वहां उनका उपचार किया जा रहा है। इध, मरीजों की संख्या में इजाफा हो जाने के कारण अस्पताल में बेड मरीजों को नहीं मिल पा रहे हैं। मरीजों को बेड प्राप्त करने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीएमएस के द्वारा ट्रामा सेंटर में डलवाए गए अतिरिक्त बेड भी कम पड़ रहे हैं।

पैथालाजी में उमड़ी मरीजों की भीड़, हुई नोकझोंक

बांदा। मौसमी वायरल की चपेट में आए मरीजों की भीड़ अस्पताल खुलते ही जमा हो जाती है। पर्चा बनवाने के बाद चिकित्सकों के काउंटर में पहुंचने और डाक्टरों के द्वारा जांचें लिखे जाने पर मरीज पैथालाजी पहुचंते हैं। वहां पर पहले पर्चा काउंटर में पर्चा जमा करना होता है और फिर काउंटर से ही पर्चे के साथ ब्लड कलेक्शन के लिए दो शीशियां दी जाती हैं। सोमवार को 266 मरीजों ने अपने पर्चे जांच कराने के लिए जमा किए। लेकिन अफसोस की बात यह रही कि कई पर्चे गुम हो गए। इससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर कोतवाली क्षेत्र के तिंदवारा गांव निवासी विवेक मिश्रा सोमवार को शुगर की जांच कराने के लिए ब्लड सेंपल देने गए थे। उन्होंने अपना पर्चा काउंटर में जमा किया और दो घंटे तक लाइन में लगे रहे। लेकिन बाद में पर्चा काउंटर के कर्मचारियों ने कहा कि उनका पर्चा खो गया है। इसके चलते बिना जांच कराए ही मरीज को वापस जाना पड़ा। इनके अलावा अन्य मरीजों के पर्चे भी गुम हुए तो जमकर नोकझोंक हुई।

राज्यमंत्री के निजी सहायक का बेटा फांसी पर झूला, मौत

अवधनामा संवाददाता

बांदा। मोबाइल की लत अब भारी पड़ने लगी है। मना करने के बावजूद बच्चे मोबाइल छोड़ने को तैयार नहीं होते

- शहर के छोटी बाजार इलाके में हुई घटना

हैं। राज्यमंत्री के निजी सहायक के बेटे को उसकी मां ने पबजी गेम खेलने के लिए मना किया और पढ़ाई करने की बात कही। यह बात किशोर को इतनी नागवार गुजरी कि उसने छत में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। देर रात घर पहुंचे पिता ने बेटे का शव फंदे पर लटकते हुए देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

छोटी बाजार मुहल्ला निवासी दिलीप गुप्ता जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के निजी सहायक हैं। उनके बेटा अरुण गुप्ता (14) ने रविवार रात छत पर लगे टिनशेड के एंगल पर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। देर रात पिता दिलीप घर पहुंचे तो अरुण कमरे के अंदर नहीं था। छत पर जाकर देखा तो अरुण का शव फंदे पर लटक रहा था। शव देखते ही परिजनों में चीखपुकार मच गई। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन फंदा काटकर शव को नीचे उतार लिया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पिता की इकलौती संतान था। वह शहर के एक विद्यालय में हाईस्कूल में पढ़ता था। इन दिनों उसकी छमाही परीक्षाएं भी चल रही थीं। रात को वह मोबाइल पर पबजी गेम खेल रहा था। इस पर मां डा. रमा गुप्ता ने उसे डांट दिया। इतना सुनने के बाद अरुण छत की ऊपरी मंजिल पर पहुंच गया और उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

गरीब रथ ट्रेन का रागौल स्टेशन में हुआ ठहराव

मौदहा हमीरपुर अवधनामा संवाददाता। कई वर्षों से चल रही गरीब रथ एक्सप्रेस का मौदहा के रागौल रेलवे स्टेशन में ठहराव के लिए समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयास के बाद आज ठहराव होने से लोग काफी खुश नजर आए। रागौल स्टेशन में गरीब रथ के स्टॉपेज को लेकर काफी दिनों से तमात लीडरान अपने-अपने स्तर से कोशिश कर रहे थे जिस को अब जा के सफलता मिली। कई वर्षों से नगर के समाजसेवी जन प्रतिनिधि ज्ञापन सौप रुकवाने के लिए मांग करते रहे। सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति ने हरी झंडी दिखा कर ट्रेन रवाना करवाई। इस कार्यक्रम में सभी राजनीतिक दलों के नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा कुँवर बासित अली, भाजपा जिला अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अमरजीत सिंह अरोड़ा, आशीष गुप्ता (गुड्डू भईया), हाजी गुलाम अंसारी, राकेश सोहाने, आकाश त्रिपाठी, सपा के जावेद मेजर, मिथिलेश कुशवाहा, मुन्ना बॉर्डर, मुकेश पालीवाल, पूर्व चेयरमैन रामकिशोर श्रीवास सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

बीईएल मेक एम-3 माडल ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी कार्य हुआ प्रारम्भ

हमीरपुर अवधनामा संवाददाता। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 11.09.2023 से बीईएल मेक एम-3 माडल ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी का कार्य आज दिनांक 11.09.2023 को प्रातः 09.00 बजे से राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रारम्भ हुआ। एफएलसी के प्रारम्भ होने से पूर्व जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय द्वारा वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं उपस्थित सुरक्षा बलों एवं कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिये गये। पुलिस बल को निर्देश दिया गया कि बिना वैध पास के किसी भी व्यक्ति को अन्दर प्रवेश नहीं दिया जाये। एफएलसी सुपरवाइजर/उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एफएलसी हाल में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को आईडी कार्ड के आधार पर ही प्रवेश दिया जायेगा। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 1461 बैलेट यूनिट, 1233 कण्ट्रोल यूनिट एवं 1324 वीवीपैट की एफएलसी की जायेगी।

डीएम ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

हमीरपुर अवधनामा संवाददाता। जनपद की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर लाना जिलाधिकारी के लिए किसी चुनौती से कम नही। डाक्टरों का निजी आवासों में मरीजों से फीस लेकर देखनें से लेकर बाहर की दवाऐं लिखना जैसे बड़ी अव्यवस्थाऐं फैली हुई हैं। तमाम अव्यवस्थाओं को दूर करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, सर्जरी ओपीडी, लैब पैथोलॉजी ,आंख की ओपीडी ,दंत रोग ओपीडी ब्लड बैंक, एसएनसीयू वार्ड अंतः रोगी वार्ड ,ड्यूटी कक्ष सहित अन्य कक्षो व वार्डों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से हालचाल लिया तथा अस्पतालों द्वारा दी जा रही सुविधाओं के विषय में फीडबैक लिया ।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ड्यूटी में लगे डॉक्टर तथा नर्सों से भी जरूरी पूछताछ की। उन्होंने मरीजों के परिजनों से भी अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। महिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों, इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण कर उन्होंने जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता की व्यवस्था देखी तथा निर्देश दिए कि चिकित्सकों द्वारा बाहर की दवा न लिखी जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, सीएमओ, सीएमएस पुरुष व महिला जिला अस्पताल तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक

हमीरपुर। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने अभियोजन कार्यों की समीक्षा करते हुए अभियोजकगणों को निर्देश दिए कि विमुक्ति आख्या के दोषी को जिम्मेदार मानते हुए जेडीध्डीजीसी विमुक्ति आख्या में स्पष्ट उल्लेख करे। गुंडा एक्ट के वाद सयुंक्त निदेशक अभियोजन के माध्यम से न्यायालय भेजा जाएं। आवश्यक वस्तु अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट एवं गबन के मामलों में अधिक से अधिक रूचि लेकर सजा दिलाए। उन्होंने निर्देश दिया कि गैंगस्टर अधिनियम के मुकदमों में तथा एनडीपीएस के मुकदमा के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध अपराधों से संबंधित वादो में शीघ्रता लाते हुए, गवाहों को बुलाकर न्यायालय में वादों को तय कराकर अभियुक्तों को अधिकतम सजा दिलाई जाए।

कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग, स्टांप एवं पंजीयन विभाग, आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, वन विभाग, खनन विभाग, विद्युत विभाग, मंडी समिति, नगरीय निकायों की वसूली की समीक्षा की तथा लक्ष्य के सापेक्ष वसूली को प्राप्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए। कहा कि एआरएम रोडवेज द्वारा बसों की नियमित रूप से जांच की जाए तथा बसों में समय समय पर टिकट आदि चेक किये जाएं। ए0आर0एम0 हमीरपुर को बैठक में अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करनें के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कर करेत्तर से संबंधित सभी विभागों द्वारा प्रवर्तन कार्यो को बढ़ाया जाए तथा वित्तीय वर्ष 2023.-24 के अंतर्गत वसूली का जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसको समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर विभाग, नगर पालिका ध् नगर पंचायतें, मंडी समिति, आबकारी विभाग, खनिज विभाग , विद्युत विभाग ,वन विभाग, रोडवेज विभाग की विविध देयो की वसूली की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। राजस्व कार्यो की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि कोर्ट एवं विभिन्न आयोगो के पेंडिंग कार्य शीघ्र निस्तारित किए जाएं । उन्होंने कहा कि खतौनी ,खसरा ,वरासत ,अमल दरामद के पेंडिंग कार्यो को समयबद्ध ढंग से निस्तारित करें तथा सभी वरासत समय से दर्ज हो। कहा कि सभी अमीनो के वसूली के कार्यो की नियमित रूप से समीक्षा की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आय ,जाति ,निवास संबंधी प्रमाण पत्रों को समयबद्ध ढंग से बनाया जाए तथा आईजीआरएस ,मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ का नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए।

ओबीसी कोल एम्प्लोयीज वेलफेयर एसोशिएशन के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन हुआ

सोनभद्र/ सिंगरौली अवधनामा संवाददाता। दिनांक 11.09.2023, दिन सोमवार को ओबीसी कोल एम्प्लोयीज वेलफेयर एसोशिएशन के केंद्रीय कार्यालय का उदघाटन माननीय श्री गणेश सिंह जी सांसद (सतना) के कर कमलों द्वारा किया गया जिसमे ओबीसी कोल एम्प्लोयीज वेलफेयर एसोशिएशन के अध्यक्ष गुलाब सिंह, ओबीसी कोल एम्प्लोयीज वेलफेयर एसोशिएशन के महासचिव श्री जय बहादुर यादव, एनसीएल अध्यक्ष छोटेलाल शाह एवं एनसीएल के सभी परियोजनाओं के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष मौजूद रहे। सांसद जी के द्वारा 27 प्रतिशत आरक्षण को कोल इंडिया में कैसे लागू कराना है, ओबीसी एसोशिएशन की कार्यशैली एवं संगठन को कैसे आगे बढ़ाया जाये। ओबीसी वर्ग के लिए एसोशिएशन कैसे कार्य करे, इसके लिए मार्गदर्शन किया गया।

अज्ञात वाहन ने गोवंश को मारी टक्कर

नरैनी। बांदा करतल मुख्य मार्ग में पोंगरी गांव के पास सड़क पर बैठी गाय को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गांव के लोगों और गौसेवक द्वारा पशु चिकित्सक से गाय का इलाज कराया गया है। प्रदेश सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी गौवंश की दुर्दशा कम नहीं हो रही है। ब्लाक क्षेत्र में ज्यादातर गौशालाएं खाली पड़ी हैं। जिम्मेदारों ने बरसात और गौशाला में कीचड़ होने का राग आलाप कर मवेशियों को छोड़ दिया है। इस स्थिति के चलते ज्यादातर गांवों में गौवांश के झुंड खेतों और सड़कों में विचरण कर रहे हैं। रविवार रात को पोंगरी गांव के पास अज्ञात बड़ा वाहन सड़क किनारे बैठी एक गाय को कुचलते हुए मौके से भाग गया। सोमवार की सुबह गांव के लोगों ने गाय को तड़पते हुए देखा। ग्रामीणों की सूचना पर विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति नरैनी नगर के अध्यक्ष सोनू करवरिया और ब्लाक अध्यक्ष सीताराम पटेल मौके पर पहुंचे। पशु चिकित्सक डाक्टर पुष्पेंद्र कुमार व पशुमित्र आनंद बिहारी राजपूत को बुलाकर गाय का इलाज कराया।

एनटीपीसी सिंगरौली में सुरक्षा विषयक विशेष कार्यशाला आयोजित

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में कर्मचारी विकास केंद्र (ईडीसी) विभाग के सौजन्य से कर्मचारियों हेतु हजार्ड आइडेन्टफ़िकेशन अँड रिस्क अससेस्समेंट (एचआईआरए), ऊंचाई पर काम करते समय विद्युत सुरक्षा एवं कन्फाइंड स्पेस और केमिकल सेफ्टी विषय पर तीन दिवसीय विशेष कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला के दौरान प्लांट से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सुरक्षा के पहलुओं जैसे केमिकल सेफ्टी, इलैक्ट्रिकल सेफ्टी आदि से संबंधित जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य सुरक्षा उपायों को बढ़ाना एवं कार्यस्थल में सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देकर कर्मचारियों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करना है। इस कार्यशाला के संकाय श्री नसीम खान, एसोसिएट्स द्वारा उपस्थित जनों के समक्ष प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सभी को लाभान्वित किया गया।

कार्यशाला के दौरान श्री नसीम खान ने कहा कि प्लांट सुरक्षा न केवल एक कानूनी आवश्यकता है बल्कि एक नैतिक और व्यावहारिक आवश्यकता भी है। यह श्रमिकों के जीवन की सुरक्षा करता है, पर्यावरण की रक्षा करता है, और थर्मल पावर संयंत्रों के कुशल और जिम्मेदार संचालन में योगदान देता इस विशेष तीन दिवसीय कार्यशाला में 120 से अधिक अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। इससे पूर्व भी श्री राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा सुरक्षा पर संवाद किया गया था, जिसमे 100 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रतिभागिता की गई।

उक्त प्रशिक्षण से एनटीपीसी सिंगरौली के कर्मियों द्वारा सुरक्षा संबन्धित बारीकियों को सीखा गया एवं भविष्य में ही कर्मचारी हित में ऐसे उपयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला का सफल आयोजन डॉ ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) एवं उनकी टीम ने किया।

हिण्डाल्को ने किया 'हेल्दी बेबी शो' का आयोजन

सोनभद्र/ रेणुकूट अवधनामा संवाददाता। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा श्री सर्वेश्वरी समुह आश्रम, चाचा कालोनी में 'हेल्दी बेबी शो' का आयोजन संस्थान के मुखिया, एन. नागेश के मार्गदर्शन में ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख, अविजीत के नेतृत्व में आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण माताओं को स्वंय एवं बच्चे की साफ-सफाई, उनके पोषण, टिकाकरण तथा बच्चों के रखरखाव को लेकर जागरुक करना था। कार्यक्रम में रेणुकूट नगरीय बस्ती से कुल 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। इन बच्चों को उम्र के हिसाब से शून्य से एक, एक से तीन एवं तीन से पांच वर्ष की श्रेणियो में रख कर हिण्डाल्को ग्रामीण चिकित्सा सेवाओं के डॉ. डी.पी. सक्सेना ने उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉ. सक्सेना ने माताओं को बाल स्वास्थ्य सम्बन्धित जानकारी देते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते है। उन्होंने माताओं को जानकारी देते हुए कहा कि समय पर बच्चों का टीकाकरण, साफ-सफाई एवं खान-पान पर ध्यान देना अत्यन्त आवश्यक है जिससे बच्चों का सही मानसिक एवं शारीरिक विकास संभव हो सके। डॉ. सक्सेना ने निर्णायक की भुमिका का भी निर्वहन करते हुए स्वास्थ्य मानकों के आधार पर प्रत्येक श्रेणी में बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित कर उन्हें पुरस्कृत किया।

एनटीपीसी सिंगरौली, वनिता समाज द्वारा ग्रामीण महिलाओं के लिए निशुल्क जांच शिविर

सोनभद्र/शक्तिनगर अवधनामा संवाददाता। एनटीपीसी सिंगरौली, वनिता समाज द्वारा सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के तहत ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी जरूरतों को पूरा कर उनके जीवन में सार्थक बदलाव लाना था। एनटीपीसी सिंगरौली के संजीवनी चिकत्सालय से डॉ प्रेमलता कुरकांजी, उप महाप्रबंधक एवं सीएसआर विभाग द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के डॉक्टर्स की टीम द्वारा 137 ग्रामीण महिलाओं को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं दवाइयाँ प्रदान की गई इस अवसर पर श्रीमती पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज, श्रीमती आरती बेहरा, बाल भवन प्रभारी, श्रीमती नील कमल भोगल, कल्याण प्रभारी, डॉ ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन), श्री कुमार आदर्श, कार्यपालक (सीएसआर), वनिता समाज की वरिष्ठ सदसया आदि उपस्थित रहीं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर महिला कर्मचारी ने लगाये आरोप

अवधनामा संवाददाता

बाँदा। प्राथमिक स्वास्थ केंद्र जौरही मे कार्यरत वार्ड आया ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और मुख्य

- सीएमओ कार्यालय एक बार फिर चर्चा में

चिकित्सा अधिकारी पर संगीन आरोप लगाते हुये राज्य महिला आयोग सहित बाँदा की जिलाधिकारी महोदया और पुलिस अधीक्षक बाँदा से मिलकर उनको पूरी घटना से अवगत कराया।

पूरा मामले मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बडोखर प्राथमिक स्वास्थ केंद्र पर बुरी नियत से घर बुलाने का आरोप लगाया गया है। प्रार्थिनी ने बताया कि किस तरह से उसे मानसिक रूप से दबाव मे लेकर अपने बंगले मे बुलाने का आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि वो जौरही प्राथमिक स्वास्थ केंद्र मे वार्ड आया है तथा प्रतिदिन स्वास्थ केंद्र मे अपनी ड्यूटी करती है परंतु बडोखर प्राथमिक स्वास्थ केंद्र के प्रभारी उसको बार बार अपने आवास पर बुलाते हैं प्रार्थिनी को उनकी नियत पर संदेह हो गया और वो उनके आवास पर नही गयी फिर एक दिन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने उनको बाँदा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के बंगले मे बुलाया जब उसने आने से मना कर दिया तब उसको बिना किसी कारण के नौकरी से निकाल दिया गया, उसने अपने आरोपो मे बताया कि उन्होने उसको जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया और बिना कारण बताये नौकरी से निकाल दिया है।

कामतानाथ के दर्शन को बढ़ रहे पैदल श्रद्धालुओं के कदम

अवधनामा संवाददाता

- सुबह से लेकर देर रात तक पैदल ही चल रहे हैं श्रद्धालु
- जगह-जगह पर पंडाल लगाकर कराया जा रहा भोजन
- रास्ते में दवाइयों का भी श्रद्धालुओं हो रहा वितरण

बांदा। अमावस्या के मौके पर तो वैसे ही चित्रकूट जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बहुतायत होती है, लेकिन भादौं माह की अमावस्या का श्रद्धालु अलग ही महत्व मानते हैं। इसीलिए पिछले तीन दिनों से हजारों श्रद्धालुओं के सैकड़ों जत्थे पैदल ही चित्रकूट के लिए रवाना हो चुके हैं। शहर से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को जगह-जगह पर रोककर भरपेट भोजन कराया जा रहा है। कहीं चाय का वितरण किया जा रहा है तो कहीं बिस्कुट वितरित किए जा रहे हैं। शहर से लेकर गांवों तक में श्रद्धालुओं की लोग सेवा करते हुए पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

भगवान राम की तपोस्थली धर्मनगरी चित्रकूट इन दिनों लाखों श्रद्धालुओं से गुलजार है। भादौं माह की अमावस्या के मौके पर पिछले दो दिनों से बांदा शहर के विभिन्न इलाकों से श्रद्धालुओं का जत्था पैदल चित्रकूट के लिए रवाना हो रहा है। बुंदेलखंड के साथ ही उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश श्रद्धालु माह में एक बार भगवान कामतानाथ का दर्शन और उनकी परिक्रमा करने जरूर जाते हैं। बुंदेलखंड के विभिन्न हिस्सों से पैदल चलकर चित्रकूट जा रहे श्रद्धालु भक्ति भजनों की धुन पर थिरक रहे हैं। तकरीबन आधा सैकड़ा श्रद्धालुओं का एक जत्था कामतानाथ के भजन गुनगुनाते हुए चल रहा था। इन श्रद्धालुओं के कपड़े और जरूरत का सामान एक लोडर में लदा हुआ था। वह लोडर भी धीरे-धीरे श्रद्धालुओं के साथ चल रहा था। इस जत्थे में उरई, जालौन, महोबा, हमीरपुर के श्रद्धालु शामिल थे। श्रद्धालुओं ने कहा कि सामग्री लादकर पैदल यात्रा करने में परेशानी होती है। इसलिए सभी श्रद्धालुओं ने लोडर में अपना सामान रखा है।

भादौं माह की अमावस्या में पैदल चित्रकूट जा रहे श्रद्धालुओं का सेवा भाव करने वालों की कमी नहीं है। शहर से लेकर अतर्रा तक जगह-जगह कैंप लगाए गए हैं। संकट मोचन मंदिर में सोमवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। वहां पर पैदल चित्रकूट जाने वाले श्रद्धालुओं को रोक-रोककर भोजन कराया जा रहा है। इसके अलावा चाय का वितरण भी किया जा रहा है। भंडारे में श्रद्धालुओं को भरपेट भोजन कराने के बाद रवाना किया गया। इसके साथ ही शहर के महावीरन मंदिर के पास भी लोगों ने कैंप लगाया। वहां पर चाय, बिस्कुट का नश्ता कराने के साथ ही श्रद्धालुओं को भोजन कराया जा रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि बुधवार तक वह कामतानाथ की ड्योढ़ी पर पहुंच जाएंगे और गुरुवार को परिक्रमा करते हुए पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

बहुत ही गहमागहमी के बीच रही नगर पंचायत डाला के बोर्ड की बैठक सभासदो ने सामूहिक प्रस्ताव दिया

सोनभद्र/डाला अवधनामा संवाददाता। नगरपंचायत डाला बाजार के सभी सभासदों ने पंचायत के खर्चे व आय व्यय पर उठाई आवाज। बोले कार्य से पहले जानकारी जरूर लेनी चाहिए नगर पंचायत डाला बाजार स्थित सभासदों ने नगर पंचायत के विकास कार्य व पारदर्शिता को लेकर आवाज बुलंद कर दी और बताया कि 2023-24 का आय व्यय का हिसाब करते हुए। पहले कार्य होने वाले स्थान पर कार्यों की लागत सहित साइन बोर्ड लगाये उसके पश्चात कार्य आरंभ करें जिससे यह ज्ञात हो सके कि कार्य किस मानक व कितनी गुणवत्ता से कराए जा रहे है। इस गहमागहमी में सभासदों ने बैठक कर सामूहिक प्रस्ताव दिया। सभसदों ने बताया कि पहले जिन प्रस्तावों को नगरपंचायत की बैठक में लिया जा चुका है उसे पहले प्राथमिकता से कराएं उसके बाद ही कोई नया प्रस्ताव दिया जाएगा। जबकि पूरी बरसात बीत गई सभासदों द्वारा झाड़ियां की सफाई टूटी सड़कों की मरम्मत टूटी हुई नाली की मरम्मत क्षतिग्रस्त पुलिया मरम्मत अभी तक नहीं कराया गया।

उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम

जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदानः केशव प्रसाद मौर्य

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने-7 कालीदास मार्ग स्थित आवास (कैम्प कार्यालय) पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, बिजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रूबरू होकर सुना और उनके निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और फरियादियों को विश्वास दिलाया कि उनकी समस्या का हर सम्भव निदान सुनिश्चित किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

क्रय केन्द्रों के निर्धारण में शासन के निर्देशों का करायें अनुपालन

क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जायेः सतीश चन्द्र शर्मा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने निर्देशित किया कि उचित दर विक्रेताओं को अनुमन्य लाभांश का भुगतान शीघ्र कराया जाए। जनपदों में भ्रमण के दौरान अधिकारियों द्वारा उचित दर दुकानों की जॉच के साथ-साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादन से छूटे हुये पात्र लोगों के चिन्हीकरण का कार्य सुनिश्चित किया जाए और नियमानुसार अपात्र/निष्क्रीय कार्डधारकों के राशन कार्ड के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय लेते हुये उनके स्थान पर पात्र गृहस्थी राशन कार्ड नियमानुसार निर्गत किये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार जो यूनिटें राशन कार्डों में जोड़ने हेतु अवशेष हैं, उन्हें भी नियमानुसार जोड़ने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। यह निर्देश प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री ने आज यहां बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में की गयी विभागीय कार्यों समीक्षा के दौरान दिए। राज्यमंत्री ने कहा कि एस0एस0डी0जी0 पर नवीन राशन कार्ड हेतु लंबित आवेदनों की जनपदवार संख्या तथा जनपदों में आच्छादन की सीमा हेतु शेष यूनिटों की संख्या उपलब्ध करायी जाए और मॉडल उचित दर दुकानों का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने धान एवं मोटे अनाजों की खरीद के सम्बन्ध में निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित संख्या के अनुसार क्रय केन्द्र अनुमोदित कराये जायें तथा क्रय केन्द्रों के निर्धारण में शासन के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाये।

इंडियाज टैलेंट स्टार मीट एंड अवार्ड शो में अनेक विभूतियां सम्मानित

लखनऊ। बच्चों एवं युवाओं में छिपी हुई प्रतिभा को उजागर कर उन्हें उनकी अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से होटल आशियाना रेजीडेंसी में जेपीएस स्टार के तत्वावधान में आरम्भ हुए इंडियाज टैलेंट स्टार मीट एंड अवार्ड शो में अनेक विभूतियां सम्मानित हुई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वंतत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पुरुषोत्तमदास तिवारी पुजारी सालासर बालाजीधाम राजस्थान और अरविन्द सक्सेना ने फिल्म अभिनेता गौरव कुमार, आरपी. सिंह, एसएल. श्रीवास्तव, विपिन राठौर, निलेश पाल, कंचन अग्निहोत्री, मंजूषा सक्सेना, माधुरी सिंह, शेखर राजवंशी, सूर्य रघुवंशी, शैलेन्द्र सिंह, सतीश, प्रदीप दास सहित अन्य विभूतियों को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत भारत के विभिन्न प्रांतों एवं उत्तर प्रदेश के अलग अलग जिलों के प्रशिक्षित व गैर प्रशिक्षित कलाकारों को आज से 17 सितम्बर तक इण्डियाज टैलेंट स्टार मीट के दौरान कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय हस्तशिल्प कला, लोककला एवं संस्कृति के सन्दर्भ में विषय विशेषज्ञों की तरफ से उनकी अभिरुचियों के अनुरूप उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रोत्साहन के साथ रोजगार उन्मुख चीजों के लिए प्रेरित किया जायेगा।

झमाझम बारिश में खुली लखनऊ नगर निगम की पोल

सड़क धंसी तो कहीं पूरा मोहल्ला बना तालाब

कठौता झील में जाने लगा सीवर का पानी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। बारिश ने लखनऊ नगर निगम की तैयारियों की पोल खोल दी है। नगर निगम हर साल नाले की सफाई के लिए 5 करोड़ रुपए का बजट जारी करता है। लेकिन पहली झमाझम बारिश में शहर के करीब 100 से ज्यादा इलाकों में घुटने तक पानी भर गया। स्थिति यह है कि दुकान से लेकर घर के अंदर तक पानी भरा हुआ है।

अब मेयर से लेकर डीएम, नगर आयुक्त और खुद कमिश्नर जल भराव से छुटकारा दिलाने के लिए शहर में दौड़ लगा रहे हैं। लेकिन यह अधिकारी अगर समय रहते सचेत हुए होते तो यह नौबत नहीं आती है। स्थिति यह है कि कई जगह पर बारिश की वजह से सड़क भी धंस गई है। यहीं नहीं पूरा का पूरा मोहल्ला तालाब में तब्दील हो गया है।

साल की शुरुआत में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जी-20 की बैठक के लिए शहर को एक नजीर के तौर पर पेश किया गया था। पर्यटकों को लखनऊ भ्रमण कराया गया था। लेकिन जहां यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 की बैठक और मेहमानों को ठहराया गया, उसके आस- पास के इलाकों में भी पानी भर गया है। ऐसे में एक बार फिर अधिकारियों का भ्रष्टाचार उजागर हो गया है।

नगर निगम के पार्षद हुए परेशान

नगर निगम के पार्षद इस जलभराव से परेशान होकर वॉट्सऐप ग्रुप पर फोटो शेयर कर रहे है। बालागंज वार्ड के पार्षद पंकज पटेल से अपने इलाके की करीब 10 से ज्यादा फोटो नगर निगम के ग्रुपों पर डालकर समस्या बताई है।

1100 परिवारों का घर से निकलना मुश्किल

गोमती नगर विस्तार सेक्टर छह सुलभ आवास में भी पानी भर गया है। यहां करीब 1100 परिवार रहते है। उनका घर से निकलना मुश्किल हो गया है। स्थिति यह है कि लोगों की गाड़ियों में पानी चला गया है। यहां रहने वाले स्थानीय निवासी नवाबुद्दीन ने बताया कि पूरी रात बारिश की वजह से पूरी कॉलोनी में पानी भर गया है। यह कॉलोनी एलडीए की तरफ से एक दशक पहले बनाई गई थी। विशेष प्लानिंग से बनाई गई इस कॉलोनी में भी विभाग जल भराव से निपटने की उचित व्यवस्था नहीं कर पाए है।

विपक्ष ने कहा मेयर की बात खोखली निकली

मेयर सुषमा खर्कवाल ने पिछले दिनों 100 दिन के कार्यकाल के दौरान अपनी उपलब्धियां बताई थी। उसमें कहा था कि पहली बार ऐसा हुआ कि जल भराव लखनऊ में नहीं हुआ। अब विपक्ष में कांग्रेस के नेता मुकेश सिंह चौहान ने मेयर के दावों को खोखला बताया है। उन्होंने कहा कि इस सीजन पहली बार तेज बारिश हुई शहर के लाखों लोग परेशान हो गए।

मौलाना सदफ जौनपुरी ने मजलिस को किया खिताब

मजलिस की आयोजक सुरूर फातिमा और रूबीना रिजवी ने अजादारों का शुक्रिया अदा किया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अंजुमन काजमिया आबिदया के मुख्य नौहाख्वान सैयद मुख्तार हुसैन मुन्ना भाई मरहूम के अजाखाना हसन पुरिया में मौलाना सदफ जौनपुरी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि अहलेबैत इल्म का खजाना हैं। मौलाना ने जब कर्बला के शहीदों की दर्दनाक शहादतों को बयान किया तो अजादार रोने लगे। मजलिस के बाद अंजुमन काजमिया आबिदया, गुंचाए मजलुमिया, अब्बासिया और फरोगे इस्लाम ने नौहाख्वानी की। इमामबाड़ा शुजाअत अली मैदान एलएच खां में मजलिस को मौलाना अब्बास नासिर ने खिताब किया। रौजाए काजमैन में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब किया। अजाखाना मेहदी रजा हसन पुरिया और इमामबाड़ा इकराम उल्लाह खा नक्खास में मौलाना सैफ अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। सल्तनत मंजिल सिटी स्टेशन में मजलिस को मौलाना हसनैन बाकरी ने मजलिस को खिताब किया। अजाखाना मुनीर लखनवी मछली फाटक कालोनी में फैज बाकिर ने मर्सिया पेश करते हुए वाकियाते कर्बला बयान किया। इमामबाड़ा नासिर आगा नकवी मरहूम (अफसर मंजिल) हसन पुरिया में महिलाओं की मजलिस को जाकिरा रोजी फातिमा ने खिताब करते हुए कर्बला से लेकर शाम तक के सफर में शहजादी जनाबे सकीना (स.अ.) पर हुए जुल्मों को बयान किया तो अजादारों की आंखें अश्कबार हो गई। मजलिस की आयोजक सुरूर फातिमा और रूबीना रिजवी ने अजादारों का शुक्रिया अदा किया। अंजुमन गुंचाए मेहदिया की रौजाए हजरत मुस्लिम रईस मंजिल हुसैनाबाद चल रही शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना मोहम्मद अली हैदर ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन रौनके दीने इस्लाम, शामे गरीबा, नासिरुल अजा, मकसदे हुसैन और जफरुल ईमान ने शब्बेदारी में अपने तरही सलाम व नौहे पढ़े। शहंशाह बिल्डिंग नक्खास में कनीज़ ए सकीना की याद में हुई मजलिस को मौलाना हसनैन बाकरी ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि कर्बला में हजरत इमाम हुसैन की शहादत के बाद इमाम के मिशन को उनकी बहन हजरत जैनब आगे बढ़ाया।

सैयद नगर में मजलिस आज

कानपुर देहात। सैयद नगर डूंडीबरी में मंगलवार को जोहर की नामज के बाद मोहम्मद आदिल की मजलिस ए चेहलुम का आयोजन किया जाएगा। मजलिस को मौलाना हसनैन बाकरी (लखनऊ) खिताब करेंगे। मजलिस से पूर्व बूटन, नक्कन,दुलारे और मंजर सोजख्वानी करेंगे। इसके अलावा शहजादे आलम, शोएब रिजवी,रजा, अम्मार, शुजा रिजवी अपने कलाम पेश करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमन तंजीमे हुसैनी सैयद नगर नौहाख्वानी करेगी। महिलाओं की मजलिस इसी दिन सुबह 9 बजे होगी। मजलिस को जाकिरा हिना अफ्शा (ग्वालटोली) खिताब करेंगी।

सहकारिता मंत्री ने की पैक्स सदस्यता महा अभियान-2023 की समीक्षा

लखनऊ। प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर द्वारा 01 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2023 तक चलने वाले पैक्स सदस्यता महा अभियान-2023 की मण्डलवार एवं जनपदवार समीक्षा उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक लि0, मुख्यालय, लखनऊ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। समीक्षा में प्रति बी-पैक्स सदस्यता के आधार पर मेरठ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर एवं चित्रकूटधाम मण्डल क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान पर रहे। जिसके लिए सहकारिता मंत्री ने उपरोक्त मण्डलीय अधिकारियों की प्रशंसा की। इसी प्रकार प्रथम 10 स्थानों पर जनपद पीलीभीत शाहजहांपुर, बुलन्दशहर, रामपुर, मेरठ, बागपत, बिजनौर, शामली, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद रहे। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक सदस्य बनने से पैक्स मजबूत होंगी तथा सहकारिता के क्षेत्र में बहुत बड़ा बदलाव आयेगा। सहकारिता के क्षेत्र में प्रदेश अगले पॉच सालों में टॉप-5 राज्य होगा।

भाषा वि.वि. में नैनोपार्टिकल पर हुआ विशेष व्याख्यान

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में कुलपति प्रो एन. बी. सिंह के निर्देशन में महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय के साथ हुए एम ओ यू के तहत नैनोपार्टिकल पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। ये व्याख्यान दोनों विश्वविद्यालय और शक्ति (विज्ञान भारती)अवध प्रान्त के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इसमें अग्रसेन विश्वविद्यालय की सहायक आचार्य डॉ अंशु शर्मा ने ये व्याख्यान दिया।

उन्होंने विद्यार्थियों को नैनोपार्टिकल के विषय मे सभी प्रकार की जानकारी दी और विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी में बढ़ चढ़ कर भाग भी लिया। विद्यार्थियों ने इस पर अपनी उत्सुकता दर्शाते हुए इस कार्यक्रम को फिर से हैंड्स ऑन वर्कशॉप करवाने का आग्रह किया। अतिथियों का स्वागत विश्वविद्यालय के एम ओ यू नोडल अधिकारी डॉ नीरज शुक्ल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के निदेशक प्रो एस के त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम की आयोजक बायोटेक्नोलॉजी क्लब की तरफ से अर्शी, राहिल तथा शाम्भवी विद्यार्थियों ने सह आचार्य डॉ ममता शुक्ला के मार्गदर्शन में किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भारी संख्या में प्रतिभाग किया और बताया कि ऐसे और कार्यक्रम उनके ज्ञान के स्तर को और अधिक बढ़ाने में सहायक है।

आईआरसीटीसी ने तीर्थ यात्रा हेतु पैकेज का किया एलान

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। आईआरसीटीसी की ओर से गोरखपुर रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के माध्यम से मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, तिरुपति बालाजी मंदिर, रामनाथ स्वामी मंदिर रामेश्वरम, मीनाक्षी मंदिर व कन्याकुमारी दर्शन यात्रा का संचालन किया जायेगा। इस यात्रा में एसी एवं स्लीपर की सीटें होंगी। उतरने व चढने के लिए लखनऊ के अलावा गोरखपुर, मनकापुर, अयोध्या कैण्ट, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संगम, रायबरेली, कानपुर, उरई, झांसी और ललितपुर से होगी। यात्रा की तिथि 28 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक होगी, जोकि 10 रात्रि एवं 11 दिन की होगी। इस पैकेज में यात्रा के अलावा नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी, नॉन एसी बसों के जरिये स्थानीय भ्रमण शामिल है। एक, दो व तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य 21420 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे 5 से 11 वर्ष का पैकेज का मूल्य 20200 रुपये है। स्टैंडर्ड श्रेणी में 3एसी क्लास में एक, दो व तीन व्यक्तिक्तयों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य 36400 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे 5 से 11 वर्ष का पैकेज का मूल्य 35000 रुपये है। कम्फर्ट श्रेणी 2एसी क्लास में एक, दो व तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य 48420 रुपये प्रति व्यक्ति एवं प्रति बच्चे 5 से 11 वर्ष का पैकेज का मूल्य 46700 रुपये है। इसमे किस्तों 1039 रुपये प्रति माह की सुविधा भी उपलब्ध है।

महिला सशक्तिकरण हेतु निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। रक्षा मंत्री भारत सरकार एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से शहर के विभिन्न मुहल्ले में सिलाई सेंटर खोले जा रहे है जिसके तहत महानगर अध्यक्ष, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने आज एक और सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। रक्षा मंत्री जी के ओ एस डी के.पी. सिंह, पार्षद संदीप शर्मा और साकेत शर्मा साथ में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ऐशबाग वार्ड में उषा भवन पर शुरू किए गए केंद्र पर फीयम फाउंडेशन के सहयोग से सीएसआर फंड द्वारा महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीन उपलब्ध कराई गई है जहां किरण शर्मा और सबीना खान द्वारा निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि महिला सशक्तिकरण अभियान को प्रसारित करने के अंतर्गत महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने हेतु निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खोला गया है। मुकेश शर्मा ने कहा कि किसी भी देश का विकास तभी संभव है जब देश की महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़े। महिलाओं को हुनरमंद व आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से खोले गए केंद्र में सिलाई को रोजगार के रूप में अपनाने के नजरिए से उद्घाटन के समय बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

गोरखपुर कैण्ट कुसम्ही रेल खण्ड के मध्य तीसरी विद्युतीकृत लाइन का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर कैण्ट कुसम्ही रेल खण्ड के मध्य तीसरी नव निर्मित विद्युतीकृत लाइन का संरक्षा परीक्षण रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्व सर्किल मनोज अरोड़ा ने पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण एससी. श्रीवास्तव, मण्डल रेल प्रबंधक लखनऊ आदित्य कुमार, मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव समेत कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इसके उपरान्त रेल संरक्षा आयुक्त मनोज अरोड़ा ने गोरखपुर और गौरखपुर कैंट के मध्य मेजर पुल संख्या 176 का भी निरीक्षण किया। मनोज अरोड़ा ने अपने निरीक्षण में विद्युतीकरण के साथ नवनिर्मित तीसरी लाइन पर सीआरएस स्पेशल ट्रेन से कुसम्ही से गोरखपुर कैण्ट रेल खण्ड का अधिकतम 120 किमी प्रति घंटा की गति से स्पीड ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा किया। इस परियोजना के पूर्ण हो जाने से गोरखपुर कैण्ट स्टेशन सेटेलाइट स्टेशन के रूप में विकसित हो जायेगा तथा यहां पर लाइनें एवं प्लेटफार्म संख्या बढ़ जायेंगी तथा यहाँ से अधिक गाडियां चलाई जा सकेंगी। निरीक्षण के आरम्भ में मनोज अरोड़ा ने गोरखपुर कैंट रेलवे स्टेशन पर तीसरी नई विद्युतीकृत रेल लाइन के मानक के अनुरूप संरक्षा अभिलेखों, यार्ड प्लान, स्टेशन वर्किंग रूल, प्लेटफार्म क्लियरेंस, पॉइंट क्रासिंग, सिगनलिंग, फाउलिंग मार्क, पैनल इन्टरलॉकिंग, बैटरी रूम, रिले रूम सहित गोरखपुर कैंट कुसम्ही रेलखण्ड को जोडने वाली लाइन के ट्रेलिंग प्वाइंट आदि का गहन निरीक्षण किया। मोटर ट्राली से गोरखपुर कैण्ट कुसम्ही रेल खण्ड पर नवनिर्मित तीसरी लाइन का निरीक्षण करते हुए मापन किया।

ट्रेनों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं रिशिड्यूलिंग किया जायेगा

लखनऊ। सिकंदराबाद मण्डल अन्तर्गत माकुडी, सिरपुर टाउन व सिरपुर और कागज नगर स्टेशनों के मध्य प्री.नॉन इण्टरलॉक व नॉन इण्टरलॉकिंग एवं तीसरी लाइन के निर्माण एवं विद्युतीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में ट्रेनों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन एवं रिशिड्यूलिंग किया जायेगा। जिसके चलते चेन्नई सेंट्रल से 22 सितम्बर को चलने वाली 16093 चेन्नई सेंट्रल लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जंक्शन से 25 सितम्बर को चलने वाली 16094 लखनऊ जंक्शन चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 25 सितम्बर को चलने वाली 22533 गोरखपुर यशवंतपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। यशवंतपुर से 27 सितम्बर को चलने वाली 22534 यशवंतपुर गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। यशवंतपुर से 25 सितम्बर को चलने वाली 12592 यशवंतपुर गोरखपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग धरमावरम, गुंतकल, सिकंदराबाद, काजीपेट, बल्हारशाह, नागपुर, इटारसी व कानपुर सेंट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सिकंदराबाद, मुदखेड, पिंपल खुटी व माजरी के रास्ते चलाई जायेगी। 22 सितम्बर को चलने वाली 12511 गोरखपुर कोचुवेली एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग कानपुर सेंट्रल, इटारसी, नागपुर, बल्हारशाह.वारंगल, विजयवाड़ा, चेन्नई सेंट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग माजरी, मुदखेड, पिंपल खुटी, निजामाबाद व पेडापल्ली के रास्ते चलाई जायेगी। 22 सितम्बर को चलने वाली 02575 हैदराबाद गोरखपुर विशेष गाड़ी अपने निर्धारित मार्ग काजीपेट, बल्हारशाह, नागपुर, इटारसी, वीरागंना लक्ष्मीबाई जंक्शन कानपुर सेंट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सिकंदराबाद, निजामाबाद, पूर्णा, अकोला, खंडवा व इटारसी के रास्ते चलाई जायेगी। 13 एवं 20 सितम्बर को चलने वाली 12589 गोरखपुर सिकंदराबाद एक्सप्रेस गोरखपुर से 120 मिनट रिशिड्यूल कर चलाई जायेगी।

मूसलाधार वर्षा के चलते ट्रेनों का संचालन पटरी से उतरा

लखनऊ। रविवार देर रात से सोमवार तक हुई मूसलाधार वर्षा के चलते ट्रेनों का संचालन पटरी से उतर गया। दिलकुशा बाराबंकी रेलखंड पर सिग्नलिंग सिस्टम फेल होने से जहां वंदे भारत एक्सप्रेस देरी से लखनऊ डेढ़ घंटे देरी से पहुंची। वहीं दिल्ली से लखनऊ आने वाली वीआईपी ट्रेनें भी यात्रियों को तय समय पर स्टेशन नहीं पहुंचा सकी। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं चारबाग रेलवे स्टेशन के वेटिंग हाल में यात्री ट्रेनों के इंतजार में बेबस नजर आये। इस दौरान ट्रेनों की स्थिति पता करने के लिए पूछताछ काउंटर पर यात्रियों की भीड़ जुटी रही। बीती रात से हो रही बारिश के चलते रेलवे का यातायात अस्त व्यस्त हो गया। उत्तर रेलवे के दिलकुशा केबिन से मल्हौर व सफेदाबाद से मल्हौर रेलखंड पर पानी की वजह से सिग्नल सिस्टम फेल हो गया। जिससे मैनुअली ट्रेनों का संचालन कराया गया। इससे तेज रफ्तार ट्रेनें 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से रेंगती नजर आई। गोरखपुर से लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस चारबाग रेलवे स्टेशन पर पौने बारह बजे के आसपास देरी से पहुंची जिससे यात्रियों को दिक्कते हुई।

शताब्दी और लखननऊ मेल समेत दर्जन भर ट्रेनें लेट नई दिल्ली से लखनऊ आने वाली 12430 एसी एक्सप्रेस एक घंटे की देरी से सुबह 8ः29 बजे लखनऊ पहुंची। नई दिल्ली से ही लखनऊ जंक्शन आने वाली 12230 लखनऊ मेल सोमवार को 35 मिनट की देरी से पहुंची। शताब्दी एक्सप्रेस आधे घंटे, मुम्बई से लखनऊ जंक्शन आने वाली 12534 पुष्पक एक्सप्रेस दो घंटे की देरी से पहुंची। 12420 गोमती एक्सप्रेस नई दिल्ली व साहिबाबाद के बीच आंशिक रूप से निरस्त होने के कारण घंटों देरी से आई। वापसी में सोमवार को ट्रेन पौने आठ घंटे रिशिड्यूल कर दोपहर डेढ़ बजे नई दिल्ली रवाना की गई। वहीं आधा दर्जन के करीब पैसेंजर ट्रेनें भी एक से दो घंटे देरी से चलने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी।